कार्तिक शुक्ल पक्ष षष्ठी 12:35 तक उपरांत सप्तमी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 7 नवंबर 2024
वर्ष 3 , अंक 87, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

अयोध्या — एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



ब्रह्मांड के विकास की गुत्थी आज भी अधूरी है 16

थामा मेरे करियर का सबसे खास प्रोजेक्ट : आयुष्मान 15

## सनातन में सभी को धारण करने की क्षमता

- चित्रकूट में संघ प्रमुख मोहन भागवत बोले- रामायण से हमें मिलती है जीवन जीने की सही सीख

संवाददाता, चित्रकूट



संबोधन करते संघ प्रमुख भागवत, बैठे हुए संत मोरारी बापू।

**अमृत विचार :** संतों के काम में कोई बाधा न आए इसलिए संत जब सनातन धर्म की कथा कहते हैं तो संघ के लोग डंडा लेकर बाहर बैठते हैं। सभी को जोड़कर उन्नति करना हमारे देश का धर्म है। महाभारत हमें सिखाती है कि दुनिया कैसी है और रामायण बताती है कि यहां कैसे रहना है। यह बात बुधवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर संघचालक डॉ. मोहन भागवत ने श्रीधर धाम दास हनुमान देवस्थान आश्रम में प्रख्यात कथावाचक स्व. पं. रामकिंकर उपाध्याय के 3 दिवसीय जन्म शताब्दी समारोह के समापन पर कही। संघ प्रमुख ने कहा कि ऋषि-मुनियों के कठोर परिश्रम से भारत की नींव रखी गई। हम मूल रूप से एक हैं। सनातन का भी यही मूल है, इसमें सभी को धारण करने की क्षमता है। आज देश में धर्म-अधर्म की लड़ाई चल रही है। ऐसे में ईश्वर प्रदत्त कर्तव्य है कि धर्म के पक्ष में खड़े हो जाएं। प्रभु राम ने धर्म को जीकर दिखाया है। संघ प्रमुख ने स्व. रामकिंकर का स्मरण करते हुए कहा कि उनकी कथा कृपा स्वरूपा थी और यही हमारे राष्ट्र का आधार है। जीवन को कुंदन करने के लिए रामकिंकर जी जैसे महान संतों को सुनने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि भगवान की इच्छा है, इसलिए भारत का उत्थान हो रहा है। भगवान की इच्छा पूरी करने के लिए पुरषार्थी लोगों को शस्त्र धारण करना पड़ता है। समारोह में प्रख्यात रामकथा वाचक संत मोरारी बापू भी उपस्थित रहे।

## ट्रंप ने कड़े मुकाबले में हैरिस को हराया

**अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव** ऐतिहासिक जीत हासिल कर दूसरी बार पहुंचे व्हाइट हाउस

**277** वोट ट्रंप को मिले

**224** वोट हैरिस ने पाए



वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को दूसरी बार देश के राष्ट्रपति चुनाव में जीत हासिल की जिसे अमेरिकी इतिहास में किसी नेता की सबसे बड़ी राजनीतिक वापसी कहा जा रहा है। ट्रंप ने कड़े चुनावी मुकाबले में अपनी डेमोक्रेटिक प्रतिद्वंद्वी कमला हैरिस को आसानी से हरा दिया। विस्कोन्सिन में जीत के साथ ट्रंप (78) ने राष्ट्रपति पद के लिए जरूरी 270 निर्वाचक मंडल वोट हासिल कर लिए। उन्होंने विस्कोन्सिन जैसी महत्वपूर्ण सीट पर उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को पराजित किया। शाम चार बजे तक उपलब्ध जानकारी के अनुसार, रिपब्लिकन उम्मीदवार ट्रंप ने 277 निर्वाचक मंडल वोट जबकि डेमोक्रेटिक उम्मीदवार कमला हैरिस ने 224 निर्वाचक मंडल वोट हासिल कर लिए हैं। ट्रंप ने फ्लोरिडा के वेस्ट पाम बीच में अपने समर्थकों को संबोधित करते हुए इस जीत को अमेरिका में स्वर्णिम युग की वापसी बताया।

### खरगे और राहुल ने दी बधाई

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की जीत पर बधाई दी और उनके सफल कार्यकाल की कामना की। खरगे ने कहा कि हम वैश्विक शांति और समृद्धि के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ मिलकर काम करने के लिए तत्पर हैं। राहुल गांधी ने डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार रहीं कमला हैरिस को भी भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

### मेरे दोस्त ट्रंप को बधाई : मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिका का राष्ट्रपति निर्वाचित होने और उनकी ऐतिहासिक जीत पर बुधवार को उन्हें बधाई दी तथा वैश्विक शांति, स्थिरता और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए साथ मिलकर काम करने का आह्वान किया। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मेरे दोस्त डोनाल्ड ट्रंप को ऐतिहासिक चुनावी जीत पर हार्दिक बधाई।

## एक नजर

### भड़काऊ भाषण : मिथुन चक्रवर्ती पर प्राथमिकी

**कोलकाता।** बिधाननगर पुलिस ने बुधवार को अभिनेता से भाजपा नेता बने मिथुन चक्रवर्ती के खिलाफ पिछले महीने उत्तर 24 परगना जिले में एक पार्टी कार्यक्रम के दौरान कथित रूप से भड़काऊ भाषण देने के लिए प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, चक्रवर्ती के खिलाफ शिकायत 27 अक्टूबर को साल्ट लेक क्षेत्र में ईजेडसीसी में भाजपा के एक कार्यक्रम के दौरान उनके द्वारा दिए गए भाषण से संबंधित है, जिसके आधार पर पुलिस ने बिधाननगर दक्षिण थाने में प्राथमिकी दर्ज की है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी इस कार्यक्रम में मौजूद थे, जो भाजपा के सदस्यता अभियान के पश्चिम बंगाल चरण की शुरुआत के लिए आयोजित किया गया था।

### आइस और हेरोइन के साथ तीन लोग गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने एक किलोग्राम मेथामेफटामाइन और एक किलोग्राम हेरोइन बरामद करने के साथ ही तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि मेथामेफटामाइन को आइस या फिर क्रिस्टल मेथ के नाम से भी जाना जाता है, जो एक तरीके का मादक पदार्थ है। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि गिरफ्तार किए गए तीन लोगों की पहचान अमृतसर के भकना कलां गांव के रकरणदीप सिंह (22), तरनतारन के चोहला साहिब गांव के रहने वाले जीवन सिंह (19) और मनजिंदर सिंह (21) के रूप में हुई है।

## रातों रात बुलडोजर लाकर घर नहीं गिरा सकते : सुप्रीम कोर्ट

### कोर्ट ने 2019 में ढांचों को गिराने पर उप्र सरकार से नाखुशी जताई

- अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया पर सभी राज्यों को जारी किए निर्देश
- जिसके घर को गिराया उसे 25 लाख रुपये मुवावजा दे उप्र सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी



उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को 2019 में अवैध तरीके से ढांचों को गिराने को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार से नाखुशी जताई और सड़कें चौड़ी करने एवं अतिक्रमण हटाने के लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रिया पर सभी राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों को निर्देश जारी किए।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने उप्र सरकार को निर्देश दिया कि उस व्यक्ति को 25 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाए जिसका घर 2019 में सड़क चौड़ीकरण के लिए गिरा दिया गया था। पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार के वकील से कहा कि आप ऐसा नहीं कर सकते कि बुलडोजर लेकर आएं और रातों रात भवनों को गिरा दें। आप परिवार को घर खाली करने के लिए समय नहीं देते। घर में रखे घरेलू सामान का क्या? पीठ ने उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव से कहा कि महाराजगंज जिले में मकान गिराने से संबंधित मामले में जांच कराई जाए और उचित कार्रवाई की जाए।

### प्राकृतिक न्याय सिद्धांतों का पालन करें राज्य

अदालत ने राज्यों से कहा कि वे अभिलेखों या मानचित्रों के आधार पर सड़क की मौजूदा चौड़ाई का पता लगाएं तथा सर्वेक्षण करें, जिससे सड़क पर यदि कोई अतिक्रमण है तो उसका पता चल सके। कहा कि यदि सड़क पर अतिक्रमण का पता चलता है तो राज्य को इसे हटाने से पहले अतिक्रमण करने वाले को नोटिस जारी करना होगा और यदि नोटिस की सत्यता और वैधता पर आपत्ति जताई जाती है तो राज्य प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों को ध्यान में रखते हुए स्पीकिंग ऑर्डर (कारण सहित आदेश) जारी करेगा।

### उचित कारण जरूरी, मुनादी से नहीं चलेगा काम

याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ भटनागर और अधिवक्ता शुभम कुलश्रेष्ठ पक्ष रख रहे थे। अदालत ने उनका पक्ष सुनते हुए कहा कि यह स्पष्ट है कि मकान गिराने की प्रक्रिया पूरी तरह मनमानी थी और कानून का पालन किए बिना इसे अंजाम दिया गया। सुनवाई के दौरान पीठ को संबंधित क्षेत्र में 123 ढांचों को गिराए जाने के बारे में सूचित किया गया। पीठ ने राज्य सरकार के वकील से कहा कि आप कह रहे हैं कि आपने केवल मुनादी की थी। बताएं कि किस आधार पर निर्माण कार्य को अनधिकृत बताया गया। जब राज्य के वकील ने सड़क चौड़ीकरण परियोजना के बारे में बताया तो पीठ ने कहा, सड़क चौड़ीकरण बस एक बहाना है। यह उचित कारण नहीं लगता।

### अतिक्रमण हटाने से पहले दी जाए नोटिस

पीठ ने कहा कि यदि आपत्ति को खारिज कर दिया जाता है तो संबंधित व्यक्ति को अतिक्रमण हटाने के लिए एक तर्कसंगत नोटिस दिया जाएगा। यदि संबंधित व्यक्ति इसका अनुपालन नहीं करता, तो सक्षम प्राधिकारी अतिक्रमण हटाने के लिए कदम उठाएंगे, जब तक कि सक्षम प्राधिकारी या अदालत के आदेश से रोक न लगाई जाए। जहां सड़क की मौजूदा चौड़ाई, जिसमें उससे सटी राज्य की भूमि भी शामिल है, सड़क चौड़ीकरण के लिए पर्याप्त नहीं है, तो राज्य कार्रवाई को शुरू करने से पहले अपनी भूमि का अधिग्रहण करने के लिए कदम उठाएगा।

## डीसीएम व ऑटो के बीच भिड़ंत में 11 लोगों की मौत

### मरने वालों में 6 महिलाएं, 3 बच्चे और दो युवक शामिल

- हरदोई जिले के बिल्हौर-कटरा हाईवे पर गांव रोशनपुर के पास हुआ हादसा
- मुख्यमंत्री ने जताई शोक संवेदना, घायलों के समुचित इलाज के दिए निर्देश

संवाददाता, बिलग्राम (हरदोई)



बिल्हौर-कटरा हाईवे पर दुर्घटनास्थल पर लगी भीड़। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** बिल्हौर-कटरा हाईवे पर बुधवार दोपहर 12 बजे भीषण सड़क हादसा हो गया। बिलग्राम थाना क्षेत्र के रोशनपुर गांव के पास डीसीएम और ऑटो की भिड़ंत में 11 लोगों की मौत हो गई है। जबकि तीन लोग गंभीर हैं। सूचना के बाद मौके पर पुलिस पहुंची ने घायलों को सीएचसी भेजा। मरने वालों में 6 महिलाएं और 3 बच्चे और दो युवक हैं। सूचना पर एसपी नीरज कुमार जादौन, एएसपी पूर्वी नृपेंद्र कुमार रोशनपुर पहुंचे और घायलों से मिले।

प्रधानमंत्री मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गहरा दुख जताया है। अधिकारियों को निर्देश दिए है कि घायलों का समुचित इलाज और उनकी देखरेख की जाए। इसके अलावा प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री योगी ने मृतक के परिजनों को दो-दो लाख व घायलों को 50-50 हजार रुपये सहायता देने के निर्देश दिए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बुधवार दोपहर 12 बजे एक सीएनजी आटो माधौगंज से 15 सवारियां लेकर बिलग्राम आ रहा था। आटो जैसे ही गांव रोशनपुर के पास पहुंचा, उसी बीच बाइक सवार को बचाने में डीसीएम से जा टकराया। चीख-पुकार सुनकर आस-पड़ोस के लोग दौड़ पड़े, उसी बीच चालक डीसीएम छोड़ कर भाग गया। सूचना पर पहुंचे एसपी नीरज कुमार जादौन, एएसपी पूर्वी नृपेन्द्र कुमार, सीओ बिलग्राम सुनील कुमार शर्मा और एसडीएम बिलग्राम ने स्थानीय लोगों के आक्रोश को संभाला। पुलिस ने बताया मृतकों में माझगांव निवासी माधुरी (38), सुनीता (40) पटियनपुरवा माधौगंज, आंशी (8), नीलम (60) इटौली, सत्यम (30) पटेल नगर पूर्वी माधौगंज, राधा (42) इटौली, निर्मला (36) अल्लीगढ़ बिलग्राम, रोशनी (30) गुर्रा सवायजपुर, वंशिका (6), प्रांशु (4), विमलेश (25) सर्रा सथरा थाना सुरसा शामिल है।

घायलों में संजय पहुतेरा, रमेश अल्लीगढ़ बिलग्राम व आनंद पहुतैरा शामिल हैं। एक घायल की पहचान नहीं हो पाई। उधर, जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल जाना।

## पीएम-विद्यालक्ष्मी योजना को मंजूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

**कैबिनेट के फैसले**



- योजना में मेधावी विद्यार्थियों को मिलेगी आर्थिक मदद
- भारतीय खाद्य निगम को मिलेंगे 10,700 करोड़ रुपये

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मेधावी विद्यार्थियों को आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए पीएम-विद्यालक्ष्मी योजना को बुधवार को मंजूरी दे दी ताकि वित्तीय बाधाएं उन्हें गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा प्राप्त करने से न रोक सकें। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह जानकारी दी। सरकार ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 में कार्यशील पूंजी की जरूरतों को पूरा करने के लिए भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) में 10,700 करोड़ रुपये की इक्विटी पूंजी डालने को भी मंजूरी दे दी।

पीएम-विद्यालक्ष्मी योजना के अनुसार, गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा संस्थानों (क्यूएचईआई) में दाखिला लेने वाला कोई भी विद्यार्थी पाठ्यक्रम से संबंधित ट्यूशन शुल्क और अन्य खर्चों की पूरी राशि को कवर करने के लिए बैंकों और वित्तीय संस्थानों से बिना किसी जमानत या गारंटर के ऋण प्राप्त करने के लिए पात्र होगा। वैष्णव ने कहा कि मंत्रिमंडल ने मेधावी छात्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए योजना को मंजूरी दी है। यह योजना राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग ढांचा (एनआईआरएफ) रैंकिंग द्वारा निर्धारित सरकारी और निजी सभी शीर्ष क्यूएचईआई पर लागू होगी जो एनआईआरएफ में शीर्ष 100 में स्थान रखते हैं। इसमें एनआईआरएफ में 101-200 रैंक पर आने वाले राज्य के उच्च शिक्षा संस्थान और केंद्र द्वारा संचालित सभी संस्थान शामिल हैं। दूसरी ओर चालू वित्त वर्ष 2024-25 में कार्यशील पूंजी की जरूरतों को पूरा करने के लिए भारतीय खाद्य निगम में 10,700 करोड़ रुपये की इक्विटी पूंजी डालने की भी मंजूरी दी गई।

## सीबीएसई ने 21 विद्यालयों की संबद्धता वापस ली

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने डमी विद्यालयों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बुधवार को 21 विद्यालयों की संबद्धता वापस ले ली और छह स्कूलों का उच्चतर माध्यमिक का दर्जा घटाकर माध्यमिक कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि यह कदम सितंबर में राजस्थान और दिल्ली के विद्यालयों में किए गए औचक निरीक्षण के बाद उठाया गया है, जिसमें कई खामियां पाई गई थीं। सीबीएसई सचिव हिमांशु गुप्ता ने कहा कि डमी या बिना-उपस्थित प्रवेश की प्रथा स्कूली शिक्षा के मूल उद्देश्य के विपरीत है, तथा इससे छात्रों के आधारभूत विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

## जम्मू-कश्मीर विस में विशेष दर्जा बहाली प्रस्ताव पारित

- भाजपा विधायकों का कड़ा विरोध वेल में कूदे, जमकर हंगामा

श्रीनगर, एजेंसी



विधान सभा के भीतर विरोध प्रदर्शन करते भाजपा के विधायक। ● एजेंसी

जम्मू-कश्मीर विधानसभा ने भाजपा के कड़े विरोध और हाईवोल्टेज ड्रामा के बीच विशेष दर्जा बहाली संबंधी प्रस्ताव को बुधवार को पारित कर दिया। इस प्रस्ताव में केंद्र सरकार से जम्मू-कश्मीर के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के साथ विशेष दर्जा बहाल करने, संवैधानिक गारंटी देने और इन प्रावधानों को बहाल करने के लिए संवैधानिक तंत्र तैयार करने के लिए बातचीत शुरू करने का आह्वान किया गया। उप मुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी द्वारा विशेष दर्जा बहाल करने का प्रस्ताव पेश किया गया जिसका स्वास्थ्य मंत्री सकीना मसूद ने समर्थन किया। प्रस्ताव के बाद सुबह विधानसभा में काफी हंगामा हुआ। प्रस्ताव का मसौदा बहुत ही चतुराई से तैयार किया गया था और इसमें अनुच्छेद 370 या पांच अगस्त 2019 का उल्लेख नहीं था जब जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म किया गया था। भाजपा विधायकों ने खड़े होकर प्रस्ताव का विरोध किया। नारेबाजी-हंगामे के चलते अफरा-तफरी मच गई। कुछ विधायक सदन के वेल में कूद गए और अध्यक्ष अब्दुल रहीम राथर पर हमला करते हुए उनसे प्रस्ताव वापस लेने को कहा। उनमें से कुछ ने अध्यक्ष के खिलाफ नारे लगाए। नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के विधायक भी अपनी सीटों से उठ गए और प्रस्ताव के पक्ष में नारे लगाने लगे।

### प्रस्ताव वापसी तक विस चलने नहीं देंगे : भाजपा

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा में मुख्य विपक्षी दल भाजपा ने कहा कि वह सदन की कार्यवाही तब तक चलने नहीं देगी जब तक राज्य के विशेष दर्जे को बहाल करने के लिए केंद्र शासित प्रदेश के निर्वाचित प्रतिनिधियों और केंद्र के बीच बातचीत संबंधी प्रस्ताव को वापस नहीं लिया जाता। नेता प्रतिपक्ष सुनील शर्मा ने कहा कि यह एक अवैध प्रस्ताव है।

## एलएमवी लाइसेंस धारक चला सकेंगे ट्रांसपोर्ट वाहन

- सुप्रीम कोर्ट का निर्णय, 7500 किग्रा वजन की सीमा तय

नई दिल्ली, एजेंसी

वाणिज्यिक वाहन चालकों को राहत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि हल्के मोटर वाहन (एलएमवी) का लाइसेंस धारक व्यक्ति 7,500 किलोग्राम तक वजन वाले परिवहन वाहन चला सकता है। प्रधान न्यायाधीश डीवाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ का फैसला बीमा कंपनियों के लिए एक झटका है। बीमा कंपनियां उन दावों को खारिज कर देती थीं, जो एक विशेष वजन के परिवहन वाहनों से होने वाली दुर्घटनाओं से संबंधित होते थे। पीठ के लिए सर्वसम्मति से फैसला लिखने वाले न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय ने कहा कि ऐसे कोई आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं जो यह दर्शाते हों कि देश में सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि के लिए एलएमवी लाइसेंस धारक जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा कि एलएमवी लाइसेंस धारक, जो अधिकतम समय वाहन चलाते हैं, उनकी शिकायतों को खारिज नहीं किया जा सकता। प्रधान न्यायाधीश और न्यायमूर्ति रॉय के अलावा पीठ में न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा, न्यायमूर्ति पंकज मिथल और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल हैं।

## बाबा सिद्दीकी की हत्या में एक और गिरफ्तार

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या के मामले में बुधवार को पुणे से 23 वर्षीय एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि पुणे शहर के कर्वेनगर इलाके का निवासी गौरव विलास अपुने इस मामले में गिरफ्तार 16वां आरोपी है।

यहां की एक अदालत ने गौरव को नौ नवंबर तक पुलिस हिरासत पर भेज दिया। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए कुछ आरोपियों से पूछताछ में सामने आया कि गौरव महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री सिद्दीकी पर हमले की साजिश में शामिल था, जिसके बाद मुंबई अपराध शाखा की एक टीम ने उसे हिरासत में ले लिया।

**उपलब्धि** यूपीटीटीआई ने तैयार की सस्ती वाटर प्यूरीफायर डिवाइस, बोतल में लगाने पर 1 साल से ज्यादा समय तक गंदा पानी करेगी साफ

## केवल 50 रुपये में पीजिए एक साल तक शुद्ध पानी

राजीव त्रिवेदी, कानपुर

- पानी से हैवी मैटल, लेड, क्रोमियम जैसे तत्वों को हटाने में सक्षम



**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट (यूपीटीटीआई) ने एक ऐसी डिवाइस बनाई है, जो किसी भी तरह के दूषित पानी को आरओ जैसे स्वच्छ पानी में बदल देगी। इस डिवाइस की खासियत यह है कि इसे पानी की बोतल में आसानी से फिट किया जा सकता है। यह डिवाइस पानी में मौजूद हैवी मैटल, लेड, क्रोमियम जैसे तत्वों को हटाने में सहायक है। पॉलिएस्टर और केमिकल मिश्रित इस डिवाइस की प्रारंभिक कीमत लगभग 50 रुपये होगी। इसे अगले साल मार्च तक बाजार में उपलब्ध कराने की योजना है।

संस्थान ने एक साल के शोध और अनुसंधान के बाद वाटर प्यूरीफायर डिवाइस बनाई है। इसे तैयार करने वाले प्रो. डॉ. जेपी सिंह ने बताया कि यह पॉलिएस्टर सिलामेंट की डिवाइस है। टेक्सटाइल में नैनो टेक्नॉलाजी के जरिए धागा बनाते समय उसमें अति सूक्ष्म सुराख किए गए। डिवाइस इन्हीं सुराखों और केमिकल की मदद से काम करती है। पानी सूक्ष्म छिद्रों से गुजरकर साफ होता है। इस डिवाइस की सबसे बड़ी खूबी यह है कि इस्तेमाल के योग्य नहीं रहने पर इसके दूसरे सिरे से पानी गुजारने पर यह फिर से पहले की तरह शोधन करने लगती है। इस डिवाइस की औसत उम्र एक साल से अधिक है। सभी तरह के प्रयोगों से सफल परिणाम हासिल करने के बाद डिवाइस को पेटेंट प्रक्रिया के लिए भेजा गया है। पेटेंट हासिल होने के बाद इसे बाजार में उतारने की योजना है। इस संबंध में कई कंपनियों से बातचीत चल रही है। जल्दी ही उत्पादन के लिए एमओयू साइन किया जाएगा

### स्कूली बच्चों और दुर्गम इलाकों के लिए वरदान

यूपीटीटीआई के शोधकर्ता डॉ. जेपी सिंह ने बताया कि यह डिवाइस स्कूली बच्चों और फील्ड में काम करने वाले लोगों तथा दुर्गम इलाकों के लिए काफी उपयोगी है। अमूमन एक बोतल में एक या दो लीटर पानी आता है। यह पानी खत्म हो जाने पर लोगों को दोबारा साफ पानी तलाश करना पड़ता है। ऐसे में इस डिवाइस युक्त बोतल में हर तरह का पानी भरकर साफ पानी हासिल किया जा सकता है। डिवाइस को बनाने में लगभग 9 लाख रुपये खर्च आया है।

> अपने छोटे आकार की वजह से यह डिवाइस बोतल या उसके जैसी किसी भी चीज में आसानी से फिट हो जाती है। इससे बोतल में बार-बार साफ पानी भरने का झंझट खत्म हो जाता है। पेटेंट का आवेदन किया गया है। कंपनियों से बात चल रही है। जल्दी ही डिवाइस को बाजार में उतारने का प्रयास है। **-डॉ. जेपी सिंह**, प्रोफेसर, यूपीटीटीआई, कानपुर।

## सार-संक्षेप

### रामायण विश्वविद्यालय में राम के 1000 वर्षों का होगा शोध

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार** : मर्यादा पुरुषोत्तम राम की महिमा और उनके जीवन की गहन जानकारी अब अयोध्या में स्थापित हो रहे रामायण विश्वविद्यालय में उपलब्ध होगी। महर्षि महेश योगी का सपना था कि अयोध्या में ऐसा एक विश्वविद्यालय बने जहाँ राम के जीवन और उनके प्रभाव पर गहराई से अध्ययन और शोध किया जा सके। अयोध्या में नेशनल हाईवे के बगल बन रहे इस रामायण विश्वविद्यालय में 2025 से पढ़ाई शुरू हो जाएगी और यहाँ छात्र राम के जीवन, उनके आदर्शों और उनके समय के समाज पर गहन शोध कर सकेंगे। विश्वविद्यालय इसलिए भी विशेष है क्योंकि यह केवल राम के जीवन की 100 वर्षों की कथा तक सीमित नहीं रहेगा। यहाँ पर 900 वर्षों तक राम के जीवन और उनकी वंश परंपरा का भी शोध होगा। लव और कुश के बाद उनकी कई पीढ़ियों के बारे में भी जानकारी जुटाई जाएगी, जिससे भगवान राम के 1000 वर्षों के जीवन काल का एक नया इतिहास लिखा जाएगा।

### उत्कृष्ट योगदान के लिए डॉ. मिर्जा शहाब शाह का सम्मान



साकेत महाविद्यालय में डॉ. मिर्जा शहाब शाह को सम्मानित करते प्राचार्य।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार** : इंडियन कॉमर्स एसोसिएशन द्वारा पेसेफिक यूनिवर्सिटी उदयपुर में आयोजित अपनी 75वीं ऑल इंडिया कॉमर्स कॉन्फ्रेंस में प्रो. डॉ. मिर्जा शहाब शाह को कॉमर्स एंड मैनेजमेंट के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान हेतु सम्मान पत्र प्रदान किया है। जिसे साकेत महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डॉ. दानपति तिवारी ने बुधवार को प्रो. शाह को अपने कार्यालय में देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कॉमर्स एंड मैनेजमेंट एसोसिएशन द्वारा प्रकाशित जर्नल कॉमर्स एंड बिजनेस स्टेडीज के 34 वे अंक का विमोचन भी प्राचार्य द्वारा किया गया। वर्ष 2008 से प्रकाशित होने वाले इस जर्नल के प्रबंध संपादक प्रो. डॉ. मिर्जा शहाब शाह एवं मुख्य संपादक प्रो. बी के झा हैं। प्रो. एके मिश्र, प्रो. अनुराग मिश्रा, प्रो. आशुतोष त्रिपाठी, प्रो.अमूल्य कुमार सिंह, प्रो.जन्मेजय तिवारी, डॉ. पूनम जोशी, प्रो. वंदना जायसवाल, प्रो. कविता सिंह, प्रो. अरविंद मिश्रा आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

### जब-जब धरा पर अत्याचार बढ़ा प्रभु ने लिया अवतार

**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार** : क्षेत्र के नैपुरा मजरे दूबे का पुरवा में चल रही सात दिवसीए श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन कथा वाचक आचार्य धरणीधर ने श्रीकृष्ण के जन्म की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि जब–जब धरा पर अत्याचार, दुराचार, पापाचार बढ़ा है, तब–तब प्रभु का अवतार हुआ है। मथुरा के राजा कंस के अत्याचार बढ़ने पर श्री हरि विष्णु ने देवकी माता के अष्टम पुत्र के रूप में भगवान श्रीकृष्ण ने जन्म लिया। इसी प्रकार त्रेता युग में लंकापति रावण के अत्याचारों से जब धरा डोलने लगी तब मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम ने जन्म लिया। भगवान की बाल लीलाओं के प्रसंग सुन उपस्थित श्रोता भक्ति भाव में डूबे रहे।

### भाव विभोर कर रही रोज़न अली की रामलीला



अर्थर में चल रही रामलीला का मंचन करते कलाकार।

**सोहावल, अयोध्या। अमृत विचार** : लगभग 46 वर्षों से लगातार कौमी एकता की मिसाल बनी अर्थर गांव की राम लीला का शुभारंभ मंगलवार को समिति के अध्यक्ष जनार्दन गौड़ ने फीता काटकर शुभारंभ किया। रामलीला की कमान कलाकार रोजन अली ने सम्हाल रखी है। पहले दिन के हुए मंचन में सीता स्वयंवर से लेकर रावण बाणासुर संवाद और परशुराम लक्ष्मण संवाद का प्रस्तुतीकरण लोगों में आकर्षण का केंद्र रहा। इससे पूर्व प्रबंधक राम सुरेश सिंह के साथ मास्टर धूम प्रसाद ने श्रीराम दरबार का स्मृति चिह्न देकर अध्यक्ष का स्वागत किया। कलाकार तोहिद आलम का स्वागत रोजन अली ने मक्का मदीना का स्मृति चिह्न देकर किया।

### राम ने किया रावण का वध, मेले में उमड़ी भीड़

**रामपुर भगन,अयोध्या। अमृत विचार** : रामपुर भगन रामलीला मैदान में बुधवार को श्रीराम– रावण युद्ध का मंचन व 30 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया गया। इससे पहले भगवान राम व दूसरी तरफ रावण अपने दल के साथ रथ पर सवार होकर पूरी बाजार में भ्रमण करते हुए रामलीला मैदान पहुंचे। जहां मैदान में रामलीला प्रारंभ हुई। जिसमें सबसे मनोहारी दृश्य कुंभकर्ण का निद्रा भंग कर युद्ध में उतारने का रहा। ढोल–नगाड़ों की धुन के साथ कुंभकर्ण को जगाया गया, जिसने युद्ध में उतरकर वीरता दिखाई। इसके बाद हुए युद्ध में कुंभकर्ण का वध कर दिया गया। इसके साथ ही मेघनाथ का वध हुआ। अंत में राम– रावण युद्ध हुआ,जिसमें भगवान राम ने रावण का वध किया। इस दौरान ग्राम प्रधान बलवंत सिंह, बिंटू सिंह, संजू सिंह, मंजीत सैनी, राजा खान,संतराम सैनी सहित अन्य लोग व्यवस्था में लगे रहे।

# जूनियर हाईस्कूल रामपुरभगन ओवरऑल चैंपियन

## परिषदीय विद्यालयों की खेलकूद प्रतियोगिता, जूनियर बालिका वर्ग 100 और 200 मीटर दौड़ में रामपुर भगन की अंतिमा रहीं प्रथम

**रामपुरभगन, अयोध्या**

**अमृत विचार** : पूर्व माध्यमिक विद्यालय रामपुर भगन के प्रांगण में बुधवार को तोरोमाफी न्याय पंचायत के परिषदीय विद्यालयों की खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ प्रधानाध्यापिका नीलम मिश्रा व नोडल संकुल रविंद्र प्रताप गौतम ने किया। ओवरऑल चैंपियन का खिताब जूनियर हाई स्कूल रामपुरभगन को मिला।

निर्णायक मंडल के सदस्य अंकित सिंह, दीपिका सिंह व अर्चना द्विवेदी ने बताया कि जूनियर वर्ग 200 मीटर की दौड़ में बालक वर्ग में जूनियर हाईस्कूल रामपुर भगन के रोहित कनौजिया और बालिका वर्ग में अंतिमा निषाद अव्वल रहे। 100 मीटर की दौड़ में प्राथमिक स्तर बालक वर्ग में प्राथमिक विद्यालय वासुदेवपुर के रौनक प्रथम, अनूप द्वितीय एवं प्राथमिक विद्यालय सतना के अमजद तृतीय स्थान पर रहे। बालिका वर्ग 100 मीटर में प्राथमिक विद्यालय रामपुर भगन की शिवानी प्रथम एवं प्राथमिक विद्यालय सोलापुर की नैंसी द्वितीय व लवीजा तृतीय स्थान पर रही। जूनियर बालिका वर्ग 100 और 200 मीटर दौड़ में जूनियर हाई स्कूल रामपुर भगन की अंतिमा प्रथम एवं अनामिका द्वितीय तथा सुनयना एवं पकड़ी दुर्गादासपुर की दिव्या सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग में राहुल धुरिया जूनियर हाई स्कूल रामपुर भगन प्रथम एवं पकड़ी दुर्गादासपुर के अमन ने द्वितीय तथा दानिश ने तृतीय स्थान बनाया। जूनियर वर्ग के बालक एवं बालिका स्तर की कबड्डी प्रतियोगिता में जूनियर हाई स्कूल रामपुर भगन के छात्र-छात्राओं ने बाजी मारी। प्राथमिक स्तर की कबड्डी प्रतियोगिता में प्राथमिक विद्यालय रामपुर भगन के छात्र-छात्राओं ने जीत हासिल किया। प्राथमिक स्तर के सुलेख प्रतियोगिता में सुहानी यादव प्रथम एवं आंवी राव द्वितीय तथा पलक सैनी प्राथमिक विद्यालय रामपुर भगन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग में पूर्व माध्यमिक विद्यालय रामपुर भगन की मानसी सिंह प्रथम अपर्णा कसौधन द्वितीय तथा अनामिका कसौधन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम में कमलेश गुप्ता, विनोद श्रीवास्तव, नीतू यादव, पुष्पा, अर्चना, प्रतीक्षा, निशा, प्रतिभा, प्रभात वर्मा, मोहम्मद आरिफ आदि शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन अनिल कुमार तिवारी व अशोक कुमार ने किया।



खेल प्रतियोगिता में पुरस्कार प्राप्त करने वाली प्रतिभागी टीम। अमृत विचार



जीआईसी में आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन करते निर्णायक मंडल के सदस्य।

### जूनियर में नंदनी व सीनियर वर्ग में आयूषी अव्वल

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार** : समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत राजकीय इंटर कॉलेज में बुधवार को मंडल स्तरीय प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान सुल्तानपुर के नंदनी सिंह व द्वितीय स्थान पर बाराबंकी के मोहम्मद समीर रहे। वहीं सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान पर बाराबंकी के आयूषी सोनी एवं द्वितीय स्थान पर सुल्तानपुर के सिद्धार्थ श्रीवास्तव ने स्थान प्राप्त किया। प्रदर्शनी का आयोजन राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या ने कुसुम लता ने किया। नोडल अधिकारी डॉ. बसन्त कुमार की देखरेख में प्रदर्शनी आयोजित की गई। निर्णायक मंडल में डॉ. कुश कुमार मिश्रा, डॉ. प्रीतम वर्मा और डॉ रमेश कुमार आर्य रहे।

### छात्राओं ने सीखे आत्म रक्षा के गुर

**सोहावल, अयोध्या। अमृत विचार** : मिशन शक्ति योजना में बुधवार को पंख पोर्टल कॅरिअर गाइडेंस कार्यक्रम आयोजित कर राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सलोनिया की छात्राओं को आत्म रक्षा के गुण सिखाए गए। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. पवन कुमार की मौजूदगी में कार्यक्रम हुआ। पुलिस उपनिरीक्षक कोमल मिश्रा, सुरभि गुप्ता, इंदु लता, आरक्षी नेहा चौहान ने छात्राओं को गुर सिखाते हुए संबधित सुरक्षा की जानकारी दी। जिला विद्यालय निरीक्षक ने कहा कि शिक्षा विभाग ने महिला सशक्तिकरण करने के तहत कई योजना शुरु की है। जिसे पंख पोर्टल की वेबसाइट पर जाकर जानकारी प्राप्त की जा सकती है। प्रधानाचार्य तारा देवी वर्मा, प्रवक्ता डॉ. मृदुला चौधरी, सहायक अध्यापिका कल्पना, श्वेता पांडेय, सीमा रानी, सविता मौर्या, डॉ. रेखा सिंह, शिवाशीष तिवारी सहित छात्राएं, अभिभावक एवं स्टाफ कर्मी मौजूद रहे।

## भरतकुंड महोत्सव में आज जलेगी छह इंच मोटी और 121 फीट लंबी अगरबत्ती

**अयोध्या कार्यालय**

**अमृत विचार** : भरतकुंड महोत्सव में नोयडा से ट्रक से लाई गई छह इंच मोटी और 121 फिट लंबी अगरबत्ती गुरुवार को प्रज्ज्वलित की जायेगी। बताया जाता है कि बुधवार रात को ही इसे प्रज्ज्वलित करने के लिए तैयार कर लिया जाएगा। प्रज्वलन के दौरान मंडलायुक्त गौरव दयाल और जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह भी मौजूद रहेंगे।

रघुकुल फाउंडेशन द्वारा डिजाइन की गई अगरबत्ती भरत और भगवान राम के बीच के बंधन से प्रेरित पारिवारिक मूल्यों, एकता और प्रेम को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। साइकिल ब्रांड अगरबत्ती ने इस अनूठी 121 फुट की अगरबत्ती को विशेष रूप से भरतकुंड महोत्सव के लिए तैयार किया है, जो दुनिया की सबसे ऊंची अगरबत्ती के रूप में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में एक रिकॉर्ड स्थापित करेगी। बताया जाता है कि नोयडा से ट्रक से चली यह अगरबत्ती देर रात तक भरतकुंड पहुंच जायेगी और रात को ही इसे जोड़ लिया जायेगा। भरतकुंड न्यास द्वारा इसकी घोषणा पहले से कई गई थी। इसका प्रज्ज्वलन गुरुवार रात साढ़े दस बजे किया जाएगा।

### वकीलों ने किया न्यायिक कामकाज का बहिष्कार

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार** : गाजियाबाद में साथी अधिवक्ताओं पर पुलिस द्वारा बर्बरता पूर्वक किए गए लाठी चार्ज के विरोध में अधिवक्ताओं ने अदालतों की ओर रुख नहीं किया। आक्रोशित अधिवक्ताओं ने पुलिसिया कृत्य की निंदा करते हुए बुधवार को भी विरोध प्रदर्शन किया। सुबह 10 बजे से ही अधिवक्ताओं ने एकजुटता का परिचय देते हुए अदालतों में कामकाज ठप कर दिया, जिससे मंडलायुक्त की अदालत से लेकर दीवानी की अदालतों व तहसील के अदालतों में कामकाज नहीं हुआ। छोटे–मोटे मामलों में भी जमानतों पर सुनवाई नहीं हुई और जिले के दूर दराज क्षेत्र से आए हुए लोगों के मुकदमा में कोई कार्यवाही नहीं हुई। अधिवक्ताओं की मांग है कि गाजियाबाद में हुई घटना में दोषी लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाए और घायल अधिवक्ताओं को मुआवजा दिया जाए। विरोध प्रदर्शन में एल्डर्स कमेटी के पूर्व अध्यक्ष कृपाल चंद्र खरे, अधिवक्ता सूर्यनारायण सिंह, राज कपूर सिंह, जगन्नाथ पांडे, बब्बन चौबे, वीरेंद्र मिश्रा, रामपाल शर्मा, सईद खान, चंद्रभूषण समेत अन्य लोग मौजूद रहे।



खेल दिवस के विजेता व उपविजेता छात्र पुरस्कृत।

### खेल दिवस में बच्चों ने प्रतिभा से मन मोहा

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार** : जिंगल बेल स्कूल में बुधवार को कक्षा एक व दो के विद्यार्थियों का खेल दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बच्चों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में खूब बढ़–चढ़ कर प्रतिभाग किया। स्पर्धार्ओं के प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। शेष प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। खेल दिवस में प्रधानाचार्या प्रिया ने विद्यालय की गतिविधियां व उपलब्धियों के बारे में बताया। राष्ट्रीय उत्तरदायी नागरिक की भूमिका का निर्वहन करने वाले कब्स एण्ड बुलबुल के बच्चों ने सुसज्जित पोशाक में बाल गीत व झंडा गीत प्रस्तुत करने के साथ समारोह की शुरुआत की। विशेष कक्षा के बच्चों ने अपने शारीरिक कौशलों का प्रदर्शन करते हुए रचनात्मक दौड़ में उत्साह से प्रतिभाग किया। व्यक्तिगत व जोड़े के साथ रचनात्मक दौड़ ट्रिक विद रिंग, कॉर्डिनेशन विद दुपट्टा, रोलिंग विद बॉल, मूविंग बैंगल्स, बॉल आन बेस, बेस आन बिन, स्किल विद फ्लैक्सी पोल, डम्बल रेस आदि दौड़ में बच्चों ने शारीरिक कौशल व करतब का प्रदर्शन किया।

### कबड्डी में मूड़ाडीहा टीम को दोहरा खिताब

**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार** : ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता बुधवार को बैसिंह स्टेडियम में आयोजित हुई। खंड शिक्षा अधिकारी रयाजुद्दीन ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व द्वीप प्रज्ज्वलित कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता की जूनियर कबड्डी स्पर्धा में बालक व बालिका दोनों वर्गों में जीत दर्ज कर मूड़ाडीहा टीम ने दोहरा खिताब जीता। प्रतियोगिता के प्राथमिक बालक वर्ग की 100 मीटर दौड़ में आदर्श प्रथम, राजेश द्वितीय व महादेव तृतीय रहे। बालिका वर्ग में परी प्रथम, कल्पना द्वितीय व रोशनी तृतीय स्थान पर रहीं। सुलेख में आरजू प्रथम व प्रिया द्वितीय रहीं। कबड्डी बालक वर्ग में नरियांवा टीम ने बैसिंह टीम को पराजित कर तथा बालिका वर्ग में शाहनवाजपुर टीम ने रसूलाबाद टीम को शील्ड पर कब्जा कर लिया। जूनियर वर्ग की 100 मीटर की बालक दौड़ में में समर प्रथम, सौरभ द्वितीय व शिवम तृतीय रहे। बालिका वर्ग में अंशिका प्रथम, अंबिका द्वितीय व सोनम तृतीय रहीं। कबड्डी में मूड़ाडीहा टीम ने पूरा टीम को तथा बालिका वर्ग में मूड़ाडीहा ने सुखापुर इटौरा टीम को हराकर शील्ड अपने नाम कर लिया। इस दौरान खो–खो, लंबीकूद सहित अनेक स्पर्धाओं का आयोजन हुआ। इस अवसर पर व्यायाम शिक्षक विश्वनाथ सिंह, शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष सत्येंद्र गुप्त, संचराज वर्मा, अनिल सिंह, सतीश गुप्त, अजय सिंह आदि मौजूद रहे।

## विराट बिरहा दंगल में हुए मुकाबले में झूमे लोग

**अयोध्या कार्यालय**

**अमृत विचार** : अयोध्या क्षेत्र के आसिफबाग तिराहे पर हलकारा का पुरवा में मंगलवार रात विराट बिरहा दंगल का आयोजन किया गया। दंगल में मुकाबले देख कर लोग झूम उठे।

समाचार पत्र वितरक अशोक यादव के संयोजन में हुए दंगल में रामू यादव खलीफा, गुरु कल्लू, मंगलराम, फक्कड़ यादव, खलीफा गुरु रघुवीर, लाल बहादुर खलीफा, गुरु मक्का, बुधई यादव खलीफा और जयराम आदि के बीच जोरदार बिरहा मुकाबला हुआ। जिसका बड़ी संख्या में लोगों ने आनंद लिया। विभिन्न प्रकार के बिरहा में गायकों ने अपनी छाप छोड़ी। कार्यक्रम का संचालन सुभाष साजन खलीफा ने किया। आयोजक मंडल के समाचार पत्र वितरक अशोक यादव ने बताया कि आयोजन पार्षद लुल्लुर यादव, प्रधान अजय यादव व नवमी लाल यादव के निर्देशन में संपन्न हुआ। उन्होंने बताया कि हर वर्ष बिरहा दंगल का आयोजन किया जाता है। जिसमें बड़ी संख्या में लोग प्रतिभाग करते हैं।




विराट बिरहा दंगल में मुकाबले के बाद आयोजक मंडल व मौजूद लोग।

**आयोजन**






# रामलला के साथ होगी पंचवटी, रामेश्वरम में मौजूदगी की अनुभूति

## वर्चुअल रियलिटी के जरिए होगा दर्शन के साथ उस स्थान पर होने का अहसास ▶ एडीए ने शुरू की श्रीराम से जुड़े स्थानों के दुर्लभ दर्शन कराने की तैयारी

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

**अमृत विचार:** अब अयोध्या में रामलला के दर्शन के साथ पंचवटी, रामेश्वरम जैसे स्थानों के दर्शन और वहां मौजूदगी की अनुभूति भी की जा सकेगी। यह सब संभव होगा वर्चुअल रियलिटी (वीआर) के जरिए। अयोध्या विकास प्राधिकरण ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। श्रीराम वन गमन स्थलों का वर्चुअल रियलिटी (आभासी वास्तविक) पर डेमों शुरू कराया है। जल्द ही श्रद्धालुओं को पूरी अयोध्या के दुर्लभ स्थानों के दर्शन के लिए इसके अन्य केंद्र खोले जाएंगे।

हनुमानगढ़ी से श्रीराम जन्मभूमि मार्ग स्थित राजद्वार पार्क के गेट पर दुर्लभ दर्शन केंद्र पर डेमो की व्यवस्था की गई है। आधुनिक तकनीक से सुसज्जित इस केंद्र में हेडफोन के जरिए श्रीराम वन गमन की अनुभूतिक पूरा यात्रा कराई जाती है। इसमें थ्री डी नियर-आई डिस्प्ले और पोज ट्रैकिंग का प्रयोग किया जाता है। इसमें हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल करके एक नकली दृश्य बनाया जाता है। दर्शकों को दृश्य इतना वास्तविक लगता है कि कई लोग वीआर से यात्रा के दौरान दुर्गम ऊंचे पहाड़ों के दृश्य के साथ यात्रा करते अपने को उसके इतना करीब पाते हैं कि गिरने के भय में चिल्लाने लगते हैं। शो रुकवा देते हैं। इस आभासी लेकिन वास्तविक यात्रा में तमसा तट के बाद श्रृंगबेरपुर, प्रयागराज में भारद्वाजमुनि के आश्रम के बाद चित्रकूट के अनुसूइया आश्रम के वास्तविक दृश्यों के साथ घटनाओं को दिखाया और इसके बारे जानकारी दी जाती है। नदियों, पहाड़ों के वास्तिवक दृश्य के साथ वहां मौजूदगी का अहसास होता है। पंचवटी, ऋष्यमूक पर्वत और रामेश्वरम की यात्रा के बाद श्रीराम के साथ अयोध्या वापसी होती है। यहां राम लला के दर्शन होते हैं। केंद्र के निदेशक हर्षित ने बुधवार को बताया कि राम गमन के साथ डेमो शुरू किया गया है। एडीए से अनुमति के बाद अयोध्या के विभिन्न स्थलों हनुमानगढ़ी, श्रीराम जन्मभूमि में आरती, भरतकुंड, देवकाली, नागेश्वरनाथ जैसे स्थलों की शूटिंग करके इसको समाहित किया जाएगा। 10 से 15 मिनट की वर्चुअल रियलिटी शो में अयोध्या के विभिन्न महत्वपूर्ण स्थलों के दुर्लभ दर्शन कराए जाएंगे। लगभग महीने भर में ऐसे कुछ नए केंद्र खोले जाने का प्रयास है।




आरजेबी मार्ग पर अयोध्या विकास प्राधिकरण के दुर्लभ दर्शन केंद्र पर वर्चुअल रियलिटी से श्री राम वन गमन यात्रा का दर्शन करते श्रद्धालु। अमृत विचार

### उज्जैन, वैष्णोदेवी सहित अन्य स्थानों पर चल रहे ऐसे शो

दुर्लभ दर्शन की व्यवस्था अयोध्या से पहले ज्योर्तिलिंग महाकालेश्वर मंदिर परिसर, काशी विश्वनाथ कारीडोर, मां वैष्णो देवी के भवन, शारदा देवी मंदिर परिसर के साथ ज्योर्तिलिंग ओंकारेश्वर मंदिर गेट के बाहर दुर्लभ दर्शन केंद्र की स्थापना की गई है। यहां श्रद्धालुओं को संबंधित स्थलों से जुड़े स्थानों के दुर्लभ दर्शन कराए जा रहे हैं।

> श्रद्धालुओं को रामलला के साक्षात दर्शन के साथ श्रीराम से जुड़े स्थानों के आभासी वास्तविक दुर्लभ दर्शन कराए जाने का प्रयास है। दुर्लभ दर्शन केंद्र के जरिए श्रीराम वन गमन का डेमो दिखाया जा रहा है। श्री राम जन्म भूमि मंदिर परिसर में शूटिंग के लिए अनुमति मांगी गई है। अनुमति के बाद राम मंदिर सहित अयोध्या के अन्य स्थानों की शूटिंग होगी। फिर पूरी अयोध्या के दुर्लभ स्थानों के वीआर के जरिए दर्शन की व्यवस्था की जाएगी। -**अश्विनी कुमार पांडेय,उपाध्यक्ष, अयोध्या विकास प्राधिकरण।**

### आज का मौसम

24 घंटे में औसत तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है।

30.0° अधिकतम तापमान | 17.0° न्यूनतम तापमान

### आज के कार्यक्रम



- परिषदीय विद्यालयों की न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता खंड शिक्षा क्षेत्रों में सुबह 11.00 बजे से।
- चौदह कोसी परिक्रमा मार्ग का निरीक्षण छावनी परिषद की सीईओ द्वारा सुबह 11.00 बजे से।
- रामपुर भगन के ऊंचेगांव में आयोजित रामलीला का मंचन शाम 7.00 बजे से।

### परीक्षार्थियों को त्रुटि सुधार के लिए 12 तक मौका

**अयोध्या, अमृत विचार :** यूपी बोर्ड परीक्षा 2025 में शामिल होने वाले हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के परीक्षार्थियों को माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा आवेदन में त्रुटि सुधार का अंतिम मौका दिया गया है। डीआईओएस डॉ. पवन कुमार तिवारी ने बुधवार को बताया कि परीक्षार्थी 12 नवंबर तक आवेदन में अंकित विवरण में सुधार कर सकते हैं। साथ ही कक्षा 11 के पंजीकरण में दर्ज हाईस्कूल के त्रुटिपूर्ण अनुक्रमांक को संशोधित कर सकते हैं। संस्था के प्रधानाचार्य को छात्र का प्रवेश आवेदन पत्र, एसआर रजिस्टर की प्रमाणित प्रति, परीक्षार्थी का पहचान पत्र, कक्षा 9 व 11 का पंजीकरण प्रपत्र, हलफनामा, डीआईओएस द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित टीसी तथा आवेदन पत्र पर प्रधानाचार्य की संस्तुति सम्बन्धी समस्त प्रपत्र डीआईओएस कार्यालय में जमा करना होगा।

### डेंगू के 11 मरीज मिले

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिले में बुधवार को डेंगू के 11 मरीज मिले हैं। हेल्थ बुलेटिन के मुताबिक नगर में 6, सोहावल में 3 व मसौधा में 2 मरीज मिले हैं। अब तक 432 मरीज मिल चुके हैं, जिसमें 414 ठीक हो चुके हैं। 18 अभी उपचाराधीन हैं।

## आस्था : रामनगरी में छठ महापर्व का उल्लास, व्रती महिलाएं आज डूबते सूर्य को देंगी अर्घ्य

# खरना का प्रसाद ग्रहण कर 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** उत्साह और आनंद के साथ छठ पूजा के दूसरा दिन बुधवार को खरना हुआ। रामनगरी में छठ मैया की दूसरे दिन की पूजा में व्रतियों ने गुड़ की खीर खाकर 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू किया। व्रती महिलाएं आज गुरुवार को अस्तांचल सूर्य को अर्घ्य देंगी। इसको लेकर जिला व पुलिस प्रशासन ने भी तमाम बंदोबस्त कर रखे हैं। नदियों के किनारे साफ-सफाई से लेकर प्रकाश की व्यवस्था की गई है।

गोसाईगंज में तमसा नदी के किनारे बेदियां तैयार कर ली गई हैं। नगर पंचायत वहां साफ-सफाई का कार्य करा रही है। नगर आयुक्त संतोष शर्मा ने बुधवार को बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर नगर निगम क्षेत्र के सरयू तटों पर साफ-सफाई की व्यवस्था कराई जा रही है। प्रकाश व्यवस्था बेहतर रखने के निर्देश दिए गए हैं।जिससे कि शाम और सुबह अर्घ्य देने पहुंची व्रती महिलाओं और उनके परिवारजनों की किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।


छठ पूजा के दूसरे दिन खरना पूजन करती महिलाएं। अमृत विचार

### कीर्ति 17 वर्षों से रख रही हैं व्रत

अशफीर भवन के निकट रहने वाली कीर्ति द्विवेदी का मायका बिहार में है। बेटा होने के बाद उन्होंने व्रत रखना शुरू किया। वह 17 वर्षों से छठी मइया का व्रत रख रही हैं। उन्होंने बताया कि गुरुवार को कलसूप लेकर सरयू तट जाएंगी। वहां डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य देंगी।


खरना पूजन करतीं महिलाएं।


आरती सोनी

### छठ माता की कृपा से हुई पुत्र की प्राप्ति

गोसाईगंज के तेलियागढ़ निवासी आरती सोनी ने बताया कि उन्हें दो बेटियां थीं। पुत्र की प्राप्ति के लिए उन्होंने छठ माता का व्रत रखना शुरू किया। उसके बाद ही उन्हें पुत्र की प्राप्ति हुई है। वह आठ साल से व्रत रख रही हैं।

### परिवार के सुख-समृद्धि की कामना करूंगी


किरन शर्मा

वजीरगंज निवासी किरन शर्मा ने बताया कि वह वर्षों से छठ मइया की पूजा करती आ रही हैं। नहाय-खाय में लौकी की सब्जी और चने की दाल खाई गई थी। गुप्तारघाट पर शुक्रवार को उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर परिवार के सुख समृद्धि की कामना करूंगी।

### चूल्हे पर बनाई गुड़ की खीर


अंकिता सिंह

रोहिणी कॉलोनी निवासी अंकिता सिंह ने भी व्रत रखा है। उन्होंने बताया कि खरना के लिए गुड़ की खीर चूल्हे पर बनाई गई है। चूल्हे में लगने वाली लकड़ियां आम की रहती है। खरना पूजन के बाद वहीं बैठे-बैठे गुड़ की खीर खाई गई। उन्होंने बताया कि इस व्रत में उन्हें पूरा परिवार सहयोग करता है।


गोसाईगंज में छठ पूजा को लेकर महादेवा घाट का निरीक्षण करते नगर पंचायत अधिकारी।

### छठ पूजा के लिए सजने लगा तमसा का महादेवा घाट

**गोसाईगंज, अयोध्या।** क्षेत्र में छठपूजा को लेकर तैयारी पूरी हो गई है। घाटों की साफ सफाई कराकर दीवारों की रंगाई पुताई कराई गई है। तमसा किनारे बना महादेवा घाट लगभग दुरुस्त कर लिया है। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी इंद्रभान ने बताया कि नगर के कुल चार घाटों ठकुराइन पोखरा, महादेवा घाट, सीताराम घाट और सत्संग पर महिलाएं अर्घ्य देने आती हैं। ज्यादा भीड़ ठकुराइन पोखरा और महादेवा घाट पर ही होती है। महिलाएं गुरुवार शाम ढलते सूरज और शुक्रवार सुबह उगते सूरज को अर्घ्य देंगी। कहा कि प्रकाश की समुचित व्यवस्था के लिए हाईमास्क लाइट लगवाया जाएगा।

# छठ पूजा : घाटों पर स्थापित किए गए 165 चेंजिंग रूम


आरती घाट का निरीक्षण करते नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा।

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने छठ पूजा के दृष्टिगत आरती घाट, झुनकी घाट, संत तुलसीदास घाट, गुप्तार घाट व राम पैड़ी का निरीक्षण किया। घाटों के क्षतिग्रस्त हिस्से को चिह्नित करते हुए ठीक कराए जाने के निर्देश दिए गए एवं घाटों पर स्थित समस्त डेकोरेटिव लाइट, एलइडी लाइट, वॉल बैनर पोस्टर आदि के माध्यम से स्वच्छता के प्रति संदेश प्रसारित किए जाने के निर्देश दिए गए।

छठ पूजा पर्व के दृष्टिगत आरती घाट पर 35, झुनकी घाट पर 50, संत तुलसीदास घाट पर 45,

**तैयारी**

गुप्तारघाट पर 20, राम की पैड़ी पर 15 चेंजिंग रूम स्थापित किए गए एवं इसके साथ-साथ पेयजल व्यवस्था के संबंध में प्रत्येक घाट पर चार-चार टैंकर की व्यवस्था की गई है। इसके साथ-साथ प्रत्येक घाट पर पांच-पांच मोबाइल टॉयलेट भी स्थापित किए गए हैं। छठ पूजा पर्व के के दृष्टिगत घाटों पर अर्पण कलश की स्थापना की गई है एवं छठ पर्व पर घाटों पर चढ़ाए जाने वाले फूलों के निस्तारण के लिए फूलों से अगरबत्ती बनाने वाली संस्था फूल डॉटकॉम को भेजा जाएगा।

# खड़े ट्रक से टकराई डबल डेकर बस, बड़ा हादसा टला

मिल्कीपुर, अयोध्या।

**अमृत विचार :** अयोध्या जगदीशपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार सुबह करीब 3:30 बजे बिहार से अयोध्या यात्रियों को ले जा रही डबल डेकर बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। यह हादसा कुमारगंज कस्बे के ओवर ब्रिज पर पहले से मृत पड़े गोवंश को बचाने के चक्कर में हुआ। डबल डेकर बस अनियंत्रित होकर ओवरब्रिज पर खड़े ट्रक से टकरा गई। आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया।

गनीमत रही कि बस में बैठे करीब 50 से अधिक यात्रियों को चोट नहीं आई। ड्राइवर को मामूली चोटें आईं हैं, जिसे अस्पताल भिजवाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसका उपचार किया। घटना की जानकारी होने पर गाड़ी मालिक ने दूसरी गाड़ी से सभी यात्रियों को रवाना किया।


जगदीशपुर राजमार्ग पर दुर्घटनाग्रस्त हुई डबल डेकर बस।

▶▶ **बिहार से अयोध्या आ रही थी बस मृत गोवंश को बचाने में हुआ हादसा**

# मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य पर दर्ज करें केस

अयोध्या कार्यालय

▶▶ **कंप्यूटर ऑपरेटर प्रभुनाथ की मौत के मामले में कोर्ट ने अयोध्या कोतवाल को दिया आदेश**

▶▶ **दो डॉक्टर समेत 12 अज्ञात के खिलाफ भी दर्ज होगा मुकदमा**

**अमृत विचार :** राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज दर्शननगर के प्राचार्य डॉ. ज्ञानेंद्र कुमार, दो डॉक्टर व 12 अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर विवेचना करें। ये आदेश मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अंशुमाली पांडेय की अदालत से बुधवार को कोतवाल अयोध्या को दिया गया है।

अधिवक्ता मार्तंड प्रताप सिंह ने बताया कि हैदरगंज थाना क्षेत्र के बिंदा मिश्र का पूरा पछियाना निवासी जगदीश चंद्र मिश्र का पुत्र प्रभुनाथ मिश्रा दर्शननगर स्थित राजर्षि दशरथ राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में एक कंपनी के आउटसोर्सिंग के माध्यम से कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर 2019 से कार्यरत था। 29 जुलाई को सुबह 11:30 बजे वह अपनी ड्यूटी पर था। इस समय मेडिकल कॉलेज की 2020 बैच की छात्रा रितु व निर्मला कुमावत बलपूर्वक बिना लाइन के उसकी केबिन के अंदर घुसकर रजिस्ट्रेशन पर्चा काटने का प्रयास व दबाव बनाने लगीं। प्रभुनाथ ने दोनों से लाइन में लगकर पर्चा कटवाने को कहा। इस पर वह दोनों 10-12 अज्ञात सामाजिक तत्वों व अन्य अज्ञात डॉक्टर के साथ मौके पर आ गईं और प्रभु नाथ को मारा पीटा। प्रभुनाथ ने घर पहुंचने पर अपने पिता से पूरी बात बताई और शिकायत मेडिकल कॉलेज प्रशासन से भी की। इस संबंध में जांच कमेटी बनाई गई। आरोप है कि जांच कमेटी ने मामला विभागीय होने के नाते कोई कार्रवाई नहीं की। इसके बाद रितु व निर्मला कुमावत उनके गैंग के सहयोगी डॉक्टरों द्वारा शिकायत वापस लेने व माफी मांगने के लिए गाली-गलौज व जानलेवा धमकी दी गई। इसकी शिकायत प्राचार्य ज्ञानेंद्र कुमार से की तो उन्होंने प्रभुनाथ को अपने कमरे में बुलाकर दोनों छात्राओं से माफी मांगने को कहा। अन्यथा की दशा में छेड़खानी व अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा कायम करवाने की धमकी दी। माफी न मांगने पर प्राचार्य डॉ. ज्ञानेंद्र कुमार ने 7 अगस्त को प्रभुनाथ को बुलाकर माफी न मांगने पर नौकरी से निकलवा देने और झूठे मुकदमे में फंसा कर जेल भिजवा देने की धमकी दी। इससे तंग आकर प्रभुनाथ ने अपनी जीवन लीला समाप्त करने की नीयत से जहर खा लिया।

### मृत्यु की जानकारी हुई तो रघुनाथ को बना दिया आरोपी

आरोप है कि प्रभुनाथ के इलाज में भी मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों ने लापरवाही की और उसे मेडिकल कॉलेज लखनऊ रेफर कर दिया गया। डॉ. राम मनोहर लोहिया पहुंचने पर डॉक्टरों ने 8 अगस्त को उसे मृत घोषित कर दिया। मृत्यु की संभावना की जानकारी होने पर साजिश करके झूठी घटना दिखाकर प्रभुनाथ मिश्रा का गलत नाम रघुनाथ मिश्रा दर्शाकर एक अन्य सहयोगी को भी सह आरोपी बनाकर अश्लील हरकत और धमकी देने की धारा में रिपोर्ट भी दर्ज करा दी गई। इस मामले में पुलिस ने कोई रिपोर्ट नहीं दर्ज की तब मृतक के पिता ने अदालत में रिपोर्ट दर्ज करने की अर्जी दी। सुनवाई के बाद कोर्ट ने मामले में रिपोर्ट दर्ज करके विवेचना करने व परिणाम से न्यायालय को अवगत कराने का आदेश दिया है।

## सार-संक्षेप

### खाद्यान्न वितरण आज से

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिले के अन्त्योदय अन्न योजना और पात्र गृहस्थी योजना के लाभार्थियों को खाद्यान्न वितरण सात नवंबर से शुरू होगा। यह 25 नवबंर तक चलेगा। अन्त्योदय कार्डधारकों को प्रति कार्ड 35 किग्रा खाद्यान्न (17 किग्रा गेहूँ व 18 किग्रा चावल) और पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों को प्रति यूनिट पांच किग्रा खाद्यान्न (2.50 किग्रा गेहूँ व 2.50 किग्रा चावल) का नि:शुल्क वितरण किया जाएगा। जानकारी जिला आपूर्ति अधिकारी बृजेश कुमार मिश्र ने दी।

### डोनाल्ड ट्रंप की जीत के लिए संतों ने किया अनुष्ठान


अमेरिकी चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की जीत के बाद हवन करते अयोध्या के साधु-संत।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** अयोध्या में संतों ने डोनाल्ड ट्रंप के समर्थन में बुधवार को विशेष अनुष्ठान किया। अमेरिका के चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की जीत के बाद संतों ने इसे रामलला का आशीर्वाद बताया। नायघाट क्षेत्र स्थित साकेत भवन मंदिर में महंत वरुण दास के नेतृत्व में मां बगलामुखी विजय मंत्रों के द्वारा महायज्ञ का आयोजन किया गया। वरुण दास ने बताया कि भारत और अमेरिका के संबंध प्रगाढ़ होने के लिए यज्ञ अनुष्ठान किया है। डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के राष्ट्रपति बने इसको लेकर हम लोगों ने प्रार्थना की है। प्रभु ने प्रार्थना स्वीकार की। डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के राष्ट्रपति बनने वाले हैं। युवा संत दिवाकराचार्य ने कहा कि अमेरिका में 47वें राष्ट्रपति के तौर पर डोनाल्ड ट्रंप की जीत हुई है।

### कैंपस प्लेसमेंट में 38 छात्रों को मिली नौकरी


कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित साक्षात्कार में मौजूद छात्र।

**कुमारगंज अयोध्या। अमृत विचार :** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में बुधवार को फार्मर फेस कंपनी ने छात्रों के प्लेसमेंट के लिए साक्षात्कार आयोजित किया। इसमें विभिन्न महाविद्यालय के स्नातक एवं परास्नातक के 100 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कंपनी के निदेशक की ओर से कुल 38 छात्र-छात्राओं को चयनित कर उन्हें नियुक्ति पत्र दिया गया। विश्वविद्यालय स्थित डायरेक्टरेट ऑफ़ प्लेसमेंट की प्रक्रिया कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह के दिशा-निर्देशन में हुई। इस मौके पर कृषि महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. प्रतिभा सिंह, डायरेक्टरेट ऑफ़ प्लेसमेंट के निदेशक डॉ. डी नियोगी, डॉ. सुप्रिया, डॉ. आनंद सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

**राममंदिर** निर्माण समिति के अध्यक्ष ने कार्यदायी संस्था के अधिकारियों के साथ निर्माणाधीन स्थलों का किया निरीक्षण

# एक माह पीछे चल रहा परिसर के निर्माण का काम : नृपेंद्र

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** दिवाली की छुट्टी पर गए श्रमिकों का आने का क्रम शुरू हो गया है। छठ के बाद राम जन्मभूमि परिसर में मंदिरों का निर्माण फिर शुरू कर दिया जाएगा। इसके पूर्व मंदिर निर्माण में किए गए कार्यों की समीक्षा की जाएगी। मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र बुधवार को अयोध्या पहुंचे। उन्होंने कार्यदायी संस्था एलएंडटी के अधिकारियों के साथ निर्माणाधीन स्थलों का निरीक्षण किया। नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि परिसर के निर्माण का काम एक माह पीछे चल रहा है।

उन्होंने बताया कि 100 से अधिक श्रमिक अयोध्या पहुंच भी चुके हैं, लेकिन निर्माण कार्य को प्रारंभ करने के लिए जितने मजदूरों की आवश्यकता है उतने नहीं हैं। जिस कारण निर्माण कार्य पूर्ण रूप से प्रारंभ नहीं हो सका है। परिसर में निर्माण कार्य के लिए लगने वाले पत्थरों को उनके उचित स्थान पर रखने का कार्य शुरू कर दिया गया है। मंदिर के शिखर निर्माण के लिए गुजरात और राजस्थान के कारीगरों ने बुधवार से कार्य प्रारंभ कर दिया है।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के व्यवस्था प्रभारी गोपाल जी राव ने बताया कि धीरे-धीरे मजदूरों की संख्या बढ़ रही है। छठ के बाद यह संख्या पूरी हो जाएगी। उन्होंने बताया कि वर्ष में प्रमुख दो त्योहार होली और दीपावली में सभी श्रमिक छुट्टी पर जाते हैं।


हनुमान गढ़ी पर महंत संजय दास से मुलाकात करते मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र।

### शेषावतार मंदिर, परकोटा व सप्त मंडपम का हो रहा निर्माण

परिसर में 800 मीटर परकोटे का निर्माण किया जा रहा है। जिसमें छह मंदिर के निर्माण का कार्य भी चल रहा है। कार्य लगभग 60 प्रतिशत पूरा हो चुका है। परिसर में शेषावतार और सप्त मंडपम का निर्माण किया जा रहा है। जिसमें महर्षि वाल्मीकि, महर्षि विश्वामित्र, महर्षि अगस्त्य, निषाद राज, माता अहिल्या और शबरी की मूर्ति को स्थापित किया जाएगा। ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने कहा कि शिखर निर्माण का कार्य जनवरी तक पूरा हो जाएगा। परकोटा और अन्य मंदिरों के निर्माण का कार्य भी जुलाई 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य है। बताया कि मंदिर के निर्माण कार्य में लगभग 2500 मजदूर कार्य शामिल हैं। आवश्यकता के अनुसार कार्यदायी संस्था श्रमिकों की संख्या को घटाती-बढ़ाती है।


राम जन्मभूमि परिसर में चल रहा मंदिरों का निर्माण कार्य (फाइल फोटो)

### हनुमानगढ़ी में बढ़ाई जा रही सुविधा की ली जानकारी

हनुमानगढ़ी मंदिर के प्रवेश और निकास मार्ग को चौड़ा करने के साथ ही मंदिर के परिसर को भी चौड़ा किया जाने की तैयारी है। राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने हनुमानगढ़ी दर्शन पूजा कर महंत संजय दत्त से मुलाकात की और मंदिर के जीर्णोद्धार कार्य कि जानकारी ली।

### राम मंदिर में कल होगा गीत रामायण का आयोजन

**अयोध्या। अमृत विचार :** राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद राम भक्तों को प्रभु के प्रति आस्था समर्पित करने के लिए विभिन्न क्षेत्र के लोगों को अवसर दिया जा रहा है। इसी क्रम में कल शुक्रवार 8 नवंबर को गीत रामायण का आयोजन दक्षिण भारत से आये कलाकारों के द्वारा किया जाएगा। मंदिर की व्यवस्था प्रभारी गोपाल जी राव ने बताया कि अलग-अलग क्षेत्र से आने वाले भक्त हनुमान चालीसा, सुंदरकांड का पाठ, भरतनाट्यम, संगीत, वैदिक मंत्रों का पारायण करने वाले भक्तों को मंदिर परिसर के यज्ञशाला में स्थान दिया जा रहा है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com


चौदह कोसी परिक्रमा मार्ग में बालू डालते कर्मी।



परिक्रमा मार्ग पर दुर्घटना को दावत देता गड्ढा। अमृत विचार


सड़क के किनारे फैला कीचड़ व जलभराव। अमृत विचार

# परिक्रमा पथ की तैयारी में तेजी, कई स्थान अब भी जख्म देने वाले

## उतारी गई सफाईकर्मियों की फौज, लगी मशीनें, डाली जाने लगी बालू, आज तक सही करने का दावा

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** श्रद्धालुओं की परिक्रमा के लिए परिक्रमा पथ को तैयार करने का काम युद्ध स्तर पर शुरू किया गया है। गांव के सफाईकर्मियों की पूरी फौज उतार दी गई। मशीनें लगाई गई, पथ पर बालू डालने का काम शुरू कर दिया गया लेकिन पथ के कई स्थान अब भी जख्म देने वाले दिखाई पड़ रहे हैं। हालांकि विभागों का दावा है कि सात नवंबर तक इसे दुरुस्त कर लिया जाएगा।

परिक्रमा एवं कार्तिक पूर्णिमा मेला नौ नवंबर से शुरू हो रहा है। मेले के पहले ही दिन लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है। ऐसा इसलिए भी कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद यहपहला परिक्रमा मेला है। मेले के सबसे अहम परिक्रमा पथ को लेकर संबंधित विभागों में उदासीनता रही। नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, मंडलायुक्त गौर दयाल, जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह और नगर आयुक्त संतोष शर्मा आदि की सख्ती के बाद इसे दुरुस्त किए जाने का काम शुरू हुआ। परिक्रमा पथ के चौड़ीकरण के कारण दिक्कत कुछ ज्यादा रही। जगह-जगह खोदाई तो कर दी लेकिन उसे दुरुस्त नहीं कर पाए। अब अंतिम समय में इसे दुरुस्त करने में पसीने छूट रहे हैं। पथ पर बुधवार को जनौरा सहित कई इलाके में नगर निगम के कर्मचारी ट्रैक्टर ट्रॉली के साथ बालू डाल रहे थे।

वहीं, जनौरा के पक्के घाट से कॉलोनी के क्षेत्र में परिक्रमा पथ के किनारे नालियां बह रही है। न तो यह पक्की है और न ही इन पर ढक्कन है। ऐसा पिछले साल भी था। इनके किनारे बैरीकेडिंग की जा रही है लेकिन इनमे कुछ स्थान सकरे भी हैं जहां दिक्कत हो सकती है।


परिक्रमा मार्ग पर बल्ली लगाते कर्मी। अमृत विचार

### कौशल्या घाट व राजघाट मार्ग सहित अन्य मार्गों का हो रहा दुरुस्तीकरण

परिक्रमा पथ के प्रह्लाद घाट से आगे कौशल्या घाट, राजघाट, खुर्दाबाद के कई स्थानों पर दुरुस्तीकरण के बावजूद कंकड श्रद्धालुओं के पैर जख्मी कर सकते हैं। कई स्थानों पर गड्ढे हैं। कार्यदायी संस्था ने मार्ग के दुरुस्तीकरण के लिए जेसीबी के साथ मजदूरों को लगाया है, लेकिन लगता नहीं है कि परिक्रमा पथ के ऐसे स्थानों को पूरी तरह से नंगे पांव चलने लायक तैयार कर लिया जाएगा।

### नगर विधायक ने सात नवंबर तक का दिया है समय

नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्त ने परिक्रमा पथ को नंगे पांव चलने के लायक बनाने के लिए सात नवंबर तक का समय दिया है। छह नवबंर तक काम के हिसाब से इसे सात तक तैयार करने में मुश्किल हो सकती है।


चौदह कोसी मार्ग पर डाली गई बालू। अमृत विचार


परिक्रमा मार्ग पर बिखरी पड़ी गिट्टी। अमृत विचार


परिक्रमा मार्ग पर साफ-सफाई करते सफाईकर्मी।

### सफाई के लिए उतारे गए 476 सफाई कर्मी

पथ की सफाई के लिए बुधवार से गांव के 476 सफाईकर्मी उतार दिए गए हैं।स्वच्छ भारत मिशन के समन्वय राकेश सिंह के मुताबिक यह सफाईकर्मी 14 कोसी के साथ पंचकोसी मार्ग की सफाई व्यवस्था में लगाए गए है।

## पक्का घाट पर अस्थाई अस्पताल, 12 स्थानों पर लगेगा स्वास्थ्य शिविर

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहले परिक्रमा मेले में श्रद्धालुओं को दिक्कत न हो इसके लिए स्वास्थ्य विभाग परिक्रमा पथ पर जगह-जगह स्वास्थ्य शिविर लगाएगा। इसमें डॉक्टर मुस्तैद रहेंगे। एंबुलेंस तैनात रहेगी। पूर्णिमा स्नान की भीड़ के मद्देनजर सरयू के पक्का घाट पर आठ बेड अस्थायी अस्पताल भी बनाया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग ने अपने मास्टर प्लान में परिक्रमा और कार्तिक पूर्णिमा स्नान के दौरान श्रद्धालुओं को ज्यादा दूर न जाना पड़े उसका ख्याल रखा है। 14 कोसी परिक्रमा के दौरान प्राथमिक उपचार के लिए 12 अस्थाई उपचार केंद्र बनाए जाएंगे। इनमें हनुमान गुफा, मौनी बाबा, हलकारा का पुरवा, दर्शननगर, अचारी का सगरा, जनौरा, सहादतगंज हनुमानगढ़ी, गुप्तारघाट, अफीम कोठी, अमानीगंज, चकरतीरथ और झुनकी घाट हैं। इसी तरह पंचकोसी परिक्रमा मार्ग पर हनुमान गुफा, मौनी बाबा, हलकारा का पुरवा, चूड़ामणि चौराहा, उदया चौराहा, चकरतीर्थ, ब्रह्मकुंड और झुनकी घाट पर प्राथमिक उपचार की व्यवस्था की गई है। कार्तिक पूर्णिमा मेले के दौरान स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए हनुमानगढ़ी, अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन, कनक भवन मंदिर परिसर, श्रीराम जन्मभूमि निकास द्वार, श्रीराम जन्मभूमि निकास द्वार पीएफसी, नागेश्वरनाथ, कारसेवकपुरम, साकेत पेट्रोल पंप, अंतरराष्ट्रीय बस स्टाफ, दशरथ महल, लता मंगेशकर चौक पर उपचार केंद्र और सरयू के पक्का घाट पर आठ बेड का अस्थायी चिकित्सालय बनाया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग की ओर से मेलाधिकारी बनाए गए डॉ. राम मणि शुक्ला ने बताया कि मेले के दौरान बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए पर्याप्त संख्या में डॉक्टरों के साथ पैरामेडिकल स्टाफ की तैनाती कर दी गई है। इनमें 45 डॉक्टर लगाए गए हैं। इनके साथ 45 फार्मासिस्ट, 45 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी, आठ सुपरवाइजर और 9 अन्य कर्मचारियों की तैनाती की गई है।

### यहां रहेगी एंबुलेंस की तैनाती

पंचकोसी परिक्रमा के दौरान 14 स्थानों पर एंबुलेंस तैनात रहेंगी। इनमें पक्का घाट, पुराना सरयू पुल, कंट्रोल रूम, नया घाट पुलिस चौकी, हनुमान गुफा, साकेत पेट्रोल पंप, हलकारा का पुरवा, चूड़ामणि चौराहा, उदया चौराहा, चकरतीर्थ, झुनकी घाट, बूथ नंबर चार, कनक भवन, श्रृंगार हाट बैरियर, श्रीराम जन्मभूमि के साथ हनुमानगढ़ी पर एंबुलेंस तैयार हालत में खड़ी रहेंगी। कार्तिक पूर्णिमा मेले के दौरान पक्का घाट, कंट्रोल रूम, लता मंगेशकर चौक, साकेत पेट्रोल पंप, अंतरराष्ट्रीय बस स्टेशन, कारसेवकपुरम, नागेश्वरनाथ, कनक भवन, अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन, झुनकी घाट, गुप्तार घाट, बूथ नंबर चार, श्रृंगार हॉट बैरियर, श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर और हनुमानगढ़ी में एंबुलेंस तैनात रहेंगी। 14 कोसी परिक्रमा के दौरान एंबुलेंस पक्का घाट, कंट्रोल रूम, लता मंगेशकर चौक, साकेत पेट्रोल पंप, हलकारा का पुरवा, दर्शन नगर क्रॉसिंग, जनौरा अंडर पास, मोदहा क्रॉसिंग, सहादतगंज हनुमानगढ़ी, गुप्तारघाट, उदया चौराहा, चकरतीर्थ, झुनकी घाट, श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर और हनुमानगढ़ी में श्रद्धालु एंबुलेंस प्राप्त कर सकते हैं।




### अस्पतालों में 50 बेड आरक्षित

मेला को देखते हुए 50 बेड आरक्षित किया गया है। मेडिकल कालेज व जिला अस्पताल में 20-20 व श्रीराम चिकित्सालय में 10 बेड आरक्षित किया गया है।

## एक नजर

### महिला श्रमिक की हत्या का आरोपी भेजा गया जेल

**रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार :** थाना बाबा बाजार परिसर में मंगलवार को महिला श्रमिक क्रांति देवी( 22) के हत्या के आरोपी प्रेमी ग्राम बहापुर थाना बाबा बाजार निवासी राजेश गौतम को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। सीओ आशीष निगम ने बताया कि हत्या के नामजद आरोपी राजेश गौतम को विद्युत उपकेंद्र बाबा बाजार के पास से गिरफ्तार किया गया है।

### पटियाला से नेपाल जा रहे यात्री की बस में मौत

**रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार :** पटियाला से नेपाल जा रहे यात्री की अचानक बस में तबियत खराब हो गई। ड्राइवर व एक सहयात्री ने एम्बुलेंस की मदद से उसे सीएचसी रुदौली लेकर पहुँचे। जहां मौजूद चिकित्सकों ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया। नेपाल का रहने वाला युवक ईसरजी सदा पुत्र महेंद्र सदा पटियाला में मजदूरी करता था। रुदौली के रौजागाँव के निकट हाईवे पर अचानक तबियत खराब हो गई थी। चौकी प्रभारी शुजागंज शंकर लाल ने बताया की मृतक के जेब से नेपाल सरकार के गृह मंत्रालय से जारी नागरिकता प्रमाण मिला है। जिसके आधार पर परिजनों को सूचना दी गई है।

### जिला अस्पताल को मिले 7 लैब टेक्निशियन

**अयोध्या।** जिले में 17 लैब टेक्निशियन, छह लैब असिस्टेंट, दो स्टाफ नर्स व एक कंप्यूटर ऑपरेटर का समायोजन हुआ है। कोविड 19 के समय कार्यरत थे। एनआरएचएम के जरिए इनकी तैनाती विभिन्न अस्पतालों में हुई है। डीपीएम राम प्रकाश पटेल ने बताया कि सात लैब टेक्निशियन व एक कंप्यूटर ऑपरेटर का जिला अस्पताल में समायोजन किया गया है। दो स्टाफ नर्स व दो लैब टेक्निशियन का समायोजन श्रीराम अस्पताल में किया गया है। छह लैब असिस्टेंट व बाकी कर्मचारियों को सीएचसी-पीएचसी पर तैनात किया जाएगा।

### गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** महाराजगंज पुलिस ने बुधवार सुबह गोसाईगंज थाना क्षेत्र के अचकवापुर निवासी पंकज कुमार को 1100 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार है। थाना अध्यक्ष राजेश सिंह ने बताया कि एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करके उसे जेल भेज दिया गया है।

## 1400 कार्ड धारकों को नहीं मिलेगा नवंबर का गेहूं

**रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार :** क्षेत्र के 1400 पात्र गृहस्थी के कार्ड धारकों को इस बार नवंबर माह का गेहूं नहीं मिल सकेगा। विपणन विभाग से शहर के तीन कोटेदारों राम गोपाल, सुबोध कुमार मिश्रा, ओम प्रकाश का राशन का चालान जारी नहीं होने से यह समस्या पैदा हुई है। कोटेदार संघ ने जिला आपूर्ति अधिकारी को पत्र देकर आवंटित गेहूं दिलाने की मांग की है। जिला आपूर्ति अधिकारी को दिए पत्र में कहा गया है कि माह नवंबर के सापेक्ष वितरित किए जाने वाला खाद्यान सिंगल स्टेज के माध्यम से नगर में आकर खड़ा हैं। जिसमें अंत्योदय कार्ड धारकों का गेहूं है। पात्र गृहस्थी का एक सौ आठ क्विंटल 91 किलो गेहूं नहीं आया है। रोस्टर के अनुसार खाद्यान्य कोटेदारों तक नहीं पहुंच पा रहा हैं। पात्र गृहस्थी गेहूं ई-चालान के सापेक्ष शून्य है। कोटेदार संघ रुदौली के अध्यक्ष दिलदार खान ने बताया कि तीन कोटेदारों के पात्र गृहस्थी गेहूं का चालान नहीं बनाया गया है जबकि दो दिन बाद से राशन का वितरण किया जाना है। एसडीएम प्रवीण यादव ने बताया कि पात्र गृहस्थी का गेहूं तीन दुकानदारों को नहीं मिलने की शिकायत मिली है। जिला आपूर्ति अधिकारी से पत्राचार किया गया है।

▸▸ तीन कोटेदारों का चालान न जारी होने से हुआ संकट

# महिलाएं स्वास्थ्य, शिक्षा के साथ अपनी सुरक्षा के लिए रहें तैयार



क्षेत्राधिकारी ने बालिकाओं को दिए सुरक्षा के टिप्स

महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के दौरान मौतूद स्कूली छात्राएं।

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** तारुन के जनता इंटर कॉलेज जयसिंहमऊ में बुधवार को महिला अपराधों की रोकथाम के लिए पुलिस पाठशाला व महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इसमें महिलाओं को आत्म रक्षा के उपाय के साथ ही आकस्मिक आवश्यकता पर सहयोग के बारे में जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी बीकापुर सुरेन्द्र सिंह ने कहा कि बालिकाएं आत्मनिर्भर बनकर अपनी रक्षा कर सकती हैं। मुसीबत में वह किसी से भी मुकाबला कर सकती है। कहा कि तीन चीजों का विशेष ध्यान रखे शिक्षा, स्वास्थ एवं सुरक्षा। हमें निडर होकर मुकाबला करना है। मिशन शक्ति प्रभारी उप निरीक्षक ऐश्वर्या श्रीवास्तव ने सभी छात्राओं को महिला हैल्प लाइन नंबरों 112, 1090, 108, 1067, 1076,181,1930 आदि के बारे में जानकारी दी। कहा कि असुरक्षा महसूस होने पर इन नम्बरों को डायल करें, निश्चित मदद होगी। थाना प्रभारी सुमित श्रीवास्तव ने कहा कि किसी भी बिषम परिस्थितियों में पुलिस आपके साथ सहयोग में रहेगी। सभी को अपना सीयूजी नंबर नोट करवाया। उपनिरीक्षक ज्योति यादव ने शासन से चलाई जा रही योजना उज्ज्वला, विधवा पेंशन सहित अन्य की जानकारी दी। संचालन कुनाल झा ने किया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य भोपाल सिंह, उप निरीक्षक ज्योति यादव, अंशुल वर्मा, आरक्षी रश्मि, मीना चौधरी, आरक्षी खुशबू यादव, कालेज का स्टाफ व छात्राएं मौजूद रहीं।

## प्रदेशीय स्कूली अंडर-19 तीरंदाजी टीम घोषित

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार:** स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में गुजरात के नडियाड में 15 नवम्बर से आयोजित होने वाली राष्ट्रीय विद्यालयीय अंडर-19 बालक व बालिका तीरंदाजी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाली उप्र टीम बुधवार को घोषित कर दी गई। राज्य विद्यालयीय क्रीड़ा संस्थान के प्रशासनिक अधिकारी नरेन्द्र पाल ने बताया कि क्रीड़ा संस्थान के प्राचार्य हरवंश सिंह की ओर से घोषित उप्र की बालक व बालिका अंडर-19 तीरंदाजी टीम 13 नवम्बर को क्रीड़ा संस्थान स्टेडियम से प्रतियोगिता के लिए रवाना होगी। चयनित बालक टीम में बागपत के शुभम, विशु, मेरठ के अभिषेक, गाजीपुर के रोहित कुमार, विकास कुशवाहा, विशाल यादव, शैलेन्द्र कुमार, फिरोजाबाद के डेविड कुमार, मुजफ्फरनगर के मनन गोयल, कपिल रघुवंशी, सोनभद्र के मनोज यादव हैं। बालिका टीम में बागपत की ज्योति, निकिता, सोनभद्र की वर्षा कुमारी, दीक्षा मिश्रा, आकांक्षा, सुलेखा यादव, नंदिनी कुमारी, मथुरा की शैली कौशिक शामिल हैं। वाराणसी के विवेक कुमार व संयुक्ता सिंह को टीम कोच तथा चन्दौली के संतोष कुमार को टीम मैनेजर बनाया गया है।

### अवैध खनन में डंपर पकड़ा

**मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार :** मिल्कीपुर तहसील के इनायत नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत अलीपुर खजूरी पूरे गंगा पाल गांव में खनन माफियाओं द्वारा दिन दहाड़े अवैध खनन किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने मिट्टी लोड डंपर पकड़ा है। अलीपुर खजूरी पूरे गंगा पाल गांव निवासी वेदप्रकाश तिवारी का कहना है कि अवैध खनन की जानकारी एसडीएम मिल्कीपुर व इनायत नगर पुलिस को दूरभाष दी थी। इनायत नगर इंस्पेक्टर देवेंद्र पाण्डेय का कहना है कि जेसीबी व डंफर पारा मरेमा निवासी राहुल यादव की है। कार्रवाई की जा रही है।

## सार-संक्षेप

### सामूहिक दुष्कर्म मामले में आरोपी को मिली जमानत

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** खंडासा थाना क्षेत्र के बहुचर्चित 16 वर्षीय किशोरी के साथ जबरन सामूहिक दुष्कर्म के मामले में एक आरोपी शाहबान को कोर्ट ने जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया है। यह आदेश विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट प्रथम निरुपमा विक्रम की अदालत से बुधवार को हुआ। अधिवक्ता कृष्ण कुमार पांडेय ने बताया कि घटना 15 अगस्त 2024 की है। शाहबान व मानु पर आरोप था कि उन्होंने पीड़िता को उसके घर से बुलाकर दुष्कर्म किया। रिपोर्ट पीड़िता ने खुद दर्ज कराई थी। मामला काफी चर्चित हो होने के बाद मुख्यमंत्री ने पीड़िता को चार लाख रुपये तथा कुछ जमीन का पट्टा भी दिया था। पुलिस ने मुठभेड़ में आरोपी शाहबान को गिरफ्तार किया था। कोर्ट में शहबान के अधिवक्ता का तर्क था कि प्रथम सूचना रिपोर्ट में घटना का दिनांक स्थान और समय नहीं लिखा गया है। इलाके के सत्ता पक्ष के एक नेता द्वारा शहबान को फंसा दिया गया। कोर्ट ने सुनवाई के बाद शाहबान को जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया।

### सामाजिक बौद्धिक महासभा के राष्ट्रीय सचिव बने सूर्यनाथ



**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** सामाजिक बौद्धिक महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजी. विनोद यादव की संतुति पर थाना पूराकलंदर क्षेत्र के सनेथू ग्राम सभा के निवासी शिक्षक सूर्यनाथ यादव को बुधवार को महासभा का राष्ट्रीय सचिव मनोनीत किया गया है। उनकी नियुक्ति पर सेनानी जगमोहन स्वर्ण जयंती ग्रुप ऑफ स्कूल के प्रबंध निदेशक प्रभात यादव, जय मां दुर्गे धर्मावती महाविद्यालय के प्रवक्ता बीएन यादव और आरबी इंटर कॉलेज हांसापुर के प्रवक्ता ज्ञान बहादुर यादव ने हर्ष व्यक्त किया है।

### इंटर के छात्र ने की आत्महत्या

**रुदौली, अयोध्या।** इंटर के छात्र ने अज्ञात कारणों से अपने घर में आत्महत्या कर ली। कोतवाली रुदौली की रामनगर कॉलोनी में शिक्षा मित्र संगीता सिंह अपने परिवार के साथ रहती हैं।पति फौज में नौकरी करते है। पुत्र सूर्यांश सिंह मंगलवार रात छत पर सोने चला गया। वो बुधवार सुबह नीचे नहीं उतरा तो मां कमरे में गईं। सूर्यांश का शव कमरे में फंदे से लटकता मिला। मृतक के मामा शंकर बख्श सिंह ने बताया परिवार मूल रूप से गाजीपुर कोटवा सड़क बाराबंकी का रहने वाला है। परिजन शव लेकर वहीं चले गए। चौकी प्रभारी भेलसर मनीष चतुर्वेदी ने बताया कि घटना की जानकारी नहीं है।

### सीडीओ ने किया कस्तूरबा बालिका विद्यालय का निरीक्षण

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह ने बुधवार को कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय सोहावल का निरीक्षण किया। निरीक्षण में सभी छह अध्यापिकाएं उपस्थित पाई गई। विद्यालय में वर्तमान में 100 में से 88 छात्राएं उपस्थित मिली। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा विद्यालय की समस्त कक्षाओं में छात्राओं से उनके पाठयक्रम, शैक्षिक गुणवत्ता, स्मार्ट क्लास का प्रयोग, छात्राओं की दैनिक दिनचर्या के बारे में जानकारी ली गई। कंप्यूटर कक्ष का निरीक्षण किया गया। जिसमें बच्चियां खान एकेडमी का प्रयोग करती पाई गई। सीडीओ ने निर्देश दिये कि समस्त छात्र छात्राओं को प्रतिदिन इसका अभ्यास करना सुनिश्चित करें। तत्पश्चात छात्राओं के आवासीय कमरों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। इस दौरान बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार राय व वार्डन मौजूद रहीं।

### अधेड़ ने किया आत्महत्या का प्रयास, भर्ती

**रुदौली, अयोध्या।** थाना पटरंगा ग्राम इचौलिया में बुधवार दोपहर इचौलिया गांव निवासी मूसा( 55) ने खुद को कमरे में बंद कर चाकू से अपना ही गला काटकर आत्महत्या करने की कोशिश की। परिजन खून से लथपथ अधेड़ को लेकर सीएचसी रुदौली पहुंचे। जहां चिकित्सकों प्राथमिक उपचार के बाद ट्रॉमा सेंटर दर्शननगर रेफर कर दिया। एसओ शशिकांत यादव ने बताया मूसा ने स्वयं अपना गला काटा है। पुलिस जांच कर रही है।

### दिशा कमेटी की बैठक कल

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति ( दिशा कमेटी) की बैठक सांसद अवधेश प्रसाद की अध्यक्षता में आठ नवंबर को 11 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में होगी। बैठक में सांसद व विधायक गण के अतिरिक्त अन्य किसी सदस्य के प्रतिनिधि भाग नहीं लेंगे। यह जानकारी सीडीओ केके सिंह ने दी।

### ध्रुव व सती चरित्र का प्रसंग सुन भाव विभोर हुए श्रोता

**मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार :** क्षेत्र के घटौली पूरे शिवहरिया गांव में आयोजित सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन कथावाचक श्रीराम प्रपन्नाचार्य ने श्रोताओं को ध्रुव व सती चरित्र की कथा का रसपान कराया। कहा कि ध्रुव पांच साल की उम्र में भगवान को पा सकते हैं, तो हम क्यों पिछड़ रहें हैं। सच्चे मन से भगवान की भक्ति की जाए तो भगवान खुद अपने भक्तों से मिलने पहुंच जाते है। मुख्य यजमान राम अचल तिवारी, मानती तिवारी, शिव मनोरथ तिवारी, भवानी फेर मिश्र, रमा शंकर मिश्र, डॉ बृजेश पाठक, सुनील तिवारी आदि मौजूद रहे।

**कवायद** सात एंपियर तक क्षमता सह लेने वाले हैं तार, 15 नवम्बर से शुरू होगा काम

# हटेंगे 1980 में लगाए गए पैंथर तार, लगेंगे एचटीएलएस वायर

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** शहरी क्षेत्र के तीन लाख से अधिक विद्युत उपभोक्ताओं के लिए एक राहत भरी खबर है। अब उन्हें अक्सर तार टूटने से बिजली गुल होने की समस्या से निजात मिलने जा रही है। इसके लिए पॉवर कॉर्पोरेशन 1980 में लगाए गए पैंथर तार हटाकर एचटीएलएस वायर की लाइन बिछाने का काम 15 नवंबर से शुरू करने जा रही। इसके लिए सर्वे का काम लगभग पूरा कर लिया गया है।

यह तार सात एंपियर तक की क्षमता सह लेगा। 132 केवी दर्शननगर और नगर क्षेत्र के उप केन्द्रों द्वारा शहरी इलाकों में बिजली दी जाती है। इन उपकेंद्रों से 19 वितरण उपकेंद्र और 33 केवी की लाइन जुड़ी है। इन उपकेंद्रों से लाइन के लिए बिजली विभाग ने 1980 में पैंथर तार लगाए थे। इस बार की गर्मी में तार के टूटने का सिलसिला खूब चला है। उपभोक्ताओं को जबरदस्त कटौती झेलनी पड़ी है। मामला एमडी से लेकर शासन तक पहुंच गया था। अब विभाग तार बदलकर इस समस्या का समाधान करेगा।



▸▸ तीन लाख उपभोक्ताओं को तार टूटने की समस्या से मिलेगी निजात

▸▸ 132 केवीए उप केन्द्र से जुड़े उप केन्द्रों तक खींची जायेगी लाइन

### कार्य के लिए बंद करनी पड़ेगी आपूर्ति

ट्रांसमिशन के अनुसार इस काम के लिए पहले एक केंद्र की सप्लाई बंद करनी पड़ेगी। इसके लिए लोड कम होने का इंतजार किया जा रहा है। 15 नवंबर के बाद जब ठंड शुरू हो जाएगी तो लोड कम हो जाएगा। इसके बाद एक केंद्र की सप्लाई बंद कर दूसरे केंद्र से जोड़ दिया जाएगा। जिससे की उपभोक्ताओं को परेशान न होना पड़े। इसके बाद काम शुरू किया जाएगा।

> लाइनों को दुरुस्त करने के लिए तार बदलने का काम किया जाएगा। सारी तैयारी पूरी हो गई है। लोड कम होते ही काम शुरू कर दिया जायेगा। -प्रदीप कुमार वर्मा, अधिशासी अभियंता

# सुल्तानपुर डिपो की बसों की मरम्मत का कार्य करेगी निजी कंपनी

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** अयोध्या परिक्षेत्र के सुल्तानपुर डिपो की बसों की मरम्मत का काम अब निजी कंपनी करेगी। इसके पीछे रोडवेज में तकनीक कर्मचारियों की कमी का कारण बताया गया है। जिसके कारण छोटी-छोटी दिक्कतें भी नहीं दूर हो पा रही हैं।

प्रदेश के 15 डिपों की बसों के मरम्मत के लिए वर्कशॉप का काम निजी कंपनियों को सौंप दिया गया है। इनमें अयोध्या परिक्षेत्र का सुल्तानपुर डिपो भी शामिल है। इस डिपों के मरम्मत के काम की जिम्मेदारी श्याम इंटरप्राइजेस को सौंपी गई है। निजी कंपनी से मरम्मत के काम में तकनीकि रूप से दक्ष कर्मचारी बेहतर सेवा दे पाएंगे। क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय के मुताबिक अयोध्या परिक्षेत्र के सुल्तानपुर डिपो के तकनीक कार्यके लिए टेंडर प्राइवेट कंपनी को दिया गया है।

▸▸ रोडवेज में तकनीक कर्मियों की कमी, प्राइवेट कंपनी को सौंपी गई जिम्मेदारी



अयोध्या रोडवेज डिपो की बस खस्ताहाल में एवं इनसेट में बस का शीशा टूटा व वाइपर प्लेट भी नही।

### फाग लाइट लगाए जाने की कवायद शुरू

बारिश का मौसम तो बसों में बिना वायपर के निकल गया। अब कोहरे और धुंध से बचाव के लिए बसों में फाग लाइटों को लगाए जाने की कवायद शुरू हो गई। अयोध्या डिपो की बसों में भी छोटी-छोटी कमियां अब भी दिखती हैं। किसी में वाइपर नहीं तो किसी का शीशा टूटा है। हालांकि समय के साथ बसों की गुणवत्ता बेहतर मानी जाती है लेकिन छोटी कमियों पर ध्यान कम है। एआरएम आदित्य प्रकाश ने कहा कि बसों में जो कमियां हैं उन्हें दूर करने का निर्देश दिया गया है।कोहरा शुरू होने के पहले फाग लाइटें लगवाई जाएंगी।

# स्कूल में छात्र को बंद कर चले गए शिक्षक

जलालपुर, अंबेडकरनगर

▸▸ जलालपुर के प्राथमिक विद्यालय कजपुरा का मामला

**अमृत विचार:** जलालपुर शिक्षा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय कजपुरा के शिक्षकों की बड़ी लापरवाही सामने आई है। यहां स्कूल में छुट्टी होने के बाद कक्षा दो के एक छात्र को कमरे में बंद कर सभी शिक्षक घर चले गए। छात्र घंटों बंद कमरे में रोता और चिल्लाता रहा। स्थानीय ग्रामीणों की शिकायत पर पहुंची पुलिस ने ताला खुलवाकर छात्र को बाहर निकला।

बता दें कि प्राथमिक विद्यालय कजपुरा में 216 छात्रों का नामांकन है। बीते मंगलवार को विद्यालय में कक्षा 2 का छात्र अशरफ अली कमरे में बैठे-बैठे सो गया। विद्यालय में छुट्टी के बाद सभी छात्र-छात्राएं और स्टाफ अपने-अपने घर ताला बंद कर चले गए। स्कूल के कमरे में ताला लगाते समय किसी ने बच्चे का ध्यान नहीं दिया। बच्चा विद्यालय के कमरे में रोता और चिल्लाता रहा। खिडक़ी से झांक कर आशा भरी नजरों से मदद के लिए पुकारता रहा। बताया जाता है कि किसी ग्रामीण की नजर जब बच्चे पर पड़ी तो उसने प्रधान प्रतिनिधि मो. आफताब को मामले की जानकारी दी। प्रधान की शिकायत पर प्रधानाध्यापक राम जी गुप्ता विद्यालय पहुंचे। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। स्कूल के कमरे का ताला खोलकर रात में ही बच्चे को बाहर निकला गया। उधर घटना के बाद विद्यालय के शिक्षकों की लापरवाही से छात्र के अभिभावकों में भारी गुस्सा है। प्रधान के समझाने के बाद प्रधानाध्यापक रामजी गुप्ता ने अपनी गलती स्वीकार कर ली जिसके बाद मामला शांत हो गया। शिक्षकों की बड़ी लापरवाही की हर तरफ चर्चा है।

वहीं प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि सूचना पर कमरे में बंद बच्चे को सुरक्षित बाहर निकलवाया गया है। साथ ही परिजनों द्वारा तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# मतदान केंद्रों पर कमियों को जल्द कराएं दूर : अविनाश सिंह

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

▸▸ जिला निर्वाचन अधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

**अमृत विचार:** कटेहरी विधानसभा उपचुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह और पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने विधानसभा क्षेत्र कटेहरी के विभिन्न मतदान केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण कर आधारभूत सुविधाओं की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मतदान केंद्रों की कमियों को जल्द से जल्द दूर कराने के दिशा-निर्देश दिए।


मतदान केंद्रों के निरीक्षण के दौरान मौजूद जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह साथ में खंड विकास अधिकारी कटेहरी अनुपम सिंह। अमृत विचार

जिला निर्वाचन अधिकारी ने विधानसभा कटेहरी के विभिन्न मतदेय स्थलों कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय अहिरौली शिक्षा क्षेत्र कटेहरी, प्राथमिक विद्यालय मरथुरा सरैया कटेहरी, प्राथमिक विद्यालय अशरफपुर बरवां, प्राथमिक विद्यालय दरवन, प्राथमिक विद्यालय प्रतापपुर चमुर्खा, प्राथमिक विद्यालय सेमरा घाट शिक्षा क्षेत्र कटेहरी आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी बूथों के कक्ष में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बीएलओ और अन्य संबंधित अधिकारियों को सभी मतदान केंद्रों पर शौचालय, बिजली, पानी, साफ-सफाई, रैंप, छाया आदि सहित निर्वाचन संबंधित आधारभूत सुविधाओं की कमियों को दूर कराने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी मतदान केंद्रों का पुनः भ्रमण कर आयोग के निर्देशानुसार समस्त आधारभूत सुविधाओं को समय से सुनिश्चित कर लिया जाए। उन्होंने उपस्थित मतदाताओं और जनसामान्य से अपील की कि सभी मतदाता स्वयं भी मतदान करें और अन्य मतदाताओं को भी अनिवार्य रूप से मतदान करने के लिए प्रेरित करें।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ, मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला, अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडेय, उप जिलाधिकारी पवन कुमार जायसवाल, उप जिलाधिकारी सौरभ शुक्ला, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भोलेंद्र प्रताप सिंह, डीएएसटीओ, खंड विकास अधिकारी कटेहरी अनुपम सिंह मौके पर मौजूद रहे।

## एक नजर

### विवाद सुलझाकर साथ रहने के लिए राजी हुए तीन जोड़े

**अंबेडकरनगर :** प्रभारी परिवार परामर्श प्रकोष्ठ महिला उप निरीक्षक शिवांगी त्रिपाठी के प्रयास से कुल तीन वैवाहिक जोड़े के पारस्परिक परिवारिक विवाद को सुलझा कर उन्हें राजी खुशी विदा किया गया। बता दें कि मिशन शक्ति अभियान के तहत कराए जा रहे सुलह-समझौते के क्रम में बुधवार को प्रभारी परिवार परामर्श प्रकोष्ठ उप निरीक्षक शिवांगी त्रिपाठी और महिला आरक्षी सोनी गौतम, महिला आरक्षी पूनम शर्मा ने तीन प्रार्थना पत्र पर दोनों पक्षों को बुलाकर काउंसलिंग की गई। दोनों पक्षों में आपस में खर्चा न देने और जिम्मेदारी सही से न संभालने के लिए दिए गए प्रार्थना में पति-पत्नी के मध्य पारिवारिक विवाद था। जिसमें दोनों पक्षों को सुनकर समझाया गया। जिसके बाद दोनों पति-पत्नी बीते काफी समय से अलग-अलग रह रहे थे। दोनों पक्षों के परिवारजनों को बुलाकर आपसी सहमति से सुलह समझौता कराकर उन्हें विदा किया गया।

### किशोरी को भगाने के मामले में मुकदमा दर्ज

**जलालपुर, अंबेडकरनगर :** किशोरी को भगाए जाने के मामले में पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दिया है। मामला जैतपुर थाना क्षेत्र के एक गांव का है। पिता ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि मेरी 17 वर्षी पुत्री जो घर पर ही रहती थी, जिसको विपक्षी प्रदीप निवासी सकरा दक्षिण थाना जैतपुर जो मेरी पुत्री से मोबाइल से बातचीत किया करता था। बीते चार नवंबर को शाम करीब 3 बजे मोबाइल से फोन कर किसी स्थान पर बुलाया। जब मेरी पुत्री वहां पर पहुंची तो उसे बहला-फुसला कर अपने साथ भाग ले गया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर जांच-पड़ताल शुरू कर दिया है। जैतपुर थाना अध्यक्ष वंदना अग्रहरि ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है

### मो. कलीम सिद्दीकी बने दरगाह कमेटी के अध्यक्ष

**जलालपुर, अंबेडकरनगर :** प्रसिद्ध सूफी संत हजरत सैयद मीरा मसूद हमदानी की भियांव स्थित दरगाह कमेटी की आम बैठक सुरक्षा व्यवस्था के बीच सम्पन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से एक बार पुनः पुरानी कमेटी को बहाल रखते हुए मो. कलीम सिद्दीकी को अध्यक्ष चुन लिया गया। बुधवार को पूरे गांव की मौजूदगी में दरगाह के वार्षिक मेले के इंतेजाम समेत अन्य प्रबन्ध के लिए बुलायी गयी बैठक में कमेटी के जनरल सेक्रेटरी नियाज तौहीद सिद्दीकी ने वर्षीय आय-व्यय का लेखा जोखा अवाम के सामने रखा। इसके बाद सर्वसम्मति से पुरानी कमेटी को लगातार तीसरी बार बहाल कर दिया गया। दरगाह कमेटी के एक बार फिर अध्यक्ष बनाए गए मो. कलीम सिद्दीकी ने सभी का शुक्रिया अदा किया। बैठक सुरक्षा व्यवस्था के लिए रफीगंज चौकी इंचार्ज दिलेश कुमार सरोज, उपनिरीक्षक नासिर कुरेशी समेत थाना कटका की पुलिस मौजूद रही।

# सभी उम्मीदवार आदर्श आचार संहिता का करें पालन

**कटेहरी विधानसभा उपचुनाव : उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों से चुनाव में सहयोग करने की अपील की**

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार:** चुनाव आयोग के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह के निर्देश पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता ने कटेहरी विधानसभा उपचुनाव के मतदान तिथि में संशोधन के संबंध में सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के उम्मीदवारों और उनके अभिकर्ताओं के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने सभी उम्मीदवार आदर्श आचार संहिता का पालन करने अपील की।


राजनीतिक दलों के उम्मीदवारों और उनके अभिकर्ताओं के साथ मौजूद उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता। अमृत विचार

बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी प्रत्याशियों, अभिकर्ताओं को बताया कि चुनाव आयोग ने कटेहरी उपचुनाव के लिए होने वाले मतदान तिथि में संशोधन किया है। अब मतदान 13 नवंबर के स्थान पर आगमी 20 नवंबर को संपन्न होगा। वहीं मतगणना ओर निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण करने की तिथि यथावत रहेगी। मतगणना 23 नवंबर और निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण करने की तिथि 25 नवंबर रहेगी। उन्होंने बताया कि आयोग के निर्देशानुसार मतदान 20 नवंबर को सुबह 7 सात से शाम 5 बजे तक होगा। मतगणना 23 नवंबर को राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज अकबरपुर में सुबह 8 बजे से प्रारंभ होगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने उपस्थित प्रत्याशियों, उनके अभिकर्ताओं से चुनाव से संबंधित समस्याओं और सुझावों को भी सुना। उन्होंने सूचितापूर्ण ढंग से निर्वाचन की समस्त प्रक्रियाओं को संपन्न कराए जाने के लिए सहयोग करने की अपील किया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सभी उम्मीदवार आयोग के निर्देशानुसार लागू आदर्श आचार संहिता का अक्षरशः अनुपालन करते हुए ही निर्वाचन की समस्त प्रक्रियाओं और गतिविधियों को संचालित करें।

**बैठक में यह भी रहे उपस्थित :** अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार वर्मा सहित विभिन्न राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों के अभिकर्ता यथा भारतीय जनता पार्टी से इंद्रमणि शुक्ला, अभिमन्यु अग्रहरि, कमलेश तिवारी व जयप्रकाश, समाजवादी पार्टी से अनिरुद्ध वर्मा, अपना दल एस से लालमणि पटेल, कांग्रेस से विशाल वर्मा, आप से शुलहान शाह, बहुजन समाज पार्टी से सुनील रावत, भागीदारी पार्टी पी के उम्मीदवार रामनरेश प्रजापति, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया से हरिहर व राजेश यादव, बहुजन मुक्ति पार्टी से धमबीर वर्मा आदि उपस्थित रहे।

## स्वतंत्र होकर अपने मताधिकार का करें प्रयोग : गौथम


ग्रामीणों को मतदान के लिए जागरूक करते सामान्य प्रेक्षक वीपी गौथम।

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा कटेहरी उप चुनाव की समस्त गतिविधियों को निष्पक्ष, पारदर्शी और सुचितापूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत सामान्य प्रेक्षक वीपी गौथम ने ईवीएम वेयरहाउस और ईवीएम कमीशनिंग के कार्यों का भौतिक निरीक्षण किया। उन्होंने ईवीएम कमिश्निंग की समस्त प्रक्रियाओं को निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार ही संपन्न करने के निर्देश दिए। इसके बाद प्रेक्षक ने विधानसभा कटेहरी के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर वहां मतदान से संबंधित सुविधाओं की उपलब्धता का अवलोकन किया गया। इस दौरान उन्होंने मतदान केंद्र जनता इंटर कॉलेज महरूआ और प्राथमिक विद्यालय सेहरा जलालपुर का भ्रमण कर वहां बनाए गए मतदेय स्थलों पर निर्वाचन संबंधित आधारभूत सुविधाओं की उपलब्धता का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित बूथ लेवल अधिकारी और अन्य संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान सामानय प्रेक्षक ने उपस्थित ग्रामीण मतदाताओं से बातचीत कर सभी मतदाताओं को मतदान दिवस 20 नवंबर को अपने-अपने मतदेय स्थल पर जाकर अनिवार्य रूप से मतदान करने के लिए जागरूक और प्रेरित किया।

## सपा की सरकार बनेगी तो सबका होगा हिसाब : शिवपाल

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार:** कटेहरी विधानसभा उपचुनाव में सपा प्रत्याशी शोभावती वर्मा के पक्ष में कटेहरी के मिझोड़ा में आयोजित कार्यकत्ता सम्मेलन में सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन ने उनसे निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए वादा किया है, लेकिन पुलिस की अभी भी शिकायत मिल रही है। समाजवादी लोग तैयार रहें, अगर जिला प्रशासन निष्पक्ष चुनाव नहीं कराएगा तो आसपास के जनपद के लोग बार्डर पर रहेंगे और 20 नवंबर को कटेहरी में घुस जाएंगे। शिवपाल ने कहा कि जो अधिकारी आप लोगों को परेशान करें, उनका नाम डायरी मे लाल कलम से लिख लो। 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी और सबका हिसाब होगा। कार्यकर्ता सम्मेलन में सपा उम्मीदवार शोभावती वर्मा, सपा सांसद लालजी वर्मा, सपा जिलाध्यक्ष जंगबहादुर यादव समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# हाईटेंशन की चपेट में आने से राजगीर की मौत

जलालपुर, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार:** घर में कार्य करते समय हाईटेंशन तार की चपेट में आने से राजगीर की मौत हो गई। मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शव घर आने पर ग्रामीणों और परिजनों ने शव को अकबरपुर-शाहगंज रोड पर रख जाम लगा दिया। जिससे पुलिस प्रशासन के हाथ-पांव फूल गए। मौके पर पहुंचे तहसीलदार ने कड़ी मशक्कत के बाद समझा-बुझाकर जाम को खुलवाया। मामला मालीपुर थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर खुर्द गांव का है।


अकबरपुर-शाहगंज मार्ग पर शव रखकर प्रदर्शन करते परिजन और ग्रामीण।

▸▸ परिजनों और ग्रामीणों ने अकबरपुर-शाहगंज मार्ग पर शव रखकर किया प्रदर्शन

बता दें कि गांव निवासी गुड्डू राजभर जो राजगीर का काम करता था वह बुधवार सुबह गांव के ही बंशी राजभर के यहां मकान में काम करने के लिए गया था। जहां घर के ऊपर से हाई वोल्टेज के तार जा रहे थे, कार्य करते समय अचानक वह बिजली की चपेट में आ गया। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मृतक के पिता की कुछ वर्ष पूर्व मौत हो चुकी थी और वह अपने परिवार का अकेला चिराग था, जिसके पास तीन पुत्रियां हैं। इस घटना से पूरे गांव और परिवार में कोहराम मचा हुआ है। सूचना पर पहुंची मालीपुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम के बाद जब शव गांव पहुंचा तो ग्रामीण व परिजनों ने अपनी मांगों को लेकर शाहगंज-अकबरपुर रोड पर शव को रखकर जाम लगा दिया। जिससे पुलिस प्रशासन के हाथ पांव फूलने लगे। काफी समझाने बुझाने के बावजूद भी जाम को पुलिस खुलवाने में असफल रही। सूचना पर पहुंचे तहसीलदार पद्मेश श्रीवास्तव ने परिजनों और ग्रामीणों को समझा-बूझाकर उनकी मांगों पर आश्वासन दिलाते हुए सडक़ पर लगे हुए जाम को खुलवा दिया। मौके पर मालीपुर थाना अध्यक्ष प्रभा कांत तिवारी अपने दल बल के साथ मौजूद रहे।

**हाईटेंशन तार को हटाने के लिए कई बार की गई थी शिकायत :** राजगीर की मौत के बाद बिजली विभाग भी मौके पर पहुंचा और खुले हुए हाईटेंशन तार को उतरवा दिया। लोगों की माने तो घर के ऊपर से गुजर रहे तार को हटाने के लिए मकान मालिक द्वारा कई बार शिकायत किया गया, लेकिन विभाग द्वारा ध्यान नहीं दिया गया और राजगीर के मौत होते ही विभाग आनन-फानन में तार उतरवा दिया।

# टेंट हाउस में लगी आग, लाखों का सामान जलकर राख


टेंट हाउस की दुकान में लगी आग को बुझाते दमकल कर्मी। अमृत विचार

बसखारी, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार:** जनपद के बसखारी थाना क्षेत्र के मुजावरपुर में स्थित टेंट हाउस की दुकान में शार्ट सर्किट से आग लग गई। आग लगने से दुकान में रखा लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। लोगों की सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया है।

बता दें कि बसखारी थाना क्षेत्र के उमरापुर मीनापुर के मुजावरपुर में सतीराम वर्मा का बड़े पैमाने पर टेंट हाउस का व्यवसाय है। बताया जाता है कि बुधवार सुबह जब टेंट हाउस बंद था तो शार्ट सर्किट से उसमें आग लग गई। अचानक गोदाम से उठने वाली आग की लपटों को देखकर अफरा-तफरी मच गई। आग लगने की सूचना पर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए और मामले की जानकारी पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी। सूचना पर पहुंची आलपुर और अकबरपुर की फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक टेंट हाउस में रखा सोफा, कुसी, गद्दा समेत लगभग 50 लाख रुपए कीमत का सामान जलकर राख हो गया है। बसखारी थानाध्यक्ष संत कुमार सिंह ने बताया कि फायर ब्रिगेड और पुलिस की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया है। टेंट हाउस के मालिक के अनुसार दुकान से लगभग 50 लाख रुपये का सामान जलकर राख हो गया है।

## सार-संक्षेप

### डॉ. तारकेश्वर को मिला प्रेरणा रत्न सम्मान



**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार** डॉ. तारकेश्वर मिश्र जिज्ञासु कवि सम्मेलन का मंच हो या किसी महोत्सव का आयोजन मंच संचालक के किरदार में नजर आते हैं। अब तक जिज्ञासु की कई पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। जिनमें व्यक्ह्मिगत और साझा काव्य संग्रह शामिल हैं। उत्कृष्ट काव्य पाठ और बेहतर संचालन के लिए जिज्ञासु को अनेकों सम्मान और प्रशस्ति पत्र मिले हैं। हाल ही में मध्य प्रदेश के विचार क्रांति साहित्य सेवा संस्थान द्वारा जिज्ञासु की साहित्यिक सेवाओं के दृष्टिगत उन्हें प्रेरणा रत्न सम्मान प्रदान किया गया। संस्था के संस्थापक और राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार जायसवाल विचार क्रांति ने जिज्ञासु के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रदान की। जिज्ञासु को प्रेरणा रत्न से सम्मानित किए जाने पर शिक्षकों कवियों और साहित्यकारों ने उन्हें बधाई दी है।

### छठ पूजा को लेकर एएसपी ने घाटों का किया निरीक्षण


जलालपुर के तमसा तट पर घाटों का निरीक्षण करते एएसपी पूर्वी श्याम देव।

**जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** छठ पर्व के मद्देनजर अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्याम देव ने पूजा स्थलों का दौरा कर जायजा लिया और सुरक्षा व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। बता दें कि छठ पर्व महिलाओं द्वारा बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। जिसके लिए जलालपुर तमसा नदी के किनारे पक्का पुल, शिवाला घाट और नसोपुर को बनाया गया है। जहां महिलाएं पहुंचकर छठ पूजा करेंगी। इसके लिए घाटों पर व्यापक प्रबंध किए जा रहे हैं। अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्याम देव ने घाटों पर पहुंचकर निरीक्षण किया। इस दौरान इन्होंने पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया कि पुलिस की व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त होनी चाहिए। कहीं भी किसी प्रकार की अव्यवस्था नहीं होनी चाहिए। इस दौरान कोतवाल संतोष कुमार सिंह भी मौजूद रहे।

### सात और मरीज मिले डेंगू से संक्रमित

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** मौसम में उतार-चढ़ाव के बीच डेंगू का असर कम होने का नाम नहीं ले रहा है। स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट के अनुसार जनपद में बुधवार को सात नए मरीज डेंगू से संक्रमित मिले हैं। डेंगू संक्रमितों की संख्या बढक़र 28 हो गई है। सरकारी अस्पतालों में तो डेंगू के कम मरीज भर्ती हो रहे हैं, लेकिन निजी अस्पतालों में इनकी तादाद काफी ज्यादा है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार बुधवार को को कुल सात नए डेंगू के मरीज मिले है। वहीं नोडल प्रभारी डॉ. गौतम मिश्र ने बताया कि डेंगू पर काबू पाने के लिए प्रतिदिन जांच की संख्या बढ़ाई जा रही है। दवाओं का छिडक़ाव कराया जा रहा है। एहतियात बरतने का अभियान चलाया जा रहा है। इस समय कुल 28 मरीज डेंगू पॉजिटिव हैं।

### सात दिवसीय राम कथा शुरू

**जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** बुधवार को भव्य कलश यात्रा के साथ सात दिवसीय लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं संगीतमयी राम कथा प्रारंभ हो गई है। बुधवार को कलश यात्रा यज्ञ स्थल नसीरपुर छितौना से चांडीपुर घाट तक भक्ति मय माहौल में संपन्न हुई। कलश यात्रा के दौरान शिवाजी तिवारी, पंडित ओंकार नाथ शुक्ला, राकेश कुमार, शैलेन्द्र दूबे, छैल बिहारी पांडे, राम सूरत गुप्ता, सुनील चौरसिया, प्रमोद पांडे सहित क्षेत्र के तमाम गण मान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के आयोजन कथा रसिक श्रीहनुमान जी महाराज ने बताया कि यज्ञ के दौरान प्रतिदिन 2 बजे से 6 बजे तक संगीत मयी कथा से भक्त जनों को रसपान कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि संगीतमय कथा बाल विकास पंडित आशीष कृष्ण शास्त्री जी के मुखारविंद से होगा।

### पांच घंटे बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

**जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** विद्युत वितरण खंड 33-11 केवी उपकेंद्र न्योरी से सप्लाई होने वाली विद्युत आपूर्ति गुरुवार को 10 बजे से 3 बजे तक बाधित रहेगी। उपरोक्त जानकारी देते हुए अधिशासी अभियंता एके यादव विद्युत वितरण खंड आलापुर ने बताया कि उपभोगताओं को बाधा रहित बिजली सप्लाई करने के लिए इस दौरान दो घंटे कर्मचारियों द्वारा सभी अवरोधों को ठीक किया जाएगा। शाम को तीन बजे के बाद से विद्युत आपूर्ति निर्बाध रूप से की जाएगी।

**आयोजन** | बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में 14 न्याय पंचायतों के छात्र-छात्राओं ने किया प्रतिभाग

# दौड़ प्रतियोगिता में नवनीत और अंशिका ने मारी बाजी

जलालपुर, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार:** नगर स्थित नरेंद्र देव इंटर कॉलेज में बुधवार को ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में परिषदीय विद्यालयों के बच्चों ने दौड़, लम्बी कूद, कबड्डी के मुकाबले में दमखम दिखाया। बालक और बालिका वर्ग में 600 मीटर दौड़ में उच्च प्राथमिक विद्यालय अजईपुर के नवनीत व उच्च प्राथमिक विद्यालय जगतूपुर की अंशिका ने बाजी मारी।


नरेंद्र देव इंटर कॉलेज में आयोजित प्रतियोगिता में दमखम दिखातीं खिलाड़ी।


विजयी खिलाडिय़ों को पुरस्कृत करते तहसीलदार पद्मेश श्रीवास्तव। अमृत विचार

बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित इस खेल कूद प्रतियोगिता में धौरुआ, मालीपुर, सुरहुरपुर, नगपुर, बड़ेपुर, कांदीपुर समेत 14 न्याय पंचायतों के नौनिहालों ने हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि तहसीलदार पद्मेश श्रीवास्तव ने बच्चों का उत्साह बढ़ाते हुए फीता काट कर खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि जीवन में शिक्षा ग्रहण करने के साथ खेल भी बहुत आवश्यक है। जिला व्यायाम शिक्षक मोहम्मद हसन, जिला स्काउट मास्टर रविन्द्र कुमार, ब्लाक व्यायाम शिक्षक रवीन्द्र कुमार वर्मा, मोहम्मद अनीस के मार्गदर्शन और खेल अनुदेशकों के संयोजन में खेल प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता में प्राथमिक स्तर पर महेशपुर के बालक वर्ग में राजवीर और बालिका वर्ग में प्राथमिक विद्यालय सम्मनपुर की आरजू 50 मीटर दौड़ में आगे रहीं। बालक वर्ग में 100 व 200 मीटर दौड़ में प्राथमिक विद्यालय सकरा यूसुफपुर के विशाल ने बाजी मारी। वहीं मालीपुर के हिमांशु व नवानगर की रीशू ने लम्बीकूद में जीत का परचम लहराया। उच्च प्राथमिक स्तर पर गोला प्रक्षेपण प्रतियोगिता में बालक वर्ग में कम्पोजिट विद्यालय इब्राहिमपुर के विनय और बालिका वर्ग में उच्च प्राथमिक विद्यालय बड़ागांव की अर्पिता अव्वल रहीं।

विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त खंड शिक्षा अधिकारी केपी सिंह ने आयोजक मंडल के साथ शिक्षा विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों, खेल अनुदेशकों, शिक्षकों को खेल प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए बधाई दी। वहीं खेलकूद प्रतियोगिता की अध्यक्षता प्रधानाचार्य लखमी चंद और संचालन रवि प्रकाश चौधरी व हरिश्चंद्र गौतम ने संयुक्त रूप से किया।

### विजेता खिलाड़ियों को किया गया पुरस्कृत

खेल प्रतियोगिता में एआरपी मित्रसेन वर्मा, दिनेश वर्मा, राजेश वर्मा, सूर्यनाथ यादव, विक्रांत सिंह, आलोक यादव, मुईद अख्तर, मोहम्मद अलकमा, सुहैल अहमद व ब्लॉक के समस्त शिक्षक ओर शिक्षिकाओं व अनुदेशकों ने सहयोग प्रदान किया। खेल प्रतियोगिता में प्रतिभागी छात्रों व विजेता टीम को खंड शिक्षा अधिकारी मीनाक्षी सिंह ने पुरस्कृत करने के साथ विशिष्ट अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी भियांव विवेक द्विवेदी, जिला शिक्षक संघ अध्यक्ष बृजेश मिश्रा का माल्यार्पण कर और अंगवस्त्र व प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया। उक्त अवसर पर किरन चौधरी श्वेता सिंह, मोहम्मद अलकमा, सत्यप्रकाश गुप्ता, निशात अहमद, मेहंदी रजा, संजय सिंह, स्नेहलता, जमाल अख्तर आदि मौजूद रहे।

# डाला छठ पर्व पर खरना रख की आत्मशुद्धि

## खरना में गुड़ की खीर मिट्टी के चूल्हे पर तैयार करने का है रिवाज

कार्यालय संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार**: चार दिन तक चलने वाले डाला छठ महापर्व में दूसरे दिन बुधवार को व्रती महिलाओं ने खरना किया। खरना का अर्थ होता है शुद्धिकरण। इस दिन महिलाएं उपवास रखती हैं और छठी मैय्या का प्रसाद तैयार करती हैं। खरना में गुड़ की खीर बनाने का रिवाज है। यह खीर मिट्टी के चूल्हे पर तैयार की जाती है।

व्रती महिलाएं प्रसाद के रूप में सबसे पहले इस खीर को ही ग्रहण करती हैं। उसके बाद इसे अपने अपने परिवार के सदस्यों में बांटा जाता है। इस दिन सूर्य देव की विधिवत पूजा का भी विधान है। खरना के दिन सबसे पहले सूर्योदय से पहले उठकर स्नानादि किया जाता है। इसके बाद भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है। शाम के समय मिट्टी के चूल्हे पर पारंपरिक भोजन जैसे साठी के चावल, गुड़ और दूध की खीर बनाई जाती है। सबसे पहले भोग छठ माता को अर्पित किया जाता है और इसके बाद व्रती द्वारा ग्रहण किया जाता है। आज से ही व्रती को भगवान सूर्य से शक्ति व ऊर्जा मिलती है जिससे 36 घंटा निर्जला व्रत रखकर मनवांछित फल की कामना की जाती है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 7 नवंबर की शाम को अस्ताचलगामी सूर्य अर्घ्य व 8 नवंबर की सुबह को उदयीमान सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा।



इटियाथोक में पूजन के लिए घाट की सफाई करते लोग। अमृत विचार



घर आंगन में फल से व दौरा से ढकी पूजन सामग्री।



सूखा भोजन करती व्रती महिला।

### इटियाथोक में घाट पर की गई साफ-सफाई

इटियाथोक में छठ महापर्व पर सूर्य देव की अर्चना से पहले घाट की साफ-सफाई की गई। बिसुही पुल के घाट पर प्रभारी निरीक्षक शेष मणि पांडे, खंड विकास अधिकारी सत्य प्रकाश पांडे व एडीओ पंचायत गिरजेश पटेल छठ की पूजा घाट का निरीक्षण किया और सफाई कर्मियों को साफ सफाई के दिशा निर्देश दिए। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी बिसुही नदी के घाट पर छठ पूजा का आयोजन होना है। हाल ही में दुर्गा पूजा व लक्ष्मी गणेश पूजन पर प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया था इससे घाट पर काफी गंदगी हो गई थी।

## एक नजर

### दीवार में सेंध लगाकर लाखों के जेवर चोरी



**कटरा बाजार, गोंडा, अमृत विचार**: थाना क्षेत्र कटरा बाजार के नरायनपुर कला गांव में मंगलवार की देर रात अज्ञात चोरों ने एक घर में पीछे से सेंध लगाकर कमरे में रखा बक्सा तोड़कर सोने व चांदी के आभूषण सहित नगदी पर हाथ साफ कर दिया है। पीड़िता नजमा पत्नी मजनू ने बताया कि उसका पति बाहर रहकर मजदूरी करता है। मंगलवार की रात खाना खाकर वह घर के बरामदे में सो रही थी ।सुबह नमाज के लिए उठी तो देखा कि उसके कमरे में बक्सा टूटा हुआ पड़ा है। बक्से में रखा सोने चांदी के जेवरात सहित नगदी गायब है। बाहर आकर देखा तो घर के पीछे दीवाल में सेंध लगी थी। चौकी इंचार्ज माधवपुर संजीव चौहान ने बताया कि चोरी की सूचना मिली है। जांच की जा रही है।

### नानी पहाड़ी बाबा की पुण्यतिथि आज

**मसकनवा, गोंडा, अमृत विचार**: नेपाल देश में जन्मे भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में एक बड़ी भूमिका निभाने वाले महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बाबा त्रिलोक चंद ब्रहमचारी उर्फ पहाड़ी बाबा का 47 वां पुण्यतिथि 7 नवम्बर को उनके समाधि स्थल पर मनाया जायेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख छपिया अनिल कुमार पासवान व विशिष्ट अतिथि स्वामी देव प्रकाश महंत स्वामी नारायण मंदिर छपिया, पं. अवधेश मिश्रा प्रबंधक होंगे। पुण्यतिथि के दिन स्वतंत्रता सेनानी को याद करते हुए एक जनसभा किया जाएगा। उनके समाधि स्थल पर झंडारोहण, पुष्प अर्पित कर समाधि पर चादर चढ़ाई जाएगी। भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा। नवोदित साहित्य संस्थान द्वारा कवि गोष्ठी का आयोजन किया जायेगा।

# डीआईजी, एसपी ने खैरा मंदिर पोखरे पर लिया सुरक्षा का जायजा

**पोखरे पर तैनात पुलिसकर्मियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश**

**गोंडा, अमृत विचार**: डीआईजी अमरेंद्र प्रसाद सिंह व एसपी विनीत जायसवाल ने छठ पूजा पर्व को लेकर खैरा भवानी मंदिर परिसर व घाट का निरीक्षण किया। डीआईजी ने मंदिर परिसर ,घाट में भ्रमण कर प्रकाश एवं साफ-सफाई आदि की समुचित व्यवस्था का जायजा लिया।

मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी को चेक कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। उन्होंने पुलिस अधीक्षक तथा नगर कोतवाल को बैरिकेटिंग, रूट चार्ट, पार्किंग व गोताखोरों की व्यवस्था व अन्य सुरक्षा व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में विशेष दिशा-निर्देश दिया। जनपद में छठ पूजा पर्व को सकुशल ढंग से सम्पन्न कराने के लिए व्यापक पुलिस प्रबन्ध किए गए है। पुलिस एवं प्रशासन के उच्चाधिकारी संयुक्त रूप से क्षेत्र में भ्रमण कर निरतंर प्रभावी पेट्रोलिंग की जा रही है। बस स्टाप, स्टेशनों पर सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत पर्याप्त संख्या में जवानों की ड्यूटी लगायी गयी है। सार्वजनिक जगहों तथा भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर मोबाइल पेट्रोलिंग की व्यवस्था की गयी है। सार्वजनिक स्थानों पर बालिकाओं के सुरक्षा को लेकर सादे वस्त्रों में महिला, पुरुष जवानों के अतिरिक्त एण्टी रोमियो की टीम को भी लगाया गया है। पूजा अर्चना वाले स्थलों पर पर्याप्त प्रकाश, साफ-साफ गोताखोर की व्यवस्था की गयी है।



खैरा भवानी पोखरे का निरीक्षण करते डीआईजी और एसपी। अमृत विचार

## प्रतिमा विसर्जन में उमड़े श्रद्धालु

**परसपुर**: नगर पंचायत में अलग-अलग तीन स्थानों पर दीपावली पर्व के उपलक्ष्य में लक्ष्मी गणेश व सरस्वती पूजन महोत्सव का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं द्वारा प्रतिमा की स्थापना कर नित्य प्रति हवन पूजन से सम्पूर्ण नगर भक्तिमय हो गया था। बुधवार को प्रतिमा विसर्जन झांकी नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए दर्शन शोभायात्रा के बाद विसर्जित करने के लिए सरयू नदी भौरीगंज घाट के लिए प्रस्थान किया। पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा। दीपावली के उपलक्ष्य में परसपुर नगर के चौक बाजार स्थित शंकर मंदिर धर्मशाला और आंटा में हनुमान गढ़ी मंदिर व राम जानकी मंदिर में लक्ष्मी गणेश व सरस्वती पूजा महोत्सव आयोजित किया गया था।

## सार-संक्षेप

### गोशाला निर्माण को लेकर भाकियू ने सौंपा ज्ञापन



ज्ञापन देते भाकियू कार्यकर्ता। अमृत विचार

**रुपईडीह, गोंडा**: ग्राम पंचायतों में बेसहारा पशुओं से मुक्ति पाये जाने के लिए गोशालाओं के निर्माण न कराये जाने पर भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष शिवराम उपाध्याय की अगुवाई में ब्लॉक मुख्यालय पर पंचायत बुलाई। किसानों को सम्बोधित करते हुए जिला अध्यक्ष ने कहा कि आये दिन बेसहारा जानवरों द्वारा फसलों को क्षति पहुचाया जा रहा है इसको लेकर जुलाई में संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष सुखदेव शुक्ल की अगुवाई मे गोशाला निर्माण किये जाने को लेकर खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया था। उन्होंने कहा किसान तो पहले से परेशान हैं बावजूद बैंक द्वारा कर्जदार किसानों से कर्जा वसूली किये जाने के लिए नोटिस भेजी जा रही है तथा क्षेत्र पंचायत मे गोशाला निर्माण किये जाने की पहल नहीं की जा रही है। पंचायत में खंड विकास अधिकारी अभय कुमार सिंह ने पहुंचकर किसान नेताओं से उनकी समस्याओं के बारे मे जानकारी हासिल की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र पंचायत मे चार ग्राम पंचायतों में गोशाला का निर्माण कराया जा चुका है। अन्य ग्राम पंचायतों में गोशाला के निर्माण के लिए भूमि चिह्नित किये जाने के लिए उपजिलाधिकारी सदर को पत्र भेजा गया है। जिला संरक्षक नवीन कुमार सिंह, आचार्य माहेश्वरी, रामजागे तिवारी, रामदीन तिवारी, दुर्गा प्रसाद, राजू मौर्य, विश्वनाथ तिवारी, दीनानाथ पासवान आदि लोग उपस्थित रहे।

### महिला ने जिन्दा होने की मुख्यमंत्री से लगाई गुहार

**तरबगंज**: रेतादल सिंह गांव की वृद्धा रानी देवी ने मुख्यमंत्री को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि वह जिन्दा है और ग्राम विकास अधिकारी ने उसे मृतक दिखा दिया है जिससे हमारी पेंशन बन्द हो गई है। रेतादल सिंह की निवासी रानी देवी ने मुख्यमंत्री को दिए शिकायतीपत्र में ग्राम विकास अधिकारी के ऊपर आरोप लगाते हुए कहा कि वह अभी जिन्दा है लेकिन कागज में मृत घोषित कर दिया गया है जिससे पहले से मिल रही पेंशन बन्द हो गई है। वह गरीब व असहाय महिला है, कमाई का कोई साधन नहीं है उसी पेंशन से किसी प्रकार से जीवन यापन हो रहा था जो बन्द होने से जीवन यापन की समस्या उत्पन्न हो गई है। एडीओ पंचायत तरबगंज ने बताया कि अभी ऐसी कोई शिकायत नहीं मिली है पहले रेतादल सिंह ग्राम पंचायत थी अब नगर पंचायत तरबगंज में सामिल हो गई है। ग्राम विकास अधिकारी द्वारा मृतक घोषित किए गए वृद्धा की शिकायत मिलेगी तो जाँच करवाई जायेगी।

### धनुष यज्ञ महोत्सव की तैयारियां जोरों पर

**करनैलगंज**: सकरौरा का प्रसिद्ध श्री धनुष यज्ञ महोत्सव की तैयारियां तेजी से चल रहीं हैं। यहां महोत्सव शनिवार से प्रारंभ होगा, जो एक सप्ताह तक चलेगा। श्री धनुष यज्ञ महोत्सव समिति में पहले दिन शनिवार को रामायण पूजन एवं रविवार को विष्णु चरित्र वरदान एवं शाप, सोमवार को श्रीराम जन्म की लीला, मंगलवार को मुनि आगमन, ताड़का वध एवं मारीच दरबार की लीला, बुधवार को अहिल्या उद्धार, गंगा तट आगमन, नगर दर्शन व पुष्प वाटिका की लीला, गुरुवार को धनुष यज्ञ की लीला एवं शुक्रवार को परशुराम लक्ष्मण संवाद की लीला का मंचन होगा। श्री धनुषयज्ञ महोत्सव समिति में स्थानीय कलाकारों द्वारा बड़े ही सुन्दर ढंग लीला का मंचन किया जाता है। यह लीला सकरौरा के "शंकर हनुमान मंदिर बड़ा शिवाला" के पास स्थित श्रीराम लीला भवन में होती है। महोत्सव समिति के अध्यक्ष शचींद्रनाथ मिश्र एवं महामंत्री रोहित जायसवाल ने बताया कि रामलीला की तैयारी जोरों के साथ चल रही है।

# अधिवक्ताओं ने तीसरे दिन भी जुलूस निकाल की नारेबाजी



प्रदर्शन करते अधिवक्ता। अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार**: गाजियाबाद प्रकरण को लेकर अधिवक्ताओं ने कलम बंद हड़ताल करते हुए जुलूस निकालकर नारेबाजी की। कलेक्ट्रेट से होते हुए दीवानी परिसर पहुंच कर विरोध प्रदर्शन किया। गाजियाबाद डीजे को बर्खास्त करो बर्खास्त करो और आज अदालते बंद रहेगी बंद रहेंगी के नारे लगाए।

शांतिपूर्ण जुलूस की अध्यक्षता बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद त्रिपाठी एवं सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार मिश्र ने किया तथा संचालन बार एसोसिएशन के महामंत्री चन्द्रमणि तिवारी एवं सिविल बार एसोसिएशन के महामंत्री मनोज कुमार मिश्र ने संयुक्त रूप से किया। जुलुस में पूर्व अध्यक्ष उपेंद्र कुमार मिश्रा, रविचंद्र त्रिपाठी, कौशल किशोर पांडे रामबुझारत द्विवेदी, धनलाल तिवारी, दिनेश नारायण पाण्डेय, जगन्नाथ प्रसाद शुक्ला, लाल बिहारी शुक्ला, उमापति शुक्ला, अवधेश शुक्ला, अजय नारायण तिवारी, रमेश चौबे, भगवती प्रसाद पांडे, अजय तिवारी, अशोक तिवारी, लालजी मिश्र, अलोक कुमार पाण्डेय, सतीश पाण्डेय, विनय मिश्रा, दीनानाथ त्रिपाठी, सुनील ओझा, श्यामधर दूबे, राजकुमार चतुर्वेदी, संजय सिंह, अनिल सिंह, हिमांशु ओझा, संदीप तिवारी, विनय मिश्रा, कृष्णनंद मिश्रा, आदित्य तिवारी, सत्यम चौबे, प्रदीप मिश्रा, शिवम् त्रिपाठी, सुरेंद्र मिश्रा सूर्य सहित सैकड़ों अधिवक्ता मौजूद रहे।

# जागरूक करने गई आरपीएफ की गाड़ी को मारी टक्कर, वाहन पलटा

**मनकापुर, अमृत विचार**: वंदे भारत ट्रेन पर पत्थर फेंकने को लेकर लोगों को जागरूक करने गयी रेलवे सुरक्षा बल टीम की सड़क किनारे खड़ी गाड़ी को स्कोर्पियो चालक ने ठोकर मार दिया। ठोकर लगने से बोलेरो सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरी।

रेलवे सुरक्षा प्रभारी निरीक्षक श्यामराज अपनी टीम के साथ वंदे भारत ट्रेन पर आये दिन होने वाले पथराव को लेकर रेलवे लाइन के आसपास गांव के लोगों को जागरूक करने के लिए मसकनवा मार्ग पर भरहू गांव के पास लोगों को जागरूक करने के लिए रुके थे कि छपिया की तरफ से तेज रफ्तार स्कोर्पियो रोड पर जा रही बाइक को बचाने में अनियंत्रित होकर रेलवे टीम की बोलेरो में ठोकर मार दिया, जिससे बोलेरो में सवार प्रभारी निरीक्षक व उनके साथ बैठे जवान सड़क किनारे गड्ढे में गाड़ी सहित पलट गए। घटना के समय मौजूद ग्रामीणों ने तत्काल गाड़ी से रेलवे टीम के जवानों को बाहर निकाला जिसमें सभी को मामूली चोट आई है। वहीं स्कोर्पियो को स्थानीय थाने की पुलिस ने सूचना पर अपने कब्जे में ले लिया है। रेलवे प्रभारी निरीक्षक की तहरीर पर स्कोर्पियो चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया।



सड़क किनारे पलटा पड़ा वाहन। अमृत विचार

### मार्ग दुर्घटना में महिला समेत तीन लोग घायल

**धानेपुर**: धानेपुर दतौली मार्ग पर इटवा के निकट एक चौपहिया वाहन की चपेट में आने से हुए हादसे में सालपुर के रहने वाले रामानंद भारती, इटवा की विद्यावती व बलरामपुर के सूरज घायल हुए हैं। डायल 112 पुलिस ने परिजनों की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुजेहना में ले जाकर भर्ती कराया जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिए रिफर कर दिया गया है।

### वाहन की ठोकर से युवक की मौत, एक घायल

**रुपईडीह**। गोंडा-बहराइच मार्ग पर खरगूपुर थाना अंतर्गत पठानाजोत गांव के पास सड़क हादसे में बहराइच के विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र के पंडित पुरवा सिसहना गांव निवासी ज्ञानचंद (33) की मौत हो गई, जबकि उसके साथ आया खानपुर मल्लोह थाना विशेश्वरगंज निवासी रामबरन (35) जिला चिकित्सालय में उपचाराधीन है। पुलिस चौकी पिपरा बाजार के प्रभारी मृत्युंजय सिंह ने बताया कि गंभीर रूप से घायल दोनों युवकों को एम्बुलेंस के द्वारा जिला चिकित्सालय ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने ज्ञानचंद्र को मृत घोषित कर दिया। तहरीर मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## वर्ग पहेली-244

**बाएं से दाएं**

2. सबसे छोटी उंगली, कनिष्ठिका, कनिष्ठा, कानी उंगली।
4. 1. राशि, ढेर 2. वह स्थान जहां जलाने की लकड़ी बिकती हो, टाल।
5. 1. वह जिसने जंभाई ली हो 2. प्रसारित 3. प्रस्फुटित 4. चेष्टित।
8. सम्मन तामील करने वाला कर्मचारी या चपरासी।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. किसी वस्तु, जैसे- कंकड़, धूल आदि का बहुत छोटा टुकड़ा या कण 2. अप्रिय अनुभव, हेठी, अपमान।
3. भारत के दक्षिण-पश्चिम में स्थित एक राज्य।
4. 1. किसी के पास जाना, पहुंच 2. प्रवेश।
6. 1. घरेलू काम-काज तथा सेवा करने वाली नौकरानी, बाई 2. ग्वालिन नामक पक्षी।
7. यूरोपीय संघ के सत्ताईस में से सोलह राष्ट्रों की आधिकारिक मुद्रा।





### वर्ग पहेली -243 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 अ | क | थ | ■ | ■ | 2 कृ |
| व | ■ | ■ | 3 पे | ■ | पा |
| 4 डे | ढ़ी | ■ | 5 गं | धा | लु |
| र | ■ | ■ | ब | ■ | ■ |
| ■ | 6 झिं | गा | र | 7 ना | ■ |
| 8 पू | ■ | ■ | ■ | जु | ■ |
| ती | ■ | 9 रे | खां | क | न |

## सुडोकू -157

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | 5 | | 9 | | 8 | 6 | |
| | 9 | | 5 | | | 1 | | |
| | 7 | | 2 | | | | | |
| | 8 | | 4 | 1 | | 9 | | 3 |
| 5 | | | | | | | | 8 |
| 9 | | 2 | | 6 | 5 | | 4 | |
| | | | | | 4 | | 1 | |
| | | 3 | | | 7 | | 8 | |
| | 6 | 8 | | 5 | | 2 | 9 | |

### सुडोकू - 156 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 4 | 2 | 8 | 7 | 9 | 5 | 1 |
| 8 | 9 | 7 | 6 | 5 | 1 | 3 | 4 | 2 |
| 2 | 1 | 5 | 9 | 3 | 4 | 7 | 8 | 6 |
| 1 | 8 | 6 | 4 | 9 | 3 | 2 | 7 | 5 |
| 5 | 2 | 9 | 7 | 1 | 8 | 4 | 6 | 3 |
| 7 | 4 | 3 | 5 | 2 | 6 | 1 | 9 | 8 |
| 4 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 8 | 3 | 9 |
| 6 | 3 | 1 | 8 | 7 | 9 | 5 | 2 | 4 |
| 9 | 5 | 8 | 3 | 4 | 2 | 6 | 1 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति: 7 नवंबर गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-कार्तिक, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-षष्ठी 8 नवंबर 00.34 तक तत्पश्चात सप्तमी।

### आज का पंचांग





**दिशाशूल**-दक्षिण। **ऋतु**-हेमंत।
चन्द्रबल- मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाषाढ़ा 11.47 तक तत्पश्चात उत्तराषाढ़ा।

**मेष**: आज नई तकनीक के प्रति आपका रूझान बढ़ेगा। आपको दूसरों की मदद करने के कारण लोकप्रिय रहेंगे। साधु प्रवृत्ति के लोगों के साथ आपका संपर्क मजबूत होगा। दांपत्य जीवन का असंतोष भी आप संवाद के बल पर दूर कर सकते हैं।

**वृष**: आज दवाइयों पर धन खर्च हो सकता है। घर और कार्यक्षेत्र आवश्यक वस्तुओं की कमी के कारण आप क्रोधित हो सकते हैं। नए प्रेम संबंधों को लेकर सावधान रहें। पाचन शक्ति कमजोर होने के कारण दस्त और उल्टी जैसी समस्या हो सकती है।

**मिथुन**: आज नव विवाहित जोड़े परिवार आगे बढ़ाने के फैमिली प्लानिंग करने का विचार बना सकते हैं। जॉब व व्यवसाय में अपने लक्ष्यों को समय पूर्व ही निपटा लेंगे। आपको एक बड़ा पद सौंपा जा सकता है। ससुराल पक्ष से शुभ सूचना मिल सकती है।

**कर्क**: आज नौकरीपेशा लोगों को सहकर्मियों के व्यवहार से परेशानी होगी। अपने लक्ष्य के प्रति आप एकाग्र रहेंगे। व्यापार में अचानक धन लाभ हो सकता है। आपके मस्तिष्क में कुछ बेहतरीन रचनात्मक विचार आएंगे। इसका प्रयोग आप नए स्टार्टअप के लिए भी कर सकते हैं।

**सिंह**: आज का पूरा दिन आत्मविश्वास से भरपूर रहेगा। विवादित मामलों पर समझौता हो सकता है। आप लोगों के बीच आपकी लोकप्रिय रहेंगे। प्रशासन से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

**कन्या**: आज पुरानी उलझनों को लेकर आप थोड़े परेशान हो सकते हैं। अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखें। घर के बुजुर्ग आपसे प्रसन्न रहेंगे। प्रेमीजन के साथ आप कहीं घूमने जा सकते हैं। ऑफिस में काम ज्यादा न होने के बाद भी आपको ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी।

**तुला**: आज कार्यक्षेत्र में आपका दिन बहुत अच्छा रहेगा। दृढ़ निश्चय के दम पर आप कोई बड़ा काम कर सकते हैं। परिजनों की अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे। आपके सामाजिक दायरे में वृद्धि होगी। बहुमूल्य वस्तुओं की खरीदारी कर सकते हैं।

**वृश्चिक**: आज लोन से जुड़े मामले उलझने की आशंका है। कब्ज के रोगियों को परेशानी होगी। बेवजह के मुद्दों पर आप घिर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में अधिकारी वर्ग के लोग आपसे प्रसन्न रहेंगे। फाइनेंस से जुड़े कार्यों में देरी हो सकती है।

**धनु**: आज कारोबार में आपका प्रदर्शन शानदार रहेगा। अनावश्यक खर्चों में नियंत्रण पाने में सफल रहेंगे। आपके काम की गुणवत्ता में वृद्धि होगी। दांपत्य जीवन बेहद सुखद रहेगा। आप परिजनों के साथ बेहतरीन समय बिताएंगे।

**मकर**: आज पुराने रोग दोबारा उभर सकते हैं। शाम के समय आप दिखावे में धन खर्च करेंगे। विदेशी स्रोतों से धन लाभ मिलने के योग बन रहे हैं। समस्याओं को लेकर आप लापरवाह हो सकते हैं। अति उत्साह के कारण आपके काम बिगड़ने की आशंका है।

**कुंभ**: आज पैतृक कारोबार में आपको बड़ा लाभ मिल सकता है। आपके द्वारा बनाई हुई योजना सफल होगी। विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए बेहतरीन अवसर प्राप्त होने की संभावना है। आप अपने घर में किसी उत्सव का आयोजन कर सकते हैं।

**मीन**: आज नए कार्य की योजना बनाने के लिए दिन शुभ है। व्यापार में पार्टनरशिप करने के मौके मिलेंगे। जीवनसाथी के प्रति आपके मन में सम्मान भाव बढ़ेगा। परिवार में प्रसन्नता का माहौल रहेगा। कानूनी पचड़ों से मुक्ति मिल सकती है।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
हिरासत — सुबह: 08.17
मि. नटवरलाल — शाम: 06.23

&pictures
एक विवाह ऐसा भी — सुबह: 11.07
कोई...मिल गया — रात: 08.00

SONY PIX
इट चैप्टर 2 — सुबह: 10.31
2012 — रात: 09.00

ZEE CINEMA
बिजनेसमैन 2 — सुबह: 10.08
खिचड़ी 2 — रात: 08.00

ZEE ACTION
फूल और अंगार — सुबह: 10.49
जलजला — रात: 07.30

### आज की सुपरहिट फिल्म





एंड पिक्चर्स पर रात: 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पुलिस- हम पुलिस वाले हैं, दरवाजा खोलो।
चिंटू- क्या काम है?
पुलिस- बात करनी है।
चिंटू- कितने लोग हो?
पुलिस- चार लोग हैं।
चिंटू- तो फिर मेरा क्या काम है, आपस में बात कर लो।

चेन स्नैचिंग वाले महिला के गले से हार खींच कर ले गए।
अगले दिन महिला बहुत ज्यादा दुखी हुई। हार के लिए नहीं, अखबार वालों ने छाप दिया- वृद्ध महिला के गले से हार छीन भागे चेन स्नैचर।

## एक नजर

### बैठक में पदाधिकारियों का चयन, बनी रूपरेखा

**करनैलगंज, अमृत विचार** : विकास हलधरमऊ की ग्राम पंचायत सोनवार के ब्रम्हचारी स्थान पर होने वाले श्री बालाजी रामलीला उत्सव समिति की बैठक आयोजित हुई। जिसमें पदाधिकारियों का चयन हुआ एवं रामलीला मंचन की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में सुनिश्चित हुआ कि 20 नवंबर को रामायण गान के साथ रामलीला का शुभारंभ होगा। बैठक की अध्यक्षता कृष्ण कुमार मिश्रा उर्फ धांधू ने व संचालन पवन बाबा ने किया। जिसमें सर्वसम्मति से इस वर्ष के लिए राहुल तिवारी को अध्यक्ष, कृष्ण कुमार मिश्र को उपाध्यक्ष, संतोष तिवारी को कोषाध्यक्ष, अनूप शुक्ल को प्रबंधक चुना गया। वहीं संरक्षक के रूप में महंत बृजमोहन पाण्डेय, रघुनाथ पाण्डेय व छोटे शुक्ल को चुना गया। बैठक में दीपक मिश्रा, अतुल शुक्ला, मनीष तिवारी, रामजी पाण्डेय, लल्लू शुक्ला, रणविजय शुक्ल, चन्दन पाण्डेय, रबी शुक्ला, रामकुशल पाण्डेय सहित समस्त ग्राम वासी मौजूद रहे।

### भगाई गई दो लड़कियां बरामद, आरोपी गिरफ्त में

**धानेपुर, गोंडा, अमृत विचार** : थाना क्षेत्र के अलग-अलग इलाके से भगाई गई दो लड़कियों को धानेपुर पुलिस ने बरामद कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जिसके बाद राहत की सांस ली है। थाना अध्यक्ष सुनील सिंह ने बताया कि नगर पंचायत धानेपुर के एक वार्ड की रहने वाली 24 वर्षीया युवती को एक युवक शादी करने की नीयत से बहला फुसलाकर भगा ले गया था। पुलिस टीम ने गोंडा रेलवे स्टेशन के पास से बरामद कर लिया है साथ ही आरोपी युवक सुभाष कश्यप को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं जबकि थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक किशोरी को भगा ले जाने के मामले में आरोपी लवकुश वर्मा को गिरफ्तार कर लिया गया है। किशोरी को भी बरामद कर वन स्टाप सेंटर भेजा गया है। आरोपी युवकों का चालान भेजकर अन्य विधिक कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। इलाके की एक युवती व एक किशोरी को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस ने राहत की सांस ली है।

# क्रय केंद्र न बनाये जाने से किसान परेशान

**संवाददाता, गौरा चौकी, गोंडा**


राघवेंद्र प्रताप सिंह।


धीरू सिंह।


मुन्नवर अली।


कन्हैया सिंह।

**अमृत विचारः** किसान की आय दुगनी करने में केंद्र सरकार के सारे वादे हवा हवाई साबित हो रहे हैं। सरकार ने पहली नवंबर से धान खरीद शुरू कर दी हो, लेकिन बभनजोत में लगने वाले धान क्रय केंद्र नहीं बनाया गया है। जिससे किसान अपनी धान को औने-पौने दामों पर बिचौलियों के हाथों बेचने पर मजबूर हैं।

खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के लिए सामान्य ग्रेड के धान का एमएसपी 'न्यूनतम समर्थन मूल्य' 2300 प्रति कुंतल और ग्रेड ए धान का एमएसपी 2320 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है ।पिछले वर्ष खाद एवं रसद विभाग द्वारा किसानों का धान बुक्कनपुर क्रय केंद्र पर खरीदा गया था इस बार भी किसान अपने धन को सुखाकर इस इंतजार में है कि क्रय केंद्र पर तौल चालू हो लेकिन वभनजोत क्षेत्र में अभी कोई भी धान क्रयकेंद्र संचालित नहीं हो पाया है।किसान कन्हैया सिंह ने बताया कि उनके धान सूख कर तैयार है वह इस इंतजार में है कि क्रय केंद्र खुले और धान की तौल हो लेकिन सुनने में आ रहा है कि इस बार क्रय केंद्र कहीं नहीं लग रहा है।किसान राघवेंद्र प्रताप मिश्र ने बताया कि बुक्कनपुर में पिछली बार क्रय केंद्र पर धान बेचा था इस बार अभी कुछ पता नहीं चल पा रहा है क्रय केंद्र कहां खुला है।किसान मनव्वर अली ने बताया कि धान की फसल क्रय केंद्र पर बेचने से लागत के सापेक्ष मुनाफा मिल जाता था लेकिन क्रयकेंद्र न लगने से आढतीयों को औने-पौने दाम बेचना पड़ेगा। किसान धीरू सिंह ने बताया कि इस बार कर केंद्र बभनजोत क्षेत्र में नहीं लगेगा वभनजोत ब्लॉक और छपिया ब्लाक का क्रय केंद्र मसकनवा गल्ला मंडी में लग रहा है मजबूरी में अब बिचौलियों के हाथ धान बेचना पड़ेगा। इस संबंध में क्रय केंद्र प्रभारी बलराम जयसवाल से जब बात किया गया तो उन्होंने बताया कि पिछली बार खाद्य एवं रसद विभाग ने धान क्रय किया था लेकिन इस बार मेरा ट्रांसफर हो गया है।

# 1100 किसानों को नहीं मिल पा रही सम्मान निधि

**संवाददाता, बालपुर, गोंडा**




- विकास खंड हलधरमऊ के किसान पूंजी न होने से असमर्थ

**अमृत विचारः** किसानों की समस्या को देखने वाला कोई नहीं है किसानों अपने खेतों में महंगे दामों में बीज खरीद कर बुवाई करते हैं और फसलों को चार से पांच महीने दिन रात रखवाली कर छुट्टा मवेशियों से बचाकर तैयार करते हैं। लेकिन यह सब करने में कितनी समस्या का सामना करना पड़ता है इसे कोई देखने वाला नहीं है। एक फसल तैयार होने के बाद दूसरी फसल बोने के लिए किसानों पूंजी की आवश्यकता होती है।

किसानों की समस्याओं का सामना न करना पड़े इसके लिए प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि की शुरुआत 2019 में की गई। जिसमें किसानों के खाते में हर चार महीने में दो हजार रुपये भेजे जाते हैं। लेकिन विकास खंड हलधरमऊ के ग्यारह सौ से अधिक किसानों को आज भी किसान सम्मान निधि नहीं मिल पा रही है। क्षेत्र के किसानों के पास पूंजी न होने की वजह से वह अपने खेतों में बीज की बुवाई करने में असमर्थ नजर आ रहे हैं।

इस समय रवि की फसल गेहूं, जौ, मटर, चना, सरसों, अलसी, तारामीरा, आलू कालीन गन्ने की बुवाई करना है लेकिन पैसे न होने की वजह से खेतों की बुवाई करने में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम पंचायत नकहा बसंत के धनुहा गांव के रहने वाले किसान जगन्नाथ का कहना है कि उन्होंने वर्ष 2019 में किसान सम्मान निधि के लिए पंजीकरण कराया था लेकिन अभी तक उनके खाते में एक भी पैसा नहीं आया है। परवानपुर गांव के रहने वाले किसान संजय का कहना है कि 2022 किसान सम्मानिधि के लिए पंजीकरण कराया था लेकिन दो साल बाद किसान सम्मान निधि खाते में नहीं आई। जिससे तमाम समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

# धान क्रय केंद्र पर व्यवस्थाएं हों दुरूस्त : डीएम

## क्रय केंद्र का औचक निरीक्षण कर ली जानकारी

**कार्यालय संवाददाता, गोंडा**

**अमृत विचारः** बुधवार को जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने तहसील सदर गोण्डा के अंतर्गत खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा संचालित राजकीय धान क्रय केंद्र इटियाथोक ''ए एवं बी" का औचक निरीक्षण कर जानकारी ली। जिलाधिकारी ने वहां पर बाटमाप की जानकारी, स्टॉक रजिस्टर, खरीद रजिस्टर, किसान पंजीकरण रजिस्टर, तथा अन्य सारी व्यवस्थाओं की जानकारी ली।


धान क्रय केंद्र का निरीक्षण करतीं डीएम। अमृत विचार

धान क्रय केंद्र पर निरीक्षण के दौरान मौके पर 30 कुंतल धान खरीद पाया गया। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने केंद्र प्रभारी को निर्देश दिए हैं कि किसानों से मुलाकात कर अधिक से अधिक धान खरीद करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने वहां पर उपस्थित संबंधित धान क्रय केंद्र के केंद्र प्रभारी एवं अन्य अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा है कि धान क्रय केंद्रों पर आने वाले किसानों को किसी भी दशा में वापस ना किया जाए तथा केंद्र पर उनके बैठने की व्यवस्था, पानी पीने की व्यवस्था, लाइट की व्यवस्था, शौचालय की व्यवस्था, साफ सफाई सहित अन्य सारी व्यवस्थाएं तैयार रखें, ताकि धान विक्रय करने वाले किसानों को क्रय केंद्र पर किसी भी प्रकार की कोई समस्या न होने पाए। इसके साथ उन्होंने कहा कि किसानों के द्वारा विक्रय किए गए धानों का भुगतान 48 घंटे के अंदर करना सुनिश्चित करें, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न की जाय, तथा वहां पर उपस्थित केंद्र प्रभारी को निर्देश दिए हैं कि निर्धारित लक्ष्य से अधिक धान खरीद करना सुनिश्चित करें।

वहीं निरीक्षण के दौरान केंद्र पर धान विक्रय करने के लिए आए हुए किसानों को माला पहनाकर स्वागत भी किया गया। इस अवसर पर जिला खाद्य विपणन अधिकारी प्रज्ञा मिश्रा, यूपी पीसीयू प्रबंधक जितेंद्र सहित अन्य उपस्थित रहे।


क्रॉप कटिंग करातीं डीएम नेहा शर्मा। अमृत विचार

### डीएम की उपस्थिति में हुई क्रॉप कटिंग

**गोंडा** : रबी वर्ष-2024 में प्रति हेक्टेयर में धान के उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित करने के लिए बुधवार को जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने तहसील सदर अन्तर्गत ब्लाक पण्डरीकृपाल के ग्राम पंचायत गिलौली में अपनी उपस्थिति में क्रॉप कटिंग कराई।

जिलाधिकारी ने बताया कि क्राप कटिंग के माध्यम से धान की पैदावार का मानक निर्धारित किया जाएगा। क्राप कटिंग में प्राप्त उत्पादन के आधार पर ही जनपद में धान के उत्पादन का मूल्यांकन किया जाएगा तथा जिले में धान की पैदावार का मानक निर्धारित किया जाएगा। क्राप कटिंग के दौरान उपस्थित अपर सांख्यिकी अधिकारी योगेंद्र प्रसाद चौहान ने बताया कि कुल दो किसानों शिव बालक तिवारी गाटा संख्या-418 में 38 .800 किलो ग्राम। उमानाथ गाटा संख्या-434 में 29 .600 किलो ग्राम खेत में जिलाधिकारी की उपस्थिति में क्रॉप कटिंग कराई गई है। क्राप कटिंग का कार्य सदर तहसील गोण्डा अन्तर्गत विकासखण्ड पंडरीकृपाल के ग्राम पंचायत गिलौली में कुल दो किसानों के धान के फसल की क्राप कटिंग कराकर धान के उपज की जानकारी की गई।

इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर गोण्डा अवनीश त्रिपाठी, डिप्टी आरएमओ प्रज्ञा मिश्रा, अपर संख्यकी अधिकारी योगेंद्र प्रसाद चौहान, नायब तहसीलदार गोण्डा अनुराग पाण्डेय, विजय सिंह जिला प्रबंधक इफको टोकियो प्रधानमंत्री फसल बीमा, राजस्व निरीक्षक लेखपाल, ग्राम प्रधान सहित अन्य किसान उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### सिपाही भर्ती को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा



सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते लोग। अमृत विचार

**बेलसर, अमृत विचार।** राष्ट्रवादी पार्टी ऑफ इंडिया के पदाधिकारियों ने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत ज्ञापन सौंपा। राष्ट्रवादी पार्टी ऑफ इंडिया के पदाधिकारियों ने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत बुधवार को उप जिलाधिकारी तरबगंज एवं जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में सिपाही भर्ती परीक्षा में भर्ती बोर्ड में 25 प्रश्नों को निरस्त करने तथा 29 प्रश्नों के एक से अधिक सही विकल्प पर होने पर राष्ट्रवादी पार्टी ऑफ इंडिया ने घोर आपत्ति दर्ज कराते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री से निम्न मांग किया है। प्रश्नों का गलत होना पेपर सेटर्स एवं प्रूफ रीडर्स की लापरवाही तथा अयोग्यता को दर्शाता है। इन कर्मचारियों को अयोग्य घोषित कर उन पर दंडात्मक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार किया जाए। भर्ती परीक्षा के बोर्ड अध्यक्ष को परीक्षा के प्रत्येक अनियमितताओं के लिए नैतिक एवं कानूनी रूप से जिम्मेदार ठहराते हुए उन्हें उनके पद से बर्खास्त करते हुए गिरफ्तार किया जाए। भर्ती बोर्ड द्वारा निरस्त किए गए प्रश्नों के पूरे अंक परीक्षार्थियों को प्रदान किया जाए। सिपाही भर्ती परीक्षा से संबंधित सभी कर्मचारियों एवं अधिकारियों का उच्च स्तरीय जांच कराई जाए। ज्ञापन कार्यक्रम में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक कुमार तिवारी, महासचिव सुनील कुमार मिश्र, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष रामानंदन त्रिपाठी ,राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य कृष्ण कुमार श्रीवास्तव, शिवपूजन तिवारी, मनोज कुमार शुक्ल, रवीन्द्र कुमार पांडेय, ऑविस रिजवी, रमेश चंद्र पांडेय, तरबगंज ब्लाक अध्यक्ष डाक्टर बादशाह, एडवोकेट देवमणि तिवारी, नंदकिशोर तिवारी, एडवोकेट दयानंद मिश्रा तथा एडवोकेट सुनील पांडेय आदि उपस्थित रहे।

### गुरु का स्थान सर्वोपरि : संत पंकज

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार** : जयगुरुदेव धर्म प्रचारक संस्था, मथुरा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं जयगुरुदेव के उत्तराधिकारी संत पंकज ने अपनी जनजागरण यात्रा के 84वें पड़ाव पर नवाबगंज के ग्राम सुभागपुर मौर्यपुर में कार्यक्रम किया। सत्संग सन्देश सुनाते हुये उन्होंने कहा कि जब दुनियां का कोई भी काम 'सोनारी-लोहारी, बढ़ईगीरी, खेती, शिल्पकारी बिना गुरु (जानकार) के नहीं सीख सकते तो बिना गुरु के भवसागर कैसे पार जा सकते हैं। बिन गुरु भवनिधि तरै न कोई, जो बिरंचि शंकर सम होई। गुरु का स्थान सर्वोपरि है। लेकिन गुरु शब्द का धनी होना चाहिए। शब्द मारगी गुरु न होवै, तो झूठी गुरु आई लेवै। शब्द के जानकार गुरु की तलाश करके उनसे नाम योग साधना का मार्ग लेकर गृहस्थ आश्रम में रहते हुए, बाल-बच्चों की सेवा करते हुए कुछ नाम की कमाई कर लें। यही जीवन का असली लक्ष्य है। वरना यह जीवन तुम्हारा व्यर्थ चला जा रहा है। उन्होंने आगामी 8 से 12 दिसम्बर तक जयगुरुदेव आश्रम, मथुरा में आयोजित वार्षिक भण्डारा सत्संग मेला में भाग लेने का निमन्त्रण दिया। इस अवसर पर धर्मराज यादव जयगुरुदेव सत्संग अध्यक्ष रामलखन मौर्य, राम प्रताप यादव, तीरथ राम यादव प्रधान, कुलदीप सिंह, राजेश, महामन्त्री बाबूराम यादव, मथुरा आश्रम के प्रबन्धक सन्तराम चैधरी, राजू, रिंकू गुप्ता, राम सजीवन यादव, सहयोगी संगत देवरिया के राकेश, रिंकू गुप्ता, रामसजीवन आदि उपस्थित रहे।कार्यक्रम के बाद जनजागरण यात्रा अगले पड़ाव के लिए ग्राम साखीपुर, चन्द्रभान सिंह मुनेश्वर आदर्श उ .मा . विद्यालय के सामने वि .ख . नवाबगंज के लिये प्रस्थान कर गई। दिन के 12 बजे से सत्संग समारोह निर्धारित हैं।

### मरीज के सुविधाओं का रखें विशेष ध्यानः चारु चौधरी

- राज महिला आयोग की उपाध्यक्ष व सदस्य ने जिला महिला अस्पताल का किया निरीक्षण

**गोंडा, अमृत विचार** : यूपी राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष चारु चौधरी व सदस्य ऋतु शाही ने जिला महिला अस्पताल का निरीक्षण किया। निरीक्षण में पाया गया कि अस्पताल की अधिकतर मरीज बाहरी लैब से जांच करा रहे है। जिस पर नाराजगी जताते हुए कर्मचारियों पर कार्रवाई के निर्देश दिए। निरीक्षण में पाया गया कि अस्पताल में लिफ्ट खराब है,जिसकी वजह से गर्भवती महिलाओं को काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल अधिकारियों से लिफ्ट की मरम्मत और सभी जांचें अस्पताल के अंदर ही शुरू कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण में पाया कि नर्सिंग और पैरामेडिकल स्टाफ की कमी के कारण मरीजों को बेहतर सेवाएं नहीं मिल पा रही हैं। रेडियोलॉजिस्ट की भी कमी है, जिससे समय पर जांच नहीं हो पा रही। महिला आयोग की उपाध्यक्ष ने जल्द से जल्द स्टाफ की संख्या बढ़ाने और ट्रेनिंग देने के निर्देश दिए हैं, ताकि मरीजों को बेहतर सेवा मिल सके। अस्पताल में मरीजों को सभी जरूरी सुविधाएं प्रदान किए जाने का निर्देश दिया गया। जिला महिला अस्पताल को मरीजों के लिए सुरक्षित और विश्वसनीय बनाने के लिए हर संभव कदम उठाए जाने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान जिला महिला अस्पताल के सीएमएस डॉक्टर देवेंद्र सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### शिव विवाह महोत्सव के तीसरे दिन हुआ रामजन्म

**तरबगंज, गोंडा, अमृत विचार** : स्थानीय थानाक्षेत्र के जमथा गांव में चल रहे शिव विवाह महोत्सव के तीसरे दिन भगवान राम का जन्म हुआ, जिसकी झाँकी सजाई गई। मेला देख रहे श्रद्धालुओं ने जय श्रीराम के नारे लगाए गए। पूरा मेला प्रांगण भक्तिमय हो गया। जमथा गांव के महर्षि जमदग्नि आश्रम में दो नवम्बर से शिव विवाह महोत्सव का आयोजन किया गया है जो नौ दिनों तक चलेगा। आयोजन आदर्श रामलीला संचालक समिति अयोध्या कर रही है जिसमें तीसरे दिन भगवान श्रीराम का जन्म महोत्सव मनाया गया। मेला देखने आये श्रद्धालुओं ने जय श्रीराम के नारे लगाए। चारों तरफ घंटा घरियार बजने लगे, पूरा मेला प्रांगण भक्तिमय हो गया। लोगों ने आयोजन का रसपान किया। जय श्रीराम के नारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो गया। मेले का संचालन कर रहे कलाकारों ने भगवान श्रीराम की झाँकी सजाई जिसे देखकर सभी दर्शक भाव विभोर हो गए उसके बाद आक्रेटा पार्टी द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया जिसमे सोहर से लेकर कई भक्ति गीत गाए गए। कार्यक्रम पूरी रात चलता रहा। श्रद्धालुओं ने तालियां बजाकर कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। मेला व्यवस्थापक शिवराम पाण्डेय ने बताया की ये मेला बहुत दिनों से चल रहा है महर्षि यमदग्नि आश्रम होने से जमथा गांव व क्षेत्र के लोग हमेशा अखण्ड रामायण पाठ व श्रीमदभागवत की कथा का आयोजन करते रहते हैं और ये शिव विवाह महोत्सव हर वर्ष दीपावली के दूसरे दिन शुरू होता है जो नौ दिनों तक लगातार चलता रहता है जिसमें शिव विवाह, नारद मोह, रामजन्म, ताड़का वध, धनुष यज्ञ, रावण जन्म व अत्याचार आदि पूरी रामायण की कथा दिखाई जाती है। अन्त में भन्डारा होता है उसी दिन मेला समाप्त हो जाता है। मेला कमेटी जमथा के साथ काफी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

# आबकारी निरीक्षक ने शराब व्यापारी पर दर्ज कराया मुकदमा

**संवाददाता, करनैलगंज, गोंडा**

- दुकान पर मिश्रित शराब की बिक्री होते मिली
- शराब विक्रेता मौके से फरार हो गया

**अमृत विचार** : अंग्रेजी शराब की दुकान पर मिश्रित शराब की बिक्री पाए जाने पर आबकारी निरीक्षक ने शराब व्यापारी के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है।

आबकारी निरीक्षक करनैलगंज रामधनी वर्मा ने कोतवाली करनैलगंज में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कहा है कि वह मंगलवार को बालपुर बाजार में स्थित विदेशी अंग्रेजी शराब की दुकान पर मिश्रित शराब की बिक्री होने की शिकायत मिलने के बाद निरीक्षण करने पहुंचे। जिसमें उन्होंने मैकडॉवेल, इंपीरियल ब्लू, आरएस शराब का नमूना लिया। उन्होंने तहरीर में लिखा है कि जब दुकान पर पहुंचे तो मोहित कुमार निवासी ग्राम पिपरी रावत थाना कटरा बाजार शराब की बिक्री करते हुए पाए गए। दुकान की जांच में तनुकृत करके शराब की बिक्री पाई गई। मदिरा विक्रेता सेल्समैन ने खुद बताया कि अपमिश्रित करके शराब की बिक्री की जाती है। जिसका वीडियो भी बनाया गया। बरामद विदेशी मदिरा की जांच अल्कोहल मीटर से की गई तो लिए गए शराब ब्रांड में तनुमिश्रित पाया गया। उसके बाद जब स्टॉक का सत्यापन करने के लिए दुकान पर पुनः पहुंचे तो दुकान के भीतरी भाग में ताला लगा था और बाहर से शटर खुला हुआ था। विक्रेता मौके से फरार हो गया था। काफी देर तक इंतजार करने के बाद देशी शराब के व्यापारी व अन्य लोगों की मौजूदगी में दुकान में ताला लगाकर सील कर दिया गया।

पुलिस ने आबकारी निरीक्षक रामधनी वर्मा, उनके हमराही श्यामानंद वर्मा, सुमन पटेल की तहरीर पर शराब विक्रेता के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है। कोतवाल श्रीधर पाठक ने बताया कि आबकारी निरीक्षक की तहरीर पर मुकदमा दर्ज के लिए लिया गया है बालपुर चौकी प्रभारी से मामले की विवेचना कराई जा रही है।

# देश सेवा की भावना को जागृत करना ही प्रशिक्षण का उद्देश्य


उपस्थित एनसीसी कैडेट। अमृत विचार

**संवाददाता, नवाबगंज, गोंडा**

**अमृत विचारः** नंदिनी नगर महाविद्यालय में एनसीसी के 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम आयोजित किया गया ।जोकि 5 नवंबर से प्रारंभ होकर 14 नवंबर तक चलेगा प्रशिक्षण शिविर में जनपद से आए हुए समस्त एनसीसी कैडेटों को 48 यूपी वाहिनी एनसीसी गोंडा के कमान अधिकारी कर्नल सुनील कपूर ने कैंप ओपनिंग एड्रेस में सभी का स्वागत करते हुए कहा कि इस प्रशिक्षण शिविर में एकता और अनुशासन के साथ भारतीय सेना के प्रशिक्षण की एक छोटी सी झलक एनसीसी कैडेटों के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी। देश के लिए युवाओं के अंदर सेवा की भावना को जागृत करना ही एनसीसी का मुख्य उद्देश्य है।

कैंप कमांडेंट ने एनसीसी बी प्रमाण पत्र एवं सी प्रमाण पत्र धारण करने के उपरांत उसके फायदे को भी बताया, सफल प्रशिक्षण तभी संभव होगा जब अनुकूल वातावरण में क्रियाकलाप संपादित होंगे जो कि इस नंदिनी नगर महाविद्यालय में देखने को मिल रहा है। इस प्रशिक्षण शिविर में कैडेटों को सैन्य अभ्यास के साथ विभिन्न विषयों पर व्याख्यान की व्यवस्था की गई है। महाविद्यालय के प्रशासन को भी धन्यवाद ज्ञापित किया।48 यूपी वाहिनी एनसीसी के प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल रणयोद्ध सिंह ने प्रशिक्षण शिविर की पूरी तैयारी को कैंप कमांडेंट के समक्ष प्रस्तुत किया।

### मशरूम उत्पादन तकनीक विषयक प्रशिक्षण आयोजित

**गोंडा** : आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या के तहत संचालित कृषि विज्ञान केंद्र मनकापुर में मशरूम उत्पादन तकनीक विषयक एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण समन्वयक डॉ. अजीत सिंह वत्स वरिष्ठ वैज्ञानिक फसल सुरक्षा ने बताया कि मशरूम उत्पादन के लिए मशरूम स्पान, भूसा, फॉर्मेल्डिहाइड दवा, फफूंदनाशक दवा, छायादार बंद कमरे की जरूरत होती है।

डॉ. रामलखन सिंह वरिष्ठ वैज्ञानिक शस्य विज्ञान ने मशरूम के पोषण एवं महत्व, डॉ. डीके श्रीवास्तव वरिष्ठ वैज्ञानिक पशुपालन ने मशरूम उत्पादन की जानकारी दी। डॉ. मनोज कुमार सिंह उद्यान वैज्ञानिक ने मशरूम के विपणन एवं डॉ. हनुमान प्रसाद पांडे मृदा वैज्ञानिक ने मशरूम उत्पादन से सम्बंधित संस्थानों के बारे में जानकारी दी। प्रशिक्षणार्थियों मे राजेश कुमार वर्मा, आनंद मिश्रा, अनिल कुमार मिश्रा, रामसागर वर्मा, देवानंद मिश्रा, प्रदुम प्रकाश आदि ने मशरूम उत्पादन तकनीक का प्रशिक्षण प्राप्त किया।

## उत्साहवर्धन

खेलकूद प्रतियोगिता का ब्लॉक प्रमुख ने किया उद्घाटन

# प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत

**कार्यालय संवाददाता, गोंडा**

**अमृत विचारः** बुधवार को प्राथमिक विद्यालय बनाई बरवार में न्याय पंचायत मतवरिया में न्याय पंचायत स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता का उद्घाटन शेषराम बारी ब्लाक प्रमुख मुजेहना एवं विनोद कुमार सिंह अध्यक्ष प्रधान संघ मुजेहना द्वारा सरस्वती जी का माल्यार्पण एवं पूजन अर्चन करके किया गया।

अतिथियों ने प्राथमिक स्तर पर 50 दौड़ प्रतियोगिता में विजेता सभी बच्चों को मेडल प्रदान करके सम्मानित किया गया। उपेन्द्र कुमार त्रिपाठी खण्ड शिक्षा अधिकारी मुजेहना ने प्रतियोगिता के समापन अवसर पर सभी विजेता बच्चों को मेडल एवं शील्ड प्रदान करके सम्मानित किया। प्राथमिक स्तर बालक वर्ग की 50 मीटर दौड़ में राजन प्राथमिक विद्यालय चपरतल्ला एवं बालिका वर्ग में रिया शुक्ला प्राथमिक विद्यालय कौरहे ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्राथमिक स्तर 100 मीटर दौड़ बालक वर्ग में रवि प्राथमिक विद्यालय मूसापुर एवं बालिका वर्ग शायमा बानो प्राथमिक विद्यालय कौरहे ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्राथमिक स्तर 200 मीटर दौड़ बालक वर्ग अमित प्राथमिक विद्यालय मूसापुर एवं बालिका वर्ग करिश्मा प्राथमिक विद्यालय चपरतल्ला ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्राथमिक स्तर 400 मी दौड़ बालक वर्ग में उत्कर्ष पाण्डेय प्राथमिक विद्यालय अचलपुर बालिका वर्ग में रिया शुक्ला प्राथमिक विद्यालय कौरहे ने प्रथम स्थान प्राप्त कर बाजी मारी। प्राथमिक स्तर लंबी कूद बालक वर्ग मो आरिफ प्राथमिक विद्यालय कौरहे एवं लंबी कूद बालिका वर्ग शायमा प्राथमिक विद्यालय कौरहे ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उच्च प्राथमिक स्तर बालक वर्ग 100 मीटर दौड़ में शिवा बेसहूपुर उच्च प्राथमिक विद्यालय विशंभरपुर एवं बालिका वर्ग लक्ष्मी उच्च प्राथमिक विद्यालय बेसहूपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उच्च प्राथमिक स्तर 200 मीटर दौड़ बालक वर्ग अमरेश दीपक उच्च प्राथमिक विद्यालय मूसापुर एवं बालिका वर्ग जान्हवी सिंह उच्च प्राथमिक विद्यालय बेसहूपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उच्च प्राथमिक स्तर 400 मी दौड़ बालक वर्ग रवि वर्मा उच्च प्राथमिक विद्यालय मूसापुर एवं बालिका वर्ग मीनाक्षी सिंह उच्च प्राथमिक विद्यालय बेसहूपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

### न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन


खेलकूद प्रतियोगिता में शामिल बच्चे। अमृत विचार

**गोंडा** : न्याय पंचायत रेतवागाड़ा में न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजन कम्पोजिट विद्यालय पूरेबोधी में सम्पन्न हुआ, जिसमें 50 मीटर बालक प्राथमिक वर्ग में आकाश यादव प्रथम व आलोक मौर्य द्वितीय व 50 मीटर बालिका वर्ग में उज्जैनी कला द्वितीय की अंशु प्रथम स्थान व सबा द्वितीय स्थान पर रही व 100 मीटर बालक वर्ग में कम्पोजिट विद्यालय पूरे बोधी के नख्श प्रथम व अमित मौर्य उज्जैनी कला के द्वितीय स्थान पर रहे। जूनियर स्तर पर 100 मीटर बालिका वर्ग नैना कम्पोजिट विद्यालय रेतवागाड़ा की प्रथम स्थान पर रही व पूर्व माध्यमिक विद्यालय शिवदीन खरिहा की गरिमा द्वितीय स्थान पर रही। 100 मीटर बालक वर्ग में सूरज सोनी प्रथम व मानसू ठाकुर द्वितीय स्थान पर रही। कार्यक्रम के संयोजक संकुल प्रभारी कुलदीप शुक्ल ने बताया की न्याय पंचायत स्तर पर विजेता रहे बच्चे 8 व 9 नवंबर को होने वाली प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।

# महिला अस्पताल में 2600 बच्चों को मिला जीवनदान

## अस्पताल में स्थित कंगारू मदर केयर दे रहा जीवन, प्रदेश में सबसे कम वजन के शिशु को स्वस्थ करने का बना रिकॉर्ड

संवाददाता,बहराइच

**अमृत विचार:** मेडिकल कॉलेज के महिला अस्पताल में मंडल के जनपदों द्वारा प्रसव कराया जाता है। इस प्रयोग ने पिछले तीन सालों में 2600 से अधिक प्रीमैच्योर और 1800 ग्राम से कम वजन के बच्चों को स्वस्थ जीवन प्रदान किया है, इतना ही नहीं इनमें से एक 531 ग्राम का भी शिशु है जो प्रदेश का सबसे कम वजन का सरवाइव करने वाला बच्चा है।

मेडिकल कॉलेज में स्थित महिला अस्पताल के डॉ. असद बताते हैं कि कंगारू मदर केयर प्रदेश का पहला पायलट प्रोजेक्ट है, जिसे अगस्त 2021 में राइस संस्था के सहयोग से शुरू किया गया था, जिसमें अस्पताल में मां की देखभाल, कंगारू मदर केयर, फोन पर परामर्श, और शिशुओं की घर-घर जाकर स्क्रीनिंग शामिल हैं। डॉ. असद का कहना है कि, "लैंसेट की रिसर्च और हमारे अनुभव बताते हैं कि मां की ममता में किसी भी मशीन से अधिक शक्ति है, और इसमें कोई खर्च नहीं आता। कंगारू मदर केयर के प्राकृतिक तरीकों से माँ और शिशु का जुड़ाव बढ़ता है, स्तनपान बेहतर होता है, और शिशु का वजन तेजी से बढ़ता है। यही कारण है कि इस परियोजना की सफलता दर 90 फीसदी से अधिक रही है। मां के अस्वस्थ होने पर, परिवार का कोई भी स्वस्थ सदस्य केएमसी दे सकता है।हिमालय की तलहटी में कंगारू मदर केयर (केएमसी) की इस विधि ने हजारों शिशुओं को नया जीवन दिया है।



बहराइच के गांव में महिला को इलाज के लिए जानकारी देती स्टॉफ नर्स।

### प्रति माह 70 बच्चों की होती है देखभाल

मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. संजय खत्री ने बताया कि अस्पताल में हर महीने औसतन 70 प्रीमैच्योर शिशुओं की केएमसी विधि से देखभाल की जाती है। 15 प्रशिक्षित नर्सों की टीम 100 किमी तक यात्रा कर 6-8 घंटे तक शिशुओं की निगरानी करती हैं और माताओं को देखभाल के तरीके सिखाती हैं। परियोजना के तहत प्रदेश का सबसे बड़ा 17-बेड का कंगारू मदर केयर वॉर्ड स्थापित किया गया है, जहां माताओं को कंगारू मदर केयर और स्तनपान के महत्व पर जागरूक किया जाता है।

### बच्चे को सीने से लगाए रहती है मां

इंडो-नेपाल बॉर्डर के गांव फकीरपुरी की रूपा अपने 28 हफ्ते के प्रीमैच्योर शिशु को एक विशेष कवच में अपने सीने से लगाए रहती हैं, जैसे मादा कंगारू अपने शिशुओं के लिए करती है। अस्पताल से डिस्चार्ज होने के बाद, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. असद अली फोन कॉल्स के माध्यम से रूपा को शिशु की देखभाल में मार्गदर्शन देते हैं और प्रशिक्षित नर्सें उनके घर जाकर मां और परिवार को शिशु के तापमान, पल्स, और अन्य जरूरी संकेतों की निगरानी करना सिखाती हैं। ताकि आपात स्थिति में तुरंत डॉक्टर से संपर्क किया जा सके।

# तेज रफ्तार ट्रक ने महिला को मारी टक्कर, मौत

संवाददाता,बहराइच

**अमृत विचार:** दरगाह थाना क्षेत्र निवासी महिला अपने बेटे के साथ इलाज के लिए जिला अस्पताल बुधवार को आ रही थी। तभी तेज रफ्तार ट्रक ने महिला को ठोकर मार दी। जिससे महिला की मौत हो गई।

दरगाह थाना क्षेत्र टेड़ीया फकीर चक गांव निवासी साकरा पत्नी रईस खान अपने बेटे साजिद खान के साथ बुधवार को जिला अस्पताल इलाज के लिए आ रही थी। महिला वाहन के इंतजार में सड़क के किनारे थी। तभी तेज रफ्तार ट्रक ने महिला को ठोकर मार दी। जिससे महिला की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक के बेटे ने थाने में ट्रक संख्या को नामजद करते हुए तहरीर दी। थानाध्यक्ष हरेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि महिला की हादसे में मौत हुई है। केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### एक साथ रहने को राजी हुए दो परिवार

**बहराइच,अमृत विचार।** पुलिस लाइन स्थित परिवार परामर्श केंद्र में बुधवार को पारिवारिक मामलों को लेकर सुनवाई हुई। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने बताया कि पुलिस टीम ने दो परिवार को समझा कर साथ रहने के लिए राजी किया। दोनों पति और पत्नी को बाद में लिखा पढ़ी के बाद घर भेज दिया गया।

## एक नजर

### 413 वाहनों का चालान कर 458700 रुपये का वसूला जुर्माना

**बहराइच,अमृत विचार :** बुधवार को सर्वोदय इंटर कॉलेज में छात्र और छात्राओं को जागरूक किया गया। ट्रैफिक इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार सिंह द्वारा यातायात कर्मियों के साथ राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बहराइच में तथा टीएसआई रवि कुमार यादव द्वारा यातायात कर्मियों के साथ मिहींपुरवा स्थित सर्वोदय इंटर कालेज में बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने बताया कि जिले भर में चलाए गए अभियान के तहत 413 वाहनों का चालान किया गया। जबकि चार लाख 58 हजार से अधिक का जुर्माना वसूला गया।

### गाजे-बाजे के साथ मंदिर से निकली कलश यात्रा

**भगवानपुर, बहराइच,अमृत विचार :** विष्णु पुराण यज्ञ एवं रामलीला के आयोजन से पूर्व मंगलवार को मसुरिहा समय माता मंदिर से बौंडी के सिलौटा घाट स्थित घाघरा नदी तट तक कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा मसुरिहा ,जिहुरा माफी,मरौचा,कोदही,से मगढ़ा,साईंगांव,बंधामीठ,बौंडी कस्बा होते हुए सिलौटा घाट पहुंची। कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने कलश में जल भरा। रामलीला कमेटी अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद त्रिवेदी ने बताया कि विष्णु पुराण यज्ञ एवं रामलीला के पूर्व कलश यात्रा निकाली गई है। 16 नवंबर से 11 नवंबर तक चलेगा। सेमगढ़ा चौराहे पर हरीश शुक्ला ने समिति के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद त्रिवेदी, जय-जय राम,काली प्रसाद त्रिवेदी को माला पहनाकर व पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया।

### 4 उपनिरीक्षक बने निरीक्षक

**बहराइच।** जिले के चार उप निरीक्षक प्रमोशन पाकर निरीक्षक बन गए हैं। बुधवार को एसपी वृन्दा शुक्ला ने उपनिरीक्षक पद पर तैनात 4 उपनिरीक्षकों को निरीक्षक पद पर प्रोन्नति के अवसर पर स्टार व बैच लगाकर उत्साहवर्धन किया। इनमें निरीक्षक अशोक कुमार वर्मा थाना मटेरा, बृजभान यादव, अवधेश यादव नानपारा और रणजीत यादव नवाबगंज शामिल रहे।

# जमीनी विवाद में युवक की पीट पीट कर हत्या, पांच पर केस दर्ज

## सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज जांच में जुटी

संवाददाता,नानपारा, बहराइच

**अमृत विचार:** जिले के बंजरिया गांव निवासी एक व्यक्ति की उसके पड़ोसी लोगों ने रात में पीट पीट कर हत्या कर दी। पुलिस ने पांच लोगों के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली नानपारा अंतर्गत ग्राम पंचायत बंजरिया के मजरा दूगो निवासी शकील उर्फ भूरे (45) पुत्र जमील का अपने पड़ोसी रहीश, मनऊ और भद्दर आदि से जमीनी विवाद चल रहा है। जमीनी विवाद के चलते मंगलवार रात को शकील और रहीश समेत अन्य से विवाद हुआ। विवाद के दौरान रात 10 बजे सभी ने शकील की लाठियों से पीट कर हत्या कर दी। इसके बाद सभी फरार हो गए। शकील की मौत से परिवार में चीत्कार मच गया। पत्नी और बच्चे पछाड़े खा खा कर रोते रहे। रात में पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में ले लिया है। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि पांच लोगों के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया गया है। जल्द ही आरोपी गिरफ्तार किए जाएंगे।



युवक की हत्या के बाद रोते हुए परिवार के लोग इनसेट में मृतक की फाइल फोटो।

### फोरेंसिक टीम ने एकत्रित किए साक्ष्य

नानपारा के बंजरिया गांव में युवक की हत्या के मामले में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देश पर फोरेंसिक टीम पहुंची। फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्रित किया। कोतवाल ने बताया कि हत्या के सभी आरोपी जल्द गिरफ्तार होंगे।

# खाद स्टॉक व गोदाम में कमियां मिलने पर लाइसेंस निलंबित

संवाददाता,कैसरगंज,बहराइच

**अमृत विचार:** जिले के बरखुरद्वारापुर में संचालित खाद की दुकान का मंगलवार को एसडीएम और अपर जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने निरीक्षण किया। स्टॉक और गोदाम में उपस्थित खाद में खामियां मिली। जिस पर दुकान का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया है।

कैसरगंज तहसील के बरखुरद्वारापुर में संचालित जियाउद्दीन खाद बीज भण्डार का निरीक्षण ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/ उपजिलाधिकारी आलोक प्रसाद द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर जिला कृषि रक्षा अधिकारी और नायब तहसीलदार ब्रह्मादीन यादव भी उपस्थित रहे। जांच में दुकान संचालक जियाउद्दीन द्वारा खाद की उपलब्धता और स्टॉक की सही जानकारी नहीं दी गई। पीओएस मशीन से रिकॉर्ड की जानकारी और भौतिक स्टॉक में बड़ी खामियां पाई गईं। निरीक्षण में एनपीके की 61 बोरी, जिंक युक्त सिंगल सुपर फास्फेट की 108 बोरी और डीएपी की 10 बोरी का अंतर मिला।यह अंतर उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के नियमों का उल्लंघन है। उपजिलाधिकारी आलोक प्रसाद ने इन खामियों को गंभीरता से लेते हुए जियाउद्दीन का उर्वरक प्राधिकार पत्र (लाइसेंस) निलंबित कर दिया और उनसे स्पष्टीकरण मांगा है। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने सभी सहकारी और निजी उर्वरक दुकानों की हफ्ते में दो बार स्टॉक जांच के निर्देश दिए हैं। इस कार्रवाई के बाद खाद विक्रेताओं में हड़कंप मच गया है।



कैसरगंज में खाद की दुकान की जांच करते एसडीएम। अमृत विचार

# अधिवक्ताओं का कोर्ट बहिष्कार जारी

संवाददाता,कैसरगंज, बहराइच

**अमृत विचार:** बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बृजेश प्रसाद मिश्रा की अगुवाई में अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में एकत्र होकर जुलूस निकालकर उपजिलाधिकारी आलोक प्रसाद के व्यवहार का विरोध जताया।

अधिवक्ताओ का आरोप है कि एसडीएम अधिवक्ताओं के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया। इस घटना के विरोध में पिछले सितम्बर से कोर्ट का बहिष्कार किया जा रहा है जो स्थानान्तरण होने तक जारी रहेगा।बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश ने इस मामले को संज्ञान में लिया है और जल्द ही कोई निर्णय आने की संभावना है।

विरोध प्रदर्शन में प्रमुख रूप से पूर्व अध्यक्ष गंगाधर मिश्रा, विनोद कुमार सिंह, वेद प्रकाश सिंह, विजय प्रताप सिंह, मो. नसीब खाँ, बालक राम सरोज, मनोज कुमार सिंह, दयाराम यादव, सतीश यादव, भानु प्रताप सिंह, योगेंद्र मिश्रा, शिवम सिंह, राहुल वर्मा, देशराज पाल, जयचंद वर्मा, अंकित चौधरी, सिराज अहमद, विनोद कुमार शुक्ला, वीरेंद्र पांडे, सहीम अहमद, अनवार अहमद, जियाउद्दीन कादरी, माधवराज, और गिरीश श्रीवास्तव सहित अन्य अधिवक्ता शामिल रहे।

# महिलाओं ने रखा खरना व्रत, 154 स्थानों पर होगी छठ पूजा

संवाददाता,बहराइच

**अमृत विचार:** छठ पूजा के दूसरे दिन महिलाओं ने छठी व्रत खरना रखा। गुरुवार को सभी डूबते सूर्य को अर्घ्य नदी और तालाब के पानी में खड़े होकर देंगी। वहीं छठ पूजा को लेकर पीएसी के जवान भी लगाए गए हैं।

जिले में छठ पूजा की औपचारिक शुरुआत मंगलवार से नहाय खाय के साथ शुरू हो गई। दूसरे दिन बुधवार को महिलाओं ने छठ व्रत खरना की पूजा की। इससे पहले मंगलवार को व्रत रखने वाली महिलाओं ने पवित्र स्नान के बाद भगवान भास्कर को अर्घ्य देकर कद्दू, अरवा चावल, चना दाल, आंवले की चटनी का प्रसाद ग्रहण किया। वहीं गुरुवार शाम को मुख्य पूजा होगा। जिसमें महिलाएं डूबते सूर्य को पूजा अर्चना के बाद अर्घ्य देंगी। अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानंद कुशवाहा ने बताया कि जिले में 154 स्थानों छठ पूजा की धूम रहेगी। सुरक्षा के लिए छह कंपनी पीएसी के जवान मंगाए गए हैं। इसके अलावा आरआरएफ जवान भी लगे हुए हैं।

**डीएम व एसपी ने घाटों का किया निरीक्षण :** छठ त्योहार के दृष्टिगत डीएम मोनिका रानी ने एसपी बृन्दा शुक्ला के साथ ब्लॉक रिसिया अन्तर्गत बलभद्दरपुर स्थित विश्रामघाट का निरीक्षण कर साफ-सफाई तथा अन्य व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। बीडीओ रिसिया एसपी गौतम को निर्देश दिया कि त्योहार के अवसर पर साफ-सफाई के बेहतर प्रबन्ध के साथ-साथ प्रकाश की समुचित व्यवस्था की जाय तथा चूनाकारी भी करायी जाय। विश्रामघाट के निरीक्षण के दौरान डीएम व एसपी ने घाट परिसर में स्थित धुरिया बाबा स्थल व राणी सती मन्दिर में दर्शन कर पूजा-अर्चन किया। रिसिया से लौटते समय डीएम व एसपी ने झिंगहाघाट व बेरिया का निरीक्षण कर घाट की साफ-सफाई व अन्य व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया।



छठ पूजा स्थल का निरीक्षण करतीं डीएम और एसपी। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### दुकान में लगी आग से चार लाख का नुकसान

**जरवलरोड, बहराइच, अमृत विचार :** जनपद के जरवल रोड में स्थित दुकान में सोमवार देर रात को अज्ञात कारणों से आग लग है। जिसमें सारा सामान जल गया। जरवलरोड मुख्य बाजार में अनीस चूड़ी वाले के नाम से ग्राम झुकिया मुड़िया डीह निवासी अनीस पुत्र मोहम्मद सलीम की दुकान संचालित है। दुकान में जूता चप्पल के साथ चूड़ी भी मिलती है। सोमवार देर रात्रि अज्ञात कारणों से लगी आग से दुकान के अंदर रखा समान जलने लगा। पास मौजूद लोग जब तक आग पर काबू पाते दुकान के अंदर रखा सारा सामन जल कर राख हो गया। पीड़ित के अनुसार दुकान में करीब 4 लाख का सामान था। सब जलकर राख हो गया। सूचना पुलिस के साथ राजस्व विभाग को दी गई है। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच की है।

### युवाओं ने रोपित किया एक पेड़ मां के नाम

**बहराइच, अमृत विचार :** नेहरू युवा केंद्र की ओर से एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को स्कूल में हुआ। जिसमें युवाओं ने एक पेड़ मां के नाम लगाया। नेहरू युवा केंद्र की जिला युवा अधिकारी रोशनी पटवा के निर्देशन में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में स्थल एचबीसिटी मोंटेसरी स्कूल मेटुकहा में एक पेड़ मां के नाम अभियान कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदीप कुमार यादव प्रधानाचार्य और विशिष्ट अतिथि सन्त कुमार मौर्य अरविंद कुमार ने सभी प्रतिभागियों को कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य वह वर्तमान समय में प्रदूषण से बचाव हेतु पौधरोपण करने के लिए प्रेरित किया। युवाओं को जागरूक किया तथा कार्यक्रम संबंधी पोस्ट का विमोचन कर पोस्ट को चश्मा किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि नरेंद्र कुमार यादव, कैलाश नाथ यादव सामाजिक कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। पेंटिंग प्रतियोगिता के विजेताओं को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत कर उत्साह वर्धन किया गया।

### 64वां वार्षिकोत्सव का आयोजन

**खैरीघाट, बहराइच, अमृत विचार :** जिले के खैरीघाट थाना क्षेत्र के इमामगंज के बरदहा बाजार में बुधवार को आर्य समाज के तत्वावधान में महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जन्म जयंती और 64वाँ वार्षिकोत्सव कार्यक्रम आर्य सदन (राम जानकी मंदिर के बगल में) बरदहा बाजार में आयोजित हुआ। कार्यक्रम बुधवार छः नवंबर से नौ नवंबर तक मनाया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत बुधवार सुबह 11 बजे कलश यात्रा निकाली गई। उसके बाद यज्ञ कराया गया । इसमें आमंत्रित विद्वान डॉ महिम तिवारी ,भानु प्रकाश शास्त्री,बहन गीता शास्त्री पधारे हुए है । डॉ महिम तिवारी (वैदिक प्रवक्ता काशी बनारस ) ने बताया कि महर्षि दयानंद जी की जो नीतियां है, वह समाज को सुधारने और युवाओं को जागरूक करने का काम करेंगी। इसमें महिला सम्मेलन का भी आयोजन किया जाएगा और युवाओं को धूम्रपान, नशा आदि को सुधारने पर भी चर्चा की जाएगी। उपदेश और भजन का कार्यक्रम प्रतिदिन सायं काल छः बजे से 10 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

### अभियुक्त गिरफ्तार

**खैरीघाट, बहराइच,अमृत विचार :** जिले के सेमरिया गांव निवासी अजय कुमार पुत्र बुधसागर के खिलाफ केस दर्ज है। गिरफ्तारी न होने पर न्यायालय ने वारंट जारी किया है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि बुधवार को उप निरीक्षक उपेंद्र कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल दयानंद सिंह और शिव कुमार पांडेय की टीम ने अजय को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# जंगल सफारी के साथ बोटिंग का आनंद लेंगे पर्यटक

संवाददाता,बिछिया, बहराइच

**अमृत विचार:** जनपद में स्थित कतर्नियाघाट ईको पर्यटन सत्र का शुभारंभ बुधवार को मुख्य अतिथि वन मंत्री अरुण कुमार सक्सेना ने किया। इस दौरान थारू जनजाति द्वारा बनाए गए विभिन्न कलाकृति भी दिखाए गए।

पर्यटन सत्र का मुख्य उद्घाटन कार्यक्रम कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के कतर्नियाघाट रेंज में रखा गया। जिसमें बुधवार को दोपहर दो बजे कतर्नियाघाट के नेचर इंटर प्रटेशन सेंटर (घड़ियाल सेंटर) पर तैयारियों के बीच वन विभाग, वन निगम, डब्ल्यू डब्ल्यू एफ, गजमित्र (न्यूज़), बाघमित्र की टीम व स्थानीय ग्रामीणों की मौजूदगी में वन मंत्री द्वारा फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम में की शुरुआत वन मंत्री व विधायक सरोज सोनकर ने दीप प्रज्वलित कर किया। मंत्री सक्सेना ने पर्यटन मौजूद लोगों को सम्बोधित करते हुए पर्यटन को बढ़ावा देने व पर्यटन के क्षेत्र में सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों व उपलब्धियों को बताया गया। एफडी ने नेचर प्रटेशन सेंटर में मौजूद लोगों को प्रोजेक्टर पर जंगल व पर्यटन पर बनी वीडियो शॉर्ट फिल्म दिखाते हुए लोगों के इस पर्यटन सत्र की व्यवस्थाएं और विशेषताएं बताया। जिसके बाद उद्घाटन के दौरान मंत्री सक्सेना ने विधायक व वन विभाग के उच्चाधिकारियों के साथ जिनान जिप्सी से जंगल सफारी व बोटिंग को हरी झंडी दिखाकर पर्यटन सत्र का शुभारंभ किया। पर्यटन प्रभारी वन दरोगा मयंक पांडे ने बताया कि पर्यटक सत्र के पहले दिन से ही कतर्नियाघाट व निशानगाड़ा रेंज के घने जंगलों में जंगल सफारी कर जंगल की सुंदरता का दीदार कर सकेंगे साथ ही गेरुआ नदी में बोटिंग का आनंद ले सकेंगे। इस दौरान सुधीर शर्मा प्रधान मुख्य वन संरक्षक, मनोज सिंह अपर मुख्य सचिव, संजय श्रीवास्तव प्रधान मुख्य वन संरक्षक, पीपी सिंह सीएसएफ, अदिति शर्मा सीएसएफ, विधायक सरोज सोनकर, राजेश गुप्ता मंडल अध्यक्ष, प्रीतम निषाद प्रधान प्रतिनिधि, इकरार अंसारी प्रधान, घूरे प्रसाद मौर्य, प्रमोद आर्य, मुकेश चन्द्रा मुख्य विकास अधिकारी, अरुण कुमार, एसडीओ वन विभाग संतोष कुमार, डीएलएम वन निगम नारायण सिंह गुप्ताल, रेंजर कतर्नियाघाट आशीष गौड़, वन दरोगा मयंक पांडे, रेंजर मुर्तिहा रतनेश कुमार, रेंजर सुजौली रोहित कुमार, रेंजर निशानगाड़ा सुरेंद्र श्रीवास्तव, परियोजना अधिकारी डब्ल्यूडब्ल्यूएफ दबीर हसन समेत अन्य मौजूद रहे।



जंगल में बने रेंज कार्यालय में पर्यटन सत्र का उद्घाटन करते वन मंत्री। अमृत विचार

# छात्र- छात्राओं ने दिखाया दमख़म

संवाददाता, बाबागंज, बहराइच

**अमृत विचार:** ब्लॉक स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन उच्च प्राथमिक विद्यालय नवाबगंज में बुधवार को हुआ। ब्लॉक के विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने अपनी खेल प्रतिभा दिखाई। दौड़, खो-खो, कबड्डी, लम्बी कूद में कई विद्यालयों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

शुभारम्भ मुख्य अतिथि बीईओ नवाबगंज राधेश्याम वर्मा ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन करते हुए झंडी दिखाकर किया। प्रतियोगिता में 50 मीटर दौड़ बालक वर्ग में प्रथम चांदबाबू चौगोड़वा, द्वितीय अहमदरजा जमुनहा बाबागंज, तृतीय गोलू रामनगर सेमरा,100 मीटर दौड़ प्राथमिक स्तर के बालक वर्ग में प्रथम अहमद रजा जमुनहा बाबागंज, द्वितीय उमेश कुमार रामनगर सेमरा, तृतीय इरफ़ान अली चौगोड़वा बालिका वर्ग में प्रथम काजल जमुनहा बाबागंज, द्वितीय नीलम चौगोड़वा,तृतीय सायमा चरदा 200 मीटर दौड़ बालक वर्ग में प्रथम सुफियान चौगोड़वा, द्वितीय नसीम जैतापुर, तृतीय करीम चरदा 200 मीटर दौड़ बालिका वर्ग में प्रथम शाहीन जमुनहा बाबागंज,द्वितीय सोनम कल्याणपुर, तृतीय मगमा चौगोड़वा,कबड्डी उच्च प्राथमिक स्तर में बालक- बालिका वर्ग में चरदा ने बाजी मारी। जबकि ब्लॉक स्तर पर न्याय पंचायत चौगोड़वा 51, जमुनहा बाबागंज 40, कल्याणपुर 22, चरदा 21,रामनगर सेमरा 10, केवलपुर 5,जैतापुर 3 पॉइंट पर काबिज रहा।बीईओ राधेश्याम वर्मा ने बच्चों के खेल कौशल की प्रशंसा की।

**बैडमिंटन टूर्नामेंट** राज्य स्तरीय आमंत्रण बैडमिंटन प्रतियोगिता शुरू, बहराइच, लखनऊ व सिद्धार्थनगर समेत अन्य जिलों के खिलाड़ी हुए शामिल

# पहले दिन अंडर15 वर्ग के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

संवाददाता,बहराइच

**अमृत विचार:** डिस्ट्रिक्ट ओलंपिक एसोसिएशन के तत्वाधान में उत्तर प्रदेश बैटमिंटन एसोसिएशन से संबध्द स्व.मदनलाल अग्रवाल स्मारक राज्य स्तरीय आमंत्रण बैडमिंटन प्रतियोगिता का इंदिरा स्टेडियम में मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर रवि गिरी महराज ने फीता काटकर प्रतियोगिता की शुरुआत की। विशिष्ट अतिथि डीएम मोनिका रानी, एसपी वृंदा शुक्ला, एमएलसी पदमसेन चौधरी, विधायक सुरेश्वर सिंह, एमएलसी प्रज्ञा त्रिपाठी, नगर पालिका चेयरमैन सुधा देवी मौजूद रहे। अंडर-15 वर्ग के पहले मैच में श्रेष्ठ शुक्ला ने लखनऊ के आर्यन चौहान को 30- 26 दी मात। दूसरे मैच में बहराइच के कार्तिक ने बहराइच के कार्तिक को 30- 21 से हराया। तीसरे मैच में कानपुर के आयुष ने लखनऊ के अथर्व को 30-14 से दी करारी शिकस्त। चौथे मैच में बरेली के कृष्णवर्धन ने बहराइच के मो. आलियान को 30-10 से रौंदा। पांचवें मैच में लखनऊ के प्रांजल 30-7 से विजयी रहे। छठे मैच में लखनऊ के पारस ने सिद्धार्थनगर के आलोक को 30 -11 से किया पराजित।

टूर्नामेंट के संयोजक श्याम करण टेकड़ीवाल ने बताया कि प्रतियोगिता चार दिवस तक खेली जाएगी, प्रदेश के अंडर 15, अंडर 17, बालक-बालिका व पुरूष- महिला ओपेन सिंगल डबल्स संवर्ग के लगभग 250 खिलाड़ी इसमें प्रतिभाग कर रहे हैं। निर्णायक के रूप में शकील, बरखा गुप्ता, रिया सिंह, अंशराज, मोनिस खान व मैच कंट्रोलर प्रवीण राज मौजूद रहे। टूर्नामेंट समन्वयक ए. आर. अंसारी रहे। कार्यक्रम को ओलंपिक एसोसिएशन अध्यक्ष मनीष मल्होत्रा, सचिव मनोज गुप्ता, जितेंद्र प्रताप सिंह, ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह, राना अनिल सिंह, सुरेश गुप्ता, राम किशोर गुप्ता, अनिल जायसवाल, पिंटू सोलंकी, क्रीड़ा अधिकारी आनंद श्रीवास्तव आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम में ओलंपिक एसोसिएशन के वरिष्ठ संरक्षक अशोक मातनहेलिया, व्यापार मंडल अध्यक्ष दीपक सोनी, महामंत्री बृजमोहन मातनहेलिया, आशीष कंसल, डा. एनसी बावा, डाक्टर अनिल अग्रवाल, आदि मौजूद रहे।



इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम में राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ करते महंत, एमएलसी, डीएम और एसपी। अमृत विचार

# वीर हनुमान की झांकी के साथ झूमे श्रद्धालु

संवाददाता, पयागपुर, बहराइच

**अमृत विचार:** दीपोत्सव पर्व की पूर्व संध्या से चल रहे गणेश लक्ष्मी पूजन समारोह में रात को प्रस्तुत मनमोहक झांकियों पर दर्शक जमकर थिरके। झांकी कलाकारों के उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखने भक्तों की भारी भीड़ देर रात तक जमा रही।

दीपावली के अवसर पर भूपगंज बाजार स्थित रेलवे स्टेशन के पीछे हनुमान मंदिर पर श्री बाल गणेश लक्ष्मी पूजा समिति द्वारा आयोजित सप्त दिवसीय गणेश लक्ष्मी पूजन समारोह में आयोजित झांकी कार्यक्रम का शुभारंभ समाजसेवी ओमप्रकाश मिश्रा ने मंच का फीता काटकर व माता लक्ष्मी सहित भगवान गणेश की आरती उतारकर किया। तत्पश्चात शिवांगी झांकी ग्रुप कलकत्ता,पवन बजरंगी ग्रुप इंदौर व रोहित वृजवासी गया विहार द्वारा प्रस्तुत मनोहारी झांकियों ने लोगों का मन मोह लिया।शिव पार्वती सहित गजानन सरकार की झांकी प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहीं। कलाकारों द्वारा राधा कृष्ण,वीर हनुमान,राम सीता,सहित कृष्ण सुदामा मित्रता के दिव्य स्वरूपों का प्रदर्शन किया।इस अवसर पर राधा कृष्ण व वीर हनुमान की झांकी के साथ श्रद्धालुओं ने जमकर ठुमके लगाये।आयोजन समिति के प्रबंधक सचिन शर्मा व उपाध्यक्ष सुमित जायसवाल ने बताया कि एक सप्ताह से चल रहे पूजन अर्चन कार्यक्रम का समापन आज बुधवार को गणेश लक्ष्मी की प्रतिमा विसर्जन के साथ सम्पन्न होगा।



पयागपुर में आयोजित कार्यक्रम में मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

# शिव मंदिर से तीन मूर्तियां चोरी, लोगों ने किया चक्का जाम

## व्यापारियों ने तीन घंटे तक बाजार बंद कर किया प्रदर्शन, प्रशासन के आश्वासन पर दिया 72 घंटे का समय

संवाददाता,बलरामपुर

**अमृत विचार:** ललिया थाना क्षेत्र के मथुरा बाजार के बीच स्थित राम जानकी शिव मंदिर से 300 वर्ष पुरानी राम, लक्ष्मण व जानकी की मूर्तियां चोरी हो गई। घटना मंगलवार रात नौ से दस बजे के बीच में हुई है। मूर्ति चोरी की इस घटना से व्यापारियों में आक्रोश फैल गया। बुधवार को तीन घंटे तक बाजार की दुकानें बंद रहीं। चौराहे पर चक्का जाम कर व्यापारियों ने नारेबाजी भी की। पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध चोरी का केस दर्ज किया है। मूर्तियां किस धातु की हैं, इस बात का जिक्र तहरीर में नहीं है। पुलिस काफी देर तक व्यापारियों को मनाने के बाद दुकानें खोलवाने में सफल रहीं। पुलिस आधा दर्जन संदिग्ध लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। व्यापारियों ने प्रभारी निरीक्षक को घटना का राजफाश करने के लिए 72 घंटे का समय दिया है।

मथुरा बाजार के बीचोबीच 300 वर्ष पुराना राम जानकी शिव मंदिर है। यहां राम, लक्ष्मण व सीता की नौ-नौ इंच की मूर्तियां मंदिर के स्थापना काल में ही रखी गई थीं। मंदिर की देखरेख व पूजा पाठ का काम बाजार निवासी आशीष कसौंधन करते हैं। आशीष के मुताबिक वह मंगलवार रात 9 बजे सोहनलाल के घर निमंत्रण पत्र लिखने चले गए थे। लगभग दस बजे रात को मंदिर में ताला लगाने लौटे तो देखा कि मूर्तियां गायब थीं। यह बात उन्होंने पड़ोसियों को बताई। घटना की सूचना मथुरा चौकी प्रभारी ओम नारायण मिश्र को दी गई। वह कुछ संदिग्ध लोगों को रात में पूछताछ के लिए पुलिस चौकी ले गए, लेकिन बाद में उन्हें छोड़ दिया गया। मूर्तियां चोरी होने की सूचना बाजारवासियों में फैल गई। मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष विनय सोनी, महामंत्री सतीश कसौंधन, अनिल कुमार, सत्य प्रकाश, राजेन्द्र प्रसाद, लवकुश व रमन सहित दर्जनों की संख्या में लोग एकत्रित हो गए। आक्रोशित व्यापारियों ने दुकानें बंद रखीं। दर्जनों की संख्या में लोग मुख्य चौराहे पर पहुंच गए और वहीं चक्का जाम कर दिया। व्यापारियों में आक्रोश फैलने की सूचना मिलने पर पुलिस के हाथ पांव फूल गए। प्रभारी निरीक्षक बृजानंद सिंह हमराहियों के साथ मौके पर पहुंचे। अन्य थानों की भी पुलिस बुलाई गई। मान मनौव्वल का खेल लगभग तीन घंटे तक चलता रहा। प्रभारी निरीक्षक ने व्यापारियों को भरोसा दिलाया कि 72 घंटे के भीतर चोरों को पकड़कर मूर्तियां बरामद कर ली जाएंगी। उन्होंने व्यापारियों से सहयोग की तो बात बन गई। व्यापारी दुकान खोलने के लिए चले गए।



मूर्ति चोरी के विरोध में चक्का जाम का प्रदर्शन करते व्यापारी। अमृत विचार

पुलिस ने मंदिर के निकट सीसीटीवी कैमरे के फुटेज निकलवाए हैं। मंदिर के आस पास कुछ संदिग्ध लोग दिखे लेकिन उनका चेहरा पहचानने में नहीं आ रहा है। पुलिस ने संदेह के आधार पर आधा दर्जन लोगों को हिरासत में लिया है। उन्हें थाने लाकर पूछताछ की जा रही है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि चोरों की पहचान कराने में शीघ्र ही कामयाबी मिल जाएगी। चोर मूर्तियों में महंगी धातु को समझकर उठा ले गए हैं, लेकिन मूर्तियां किस धातु की हैं, यह बात किसी को नहीं पता है।

# आज अस्तांचल प्रभु भाष्कर को अर्घ्य देंगी व्रती महिलाएं

संवाददाता,बलरामपुर

**अमृत विचार:** डाला छठ पूजन महोत्सव के दूसरे दिन बुधवार की शाम को खरना का प्रसाद ग्रहण करने के बाद 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू हो गया। गुरुवार की शाम डूबते हुए सूर्य को व्रती महिलाएं अर्घ्य देंगी। अगले दिन शुक्रवार की सुबह उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही छठ महापर्व संपन्न हो जाएगा।पूर्वांचल के प्रसिद्ध डाला छठ पूजन महोत्सव के दूसरे दिन बुधवार को खरना मनाया गया। प्रातः स्नान करने के पश्चात व्रतधारियों ने स्वच्छ कपड़े पहने और महिलाओं ने सिंदूर लगाकर व्रत का संकल्प लिया। दिन भर निराजल व्रत रहने के बाद शाम को अस्त होते सूर्य को छठ का पहला अर्घ्य देने के साथ 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू हो गया। शाम को चावल का पीठा व घी लगी रोटी का प्रसाद ग्रहण कर छठ मइया की आराधना की। रात भर छठ मइया की महिमा के गीत गाते हुए पूजा-अर्चना की गई। गुरुवार को भी दिन भर निराजल व्रत रहने के बाद शाम को श्रद्धालु सरोवर व पोखरे के किनारे पहुंचेंगे। यहां कमर तक पानी में खड़े होकर अस्त होते सूर्य को अर्घ्य देकर पूजन किया जाएगा। रात भर छठ मइया की महिमा का बखान करते हुए पूजन करेंगे। सुबह फिर सरोवर किनारे पहुंचकर उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत का समापन करेंगे।

# विधायक व डीएम ने की ईको पर्यटन स्थल की शुरुआत

संवाददाता,बलरामपुर

**अमृत विचार:** सुहेलदेव वन्य जीव प्रभाग के रामपुर वन क्षेत्र में ईको पर्यटन स्थल का शुभारंभ विधायक बलरामपुर सदर पल्टूराम एवं जिलाधिकारी पवन अग्रवाल द्वारा विधि विधान से पूजन अर्चन व फीता काटकर किया गया। इस दौरान डीएफओ डॉ एम सेम्मरान, उप जिलाधिकारी अभय सिंह, उप प्रभागीय वन अधिकारी मनोज कुमार, एम बी सिंह मौजूद रहें।

डीएम ने मौजूद थारू जनजाति की महिलाओं और लोगों को बताते हुए कहा कि पर्यटन स्थल के विकास से रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। पर्यटन स्थल में लड्डू, बाजरा, बांस की टोपी, व अन्य थारू सभ्यता के उत्पाद सहित स्थानीय उत्पादन बनाकर बिक्री किया जा सकता हैं। डीएम एवं विधायक सदर ने दारा नाला पर स्थित नेचर ब्यूटी का फीता काटकर शुभारंभ करते हुए वन विभाग के प्रयासों की सराहना की। कहा कि इको टूरिज्म पर्यटकों के लिए नया अनुभव होगा। पर्यटन स्थल के प्रचार प्रसार हेतु स्कूल के छात्रों का पर्यटन स्थल का भ्रमण कराए जाने का निर्देश दिया। विधायक बलरामपुर सदर ने वन विभाग के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि जरवा क्षेत्र को एक नई पहचान मिली है, इस क्षेत्र के विकास में हम सभी को सदैव प्रयास करते रहना चाहिए। डीएम एवं विधायक बलरामपुर सदर द्वारा ने जरवा के गेस्ट हाउस में स्थित चिल्ड्रंस पार्क, वॉकिंग ट्रिल, थारू सभ्यता से जुड़ी झोपड़ी तथा कैंटीन का शुभारंभ किया गया और सीमा क्षेत्र के विकास को बढ़ावा देने हेतु कार्ययोजना बनाने का निर्देश मौजूद सभी अधिकारियों को दिया। डीएफओ डॉक्टर एम सेम्मारन ने कहा कि जंगल से सटे चित्तौड़गढ़ बांध को बोट वाचिंग और बर्ड वाचिंग जगह के रूप में विकसित किया जाएगा। जहां लोग जलाशय में नाव चलाकर तथा दूरबीन से मौजूद चिड़ियों को देखने का लुत्फ उठा सकेंगे। मौजूद सभी अधिकारियों ने छायाकार व शोभाकर पौधों का रोपण किया। इस दौरान क्षेत्रीय वन अधिकारी प्रभात वर्मा, अमरजीत प्रसाद, के के श्रीवास्तव, नायब तहसीलदार शिवेंद्र पटेल आदि मौजूद रहे।



इको टूरिज्म पार्क का फीता काटकर उद्घाटन करते सदर विधायक और डीएम ।

# तालाब में डूबने से युवक की मौत

**बलरामपुर अमृत विचार।** पैर फिसलने से गहरे तालाब में गिरकर मानसिक मंदित युवक की मौत हो गई। ग्रामीणों ने काफी देर तक उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन कामयाबी नहीं मिली। लगभग 40 मिनट बाद युवक का शव तालाब से बाहर निकाला गया। घटना हरैया थाना क्षेत्र अन्तर्गत भुजेहरा गांव में बुधवार दोपहर पौने चार बजे हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। भुजेहरा निवासी निब्बर पाल का घर तालाब किनारे स्थित है। उनका मानसिक मंदित 34 वर्षीय पुत्र बालक राम धान फसल काटने गया था। लौटते समय पैर फिसलने से वह तालाब में गिरकर गहरे पानी में डूब गया। प्रभारी निरीक्षक गोविंद कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# स्वयं सहायता समूहों को स्थानीय स्तर पर मिल रहा रोजगार : डीएम

संवाददाता,बलरामपुर

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने भूमि विवादों एवं राजस्व वादों में कमी लाने तथा स्वयं सहायता समूहों को स्थानीय स्तर पर रोजगार मुहैया कराने के लिए अभिनव पहल करते हुए जनपद में सीमा स्तम्भों के निर्माण कार्य की जिम्मेदारी स्वयं सहायता समूहों को सौंपी है। बताते चलें कि जनपद में 1934 सीमा स्तम्भों का निर्माण कार्य स्वयं सहायता समूहों द्वारा किया जा रहा है। जनपद में 5381 सीमा स्तम्भों लगाये जाने थे जिसमें से 3447 सीमा स्तम्भ पहले से लगे हुए हैं। स्वयं सहायता समूहों द्वारा बनाए गए सीमा स्तम्भों को लगाने का कार्य शुरू भी हो गया है। निर्माण किये जाने वाले सीमा स्तम्भों में सदर तहसील में 461, तुलसीपुर में 1139 व तहसील उतरौला में 334 सीमा स्तम्भ सहित कुल 1934 सीमा स्तम्भ शामिल हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि सीमा स्तम्भों के लगने से एक ओर जहां भूमि एवं राजस्व वादों में कमी आएगी वहीं दूसरी ओर स्वयं सहायता समूहों को स्थानीय स्तर पर रोजगार भी मुहैया हो रहा है। उन्होने बताया कि किसी भी रास्ते पर चलते समय कौन सा गांव आ गया है, या किस क्षेत्र में पहुंच गयें हैं, अब यह आसानी से पता चलेगा।



सीमा स्तंभों का निरीक्षण करते अधिकारी। अमृत विचार

# सीएमओ ने गंदगी देख जताई नाराजगी

**बलरामपुर, अमृत विचार :** बुधवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रेहरा बाजार का निरीक्षण किया। निरीक्षण में राम प्रकाश यादव स्वीपर अनुपस्थित पाए गए। सीएमओ ने अनुपस्थित पाए गए कर्मी का वेतन रोकने का आदेश ने दिया। रेहरा बाजार में निर्माणधीन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण कर कार्य में तेजी लाने का निर्देश कार्यदायी संस्था को दिया तथा एक सप्ताह में भवन को स्वास्थ्य विभाग को सौंपने का निर्देश दिया । सीएमओ ने बताया कि इसी माह सीएचसी का संचालन करा दिया जायेगा। सीएमओ ने प्रभारी चिकित्सा अधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रेहरा बाजार डॉ चन्द्र प्रकाश को निर्देशित किया कि चिकित्सालय भवन और परिसर में साफ सफाई आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करें। निरीक्षण के समय चिकित्सा अधिकारी डॉ विजय भान उपस्थित रहे।

# दो माह से विद्यालय में नहीं बन रहा मध्याह्न भोजन

## प्रभारी प्रधानाध्यापक व खंड शिक्षा अधिकारी के बीच अनबन से है बाधित, अभिभावकों ने की उच्च अधिकारियों से शिकायत

संवाददाता,जरवा बलरामपुर

**अमृत विचार:** शिक्षा क्षेत्र गैंसड़ी के कंपोजिट विद्यालय हलौरा में बीते दो माह से मध्याह्न भोजन नहीं बन रहा है ।गरीब व मजदूर के बच्चे पढ़ रहे भूखे पेट विद्यालय से घर लौट रहे हैं। अभिभावक

मोहम्मद रफीक, लाला, अहद, जावेद अख्तर, अल्तमस, अतीउल्लाह वअकरम सहित दर्जनों अभिभावकों ने स्कूल में प्रदर्शन करते हुए कहा कि बीते दो माह से विद्यालय में भोजन नहीं बन रहा बच्चे भूखे पेट ही घर से चले आते हैं और स्कूल से भी भूखे ही घर जा रहे हैं। हम भी दिन में अपने खेतों पर होते हैं जिस कारण बच्चे पूरा दिन भूखे रह जाते हैं। भूखे पेट पढ़ाई कैसे हो इस बाबत हमें बहुत चिंता है। हम सभी गरीब व दैनिक श्रमिक हैं हम अपने बच्चों को पोषण युक्त भोजन नहीं दे सकते जिस कारण परिषदीय विद्यालय में नाम लिखाया था कि बच्चे पढ़ेंगे साथ ही पोषण युक्त भोजन, दूध और फल खाकर तनाव और बीमारियों से दूर रहेंगे।हम ऐसा भी सुन रहे हैं कि स्कूल के प्रधानाध्यापक और खंड शिक्षा अधिकारी के बीच कुछ अनबन को लेकर एमडीएम बाधित है। हम सभी ने मुख्यमंत्री, जिलाधिकारी व जिला बेसिक अधिकारी को शिकायत किया है। विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष अब्दुल अहद ने कहा कि स्कूल की समस्या को कई बार ग्राम प्रधान और गांव वालों ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, गैंसड़ी खंड शिक्षा अधिकारी को दी थी। तथा विद्यालय में आकर स्कूल की स्थिति की जांच करने को कहा था अधिकारियों द्वारा चार-चार बार औचक निरीक्षण के लिए कहा भी गया था लेकिन तीन माह बाद भी कोई अधिकारी विद्यालय पर झांकने नहीं आया। दो माह बीत गया मध्याह्न भोजन भी नहीं बन सका। अगस्त माह में बलरामपुर मुख्यालय से अधिकारी रमेश मौर्य व अन्य निरीक्षण पर आए थे लेकिन उच्च अधिकारियों को अधूरी रिपोर्ट देने के कारण समस्या का समाधान अभी भी नहीं हो सका। ग्राम प्रधान इंद्रजीत साहू ने बताया कि स्कूल में मध्याह्न भोजन नहीं बन रहा है जिसकी सूचना हमने उच्च अधिकारियों को दी थी लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। अध्यापक धीरेंद्र वर्मा ने बताया कि स्कूल के कक्षा एक से आठ तक में लगभग 125 छात्र छात्रा नामांकित हैं। मध्याह्न भोजन नहीं बनने की सूचना ऑनलाइन माध्यम से जा रही है। व सभी उच्च अधिकारियों को भी पता है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शुभम शुक्ला ने बताया कि जानकारी मिली है विद्यालय का निरीक्षण कर समस्या शीघ्र हल करा दी जाएगी।



कंपोजिट विद्यालय हलौरा में मध्यान भोजन के लिए प्रदर्शन करते अभिभावक।

## सार-संक्षेप

### ट्रैक्टर की टक्कर से गिरी दीवार के नीचे दबकर छात्र की मौत

**बलरामपुर अमृत विचार।** महराजगंज तराई थानांतर्गत नारायणपुर गांव में ट्रैक्टर की टक्कर से गिरी दिवाल के नीचे दबकर एक बालक की मौत हो गई। नारायणपुर गांव निवासी अर्जुन पाल के 11 वर्षीय पुत्र अरविंद की मंगलवार शाम ट्रैक्टर की टक्कर से ढही दीवार के नीचे दबकर मौत हो गई। वह प्राथमिक विद्यालय नारायणपुर में कक्षा पांच का छात्र था। घटना के बारे में प्रभारी निरीक्षक गिरिजेश तिवारी ने बताया कि एक किशोर भुजेहरा गांव से ट्रैक्टर मांगकर लाया था और अपना कुछ कार्य कर रहा था। इसी दौरान अरविंद विद्यालय से लौटकर अपने पशु को चारा दे रहा था। ट्रैक्टर चला रहे किशोर ने नियंत्रण खो दिया और दीवार पर टक्कर मार दी, जिससे अरविंद की मौत हो गई। अरविंद के दो भाई और तीन बहनें हैं। स्वजन ने पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया है।

### महिला का शव मिलने के बाद पति समेत तीन पर मुकदमा

**बलरामपुर, अमृत विचार :** राप्ती नदी में महिला का शव मिलने के मामले में मंगलवार को पति समेत तीन ससुराली जनों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। देहात कोतवाली क्षेत्र के बेलहा चरनगहिया निवासी उदयराज ने मंगलवार को नगर कोतवाली में पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उनकी पुत्री गंगोत्री देवी (22) का विवाह नगर के मोहल्ला सिविल लाइन स्थित पावर हाउस दफ्तर निवासी इंद्रेश कुमार के साथ जून 2020 में हुआ था। बेटी को ससुरालीजन दहेज में एक लाख नकदी व बाइक को लेकर प्रताड़ित कर रहे थे। उदयराज ने बताया कि एक नवंबर को सुबह नौ बजे अपनी पुत्री के ससुराल नगर के मोहल्ला सिविल लाइन स्थित पॉवर हाउस परिसर में हाल चाल जानने के लिए गया था। बेटी ससुराल में नहीं मिली। प्रभारी निरीक्षक नगर कोतवाली शैलेश कुमार सिंह ने बताया कि मृतका के पिता उदयराज की तहरीर पर मोहल्ला सिविल लाइन स्थित पॉवर हाउस कालोनी निवासी पति इंद्रेश, सास श्याम कुमारी व जेठ संजीव कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की छानबीन की जा रही है।

### बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता मे बच्चों ने दिखाया दमखम

**बलरामपुर, अमृत विचार :** ब्लॉक स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता बेसिक 2024 विकासखंड बलरामपुर की स्पोर्ट्स स्टेडियम में सुबह 9 बजे से शुरु हुई। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि शुभम शुक्ला जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,विशिष्ट अतिथि के रूप में खंड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय रामचंद्र मौर्य,अध्यक्ष नगर पालिका परिषद के प्रतिनिधि डी पी सिंह बैस ने किया गया। मुख्य अतिथि के सामने 100 मीटर बालक बालिका की प्रतियोगिता कराई गई। उद्घाटन के समय बच्चों को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बलरामपुर एवं समापन में प्राचार्य एम एल के कॉलेज जनार्दन पांडेय द्वारा प्रमाण पत्र एवं मैडल पहनकर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी बलरामपुर ग्रामीण श्री अशोक कुमार पाठक ने खेल के बारे में बताया की बच्चों को पढ़ाई के साथ–साथ खेलना जरूरी है। संचालन अरुण कुमार मिश्रा एवं तान्या बाजपेई द्वारा किया गया इस अवसर पर शिक्षक संघ के पदाधिकारी अजय प्रताप सिंह,मंगल देव मिश्रा,अशोक कुमार उपाध्याय,पंकज कुमार पांडे,सुशील कुमार सिंह,राकेश कुमार मिश्रा,विजय मिश्रा,अटेवा संघ के जिला अध्यक्ष आदि लोग उपस्थित रहे। समापन पर प्राचार्य जनार्दन पांडे जी का बुके देकर खंड शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार पाठक द्वारा स्वागत किया गया। प्राचार्य ने विजई खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया तथा उनको प्रमाण पत्र एवं मैडल देकर पुरस्कृत किया।



प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते अतिथि शुभम शुक्ला। अमृत विचार

### बलरामपुर चीनी मिल में हुई ब्वायलर पूजा



बलरामपुर चीनी मिल में ब्वायलर पूजा करते अधिकारी। अमृत विचार

**बलरामपुर अमृत विचार।** गन्ना पेराई सत्र 2024–25 के शुभारंभ के लिए बलरामपुर चीनी मिल में बुधवार को ब्वायलर पूजा की गई। चीनी मिल के पुजारी पंडित तिलकधारी पांडेय ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मुख्य यजमान प्रधान प्रबंधक यांत्रिकी योगेंद्र सिंह विष्ट से ब्वायलर की पूजा संपन्न कराया। प्रधान प्रबंधक ने चीनी मिल के अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ हवन–कुड में आहुति डालकर नये पेराई सत्र की सफलता की कामना की। चीनी मिल के अधिशासी अध्यक्ष केके बाजपेयी ने अधिकारियों व कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि नये पेराई सत्र की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। केन हेड श्याम सिंह, कामर्शियल हेड बीएन ठाकुर, प्रोडक्शन हेड उदय वीर सिंह, मानव संसाधन प्रमुख डीके सिंह, उप प्रधान प्रबंधक ब्वायलर पीके मिश्र, उप प्रधान प्रबंधक प्रोडक्शन ओपी सिंह व श्रम कल्याण अधिकारी एसपी सिंह सहित चीनी मिल के तमाम अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# 60 आईपीएस अफसरों के प्रमोशन पर मंथन

## जनवरी में कमेटी की बैठक में हो सकती है डीपीसी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में लगभग पांच दर्जन आईपीएस अफसरों के प्रमोशन होने हैं, जिसकी प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। इसके लिए पुलिस महानिदेशक मुख्यालय में मंथन चल रहा है। अगले वर्ष जनवरी माह में होने वाली विभागीय प्रोन्नत कमेटी की बैठक में करीब दो दर्जन एसपी से डीआईजी, आधा दर्जन डीआईजी से आईजी और तीन आईजी से एडीजी स्तर के अधिकारियों के प्रमोशन पर विचार किया जा सकता है। इसके अलावा डेढ़ दर्जन से अधिक सहायक पुलिस अधीक्षकों को पुलिस अधीक्षक की रैंक मिल सकती है।

जानकारी के अनुसार, आईजी से एडीजी के पद पर प्रोन्नत होने वाले अफसरों में गौतमबुद्धनगर की पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह, लखनऊ रेंज के आईजी प्रशांत कुमार-द्वितीय और एटीएस के आईजी नीलाब्जा चौधरी के नाम शामिल हैं। जबकि डीआईजी से आईजी होने वालों में जोगेन्द्र कुमार, रवि कुमार छवि, विनोद कुमार सिंह, भारती सिंह, बाबूराम, राकेश प्रकाश, योगेश सिंह और गीता सिंह हैं। इसी तरह एसएसपी से डीआईजी बनने की प्रक्रिया में मुजफ्फरनगर के एसएसपी अभिषेक सिंह, मथुरा के एसएसपी शैलेश पांडेय, फर्रुखाबाद के एसएसपी आलोक प्रियदर्शी, झांसी की एसएसपी सुधा सिंह और शाहजहांपुर के एसपी राजेश के अलावा एसपी रामबदन सिंह, हृदयेश कुमार, तेजस्वरूप, देवरंजन वर्मा, अजय कुमार, हेमंत कुटियाल, शालिनी, स्वप्लिन ममगैन, प्रदीप कुमार, सूर्यकांत त्रिपाठी, अरुण कुमार श्रीवास्तव, विकास कुमार वैध, राजेश कुमार सक्सेना, डॉ. अरविन्द चतुर्वेदी, सुनीता सिंह, दिनेश सिंह, कमला प्रसाद यादव, अरविन्द मौर्य और सुभाष चंद शाक्य के नाम शामिल हैं।

### इन अफसरों के प्रमोशन में हो सकती है देरी

डीपीसी बैठक में आईपीएस अतुल शर्मा, शगुन गौतम, हिमांशु कुमार, अमित पाठक, धर्मवीर सिंह, विपिन मिश्रा और अजय पाल शर्मा के प्रमोशन का लिफाफा बंद हो सकता है। बताया जाता है कि इन अफसरों के खिलाफ किसी न किसी मामले को लेकर विभागीय जांच चल रही है। चूंकि डीपीसी बैठक होने में अभी लगभग दो महीने का समय है। हो सकता है तब तक कुछ अफसरों को जांच में क्लीन चिट मिल जाय।

# कानून के अनुसार सर्वेक्षण किया अथवा नहीं : हाईकोर्ट

▶▶ बहराइच ध्वस्तीकरण मामले में नोटिस जारी करने को लेकर सरकार से पूछा सवाल

विधि संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने बहराइच में कथित अतिक्रमण के विरुद्ध ध्वस्तीकरण की कार्रवाई को चुनौती देने वाली जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान राज्य सरकार से पूछा है कि कानून के अनुसार सर्वेक्षण व सीमांकन किया गया अथवा नहीं। कोर्ट ने राज्य सरकार से अन्य बिंदुओं पर भी जानकारी मांगते हुए मामले में अगली सुनावाई के लिए 11 नवम्बर की तिथि नियत कर दी है।

वहीं, राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि उसका जवाबी हलफनामा दाखिल हो चुका है। इस पर न्यायालय ने याची को प्रत्युत्तर दाखिल करने का आदेश दिया। यह आदेश न्यायमूर्ति एआर मसूदी व न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की खंडपीठ ने एसोसिएशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर पारित किया। सुनवाई के दौरान न्यायालय ने राज्य सरकार के अधिवक्ता को अगली तिथि पर यह भी बताने को कहा है कि क्या इस बात की जांच कराई गई थी कि जिन लोगों को नोटिस जारी किया गया है, वह संपत्ति के असली मालिक हैं या नहीं? वहीं याची के अधिवक्ता ने दलील दी कि जिन अधिकारियों ने नोटिस जारी की है, वे संबंधित प्रावधानों के तहत नोटिस जारी ही नहीं कर सकते। उन प्रावधानों के तहत नोटिस जारी करने का अधिकार सिर्फ जिलाधिकारी को है।

छठ स्पेशल — श्रद्धालुओं को गंतव्य तक पहुंचाने का किया गया इंतजाम

# दिल्ली रूट पर 10 की जगह चलेंगी 20 बसें

संवाददाता,बलरामपुर

**अमृत विचार :** छठ को लेकर रोडवेज बसों व ट्रेनों में भीड़ बढ़ने लगी है। ऐसे में कई रूटों पर बसों का संचालन बढ़ाया गया है। श्रद्धालुओं को गंतव्य तक पहुंचाने के लिए इंतजाम किया गया है।

सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक बलरामपुर डिपो गोपीनाथ दीक्षित ने बताया कि दिल्ली रूट पर छठ पर्व को देखते हुए 11 नवंबर तक दिल्ली रूट पर 10 की जगह अब 20 बसों का संचालन होगा। इसी तरह लखनऊ-कानपुर रूट पर अब 18 के स्थान पर 28 बसें चलेंगी। अयोध्या-प्रयागराज रूट पर दो की जगह आठ बसें चलाई जाएगी। उतरौला-बस्ती रूट पर भी अब एक की जगह पर दो बसों का संचालन होगा। इसके अलावा लोकल रूटों पर भी बसों के फेरे बढ़ाए गए हैं। जो बसें दो फेरा चल रही थी, उन्हें चार फेरों में चलाया जा रहा है।

मुख्य जन संपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि भारतीय रेलवे ने गोरखपुर से मुंबई के बांद्रा टर्मिनस तक जाने वाली पूजा स्पेशल ट्रेन की सुविधा शुरू की है। ट्रेन संख्या 05029 गोरखपुर से छह व 10 नवंबर और 05030 बांद्रा टर्मिनस से आठ व 12 नवंबर को बलरामपुर से होकर चलेगी। छठ पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए छपरा-लोकमान्य पूजा विशेष ट्रेन का संचालन तीन-तीन फेरों के लिए किया गया है। ट्रेन संख्या 05113 10 व 17 नवंबर और 05114 लोकमान्य तिलक से 11 व 18 नवंबर को प्रत्येक रविवार को बलरामपुर से होकर चलेगी। बढ़ी ट्रेनों का ठहराव तुलसीपुर में भी होगा।



छठ पूजा पर दिल्ली रोड पर चलने के लिए तैयार परिवहन निगम की बसें।

# डीएम ने की विज्ञान प्रदर्शनी की शुरुआत



डायट परिसर में विज्ञान मॉडल का निरीक्षण करते डीएम पवन अग्रवाल।

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार:** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान( डायट) में एक दिवसीय विज्ञान प्रदर्शनी का शुभामंभ डीएम श्री पवन अग्रवाल द्वारा किया गया। इस दौरान उन्होंने विज्ञान मॉडल का अवलोकन किया एवं छात्रों से विज्ञान मॉडल के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा सभी का मनोबल बढ़ाया ।डीएम ने कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी में छात्रों द्वारा बहुत ही अच्छे एवं नवाचार वाले मॉडल प्रस्तुत किए गए। विज्ञान मॉडल से बच्चों में विज्ञान के प्रति रुझान बढ़ता है तथा उनकी सोच में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित होती है। इस दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक मृदुला आनंद , विभिन्न विद्यालयों के छात्र छात्राएं , प्रधानाचार्य उपस्थित रहें।

अर्थागमो नित्यमरोगिता च प्रिया च भार्य प्रियवादिनी च।
वश्यश्च पुत्रोऽर्थकरी च विद्या षट् जीवलोकस्य सुखानि राजन् ॥

धन प्राप्ति, स्वस्थ जीवन, अनुकूल पत्नी, मीठा बोलने वाली पत्नी, आज्ञाकारी पुत्र तथा धनाजर्न करने वाली विद्या का ज्ञान से छह बातें संसार में सुख प्रदान करती हैं।

## संपादकीय

# असाधारण वापसी

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दुनिया की सबसे शक्तिशाली सेना और सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के प्रमुख कमांडर के रूप में अपनी भूमिका को फिर से शुरू करने के लिए तैयार हैं। ट्रंप ने बुधवार को दूसरी बार राष्ट्रपति चुनाव में जीत हासिल की जिसे अमेरिकी इतिहास में किसी नेता की सबसे बड़ी राजनीतिक वापसी कहा जा रहा है। बुधवार को ट्रंप को उनकी जीत पर बधाई देते हुए दुनिया भर के नेताओं ने उनकी वापसी को इतिहास की सबसे बड़ी वापसी कहा है। चुनाव में जीत हासिल करके ट्रंप ने सिद्ध कर दिया कि वे राजनीति में एक बड़े खिलाड़ी थे और रहेंगे। वह पहले ऐसे पूर्व राष्ट्रपति हैं जिन्हें आपराधिक आरोपों में दोषी करार दिए जाने के बाद भी इस पद के लिए नामांकन का अवसर मिला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें बधाई दी और वैश्विक शांति, स्थिरता और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए साथ मिलकर काम करने का आह्वान किया। ट्रंप अगले वर्ष जनवरी में कार्यभार संभालेंगे। ट्रंप की जीत के बाद भारत के संदर्भ में कई ऐसे सवाल हैं, जो सामने आना शुरू हो चुके हैं। ट्रंप प्रशासन के नेतृत्व में भारत अमेरिका के रिश्तों पर क्या असर पड़ेगा?

गौरतलब है कि दीपावली के अवसर पर ट्रंप ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर पोस्ट करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना दोस्त बताया था। उन्होंने भारत और अमेरिका के संबंधों को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता जताई। साथ ही अपनी सरकार आने पर दोनों देशों के बीच की साझेदारी को और आगे बढ़ाने का वादा किया। चीन मामले में भी ट्रंप ने भारत का समर्थन किया है। पिछली बार ट्रंप के कार्यकाल में ही इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में चीनी प्रभाव का मुकाबला करने के लिए अमेरिका, भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया के बीच सुरक्षा साझेदारी क्वाड को मजबूत किया गया था। हालांकि भारत के प्रति ट्रंप की वीजा नीति प्रवासियों के लिए काफी मुश्किलें पैदा कर सकती हैं। ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल में एच-1 बी वीजा नियमों पर सख्ती दिखाई थी। इसका भारतीय पेशेवरों और टेक्नोलॉजी कंपनियों पर असर दिखा था। अगर ये नीति जारी रही तो भारतीयों के लिए अमेरिका में नौकरियों के अवसर कम होंगे। महत्वपूर्ण है कि भारत और अमेरिका के बीच एक मजबूत व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी है, जो लंबे समय से साझा लोकतांत्रिक मूल्यों, साझा हितों और दोनों देशों के लोगों के बीच संबंधों पर आधारित है। ऐसे में भारत और अमेरिका के बीच रक्षा सहयोग और बेहतर व मजबूत होने की संभावनाएं हैं।

# कैंसर से जंग की नई उम्मीदें



निरंकार सिंह
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल ने अपने नए शोध के जरिए एक टेबलेट विकसित की है, जिसमें मुख्य बातें ये हैं कि विकसित की गई टैबलेट कैंसर ट्रीटमेंट थेरेपी यानी कीमोथेरेपी के दुष्प्रभावों को कम करने में असरदार होगा।

आधुनिक चिकित्सा विज्ञान और दवाओं ने कई असाध्य रोगों पर विजय प्राप्त कर ली है, लेकिन खतरनाक कैंसर सभी चिकित्सा विधियों को चकमा देकर आगे बढ़ने वाला रोग साबित हुआ है। पिछले 20 सालों में दुनियाभर में कैंसर के मरीजों की संख्या दोगुनी हो गई है। भारत में कैंसर के मामलों पर किए गए और बीएमसी कैंसर जर्नल में प्रकाशित आइसीएमआर (भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद) के 2022 के एक अध्ययन ने अनुमान जाहिर किया कि 2025 तक भारत में कैंसर के 2.98 करोड़ मामले हो सकते हैं। ये नीति आयोग के अनुमान के हिसाब से इस साल भारत की 1.4 अरब आबादी की दो फीसदी होगी।

कैंसर के नए इलाजों में जहां इम्यूनोथेरेपी एक बड़ी उम्मीद के रूप में देखी जा रही है वहीं कुछ परंपरागत तौर तरीकों में बड़े बदलाव से भी इस जानलेवा बीमारी को काबू में करने की कोशिशें लगातार जारी हैं। इम्यूनोथेरेपी एक प्रकार का कैंसर उपचार है। यह प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ावा देने और शरीर को कैंसर कोशिकाओं को खोजने व नष्ट करने में मदद करने के लिए शरीर द्वारा या प्रयोगशाला में बनाए गए पदार्थों का उपयोग करती है। उधर कैंसर के इलाज में भारतीय मसाले बेहद कारगर हैं। आईआईटी मद्रास के अनुसंधानकर्ताओं ने कैंसर के इलाज के लिए इनका पेटेंट करवाया है। 2028 तक बाजार में उपलब्ध होने की उम्मीद है। मुंबई स्थित देश के सबसे बड़े टाटा मेमोरियल कैंसर हॉस्पिटल और रिसर्च सेंटर की तरफ से अब इस जानलेवा बीमारी को लेकर एक उम्मीद जगाने वाली खबर सामने आई है। मुंबई के टाटा मेमोरियल सेंटर के एक शोध में यह दावा किया गया है कि उन्होंने कैंसर की एक बेहद किफायती संभावित दवा ढूंढ ली है, जो कैंसर सेल्स को फिर से बढ़ने से रोक सकती है और कैंसर ट्रीटमेंट थेरेपी के दुष्प्रभावों को कम करने में सहायक है।

टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल ने अपने नए शोध के जरिए एक टेबलेट विकसित की है, जिसमें मुख्य बातें ये हैं कि विकसित की गई टैबलेट कैंसर ट्रीटमेंट थेरेपी यानी कीमोथेरेपी के दुष्प्रभावों को कम करने में असरदार होगा। यह टैबलेट



राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस

कीमोथेरेपी जैसे ट्रीटमेंट के बुरे प्रभावों को 50 प्रतिशत तक कम करने में मददगार साबित हो सकती है। कैंसर के दोबारा बढ़ने या होने से रोकने के लिए संभावित दवा हो सकती है। कैंसर के दोबारा होने की संभावना को 30 प्रतिशत तक कम करने में मददगार साबित हो सकती है। टाटा रिसर्च ने जो दवा विकसित की है डॉक्टर्स करीब 12 साल से काम कर रहे हैं। चूहों पर प्रयोग कर इस दवा का सकारात्मक असर दिखा। कैंसर ट्रीटमेंट के दुष्परिणामों पर असर का परीक्षण चूहों और इंसानों दोनों पर किया गया, लेकिन इसकी रोकथाम का परीक्षण अभी सिर्फ चूहों पर किया गया है। इसके लिए मानव परीक्षण यानी ह्यूमन ट्रायल पूरा करने में लगभग पांच साल यानी 2028 तक का समय लगेगा। लोगों को इसका लाभ मिलने के लिए कुछ वर्षों तक इंतजार करना पड़ सकता है।

वैकल्पिक चिकित्सा के क्षेत्र में कई दशकों से काम करने वाली संस्था डीएस रिसर्च सेंटर ने पोषक ऊर्जा से कैंसर की औषधि तैयार करके यही काम किया है। वैज्ञानिक परीक्षणों में भी इस औषधि के नतीजे बेहतर पाए गए हैं। कोलकाता के जाधवपुर विश्वविद्यालय के नैदानिक अनुसंधान केन्द्र (सीआरसी) के निदेशक डॉ. टीके चटर्जी के अनुसार- 'डीएस रिसर्च सेंटर की पोषक ऊर्जा से तैयार की गई औषधि सर्वपिष्टी के पशुओं पर किए गए परीक्षण के परिणाम उत्साहजनक पाए गए हैं। यदि पशुओं के शरीर पर सर्वपिष्टी का प्रयोग किए जाने के बाद सीआरसी ने उत्साहजनक परिणाम प्राप्त किए हैं तो ऐसे ही परिणाम इसे मानव शरीर पर प्रयोग करने से भी प्राप्त किए जा सकते हैं, जो कैंसर उपचार के इतिहास में युगांतकारी घटना होगी। सीआरसी विभिन्न रोगों के लिए दवाइयों का नैदानिक परीक्षण करता है।

इसी सिलसिले में उन्होंने सर्वपिष्टी का भी नैदानिक परीक्षण किया था। किसी दवाई की प्रभावकारिता का स्तर सुनिश्चित करने के लिए सामान्यतः दो प्रकार का परीक्षण किया जाता है- पहला, औषधीय (फार्माकोलॉजिकल) परीक्षण और दूसरा, विष विद्या संबंधी (टॉक्सिकोलॉजिकल) परीक्षण। ये परीक्षण आयातित सफेद चूहों पर किए गए। पशु शरीर में कैंसर कोशिकाओं को प्रविष्ट कराया गया और जब ट्यूमर निर्मित हो गया तब हमने दवा देना शुरू किया। 'पोषक ऊर्जा' के परीक्षण की स्थिति में 14 दिनों बाद जो प्रतिक्रिया देखी गई उनमें कोशिकाओं की संख्या स्पष्ट रूप से कम होना शुरू हो गई थी। पशु शरीर में कोई अल्सर पैदा नहीं हुआ। ट्यूमर विकास दर 46 प्रतिशत तक कम हो गई थी और दवाई की विषाक्तता लगभग शून्य थी। ऐसे सकारात्मक परिणाम हाल के समय में नहीं देखे गए थे। इस औषधि में कैंसर को रोकने और उससे लड़ने की अपरिमित संभावनाएं हैं।'

औषधियों के परिणाम-परीक्षण की एक सुनिश्चित वैज्ञानिक पद्धति है। औषधियां प्रायः विषों और ड्रगों से बनती है अतएव पहला परीक्षण किया जाता है कि वे स्वास्थ्य और जीवन को खतरे में तो नहीं डाल देंगी, लेकिन डीएस रिसर्च सेंटर ने तो मानवीय भोज्य पदार्थों में सन्निहित पोषक ऊर्जा को प्राप्त करके औषधियां तैयार की थीं इसलिए वे औषधियां मानव स्वास्थ्य के लिए सर्वथा अनुकूल थीं। यहां तक कि औषधि के सेवन का माध्यम भी दुग्ध शर्करा को बनाया गया था, जो एक मानवीय भोज्य है और स्वास्थ्य पर इसका कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता है। डीएस रिसर्च सेंटर के संस्थापक वैज्ञानिक डॉ. उमाशंकर तिवारी के अनुसार सर्वपिष्टी कोई औषधीय सूत्र नहीं है, बल्कि पोषक ऊर्जा वर्ग की औषधीय का प्रतिनिधित्व करती है। सन 1982 में सेंटर ने कैंसर की औषधि तैयार की। इस औषधि के परीक्षण के लिए प्रारंभ से ही नीति बनी कि केवल ऐसे रोगियों की तलाश की जाए, जिन्हें अस्पताली चिकित्सा के धर्मकांटे ने चिकित्सा के लिए अयोग्य मानकर अंतिम रूप से छोड़ दिया हो। खोजबीन करके इस तरह के रोगियों तक पोषक ऊर्जा की खुराकें पहुंचाई जाने लगी। उन्हें यह भी कह दिया गया कि अपने कष्टों के लिए और स्वास्थ्य के विकास के लिए जो भी औषधियां वे लेते रहे हैं उन्हें लेते रहें। सेंटर के वैज्ञानिक तिवारी के निर्देशन में परीक्षण अभियान शुरू हुआ। अंततः औषधि की सफलता और उसके प्रभाव-परिणाम की सकारात्मकता, रोगियों के अपने अनुभवों तक सीमित नहीं रही, वह जांच रिपोर्टों से भी प्रमाणित हुई और पारंपरिक चिकित्सा के वर्तमान सूत्रधारों को अक्सर विस्मित भी करती रही, पर यह औषधि बाजार में उपलब्ध नहीं है।

हमारे भोजन में प्रयोग होने वाले मसालों से तैयार नैनोमेडिसिन ने फेफड़े स्तन सर्विकल, मुख, बृहदांत्र व थॉयराइड सेल लाइन के खिलाफ कैंसर रोधी गतिविधि दिखाई है, लेकिन ये सामान्य कोशिकाओं के लिए सुरक्षित है। पशुओं पर यह अध्ययन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ है, अब क्लिनिकल ट्रायल की तैयारी चालू है। प्रोफेसर नागराज नैनो इमल्शन की स्थिरता महत्वपूर्ण विचार था। हालांकि कैंसर कोशिकाओं के साथ सक्रिय अवयवों व उनके संपर्क के तरीकों की पहचान करने के लिए और अधिक अध्ययन प्रयोगशालाओं में जारी रखेंगे। वास्तव में पारंपरिक कैंसर उपचार में थेरेपी की तुलना में नैनो-ऑन्कोलॉजी के ढेरों फायदे तो हैं ही, इसके कोई साइड इफेक्ट्स भी नहीं हैं। अपने भोजन में इन मसालों का महत्व हमेशा से है। हमारी रसोई में हल्दी, जीरा, मेथी, इलायची, काली मिर्च, अजवाइन, तेजपत्ता व गरम मसालों की मौजूदगी बताती है। हम पुरातन वक्त से इनके महत्व को समझ रहे हैं। इस तरह से तैयार की जाने वाली दवाएं बेहद सुरक्षित साबित हो सकती हैं। साथ ही इन मसालों के शुद्ध रूप को रोजाना के भोजन में शामिल कर हम इन रोगों से खुद को सुरक्षित रखने के प्रयास भी कर सकते हैं।

## प्रसंगवश

# शारदा सिन्हा का पान भी सुरीला था

छठ मईया की आवाज, लोकसंगीत की लता मंगेशकर, स्वर कोकिला, बिहारी माटी की सुगंध, भोजपुरी-मैथिली गीतों की पवित्रता, मां शारदा की शक्ति, जैसी पहचान बनाने वाली शारदा सिन्हा का जिक्र और गीत गूंज रहे हैं। ये छठ महापर्व का शोक काल है। उनके कई गीत भावुक कर देते हैं, छठ की संगीतमय फिजाओं में शारदा की विदाई बेहद भावुक करने वाली है।

आस्था को चरम पर पहुंचाने वाले उनके गीतों की स्वर लहरियां जब फिजाओं में तैर रहीं हैं। ऐसे में उनकी रुखसती ने कइयों को रुला दिया। त्योहारों के अलावा मांगलिक आयोजनों में भी बिहार की इस स्वर कोकिला के गीत गूंजे बिना यहां सब कुछ अधूरा सा लगता है। सुपर हिट फिल्म- 'मैंने प्यार किया' के अलावा दर्जनों फिल्मों में भी उनके लोकगीतों ने धमाल मचा दिया था। साड़ी, बिंदी, सिंदूर। भारतीय संस्कारमय महिला का रूप, मां का स्वरूप शारदा ने छठ मईया की आस्था को भावनात्मक परंपराओं की उन ऊंचाइयों तक पंहुचा दिया, जहां आस्था के आगे कोई टिक ही नहीं सकता। पाश्चात्य संस्कृति की गोद में रहने वाले बिहार, यूपी, झारखंड इत्यादि सूबों के एनआरआई भी छठ पर्व पर शारदा के गीत सुनने की तलब में बेचैन हो जाता है, उनकी एक धुन से तड़प उठते हैं। धर्म, आस्था, सनातन धर्म और अपनी जड़ों की तरफ खिंचे चले आते हैं। जैसे उनकी मिट्टी की सुगंध उन्हें आवाज दे रही हो। ये बेचेनी साबित करती है कि किसी भी धर्म की आस्था तलवार की रक्षा से नहीं, सत्ता के स्वार्थ वाली धर्म-जाति की राजनीति से नहीं, बल्कि संगीत की ताकत से सुरक्षित होती है, आगे बढ़ती है और फलती-फूलती है।

धर्म कोई भी हो पारंपरिक धुन, लय, गीत और संगीत की परंपराओं से धार्मिक आस्था परवान चढ़ती है। सनातन, सिख, क्रिश्चियनिटी तो छोड़िए इस्लाम धर्म तक में धुनों के बिना मजहबी अरकान अधूरे हैं। हालांकि इस्लाम के बहत्तर फिरकों में कुछ संगीत को गैर इस्लामी मानते हैं। जबकि अजान तक रिदम और लय के बिना अधूरी समझी जाती है। कुरआन की तिलावत भी लयबद्ध होती है। मिलाद, नात, कव्वाली, सलाम, पेशखानी, मातम, नौहा ख्वानी सबमें संगीत है, लय, रिदम और धुन के साथ ही ये आस्था में धार पैदा करते हैं। परंपराएं शुरू करते हैं, जो अटूट बन जाती हैं। ये रवायतें लोगों को खींचती हैं, जोड़ती हैं और आकर्षित करती हैं। शारदा सिन्हा ने अपने गीत-संगीत और मधुर आवाज की जादूगरी से सनातन धर्म की सेवा की, रक्षा की और पाश्चात्य युग में भी नई पीढ़ी को संगीत के माध्यम से धार्मिक परंपराओं से जोड़ा। क्योंकि संगीत में जोड़ने की जो शक्ति है वो तलवार से डराकर, सियासत से रिझाकर भी नहीं पैदा की जा सकती।

संगीत फेविकोल से कहीं अधिक जोड़ना की ताकत रखता है। चौबीस बरस पहले भी शारदा सिन्हा की तूती बोलती थी, उस जमाने में लखनऊ महोत्सव में देश के नामी-गिरामी कलाकार महोत्सव की रौनक बनते थे। यहां उनकी परफार्मेंस थी। गोमती होटल में वो ठहरी थीं। महोत्सव के दौरान लखनऊ के सांस्कृतिक संवाददाता बहुत व्यस्त रहते थे। मैं भी व्यस्त था। उन दिनों पान की लत थी। ये लत लगाई थी लखनऊ के जागरण चौराहे पर दीवान पान वाले ने। आजकल जिस चौराहे पर पुलिस बूथ है यहां दीवान की बड़ी सी पान की गुमटी हुआ करती थी। दीवान के पान की दीवानगी ये थी कि उसके हाथ के लगे पान के अलावा कहीं का पान अच्छा नहीं लगता था। उस दिन व्यस्तता के कारण उसके हाथ का लगा पान नहीं खा सका था। गोमती होटल में शारदा सिन्हा का इंटरव्यू लेने गया। बात करते-करते उन्होंने अपना पानदान निकाला और पान निकालकर खाया। बताया कि वो ये छोटा सा पानदान हमेशा अपने पास रखती हैं। बात करते-करते मैं रुक गया और मेरी लालच भरी निगाहों को उन्होंने ताड़ लिया। बोलीं-पान खाना है? झिझक से बोला जी खिला दीजिए। उनका पान खाकर दीवान का पान का स्वाद फीका पड़ गया। उनके पान में ऐसी मुलायमियत, ताजगी और अपनी मट्टी के सौंधे पन जैसा संगीत था। इतना स्वादिष्ट और सुरीले पान का स्वाद आज भी महसूस करता हूं।



नवेद शिकोह
वरिष्ठ पत्रकार

चौबीस बरस हो गए अभी भी मुंह में उनके पान का स्वाद है। छठ महापर्व पर जब-जब शारदा सिन्हा के गीत कानों तक पहुंचे मुंह में उनके पान का स्वाद ताजा हो गया। सच तो ये है कि मां शारदा की भक्तन शारदा सशरीर नहीं रहीं, लेकिन उनकी आवाज, लोकगीत, धुने, भक्ति हमेशा जीवित रहेगी। छठ हो, मांगलिक कार्य या जीवन का संघर्ष, हर मौके पर शारदा सिन्हा का लोकसंगीत मिट्टी की सुगंध के साथ महकता रहेगा।

# पहाड़ों का मौन संघर्ष



जय प्रकाश पांडेय
वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी

यह सिस्टम, यह समाज क्या कभी इन आवाजों को सुन पाएगा या केवल उन्हें इसी दर्द के साथ जीने का हुक्म देगा?

अल्मोड़ा में बीते दिनों फिर एक बस, किसी पुरानी घड़ी की टूटी सुई की तरह, खाई में गिर गई। हर बार की तरह, इस बार भी बस में भीड़ थी, उतनी ही जितनी अमूमन होती है- जैसे लोग अपनी जिंदगियों का बोझ साथ लेकर चल रहे हों और मौत एक बेजान पहरेदार हो, जो हर मोड़ पर मौन घात लगाए बैठा है। बसें तो वैसे भी पहाड़ों में उस संयम से नहीं दौड़तीं, जैसा मैदानों में।

यहां की बसें, अनियमित हैं-कभी आती हैं, कभी नहीं। लोग अपने भाग्य को बस की सीट पर यूं फेंक देते हैं, जैसे कोई सिक्का उछालते हों, जिसमें सामने मौत और पीठ पर जिंदगी हो। कोई विकल्प नहीं है उनके पास, शायद पहाड़ों ने उन्हें यही सिखाया है कि भीड़-भाड़, अनिश्चितता और असुरक्षित सफर ही उनकी नियति है। सरकार का ध्यान इस पर क्यों नहीं जाता कि इन संकरे रास्तों पर हर मोड़ पर एक बैरियर की जरूरत है। यहां हर खाई जैसे चुपचाप इंतजार कर रही है-किसी अनजान यात्री के लिए, जो उसे भरने आ सके। क्या ये सारे सुरक्षा उपाय, ये मापदंड, केवल आंकड़ों तक सीमित हैं? इस तरह जैसे पहाड़ों ने अपनी नियति को स्वीकार कर लिया हो, यहां हर सफर एक अंतिम सफर की तरह लगता है।

रात का अंधेरा...वह पहाड़ों का अपना है, जो रास्तों को मौन की चादर में लपेट देता है। इन अंधेरी सड़कों पर रोशनी नहीं है, शायद यह संदेश देने के लिए कि अंधेरा ही यहां का स्थाई साथी है। समय जैसे ठहर जाता है और हर मोड़ पर जिंदगी कहीं खो सी जाती है। बसें जब गुजरती हैं तो जैसे कोई प्राचीन गाथा की प्रतिध्वनि सुनाई देती है, जो हर साल थोड़ी और धुंधली होती जाती है। हर साल सरकार बजट बनाती है, जिनमें पर्वतीय क्षेत्रों का भी जिक्र होता है, लेकिन यह बजट किस खाई में गिरकर खो जाता है, यह सवाल हर पहाड़ी के दिल में कहीं चुपचाप बैठा है। वे अनायास ही इस खोखले आश्वासन को महसूस करते हैं, जैसे कोई बरसात के बाद की कुहासा हो, जो कुछ पल को तो दिखे, लेकिन छूते ही बिखर जाए। ये संकरी सड़कें बस प्रतीक्षारत हैं, जैसे किसी ने उनके हिस्से का इंतजार उन पर थोप दिया हो और बस दुर्घटनाएं हैं, जो उनकी जीवंतता की याद दिलाती हैं।

अस्पताल, जैसे एक ऐसी उम्मीद, जो खुद अपने अस्तित्व को लेकर अनिश्चित है और फिर वही परिचित घटना। कोई हादसा होता है, अधिकारी आते हैं, निरीक्षण करते हैं और कुछ आश्वासनों के कागजों पर हस्ताक्षर करके लौट जाते हैं। ऐसा लगता है जैसे पहाड़ के लोग केवल दुर्घटनाओं का इंतजार करें और उनके दर्द को किसी पुराने इतिहास के धूल भरे पन्नों में दफन कर दिया जाए। लोग कुछ दिनों के शोक में डूबते हैं और फिर इस दुख को कहीं गहरे छिपा लेते हैं। यह मान लिया गया है कि पहाड़ के लोग बस यूं ही जिएं, जैसे जीवन एक लंबा रास्ता हो, जिसमें हर मोड़ पर एक खाई इंतजार कर रही है। पहाड़ों में असुरक्षा एक अनिवार्य सत्य बन गई है। यहां हर दिन लोग इस अनिश्चितता के बीच रहते हैं- भीड़ से भरी बसों का सफर, मोड़ों पर बैरियर का न होना, और अस्पतालों में इलाज की उम्मीद न होना। जैसे यह सब महज घटनाएं नहीं, बल्कि यहां के लोगों के जीवन का स्थायी हिस्सा हैं। शायद यह लोग सोचते हैं कि एक दिन कोई उनकी चीखें सुनेगा, लेकिन तब तक अनगिनत आवाजें इन वादियों में कहीं खो जाती हैं।

यह त्रासदी सिर्फ एक घटना नहीं, बल्कि उन अनकही चीखों का स्वर है, जो इन वादियों में गूंजता है। हर झरने की धारा, हर खाई की गहराई, मानो इस पीड़ा को अपने भीतर समेटे हुए है। यह खामोशियां एक इंतजार हैं कि एक दिन कोई इनकी बात सुनेगा। पर कब? कब तक पहाड़ों के लोग यूं ही खाइयों में गुम होते रहेंगे? कब तक उनकी आवाजें इस सन्नाटे में डूबी रहेंगी? कहते हैं, पहाड़ों में धैर्य होता है- हर शिखर तक पहुंचने का, हर मौसम की मार सहने का। पर क्या यही धैर्य उनकी नियति बन गया है? यह चीखें, जो पहाड़ के सन्नाटे में दबी हैं, क्या हमेशा के लिए मौन ही रहेंगी? यह सिस्टम, यह समाज क्या कभी इन आवाजों को सुन पाएगा या केवल उन्हें इसी दर्द के साथ जीने का हुक्म देगा? हर हादसे के बाद एक उम्मीद जन्म लेती है कि शायद अब कुछ बदलेगा। शायद अब पहाड़ों की तकलीफें सुनी जाएंगी। पर क्या यह एक भ्रम नहीं? क्या यह पर्वतों की ऊंचाइयों में गूंजता एक असंभव प्रश्न है, जिसका उत्तर शायद कभी न मिले?

## सोशल फोरम

# तेजी से बढ़ रहा कैंसर

घोर यातना से गुजर जाना है कैंसर इंस्टीट्यूट में चंद घंटे गुजारना। हर तीसरे चौथे आदमी के चेहरे के हिस्से कटे-पिटे देखना पड़ता है। कच्चे टांके और ताजी उगती खाल, रिसता पस और उधड़ी हुई मुंह के अंदर की सफेद चर्बी के साथ लाल गुलाबी खाल ज्यादातर ने अंगोछे से अपना मुंह ढक रखा है और कुछ ऐसे ही डॉक्टर को दिखाने के लिए बैठे या लेटे हैं।

लखनऊ में कल्याण सिंह सुपर स्पेशियलिटी कैंसर इंस्टिट्यूट के हर कोने आतर में मरीज और उनके तीमारदार इधर उधर बैठे हैं। डॉक्टर रोजाना औसतन सौ सवा सौ की ओपीडी कर रहे हैं। डब्ल्यूएचओ कहता है हर साल करीब एक करोड़ से ज्यादा लोगों की मौत कैंसर से होती है। भारत में कैंसर तेजी से बढ़ रहा है। इंडिया अगेंस्ट कैंसर के मुताबिक भारत में सन 2020 में कैंसर से करीब 8.5 लाख लोगों की मौत हुई। नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन में छपे एक पेपर में कहा गया है कि अगर लाइफस्टाइल में बदलाव कर लिया जाए तो कैंसर को पूरी तरह ठीक किया जा सकता है। एक हालिया रिसर्च में खुलासा हुआ है कि मुंह के कैंसर के मामले साउथ एशिया में सबसे ज्यादा हैं और इसकी सबसे बड़ी वजह तंबाकू है। इंटरनेशनल कैंसर रिसर्च एजेंसी की स्टडी कहती है कि सन बाइस में कुल 3,89,800 ओरल कैंसर मामलों में से 1,20,200 मामले बिना धुएं वाली तंबाकू से भारत में हुए थे।



सुहेल वहीद अंसारी
उर्दू लेखक

स्टडी में यह भी बताया गया है कि महिलाओं में मुंह के कैंसर के मामलों का सबसे बड़ा कारण सुपारी 30 प्रतिशत और तंबाकू वाले पान मसाले 28 प्रतिशत हैं। इसके बाद गुटखा 21 प्रतिशत और खैनी 21 प्रतिशत का नंबर आता है। पुरुषों में ओरल कैंसर की सबसे बड़ी वजह खैनी 47 प्रतिशत, गुटखा 43 प्रतिशत, तंबाकू वाला पान मसाला 33 प्रतिशत और सुपारी 32 प्रतिशत है। इंस्टीट्यूट में जगह-जगह तंबाकू खाकर न आने के लिए तो लिखा है, लेकिन यह कहीं नहीं लिखा है कि गुटखा न खाएं, जो सबसे ज्यादा तेजी से कैंसर फैला रहा है। पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी की तारीफ करनी ही पड़ेगी, जिन्होंने अपने स्टेट में गुटखे के प्रोडक्शन, कंजम्पशन और बिक्री, तीनों पर कड़ा प्रतिबंध लगाया। कैंसर इंस्टीट्यूट जाकर लगता है कि गुटखा यहां कैंसर की आपदा लाकर ही रहेगा।

**-फेसबुक वॉल से**

# मीराबाई और प्रेतकल्प आलोचक



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

क्या वह आलोचक कल्पना कर सकता है कि सत्ता के विरुद्ध बगावत करने का अर्थ क्या होता है? मीरा का काव्य किसी आलोचक की संपत्ति नहीं है, वह समस्त लोक की संपदा है और ऐरा गैरा कोई आलोचक नहीं, लोकपरंपरा उसका प्रमाण है।

## विमर्श में कंवल भारती का व्याख्यान

मीरा भारत के लोकजीवन और लोकमानस की इतनी और इतनी गहराइयों में व्याप्त है, जितनी गहराइयों में उसका मोल में खरीदा हुआ गिरिधर-गोविंद व्याप्त है-माई मैंने गिरिधर लीयौ मोल! कोई कहै सस्ता कोई कहै महंगा अरी मैंने लियौ तराजू तोल। जब मीरा ने गिरिधर को मोल में ले ही लिया तो फिर मीरा और कृष्ण में भेद ही नहीं रहा। उपास्य और उपासक का भेद मिट गया। दोनों एक रूप-एक रस हो गए। मीरा और कृष्ण एक हो गए-राधा के भी श्याम और मीरा के भी श्याम। भारत के भक्त संगीत में मीरा एक धारा या परंपरा बन चुकी है। मीरा की वाणी भारत के लोकमानस के साथ एक रस हो चुकी है, जहां तक मीरा की साहित्य संपदा की बात है, मीरा की साहित्य संपदा बहुत ही विशाल है।

मीरा की क्रांति चेतना ने राणा को चुनौती दी थी। ऐसी चुनौती कि महात्मा गांधी ने सत्याग्रह दर्शन की चर्चा में मीरा बाई का स्मरण किया था। मीरा की क्रांति चेतना अपनी आन-मरजाद, कुल परंपरा को छोड़ने की घोषणा कर दी। मीरा की विद्रोही चेतना ने निस्संकोच होकर कह दिया था कि संतन ढिंग बैठि बैठि लोकलाज खोई। अथवा लोग कहें मीरा भई रे बाबरी सास कहे घर नासी रे। राणा जी के विरुद्ध विद्रोह की नायिका थी मीरा। जहर का प्याला राणा जी ने भेजा पीबत मीरा नाची रे। सुकरात को भी जहर दिया गया था और मीरा को भी। सुकरात मर गया और मीरा जीवित बच गई, लेकिन सत्य तो दोनों के पास था। उन दिनों वृंदावन में श्री जीवगोस्वामी भक्ति संप्रदाय के बड़े आचार्य थे, मीराबाई जब उनसे मिलने गईं तो उन्होंने कहलवा दिया कि "मैं स्त्रियों से नहीं मिलता।" मीराबाई ने कहने वाले को उत्तर दिया कि "अच्छा, वृंदावन में श्रीकृष्ण के अतिरिक्त भी कोई पुरुष रहता है, यह मुझे आपसे ही ज्ञात हुआ है" और तुरंत चली गईं, जब जीव गोस्वामी के पास मीरा का उत्तर पहुंचा तब वे पहचान सके कि जो स्त्री आई थी, वह तो असाधारण थी। मीरा के दर्शन शास्त्र में पुरुष ही एक है: ऐसे वर को क्या वरों, जो जन्में और मर जाय।/ ऐसे वर को मैं वरों, जो मेरा चुलड़ा अमर है जाय। मीरा वृंदावन से द्वारका की ओर चल दीं। उस मीराबाई को लेकर कोई आलोचक यह लिखे कि कोई आदमी था गिरिधर जोगी और मीरा उससे सांसारिक प्रेम करती थी तो उस आलोचक को आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी के शब्दों में "प्रेतकल्प" ही कहा जा सकता है। क्या वह आलोचक कल्पना कर सकता है कि सत्ता के विरुद्ध बगावत करने का अर्थ क्या होता है? मीरा का काव्य किसी आलोचक की संपत्ति नहीं है, वह समस्त लोक की संपदा है और ऐरा गैरा कोई आलोचक नहीं, लोकपरंपरा उसका प्रमाण है। ध्यान से समझने की बात यह है कि लोकचेतना में मीराबाई का क्या स्वरूप है?

# जगदंबा घर में दियराबारने चली गईं शारदा

जगदंबा घर में दियरा बार अइनी हे, जगतारन घर में दियरा बार अइनी हे। शारदा सिन्हा का यह गीत उनकी पहचान था। शारदा जिज्जी जगदंबा घर में दियराबारने चली गईं। भोजपुरी की ख्यातनाम गायिका शारदा सिन्हा के गीतों के बिना छठ के पर्व की कल्पना भी नहीं की जा सकती। छठ के घाटों पर उनके गीत न बजें, ऐसा हो ही नहीं सकता। छठ के गीत गाने वालों की कोई कमी नहीं है।

भोजपुरी के गायक भी कम संख्या में नहीं होंगे, लेकिन भोजपुरी माटी के सोंधेपन की जो अनुभूति शारदा जिज्जी के गीतों में मिलती है, वह दुर्लभ है। वह आवाज शांत हो गई। उनके गाए गीतों का संकल हमारे सबके साथ रहेगा और उनकी स्मृतियों को सदैव जीवंत रखेगा। शारदा सिन्हा जीवनभर भोजपुरी की पहचान के लिए कार्य करती रहीं। भोजपुरी गीतों में आए फूहड़पन को वे बिल्कुल पसंद नहीं करती थीं। आज भी भोजपुरी गीतों की मिठास और जीवंतता इसी फूहड़पन के कारण समाज के बड़े वर्ग से दूर है। शारदा जी ने इस रिक्तता को भरा था। उनका स्वर जितना सुरीला और भोजपुरिया लहजे से पूर्ण था, उतना ही शब्दों की मर्यादा, गीतों के मुखड़े-बोल-अर्थ की मर्यादा का उन्होंने ध्यान रखा। इसी कारण उनके सामाजिक-सांस्कृतिक गीतों को आज भी अनेक पारिवारिक कार्यक्रमों में, विभिन्न संस्कारों में संस्कार के गीतों के रूप में गाया जाता है, सुना जाता है। शारदा सिन्हा जी जीवनपर्यंत भोजपुरिया संगीत, साहित्य व संस्कृति के लिए सक्रिय रहीं। इससे बड़ी बात उनकी भारतीयता के प्रति आस्था की है।



डॉ. राहुल मिश्र
मुंबई

आज देश ही नहीं, विदेशों में भी भोजपुरी गीत-संगीत सहित समग्र भारतीय सांस्कृतिक चेतना की सशक्त हस्ताक्षर के रूप में शारदा सिन्हा की जो छवि है, उसे किसी परिचय की आवश्यकता नहीं है। शारदा सिन्हा जी का देहावसान ऐसी रिक्तता दे गया है, जो कभी नहीं भर पाएगी। शारदा सिन्हा जी के गीत न केवल हमारी सांस्कृतिक पहचान को जिलाए रखेंगे, वरन भोजपुरिया गीत-संगीत के भविष्य को एक दिशा भी देते रहेंगे, पथ प्रदर्शन करते रहेंगे।

## एक नजर

### 68वां गोपाष्टमी मेला 9 नंबर को

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** पूर्व विधायक अम्बिका प्रसाद सिंह की याद में 9 नवंबर को 68वां बृहद गोपाष्टमी मेला पहाड़पुर सराय भीखम के मेला वाली बाग में आयोजित होगा। जिसमें क्षेत्र के किसान अच्छी नस्ल की देशी बछिया, बैल जोड़ी, जर्सी गाय व उन्नतशील गन्ने का प्रदर्शन करेंगे। मुख्य अतिथि सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय होंगे। यह जानकारी मेला आयोजक शशी बिंद सिंह बेचन ने दी है।

### जमीन के विवाद में मारपीट, केस दर्ज

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के जलालपुर गांव की शीला पत्नी इंद्रदेव का विपक्षियों से जमीनी विवाद चल रहा था। आरोप है कि मंगलवार की सुबह विपक्षी शीला यादव के घर में घुसकर लात घुसा एवं डंडों से मारा पीटा, जिसमें शीला एवं उनके भतीजे अंकित यादव घायल हो गए। बुधवार को पीड़िता की दी गई तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही राम नवल, रामबरन, अजय, दीपक एवं कुछ अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है।

### मकान के कब्जेदारी को लेकर मारपीट

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कस्बे के अनिरुद्ध नगर मोहल्ले में पुराने मकान के कब्जे को लेकर प्रतिमा अग्रहरि पत्नी मानसिंह अग्रहरि का विपक्षियों से विवाद चल रहा था। आरोप है कि तीन नवंबर को शाम को विपत्तियां ने रंजिश बस लाठी डंडों से मारा पीटा। जिससे प्रतिमा को काफी चोट आई। बुधवार को पीड़िता की दी गई तहरीर पर पुलिस ने मोहल्ले के शोभनाथ एवं रेशु के विरुद्ध नाम जद केस दर्ज कर लिया है।

# असलहे के बट से मारकर सर्राफा व्यापारी से लूट

## गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज में कराया गया भर्ती, मौके पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक ने की जांच, खुलासे को लगाई टीम

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** दुकान बंद कर घर जा रहे बाइक सवार सर्राफा व्यापारी को कार सवार चार बदमाशों ने ओवरटेक कर असलहे की बट से मारकर आभूषणों से भरा बैग लेकर फरार हो गए। गंभीर रूप से घायल व्यापारी को सीएचसी कूरेभार में भर्ती कराया गया है। एसपी ने घटना स्थल का निरीक्षण कर बदमाशों की तलाश में पुलिस टीम लगा दी है। घायल व्यापारी ने बताया कि उसके 14 से 15 लाख के आभूषण लूटे गए हैं। वही रात करीब 9 बजे आईजी अयोध्या प्रवीण कुमार भी घटनास्थल पर पहुंचे हैं।



घटनास्थल पर जांच-पड़ताल करती पुलिस की टीम। अमृत विचार

मामला गोसाईगंज थाना क्षेत्र के भरथीपुर नहर के समीप का है। भरथीपुर गांव निवासी सुरेश चंद्र सोनी की गोसाईगंज थाने के सुदनापुर बाजार में सुरेश ज्वैलर्स के नाम से दुकान है। सुरेश बुधवार की शाम करीब 6 बजे दुकान बंद कर आभूषण को बाइक की डिक्की में रखकर घर के लिए निकले। करीब साढ़े छह बजे वह भरथीपुर नहर के समीप पहुंचे थे, तभी पीछे से आई ऑल्टो कार ने ओवर टेक किया और उसे टक्कर मारकर गिरा दिया। जब तक वह कुछ समझ पाता कार से उतरे लुटेरे आभूषण से भरे झोले को छीनने लगे। व्यापारी ने विरोध किया तो बदमाशों ने व्यापारी पर असलहे की बट से हमला कर उसे लहूलुहान कर दिया और आभूषण से भरा झोला लेकर भाग निकले। सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस घायल व्यापारी को सीएचसी कूरेभार में भर्ती कराया। मौके पर पहुंचकर एसपी सोमेन बर्मा ने जांच-पड़ताल की है। उन्होंने स्वाट टीम व सीओ जयसिंहपुर के नेतृत्व में जांच टीम गठित कर दी है। अपर पुलिस अधीक्षक अखंड प्रताप सिंह ने बताया कि अभी जांच चल रही है। कोई तहरीर नहीं मिली है। कितने की लूट हुई है अभी स्पष्ट नहीं बताया जा सकता।

### पुलिस ने की घेराबंदी, नहीं मिले बदमाश

लूट की सूचना मिलते ही मौके पर सीओ रमेश कुमार, इंस्पेक्टर अनिल कुमार वर्मा और चौकी इंचार्ज शैलेंद्र प्रताप सिंह पहुंचे। बदमाशों की घेराबंदी की, लेकिन उनका सफलता नहीं मिली। वहीं, मौके पर स्वाट टीम के साथ पहुंचे एसपी सोमेन बर्मा जांच पड़ताल की और मातहतों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया है। रात करीब नौ बजे घटनास्थल पर आईजी आयोध्या प्रवीन कुमार भी पहुंच गए। एसपी व अन्य अधिकारियों घटना की जानकारी ली। सीओ रमेश कुमार ने बताया कि बदमाशों को पकड़ने के लिए एसओजी सहित पुलिस की टीमें लगाई गई है। जल्द बदमाशों को पकड़ लिया जायेगा।

### जल्द होना चाहिए घटना का खुलासाः जिलाध्यक्ष

सर्राफा व्यापार मंडल के अध्यक्ष देबी प्रसाद सोनी ने बताया कि घायल व्यापारी की हालत सामान्य है। एसपी से वार्ता की गई है। जल्द ही खुलासे की बात कही है। इस तरह आए दिन हो रही सर्राफा व्यापारियों के साथ वारदात पर अंकुश लगना चाहिए, अन्यथा आंदोलन किया जाएगा।

### चोरी के धान के साथ सगे भाई गिरफ्तार

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** कूरेभार थाना क्षेत्र के इरूल राघवपुर निवासी करमचंद्र ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि 3 नवंबर की भोर पहर तीन अज्ञात लोग पिकअप पर मेरा तीस बोरी धान व चार बोरी गेंहू लाद ले गए। सीसीटीवी कैमरा देखने पर पता चला कि पिकअप पर अमेठी का नंबर व भाड़े के लिए मोबाइल नंबर लिखा था। तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। बुधवार को उप निरीक्षक सूर्यपाल सिंह ने हमराहियों के साथ पूर्वांचल एक्सप्रेस अंडर पास सेउर के पास से दो संदिग्धों को रोका। तलाशी के दौरान तीन बोरी धान 17 सौ नगद व आरोपित वाहन मिला। युवकों की पहचान अमेठी जिले के कमरौली थाना क्षेत्र के उतलवा गांव निवासी सगे भाई शिवम व अमन के रूप में हुई।

# माननीयों के मामलों में सुनवाई टली

▸▸ **अब 18 नवंबर को होगी अगली सुनवाई**

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** बुधवार को राजनेताओं के खिलाफ चल रहे मामलों में अदालतों में सुनवाई नहीं हो सकी और नई तारीखें निर्धारित की गईं। इनमें पूर्व विधायक अनूप संडा, लंभुआ विधायक सीताराम वर्मा शामिल हैं। पूर्व विधायक अनूप संडा के खिलाफ 2008 में खराब विद्युत व्यवस्था के विरोध में हाईवे जाम करने के मामले में कोर्ट मजिस्ट्रेट के अवकाश के कारण सुनवाई टल गई। विशेष कोर्ट ने अभियोजन गवाह तत्कालीन दरोगा स्वयंबर सिंह को 18 नवम्बर को तलब किया है। इसके अलावा, 2022 के चुनाव आचार संहिता उल्लंघन के मामले में भी अदालत ने 18 नवम्बर को दरोगा मुकेश कुमार को बुलाया है। लंभुआ विधायक सीताराम वर्मा के खिलाफ 2022 के विधानसभा चुनाव के दौरान बिना अनुमति जनसभा कर आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करने के आरोप में सुनवाई भी टल गई। अदालत ने अगली तारीख 18 नवम्बर निर्धारित की है।

### चिकित्सक घनश्याम तिवारी हत्याकांड में गवाही जारी

**संवाददाता, सुलतानपुर :** शहर के शास्त्री नगर मोहल्ले में बीते साल संविदा चिकित्सक घनश्याम तिवारी हत्याकांड में अपर सेशन जज संतोष कुमार की कोर्ट में बुधवार को भी अभियोजन पक्ष की गवाही दर्ज हुई जो गुरुवार को फिर होगी। बचाव पक्ष के वकील अरविन्द सिंह राजा ने जिरह के दौरान हत्याकांड के बाद वादिनी निशा तिवारी के मीडिया और समाचार चौनलों में दिए गए बयान को कोर्ट में पेश करने और उस पर जिरह की अनुमति चाही जिस पर पीड़ित पक्ष के निजी वकील सन्तोष पाण्डेय ने आपत्ति जताई। शेष जिरह गुरुवार को होगी। 23 सितंबर 2023 की शाम हुए हत्याकांड के मुख्य आरोपी अजय नारायण सिंह, उसके पिता जगदीश नारायण सिंह और ड्राइवर दीपक सिंह पर कोर्ट ने सामान्य आशय से हत्या, आपराधिक षड्यंत्र और दहशत फैलाने के आरोपों में मुकदमा चलाने के लिए आरोप तय किए थे। हत्याकांड के चौथे आरोपी विजय नारायण सिंह की बीते सात अप्रैल को प्रॉपर्टी के विवाद में हत्या कर दी गई थी।

# मोटरसाइकिल सवार युवक को बोलेरो ने रौंदा, मौत

▸▸ **विरोध में दो जिलों को जोड़ने वाले संपर्क मार्ग पर शव रखकर लगाया जाम, तहसीलदार के आश्वासन पर माने परिजन**

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** बुधवार की सुबह किसी काम से निकले बाइक सवार युवक को तेज रफ्तार बोलेरो जीप ने रौंद दिया। ग्रामीण युवक को लेकर सुलतानपुर जा रहे थे कि रास्ते में ही युवक ने दम तोड़ दिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही ग्रामीण आक्रोशित हो गए और दो जिलों को जोड़ने वाली बिझुरी-चमरा का बधवा संपर्क मार्ग पर शव रखकर जाम लगा दिया। तहसीलदार के आश्वासन पर ग्रामीण शांत हुए। पुलिस तहरीर लेकर पंचनामा भर युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



सड़क पर जाम लगाए परिजनों को समझाते तहसीलदार मयंक मिश्र। अमृत विचार

जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के परसा गांव निवासी राजदेव (38) पुत्र राम किशोर बुधवार की सुबह किसी काम के लिए बाइक से निकले थे। अभी वह गांव से थोड़ी दूर पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के सर्विस लेन पर पहुंचे ही थे कि सेमरी की तरफ से सर्विस लेन से आ रही बोलेरो ने रौंद दिया। ग्रामीणों ने बोलेरो वाहन व चालक को पकड़ घायल को निजी वाहन से मेडिकल कालेज सुलतानपुर ला रहे थे कि कटका के समीप युवक ने दम तोड़ दिया। ग्रामीण युवक को लेकर घटनास्थल पर पहुंच गए। मौत की सूचना मिलते ही ग्रामीण आक्रोशित हो गए और जाम लगा दिया। मौके पर पहुंचे जयसिंहपुर कोतवाल अनिरुद्ध कुमार सिंह ने लोगों को समझाने का प्रयास किया। ग्रामीण एसडीएम को मौके पर बुलाने की मांग करते रहे। मौके पर पहुंचे जयसिंहपुर तहसीलदार मयंक मिश्रा ने लोगों को समझा बुझा शांत कराया। उपनिरीक्षक दिलीप कुमार ने युवक के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

जयसिंहपुर कोतवाल अनिरुद्ध कुमार सिंह ने बताया कि आरोपित वाहन व चालक को हिरासत में लिया गया है। युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# एडीएम एफआर ने लिया केंद्रों का जायजा

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** धान खरीद में तेजी लाने के लिए एडीएम वित्त एवं राजस्व एस सुधाकरण जिला विपणन अधिकारी संजय कुमार पांडेय, तहसीलदार सदर हृदय राम तिवारी अमहट मंडी पहुंचे। बताते चलें कि अमहट मंडी में कुल आठ क्रय केंद्र जिसमें खाद्य विभाग की छह मंडी समिति की एक व भारतीय खाद्य निगम का एक धान क्रय केंद्र संचालित है। धान बेचने आए किसान प्रत्यूष द्विवेदी का एडीएम ने माला पहनाकर स्वागत किया। वह क्रय केंद्र प्रभारियों को एडीएम वित्त एवं राजस्व एस सुधाकरण ने बताया कि किसानों से संपर्क कर उन्हें सरकारी धान क्रय केंद्रों पर बेचने के लिए प्रोत्साहित करें।

तहसीलदार हृदय राम तिवारी ने क्रय केंद्रों प्रभारियों को बताया कि धान बेचने आए किसी भी किसान को किसी तरह की दिक्कत न होने पाए। खरीदे गए धान के ट्रांसपोर्टेशन की भी जानकारी ली। साथ किसानों के खाते में धान बेचने के 48 घंटे के अंदर पैसे चले जाने चाहिए। बताया कि बुधवार तक 3396 किसानों ने धान बेचने के पंजीकरण कराया है। जिनमें से 960 किसानों का सत्यापन भी हो चुका है। अन्य पंजीकृत किसानों का सत्यापन अभी तहसील स्तर पर चल रहा है। जिला विपणन अधिकारी संजय कुमार पांडेय ने बताया कि बुधवार को खाद्य विभाग की आठ क्रय केंद्रों पर 13 किसानों से 623.40 क्विंटल की खरीद हुई है।



अमहट मंडी के क्रय केंद्र का निरीक्षण करते एडीएम एफआर।

▸▸ **तीसरे दिन खाद्य विभाग के आठ क्रय केंद्रों पर हुई 623 क्विंटल धान की खरीद**

### चोरों ने हजारों का सामान चुराया

**करौंदीकला, सुलतानपुर, अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के बांगर खुर्द गांव में बीती रात चोरों ने हजारों के माल पर हाथ साफ कर दिया और फरार हो गए।सुबह पीड़ित ने घटना का हाल देख हैरान परेशान है। बांगर खुर्द गांव में मंगलवार की रात नंदलाल तिवारी के घर अज्ञात चोरों ने बक्से का ताला तोड़कर सोने के आभूषण (कनफूल) सहित नगद सात हजार रुपए लेकर के फरार हो गए। सुबह परिजनो ने बक्से का ताला टूटा देख घटना की जानकारी हुई। वही संबंध में थानाध्यक्ष उपेंद्र प्रताप सिंह ने बताया की कोई तहरीर नहीं मिली है तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

# डीएपी खाद की किल्लत को लेकर किया प्रदर्शन

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** डीएपी खाद की किल्लत और गन्ना क्रय केंद्रों को अयोध्या चीनी मिल से जोड़ने के खिलाफ भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) ने बुधवार को प्रदर्शन किया और जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा। सीपीएम जिला सचिव राधेश्याम वर्मा ने कहा कि जिले में डीएपी खाद की आपूर्ति बाधित होने के कारण सरसों, आलू, मसूर, और गेहूं की बुआई प्रभावित हो रही है।

सुलतानपुर सहकारी चीनी मिल से जुड़े गन्ना क्रय केंद्रों को अयोध्या की मोतीनगर चीनी मिल से जोड़ने के फैसले को किसानों के लिए हानिकारक बताया गया। उन्होंने कहा कि इससे किसानों को अब 45 किलोमीटर तक की यात्रा करनी पड़ेगी, जिससे उनके खर्च और समय में वृद्धि होगी। प्रदर्शन के दौरान, किसान सभा अध्यक्ष राज बहादुर और जिला सचिव मंडल सदस्य ओम प्रकाश कोरी ने सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए, इसे किसानों के हितों के खिलाफ बताया। प्रदर्शनकारियों ने जिलाधिकारी से डीएपी की नियमित आपूर्ति, जबरिया नैनो यूरिया या अन्य उत्पादों के वितरण पर रोक, और सुलतानपुर चीनी मिल के क्रय केंद्रों को अन्य जिलों से जोड़ने का फैसला वापस लेने की मांग की।

## सार-संक्षेप




चौकीदार के सेवानिवृत होने पर विदाई देते पंचायत कर्मी। अमृत विचार

### सेवानिवृत्त चौकीदार को सम्मान के साथ दी गई विदाई

**धनपतगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार :** खंड मुख्यालय धनपतगंज पर लंबे समय से नियुक्त चौकीदार राम केवल को उनके सेवा निवृत्त होने पर पंचायत कर्मियों द्वारा विदाई सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जहां खंड विकास अधिकारी विमलेश त्रिवेदी ने सेवानिवृत चौकीदार को साल ओढ़ा कर सम्मानित किया और पंचायत कर्मियों ने उन्हें फूल माला पहनकर भावभीनी विदाई दी। खंड विकास अधिकारी ने कहा कि राम केवल का कार्यकाल काफी अच्छा रहा। वे सरकारी नौकरी से बेदाग सेवा निवृत्त हुए, यह बहुत बड़ी बात है। इस मौके पर एसडीओ पंचायत हरि ओम सैनी, मनोज यादव, राकेश के साथ कई पंचायत कर्मी मौजूद रहे।

### इंटरनेट पर पोर्न देखा तो होगी पांच साल की जेल

▸▸ **एडिशनल एसपी ने उच्चाधिकारियों के आदेश पर पुलिस कर्मियों के लिए जारी की चेतावनी**

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** साइबर मामलों के प्रभारी नोडल व अपर पुलिस अधीक्षक अखंड प्रताप सिंह के पत्र पर साइबर थाना प्रभारी ने एक आदेश पत्र जारी किया है। जारी पत्र के मुताबिक कोई भी पुलिसकर्मी अगर पोर्न साइट खोलता है या देखता है तो उसे पांच साल की जेल होगी। बताते चले कि सभी थाने अथवा शाखा में संचालित सरकारी इंटरनेट का आईपी एड्रेस एमएचए द्वारा निगरानी की जाती है। अगर कोई भी इंटरनेट का उपयोग पोनोग्राफिक तक पहुंचने के लिए करता है तो तुरंत पकड़ में आ जायेगा। साइबर सेल ने पत्र जारी कर सभी को अनुपालन की बात कही है। साथ ही थाने पर गोष्ठी कर इसकी जानकारी कर्मियों को देने की बात कही है। अगर कोई भी इस तरह की हरकत करता है तो उसे पांच साल की जेल होगी। अपर पुलिस अधीक्षक अखंड प्रताप सिंह ने बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देश पर एडवाइजरी जारी की गई है।

### गन्ना आयुक्त से मिले जिला उपाध्यक्ष प्रतिनिधि

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** सत्र 2023- 24 किसान सहकारी चीनी मिल से संबंधित चार गन्ना क्रय केंद्र 24- 25 वित्तीय वर्ष गैर जनपद अटैच कर दिया गया है। जिसके चलते गन्ना किसानों में आक्रोश है। सोमवार को जिला उपाध्यक्ष प्रतिनिधि उमेश प्रताप सिंह के नेतृत्व में सदस्यों ने ज्ञापन सौंपा था। वही मंगलवार को सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय गन्ना आयुक्त से मिले थे। बुधवार को गन्ना आयुक्त किसान सहकारी चीनी मिल के गेस्ट हाउस पहुंचे तो जिला उपाध्यक्ष रेनू सिंह के प्रतिबंध उमेश प्रताप सिंह ने किसानो की समस्याओं से अवगत कराया। बताया कि किसान सहकारी चीनी मिल सुलतानपुर के गन्ना क्रय केंद्र धनपतगंज व पटना को मसौधा चीनी मिल से, सेमरी प्रथम व बिरसिंहपुर को अकबरपुर चीनी मिल से जोड़ दिया गया है। गन्ना आयुक्त ने जिला उपाध्यक्ष प्रतिनिधि को समस्या के निस्तारण के लिए आश्वस्त किया। बताते चलें कि जिले की डीएम ही किसान सहकारी समिति की नामित अध्यक्ष है।

### एंबुलेंस को रास्ता दें अभियान के तहत किया गया जागरूक

**द्वारिकागंज, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कटका क्लब सामाजिक संस्था ने कटका खानपुर क्षेत्र में 'एंबुलेंस को रास्ता दें' अभियान के तहत एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया। इस अभियान का नेतृत्व कटका क्लब के अध्यक्ष सौरभ मिश्र विनम्र ने किया, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता अंजनी शर्मा ने की। मुख्य अतिथि द्वारिकागंज चौकी प्रभारी शैलेश प्रताप सिंह ने कहा कि ट्रैफिक जाम में एंबुलेंस को रास्ता न मिलने पर मरीज की जान खतरे में पड़ जाती है। उन्होंने चेतावनी दी कि गंभीर स्थिति में मरीज को समय पर इलाज न मिलने से मृत्यु होने पर, एंबुलेंस को रास्ता न देने वाले व्यक्ति पर भारी जुर्माना और जेल हो सकती है। विशिष्ट अतिथि प्रधान प्रतिनिधि सुभाष सिंह ने अभियान की सराहना की, जबकि मुख्य वक्ता सर्वेशकांत वर्मा ने कहा कि एंबुलेंस के साइरन का उद्देश्य वाहनों को सचेत करना है ताकि वे तुरंत रास्ता दें। महिला टीम की महामंत्री गुलफुल बेगम ने कार्यक्रम का संचालन किया और क्लब के अध्यक्ष सौरभ मिश्र विनम्र ने अभियान की सफलता पर सभी का आभार व्यक्त किया।




संगोष्ठी को संबोधित करते वक्ता। अमृत विचार

# मजदूरी मांगने पर राजगीर को पीटा, मुकदमा दर्ज

कूरेभार, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के एक गांव में राजगीर को अपनी मजदूरी मांगना महंगा पड़ गया। मकान का निर्माण करवा रहे मालिक ने राजगीर को मारपीट कर मरणासन्न कर दिया। पीड़ित की पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने घायल का मेडिकल करवाकर मुकदमा दर्ज किया है।

कूरेभार थाना क्षेत्र के मुसहर नचना निवासी सुनीता पत्नी राकेश कुमार धुरिया ने आरोप लगाया हैं कि मेरे पति राकेश राजगीर का काम करते हैं गांव के नंगू उर्फ राम सूरत तिवारी ने अपने मकान का निर्माण करवा लिए थे और मजदूरी मांगने पर भड़क गए। बुधवार की सुबह जब वह किसी कार्य से घर से जा रहा था तभी पहले से घात लगाए लाठी डंडे से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में लोगों ने अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर राजकीय मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। वहीं, इस मामले में कुलदीप तिवारी व दिलीप तिवारी ने जान से मारने की धमकी दिया। थाना अध्यक्ष शारदेन्दु दुबे ने बताया की तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश जारी है।

# न्याय पंचायत बिकना बना ओवरऑल चैंपियन

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** परिषदीय विद्यालयों में बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के अंतर्गत दूबेपुर ब्लॉक स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन उच्च प्राथमिक विद्यालय अमहट में आयोजित हुआ। इसमें ब्लॉक के 10 न्याय पंचायत स्तर पर आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेता छात्रों ने भाग लिया।

प्रतियोगिता का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अखिलेश प्रताप सिंह डिंपल और खंड शिक्षा अधिकारी दूबेपुर राम तीर्थ वर्मा ने संयुक्त रूप से सरस्वती वंदना के साथ किया। ब्लॉक प्रमुख अखिलेश सिंह ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में खेल महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, क्योंकि इससे अनुशासन और टीम भावना का विकास होता है। प्रतियोगिता में अमहट ने बालक कबड्डी में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि बालिका वर्ग में बंधुआ कला ने प्रथम स्थान हासिल किया। ओवरऑल चैंपियन का खिताब न्याय पंचायत बिकना को मिला। विजयी बच्चों को सम्मानित करने के लिए जिला उपाध्यक्ष/ब्लॉक अध्यक्ष रमेश तिवारी, राम बहादुर मिश्र, राजीव मिश्र और निशांत सिंह उपस्थित रहे।



खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ करते ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अखिलेश सिंह डिंपल।

▸▸ **सर्वांगीण विकास को खेल का योगदान महत्वपूर्णः अखिलेश**

कार्यक्रम का संचालन एसआरजी सुनील कुमार सिंह और अर्चना श्रीवास्तव ने किया। निर्णायक मंडल में हर गोविन्द सिंह, आरिफ नियाज़, शशी सिंह और अन्य सदस्यों ने निर्णायक भूमिका निभाई। कार्यालय व्यवस्था में बजरंग यादव, जगन्नाथ रावत, प्रदीप श्रीवास्तव आदि का सहयोग सराहनीय रहा। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के दिलीप पांडेय, मंत्री शमीम अहमद, दूबेपुर अध्यक्ष राम बहादुर आदि रहे। कार्यक्रम के अंत में ब्लॉक व्यायाम शिक्षक ब्रजेश सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया।

**आस्था** | डाला छठ महापर्व में दूसरे दिन खरना में दिन भर महिलाओं ने रखा कठिन व्रत, एसपी ने सीताकुंड घाट का लिया जायजा

# आज सीताकुंड धाम पर उमड़ेगा आस्था का जनसैलाब

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** चार दिवसीय डाला छठ महापर्व के दूसरे दिन व्रतधारी महिलाओं ने पूरे दिन निर्जला व्रत रखकर भगवान सूर्य की आराधना की। स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष राज कुमार सोनी ने एसपी सोमेन बर्मा व नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल के साथ सीताकुंड घाट पर तैयारियों का निरीक्षण किया। एसपी ने जरूरी दिशा निर्देश भी दिए।

परंपरा के अनुसार महिलाएं बुधवार को पूरे दिन बिना जल ग्रहण किए व्रत का पालन किया। संध्या अर्घ्य के लिए तैयारियां पूरा कर लिया गया है। घाटों को फूलों, रंगीन झालरों और दीयों से सजाया गया है। स्थानीय प्रशासन ने भी श्रद्धालुओं की सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिए विशेष इंतजाम किए हैं। छठ महापर्व पर पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल है। श्रद्धालु इस अवसर पर सूर्य भगवान को अर्घ्य अर्पित कर अपने परिवार की सुख-समृद्धि और आरोग्यता की कामना करते हैं। डूबते सूर्य को अर्घ्य देने के दौरान श्रद्धालुओं के उत्साह का दृश्य देखने लायक होता है। इसी को लेकर गुरुवार की शाम सीताकुंड धाम पर पूजा पाठ करने वालों के साथ उसे देखने के लिए पूरा शहर उमड़ेगा। यहां पर बनाई गई वेदियों पर व्रतधारी महिलाएं परिवार के साथ विधिवत पूजा पाठ करेंगी। वहीं, शुक्रवार को उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत का समापन किया जाएगा। ईओ श्यामेंद्र मोहन चौधरी ने बताया कि सीताकुंड पर साफ-सफाई, चूना का छिड़काव, प्रकाश व पानी आदि का प्रबंध करा दिया गया है। कर्मचारियों की स्पेशल ड्यूटी लगाई गई है।




सीताकुंड घाट पर चेयरमैन प्रवीन अग्रवाल के साथ निरीक्षण करते एसपी व अन्य।

की। पूरे दिन निर्जला व्रत रहते हुए शाम को गुड़ और चावल की खीर एवं रोटी फल के साथ व्रत धारी महिलाओं ने ग्रहण किया। गुरुवार की शाम शहर के सीताकुंड धाम सहित विभिन्न घाटों पर श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ेगा। जहां वे डूबते सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया जाएगा। पर्व की पवित्रता बनाए रखने के लिए सीताकुंड धाम सहित अन्य प्रमुख घाटों पर विशेष सजावट और साफ-सफाई का कार्य

शहर के सिरवारा रोड निवासी रेखा सिंह ने बताया कि वह पिछले 13 साल से छठ मइया का व्रत करती हैं। वहीं, मेजरगंज निवासी प्रतिभा सोनी ने बताया कि चार साल वह छठ पूजा का व्रत कर रही हैं।

### युवक-युवती को टोका तो साथियों ने पीटा

**भदैंया, सुलतानपुर, अमृत विचारः** देहात कोतवाली क्षेत्र के अहिमाने गांव में मंगलवार की रात ट्रक चालक लल्लन यादव (36) ने अपने घर के सामने खड़े ट्रक के पीछे संदेहास्पद स्थिति में खड़े युवक-युवती को टोका तो इस बात से नाराज युवक-युवती ने अपने करीब आधा दर्जन साथियों को बुला लिया। और चालक लल्लन पर जानलेवा हमला कर दिया। इस दौरान लल्लन का सिर फोड़ दिया गया और बचाने पहुंचे उसके भाई संतोष व पत्नी ऊषा को भी पीट-पीटकर घायल कर दिया। गांव वालों की चीख-पुकार सुनकर हमलावर मौके से फरार हो गए। पुलिस मामला दर्ज कर जांच पड़ताड़ में जुटी हुई है।

## एक नजर

### घर में घुसे चोर को रंगे हाथ दबोचा, पुलिस को सौंपा

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रामगढ़ ताल थाना क्षेत्र के रुस्तमपुर मोहल्ले में चोरी करने पहुंचे युवक को मकान स्वामी ने रंगे हाथ दबोच लिया और पुलिस के सुपुर्द कर दिया। जानकारी के अनुसार मंगलवार की रात करीब 1 बजे रुस्तमपुर मोहल्ले के निवासी राजस्व निरीक्षक विनय कुमार श्रीवास्तव अपने आवास पर सरकारी कार्यों का निपटारा कर रहे थे। तभी उनकी नजर घर में लगे सीसी कैमरे के स्क्रीन पर पड़ी। देखा उनके घर में अनजान व्यक्ति चोरी कर रहा है। राजस्व निरीक्षक ने तत्परता दिखाते हुए चोर पर झपट्टा मारते हुए दबोच लिया। शोर सुनकर परिवार के अन्य सदस्य भी जाग गए। रात्रि में 1:30 बजे रामपुर निवासी चोर झिनक को रामगढ़ ताल पुलिस को सौंपते हुए अपना प्रार्थना पत्र दे दिए। जिससे चोर को सलाखों के पीछे भेजा जा सके।

### पुलिस ने घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था देखी

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा छठ पर्व के दृष्टिगत अपने-अपने थाना क्षेत्र में स्थित छठ घाटों का निरीक्षण कर सुरक्षा-व्यवस्था का जायजा लिया। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह, पुलिस के आदेश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ के निर्देशन में जनपद के क्षेत्राधिकारी प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्ष द्वारा अपने-अपने सर्किल थाना क्षेत्रों में छठ पर्व के दृष्टिगत थाना क्षेत्र में स्थित छठ घाटों का निरीक्षण कर सुरक्षा-व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान घाटों पर छठ घाट के आसपास पानी की गहराई का आकलन करवाकर गहरे पानीवाले क्षेत्रों में बांस का घेराव, आवागमन के मार्गों, यातायात व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था इत्यादि का निरीक्षण किया गया।

### नेपाल सीमा पर बढ़ाई गई चौकसी, हो रही गहन जांच

**संवाददाता, सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल चौकी अलीगढ़वा और कप्सिहावा द्वारा नेपाल एपीएफ के साथ सीमाई क्षेत्र में संयुक्त गस्ती किया गया। एसएसबी द्वारा भारत नेपाल सीमा पर चौकसी बढ़ाई गई है। बता दें कि भारत से नेपाल व नेपाल से भारत आने-जाने वाले व्यक्तियों, उनके सामानों और वाहनों की गहन से जांच के बाद ही आवागमन की अनुमति दी जा रही है।

# सात नामजद व 100 अज्ञात पर मुकदमा दर्ज

## प्रतिमा विसर्जन जुलूस पर कथित पत्थरबाजी की शिकायत करने पर पुलिस ने की कार्रवाई

संवाददाता, सिद्धार्थनगर


जुलूस पर पत्थर फेंके जाने का आरोप लगाते हुए सड़क जाम किए लोग।

**अमृत विचार।** डुमरियागंज थाना क्षेत्र के मालीमैनहा गांव में सोमवार की रात लक्ष्मी प्रतिमा विसर्जन जुलूस के दौरान कथित पत्थरबाजी की घटना की शिकायत करने वाले सात नामजद व 100 अज्ञात लोगों पर डुमरियागंज पुलिस ने केस दर्ज कर लिया। यही नहीं मामले की संवेदनशीलता देखते हुए गांव में पुलिस तैनात कर दी गई है।

पुलिस ने जिन तीन लोगों पर नामजद केस दर्ज किया है उनमें राजन अग्रहरी, चंद्रभान सोनी, सूरज सोनी, संजय सोनी, राकेश कुमार दुबे शास्त्री, रंजीत व विष्णु शामिल हैं। इन पर अफवाह फैलाने, सड़क जाम करने, दूसरे समुदाय के खिलाफ उत्तेजित नारेबाजी आदि की धाराएं लगाई गई हैं। उधर, पत्थरबाजी को लेकर पुलिस और ग्रामीणों के अपने-अपने दावे हैं। पुलिस जहां इस तरह की किसी भी घटना से इनकार कर रही है, वहीं ग्रामीण पत्थरबाजी होने की बात पर अड़े हुए हैं और ऐसा करने वालों पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। पं. राकेश शास्त्री ने पुलिस पर घटना पर पर्दा डालने की कोशिश का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि मंगलवार को वह घटना में चोटिल लोगों के साथ तहरीर देने थाने गए तो उन्हें भगा दिया गया। हालांकि पुलिस ने ग्रामीणों के आरोप को बेबुनियाद बताया है। ग्रामीणों की नाराजगी को देखते हुए गांव में पुलिस बल तैनात किया गया है।

बताते चलें कि डुमरियागंज के माली मैनहा गांव में सोमवार रात प्रतिमा विसर्जन जुलूस के दौरान कथित तौर पर कथित पत्थरबाजी की घटना में एक प्रतिमा के क्षतिग्रस्त होने के आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने प्रदर्शन शुरू कर दिया था। लेकिन रात में ही प्रशासन ने इस घटना को आधारहीन बता दिया था। वहीं ग्रामवासी और सामाजिक कार्यकर्ता घिसियावन यादव का कहना है कि न कोई पथराव हुआ न ही प्रतिमा के टूटने जैसी कोई बात हुई। सिर्फ एक पत्थर फेंके जाने की बात सामने आ रही है। वह भी किसने फेंका, इसका कोई चश्मदीद गवाह नहीं है। घटना स्थल के पास दूसरे समुदाय के दो-तीन घर हैं। इसलिए उन्हीं पर आशंका व्यक्त कर मामले को तूल देने की कोशिश की गई।

### पुलिस की समझदारी से टला था टकराव

बता दें कि डुमरियागंज नगर पंचायत के माली मैनहा गांव में पुलिस की समझदारी से दो समुदायों के बीच संभावित टकराव की आशंका को समाप्त कर दिया गया। आशंका का कारण दुर्गा प्रतिमा विसर्जन में पथराव के कथित आरोप को लेकर हुआ। जिसके कारण कस्बे में अफरा-तफरी रही। इसके बाद नगर पंचायत क्षेत्र में तनाव फैल गया। पुलिस ने समझदारी का परिचय देते हुए मामले को शांत कराया था। लक्ष्मी पूजा विसर्जन रात मैनहा गांव से लक्ष्मी प्रतिमाओं को विसर्जन के लिए ले जाया जा रहा था। इस दौरान एक डोले के आयोजक जोखू यादव ने आरोप लगाया कि उसके डोले पर पत्थर फेंके गये हैं। इसके बाद ग्रामीणों में रोष छा गया और लोग पत्थर फेंकने वाले की गिरफ्तारी की मांग करने लगे। घटना की सूचना पाकर सीओ सहित थाने की पूरी फोर्स मौके पर पहुंच गई और लोगों को समझा कर किसी तरह प्रतिमा विसर्जन के लिए राजी कर लिया। लेकिन डुमरियागंज कस्बे के मंदिर तिराहे पर अचानक लोग धरने पर बैठ गए और पत्थर फेंकने वालों की गिरफ्तारी की मांग करने लगे। इस दौरान वहां अफरा-तफरी की स्थिति हो गई। हिंसा भड़कने की आशंका में पुलिस फोर्स पूरी तरह से मुस्तैद हो गई। लगभग एक घंटे तक रास्ता जाम रहने के दौरान एसडीएम संजीव दीक्षित और थानाध्यक्ष रमेश यादव ने काफी मानमनौवल करते तथा दोषियों की गिरफ्तारी के आश्वासन देकर लोगों को राजी किया और विसर्जन सम्पन्न कराया। इस बारे में डुमरियागंज के एसडीएम संजीव दीक्षित का कहना है कि प्रतिमा विसर्जन पक्ष की ओर से जो आरोप लगाये गये हैं उसकी सत्यता की जांच के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। घटना में जो भी दोषी पाया जायेगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ ने कहा कि जुलूस के साथ पुलिस कर्मी भी थे। ऐसे में कोई पत्थरबाजी नहीं हुई। लोगों ने पत्थरबाजी की अफवाह फैला दी है। ऐसे में पत्थर फेंकने और अफवाह फैलाने की घटना की गहराई से छानबीन की जायेगी।

# कूड़ा नदी के पुल निर्माण के कार्य में आई तेजी

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**विकास कार्य**
- टेक्निकल कारीगरों की निगरानी में सरिया बांधने का हुआ कार्य
- बारिश के चलते निर्माण कार्य में लग गया था ब्रेक

**अमृत विचार।** एनएच 730 के उसका बाईपास पर कूड़ा नदी के पुल निर्माण के कार्य में तेजी आ गई है। उसका के पंडितपुर में बाईपास पर पुल निर्माण के लिए बीम ढलाई की जा रही है। टेक्निकल कारीगरों की निगरानी में मंगलवार को सरिया बांधने का कार्य किया जा रहा है।

उसका बाईपास पर ही 12 करोड़ रुपये से कूड़ा नदी पर नए पुल और दो करोड़ से 13 पुलिया का निर्माण होगा। बारिश के मौसम में नदी में आई बाढ़ के कारण ठप रहे निर्माण कार्य में अब तेजी आ गई है। एनएच-730 पर महराजगंज जिले की सीमा उसका से शहर होते हुए शोहरतगढ़ तक 32 किमी लंबी सड़क का 500 करोड़ रुपये की लागत से निर्माण होना है। इसी के तहत 8.5 किमी लंबे उसका बाईपास और 2.5 किमी लंबे चिल्हिया बाईपास निर्माण के लिए मिट्टी व साथ गिट्टियां डालने के कार्य में तेजी आ गई है। उसका बाईपास पर मदनपुर, पंडितपुर व बिहठा में बनने वाले पुलिया का निर्माण शुरू हो गया है। एनएच की ओर से उसका बाईपास निर्माण के लिए घुघुलिया, हथिवड़ताल, कटका, भिटिया, मदनपुर, मुड़िला, बेलसड़, नौवाडाड़ी, पंडितपुर, सेखुई और संगवा गांव के पास मिट्टी डाली जानी है। इसमें हथिवड़ताल की निचली भूमि पर बाईपास निर्माण के लिए मिट्टी डालने के साथ जलनिकासी के लिए जगह-जगह 13 पुलिया का भी निर्माण होना है। बता दें कि एनएच निर्माण की शुरुआत में डेढ़ वर्ष तक सड़क किनारे संरक्षित वन क्षेत्र के पेड़ों को हटाने के लिए एनओसी आड़े आ रही थी। सनई चौराहे से शोहरतगढ़ तक संरक्षित वन क्षेत्र में शामिल सड़क किनारे लगे पेड़ हटाने के लिए केंद्र सरकार से एनओसी मिलने के बाद पेड़ों को हटाने का कार्य शुरू हो गया है।

# डीएम ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर का किया निरीक्षण

संवाददाता, सिद्धार्थनगर



आयुष्मान आरोग्य मन्दिर वनियाडीह का निरीक्षण करते जिलाधिकारी।

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी डा. राजा गणपति आर ने आयुष्मान आरोग्य मन्दिर वनियाडीह विकास खण्ड लोटन का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने संबंधित से आरोग्य मन्दिर होने वाली जांचों एवं टीकाकरण के बारे में पूछा। अधिकारियों ने बताया कि केन्द्र पर सभी मशीने उपलब्ध हैं। गर्भवती महिलाओं की 5 प्रकार की जांच की जाती हैं। जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि आज दो गर्भवती महिलाओं की जांच की गई है। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी जांच का 05-05 किट होना चाहिए। गर्भवती महिला खुशबू से वार्ता की। एएनएम, आशा व आंगनबाड़ी के कार्यों में लापरवाही मिलने पर डीएम ने कड़ी नाराजगी जाहिर की है। संबंधित कर्मियों से स्पष्टीकरण लेने को कहा गया है। सुपरवाइज विजय प्रकाश पाण्डेय को भी स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी द्वारा ड्यू लिस्ट को देखा गया। ड्यू लिस्ट अपडेट नहीं था। जिलाधिकारी द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त की गयी।

### सीडीओ ने किया प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) जयेन्द्र कुमार ने विकास खण्ड खुनियांव के ग्राम पंचायत धनगढ़वा में प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति पंजिका देखी। नामाकंन 103 के सापेक्ष मात्र 54 बच्चे उपस्थित पाये गये। प्रधानाध्यापक एवं अध्यापक को निर्देशित किया कि बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए अभिभावकों से वार्तालाप करें। नियमित रूप से ग्राम में भ्रमण करें। कहा कि जिन बच्चों के अभिभावकों के खाते में ड्रेस, किताब, जूता मोजा आदि क्रय करने के लिए धनराशि भेजी गई है, उन्हें जागरूक करते हुए बच्चों की ड्रेस आदि खरीदने को कहें।



## जिलाधिकारी की मौजूदगी में कराई गई क्रॉप कटिंग

**संवाददाता, सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** तहसील नौगढ़, विकास खण्ड उसका बाजार, ग्राम पंचायत विनयका में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत मौसम ख़रीफ़ 2024-25 के अन्तर्गत जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 की उपस्थिति में क्राप कटिंग कराया गया। धान की फसल का 43 .3 वर्गमीटर एरिया की क्राप कटिंग कराया गया। जिसमें 21 .800 किग्रा. धान निकला जो कि 50 .36 कु0 प्रति हेक्टेयर का औसत रहा। जिलाधिकारी ने किसानों से कहा कि आप लोग अधिक से अधिक फसलों का प्रधानमंत्री फसल बीमा कराएं। क्राप कटिंग से क्षेत्र की उत्पादकता का आकलन किया जाता है। धान के उत्पादन का औसत अच्छा है। इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त तहसीलदार नौगढ़, अपर सांख्यिकी अधिकारी दीपक कुमार, बीमा कम्पनी के समन्वयक इरफान अहमद, अनुराग सिंह आदि उपस्थित थे।

# शतरंज प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागी किए गए पुरस्कृत


शतरंज प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते खिलाड़ी। अमृत विचार

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** मुख्यालय के भीमापार स्थित सरला इंटरनेशनल एकेडमी में मंगलवार को शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में सब जूनियर जूनियर और सीनियर की श्रेणियां यहीं। जिनके विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता के सीनियर ग्रुप में हिमांशु जायसवाल विजेता रहे। बुधवार को घोषित परिणाम के अनुसार सब जूनियर ग्रुप में सब जूनियर ग्रुप में कक्षा 8 के हिमांशु मिश्र प्रथम रहे। इसके अलावा द्वितीय स्थान पर कक्षा 7 के युवराज यादव और तृतीय स्थान पर कक्षा 8 के अमित यादव रहे। जूनियर श्रेणी में कक्षा 9 के उदित राज ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि कक्षा 10 के प्रतीक मिश्रा ने द्वितीय स्थान और कक्षा 9 के अभिषेक यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।सीनियर श्रेणी में कक्षा 12 के हिमांशु जायसवाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर मारुत जायसवाल और तृतीय स्थान पर कक्षा 12 के अमित जायसवाल रहे। सीनियर ग्रुप में विजेता हिमांशु जैसवाल ने बोरिस सपास्की मॉडल से शतरंज के मोहरे सज़ा कर प्रतिद्वंदी को मात दी। इस आयोजन में स्कूल के प्रतिभाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में विद्यालय के सीईओ रिचर्ड विलियम, विनय कुमार,पंकज सिद्धार्थ एवं बीके त्रिपाठी शामिल थे। विद्यालय के प्रबंधक सुयश जायसवाल ने सभी विजेताओं और प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रतियोगिता के अंत में विजेताओं को पुरस्कार वितरण किया गया।



## कृषि विभाग के अधिकारियों ने दो कंबाइन की सीज

**संवाददाता, सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** विकासखंड उसका के ग्राम सुगही में बिना सुपर एसएमएस के संचालित दो कंबाइन को कृषि विभाग के कर्मचारियों द्वारा सीज किया गया। कार्रवाई के दौरान उप कृषि निदेशक अरविंद विश्वकर्मा एवं जिला कृषि रक्षा अधिकारी मौजूद रहे। इसके साथ ही किसानें से पराली नहीं जलाने का अनुरोध किया गया।

### छठ घाट की साफ-सफाई का लिया जायजा

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** महापर्व छठ को लेकर कस्बे के स्थित तीर्थ सागर के छठ घाट की साफ सफाई का कार्य भारत भारी चेयरमैन प्रतिनिधि रविन्द्र शर्मा जायजा लिया। सोमवार को साफ-सफाई का जायजा लेने पहुंचे अध्यक्ष प्रतिनिधि रविन्द्र शर्मा ने कहा कि छठ पूजा पर्व पर सभी छठ घाटों की साफ-सफाई के साथ पूरे घाट की रंगाई पुताई का कार्य जोरो पर है। घाट पर प्रकाश की व्यवस्था को लेकर सम्बन्धित कर्मचारियों को निर्देश दिया गया है कि वे छठ पर्व के पूर्व सभी तैयारियां पूरी कर लें। कहा कि छठ पर्व को लेकर नगर में विशेष सफाई अभियान भी चलाया जायेगा। इस दौरान चेयरमैन प्रतिनिधि रविन्द्र शर्मा सहित नगर पंचायत के ईओ राजन गुप्ता, उदयभान अग्रहरि, सुधांशु अग्रहरि, सुपरवाइजर पंकज यादव, राजकुमार आदि मौजूद रहे।

# अनुरक्षण कार्य के चलते संचलन में परिवर्तन

संवाददाता, गोरखपुर



**अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा एवं परिचानिक सुगमता हेतु गोमतीनगर स्टेशन पर अनुरक्षण कार्य कराये जाने के कारण 05086 लखनऊ जं0-पीलीभीत अनारक्षित विशेष गाड़ी एवं 05489 सीतापुर-लखनऊ जं0 अनारक्षित विशेष गाड़ी का संचलन लखनऊ जं0 के स्थान पर गोमतीनगर स्टेशन से 08 नवम्बर से निम्नवत किया जायेगा। 05086 लखनऊ जं0-पीलीभीत अनारक्षित विशेष गाड़ी 08 नवम्बर से लखनऊ जं0 के स्थान पर गोमतीनगर से 05.40 बजे प्रस्थान कर बादशाहनगर से 05.50 बजे तथा डालीगंज 06.40 बजे छूटेगी। शेष स्टेशनों पर इस गाड़ी का समय पूर्ववत रहेगा। सीतापुर से 08 नवम्बर को चलने वाली 05489 सीतापुर-लखनऊ जं0 अनारक्षित विशेष गाड़ी सीतापुर से डालीगंज तक पूर्ववत समयानुसार चलते हुए डालीगंज से 19.35 बजे तथा बादशाहनगर से 19.55 बजे छूटकर लखनऊ जं0 के स्थान पर गोमतीनगर 20.05 बजे पहुंचेगी। यह गाड़ी डालीगंज से लखनऊ जं0 के मध्य निरस्त रहेगी। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

## सार-संक्षेप

### पांच समितियां बंद होने से किसान परेशान

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** भनवापुर ब्लॉक क्षेत्र में चार साल पहले धान खरीद घोटाले में पांच समितियों पर ताला लगने के बाद से किसानों की मुसीबत बढ़ गई है। खाद और उपज बेचने के लिए किसानों को समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। खाद के लिए जहां अधिक दाम देना पड़ रहा है। वहीं, क्रय केंद्र न बनने से किसान आढ़तियों के यहां उपज बेचने को मजबूर हैं। ब्लॉक क्षेत्र में स्थित 14 साधन सहकारी समितियों में केवल नौ ही चल रही हैं। वहीं, पांच सहकारी समितियों पर सील होने के कारण खाद नहीं आ रही है। संचालित समितियों पर उपलब्ध खाद को जिम्मेदार सचिवों द्वारा यह कह कर खाद नहीं दी जा रही है कि हमारे क्षेत्र के किसानों के लिए ही पर्याप्त डीएपी व यूरिया नहीं है। क्षेत्र के करीब दस हजार किसानों को प्राइवेट दुकानों से महंगे दामों पर फिर सिंगल सुपर फास्फेट, पोटाश आदि खादों से काम चलाना पड़ रहा है। वहीं, किसानों को अपनी धान की उपज को औने पौने दामों पर आढ़तियों के हाथों बेचने को मजबूर होना पड़ रहा है। किसानों ने बंद क्रय केंद्रों के खोले जाने की मांग की है।

### छठ घाटों का निरीक्षण कर दिए निर्देश

**गोरखपुर, अमृत विचार।** एसडीएम सदर नगर पंचायत पिपराइच, रिठिया, ताजपिपरा, तुरा नाला, जंगल अहमद अलीशाह के छठ्ठ घाटों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दी। बुधवार को ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम सदर मृणाली अविनाश जोशी छठ पूजा के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधाओं का जायजा नगर पंचायत पिपराइच, रिठिया, ताजपिपरा, तुरा नाला जंगल अहमद अलीशाह का निरीक्षण किया घाटों पर साफ-सफाई, की व्यवस्था, घाटों की बैरिकेडिंग को देखा उन्होंने कहा कि छठ पूजा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु घाटों पर एकत्र होते हैं, ऐसे में स्वच्छता और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। सुरक्षा की दृष्टि से घाटों पर प्रकाश व्यवस्था बनाए रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा, कि छठ पर्व पर कई श्रद्धालु पूरी रात घाटों पर रुकते हैं, ऐसे में रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था अनिवार्य है। जिन स्थानों पर जरूरत पड़ती है वहां जनरेटर की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। घाटों पर बैरिकेडिंग की जांच की और श्रद्धालुओं से प्रशासन द्वारा निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन करने को कहा।

### वन्दे भारत की प्लेटफार्म नंबर दो पर हो वापसी

**गोरखपुर, अमृत विचार।** पूर्वोत्तर रेलवे वन्दे भारत एक्सप्रेस को प्लेटफार्म नंबर-2 से प्रस्थान के साथ ही वापसी भी इसी पर कराने की मांग यात्रियों द्वारा की गई। वंदे भारत गाडी संख्या 22549 गोरखपुर से सुबह 6 :05 चलकर बस्ती, अयोध्या ,लखनऊ, प्रयागराज तक जाने वाली ट्रेन को लेकर यात्रियों द्वारा रेल प्रशासन से यह मांग किया गया है कि इस गाड़ी को प्लेटफार्म नंबर दो से प्रतिदिन चलाया जाये। कुछ यात्रियों ने कहा कि प्रतिदिन चलने वाली यह ट्रेन काफी आरामदायक है। इस एक्सप्रेस का परिचालन प्लेट फार्म न0 2 से प्रस्थान एवं प्लेट फार्म न0 2 पर ही आगमन होता तो दृष्ट वादित दिव्यांग जन वरिष्ठ नागरिक जैसे यांत्रियो को सुविधा आने जाने में मिल जाती। कुछ यात्रियों ने कहा कि वापसी में ज्यादातर प्लेटफार्म नंबर 9 पर यह ट्रेन आती है दिव्यांग, वरिष्ठ नागरिकों के लिए परेशानी हो जाती है। यात्रियों ने यहां तक कहा कि 9 नंबर पर आने से ट्रेन भी कभी-कभी विलंब हो जाती है। आउटर पर ही गाड़ी को ज्यादा देर तक खड़ी करनी पड़ती है। ऐसे में अगर प्रतिदिन दो नंबर से प्रस्थान और दो नबर पर आगमन हो तो काफी सहूलियत हो जएगा।

### विशेष गाड़ी का 2 मिनट का अस्थाई ठहराव

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा हेतु पूर्व मध्य रेलवे घोघर डीहा स्टेशन पर 04031/04032 सहरसा-आनन्द विहार टर्मिनस-सहरसा विशेष गाड़ी का 02 मिनट का अस्थाई ठहराव अगली सूचना तक प्रदान किया जायेगा। सहरसा से 6 नवम्बर से चलने वाली 04031 सहरसा-आनन्द विहार टर्मिनस विशेष गाड़ी घोघर डीहा स्टेशन पर 14 .50 बजे पहुंचकर 14 .52 बजे छूटेगी। वापसी यात्रा में आनन्द विहार टर्मिनस से 7 नवम्बर से चलने वाली 04032 आनन्द विहार टर्मिनस-सहरसा विशेष गाड़ी घोघर डीहा स्टेशन पर 06 .45 बजे पहुंचकर 06 .47 बजे छूटेगी। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

### 13 को नियंत्रित कर चलेगी अनारक्षित विशेष गाड़ी

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा परिचालनिक सुविधा हेतु पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मण्डल के घटपुरी-बदायूँ स्टेशन के मध्य समपार संख्या-276 पर निर्माण कार्य हेतु ब्लाक दिये जाने के कारण काशीपुर से 13 नवम्बर को चलने वाली 05335 काशीपुर-कासगंज अनारक्षित विशेष गाड़ी काशीपुर से 80 मिनट पुनर्निर्धारित कर तथा आवश्यकतानुसार 50 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

# 1,668 फेरों में चलाई जा रहीं 248 पूजा विशेष गाड़ियां

संवाददाता, गोरखपुर

**अमृत विचार।** पूर्वोत्तर रेलवे से होकर 248 पूजा विशेष गाड़ियां 1,668 फेरों में चलाई जा रही हैं, जबकि पिछले वर्ष 147 विशेष गाड़ियां 556 फेरों में चलाई गई थीं।

उत्तराखंड से चलाई जा रही विशेष गाड़िया 06 नवम्बर को 05045 लालकुआं-राजकोट विशेष गाड़ी, लालकुआं से 13.10 बजे चलाई जायेगी। 06 नवम्बर को 05056 वाराणसी सिटी-लालकुआं विशेष गाड़ी, वाराणसी सिटी से 14.15 बजे चलाई जायेगी। 06 नवम्बर को 05097 टनकपुर-दौराई विशेष गाड़ी, टनकपुर से 18.25 बजे चलाई जायेगी।

### उत्तर प्रदेश से चलाई जा रही विशेष गाड़िया

6 नवम्बर को 09044 गोरखपुर-दहानू रोड विशेष गाड़ी, गोरखपुर से 13 बजे चलाई जायेगी। 6 नवम्बर को 05064 मऊ-कोलकाता विशेष गाड़ी, मऊ से 13.30 बजे चलाई जायेगी।

6 नवम्बर को 01080 गोरखपुर-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस विशेष गाड़ी, गोरखपुर से 14.30 बजे चलाई जायेगी। 6 नवम्बर को 05005 गोरखपुर-अमृतसर विशेष गाड़ी, गोरखपुर से 14.40 बजे चलाई जायेगी। 6 नवम्बर को 04043 गोरखपुर-आनन्द विहार टर्मिनल विशेष गाड़ी, गोरखपुर से 17.25 बजे चलाई जायेगी। 6 नवम्बर को 01416 गोरखपुर-पुणे विशेष गाड़ी, गोरखपुर से 17.30 बजे चलाई जायेगी। 6 नवम्बर को 05029 गोरखपुर-बान्द्रा टर्मिनस विशेष गाड़ी, गोरखपुर से 19.00 बजे चलाई जायेगी। 6 नवम्बर को 05003 गोरखपुर-दिल्ली विशेष गाड़ी, गोरखपुर से 21.15 बजे चलाई जायेगी। 6 नवम्बर को 03134 गोरखपुर-सियालदह विशेष गाड़ी, गोरखपुर से 21.30 बजे चलाई जायेगी। 6 नवम्बर को 04044 आनन्द विहार टर्मिनल-गोरखपुर विशेष गाड़ी, गोरखपुर 14.00 बजे पहुंचेगी। 6 नवम्बर को 01415 पुणे-गोरखपुर विशेष गाड़ी, गोरखपुर 16.00 बजे पहुंचेगी। 6 नवम्बर को 03133 सियालदह-गोरखपुर विशेष गाड़ी, गोरखपुर 20.15 बजे पहुंचेगी। बिहार से होकर चलाई जा रही विशेष गाड़िया 6 नवम्बर को 02270 लखनऊ-छपरा विशेष गाड़ी, लखनऊ से 14.15 बजे चलाई जायेगी। 6 नवम्बर को 05298 छपरा-पाटलिपुत्र विशेष गाड़ी, छपरा से 15.20 बजे चलाई जायेगी। 6 नवम्बर को 05109 छपरा-आनन्द विहार टर्मिनल विशेष गाड़ी, छपरा से 17.45 बजे चलाई जायेगी। 6 नवम्बर को 02269 छपरा-लखनऊ विशेष गाड़ी, छपरा से 23 बजे चलाई जायेगी। 6 नवम्बर को 05114 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-छपरा विशेष गाड़ी, छपरा 12.50 बजे पहुंचेगी। 06 नवम्बर को 05186 यशवंतपुर-छपरा विशेष गाड़ी, छपरा 23.55 बजे पहुंचेगी। स्टेशनों पर यात्रियों की सुविधा के लिये व्यापक प्रबन्ध किये गये हैं। रेलवे सुरक्षा बल आर.पी.एफ. द्वारा यात्रियों को कतारबद्ध तरीके से ट्रेन में प्रवेश कराया जा रहा है। प्रमुख स्टेशन पर यात्री होल्डिंग एरिया बनाये गये हैं, जिसमें उद्घोषणा प्रणाली, ट्रेन डिस्प्ले बोर्ड, सिटिंग एरिया, सी.सी. टी.वी. कैमरे इत्यादि की व्यवस्था की गई है। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।



रेलवे स्टेशन पर मुस्तैद सुरक्षाकर्मी व ट्रेन से उतरते यात्री।

## एक नजर

### छठ पूजा पर आज बंद रहेंगे 12वीं तक के विद्यालय

संतकबीरनगर। जिले में छठ पर्व के चलते 12वीं कक्षा तक के सभी विद्यालयों में गुरुवार को अवकाश घोषित किया गया है। बेसिक शिक्षा अधिकारी और जिला विद्यालय निरीक्षक ने छठ पर्व को देखते हुए यह आदेश जारी किया है। जिला विद्यालय निरीक्षक हरिश्चंद्र नाथ ने बताया कि गुरुवार को छठ पूजा महापर्व पर स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। उन्होंने बताया कि समस्त परिषदीय, पूर्व माध्यमिक और माध्यमिक विद्यालयों में अवकाश घोषित किया गया है। जिसके चलते कक्षा 12वीं तक के सभी विद्यालयों में अवकाश रहेगा। उन्होंने बताया कि यह आदेश राजकीय, शासकीय, मान्यता प्राप्त सभी विद्यालयों पर लागू रहेगा। इस आदेश की अवहेलना करने वाले विद्यालयों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### खलीलाबाद-बांसी रेलवे लाइन के लिए मुआवजा वितरण कैंप 11 से

संतकबीरनगर। अपर जिलाधिकारी जयप्रकाश ने बताया है कि खलीलाबाद-बांसी नई रेल लाइन परियोजना में खलीलाबाद तहसील क्षेत्र के प्रभावित ग्राम बढ़या बाबू, अतरी, समदा, मखदूमपुर, भगवानपुर, नाजिरजोत, बरहटा, भूअर, भिरवा, बारी-गांव, चिठ्ठापार, देवकली, नाऊडांड़, झीनखाल के प्रभावित भू-स्वामियों के मुआवजा भुगतान के लिए तहसील खलीलाबाद पर आगामी 9 और 11 नवम्बर को मुआवजा वितरण कैंप लगाया जाएगा। मेंहदावल तहसील क्षेत्र के प्रभावित ग्राम बधिनी, धोबहा, सिधौना, घोरकटा, कुसम्हा, अमथरी, परसवनिया, रेशमपुर, लंगडाबर के प्रभावित भू-स्वामियों के मुआवजा भुगतान के लिए मेंहदावल तहसील पर 13 और 14 नवम्बर को कैम्प का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि शपथ-पत्र के साथ अपने अभिलेख जमा कर कार्यवाही पूर्ण कराएं।

# घाटों का निरीक्षण कर दिए सफाई के निर्देश

## कुशीनगर में डीएम व एसपी ने छठ घाटों का निरीक्षण कर लिया सफाई व्यवस्था का जायजा

संवाददाता कुशीनगर।

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज व पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र ने संयुक्त रूप से छठ पूजा की तैयारियों के मद्देनजर पडरौना नगर के छावनी मुहल्ला स्थित शिवम पोखरा छठ घाट एवं रामकोला कस्बा स्थित बाईपास रोड पोखरा छठ घाट का स्थलीय निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी द्वारा छठ पूजा को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित तरीके से मनाने के क्रम में निरीक्षण के दौरान बताया कि छठ पूजा स्थलों एवं घाटों पर प्रशासन द्वारा विशेष प्रबंध किए जा रहे हैं ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि छठ पूजा के को देखते हुए जिलें, तहसील, ब्लॉक स्तर के अधिकारियों को मजिस्ट्रेट के रुप में तैनात किया गया है तथा ईओ, बीडीओ का दायित्व निर्धारित करते हुए निर्देशित किया गया है कि पूजा स्थल, घाटों पर प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, तालाब, बैरिकेडिंग, नदी घाटों के निकट गोताखोर आदि बुनियादी सुविधाओ व अन्य समुचित व्यवस्था की उपलब्धता सुनिश्चित करेंगे।

पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र ने निरीक्षण के दौरान छठ पूजा स्थलों पर कड़े सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम करने के निर्देश देते हुए कहा कि छठ पूजा स्थलों की सतत निगरानी की जाएगी। छठ घाटों पर एवं उसके नजदीक एवं आवश्यकतानुसार तिराहा, चौक चौराहों पर पुलिस कर्मियों की तैनाती करने व ट्रैफिक की व्यवस्था हेतु पूर्व से ही सभी तैयारियां पूर्ण कर लिए जाने का निर्देश दिए गए। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी पडरौना व्यास नारायण उमराव, ईओ संत राम सरोज, प्रभारी निरीक्षक पड़रौना, क्षेत्रीय लेखपाल तथा रामकोला में उप जिलाधिकारी कप्तानगंज योगेश्वर सिंह, ईओ रामकोला सहित कर्मचारी मौजूद रहे।



खलीलाबाद के मुखलिसपुर चौक पर खरीदारी करते लोग।


छठ घाट का निरीक्षण करते जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक कुशीनगर।

# आज अस्ताचलगामी सूर्य को दिया जाएगा अर्घ्य

संवाददाता, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** महापर्व छठ पूजा के पहले दिन मंगलवार को व्रती महिलाओं ने नाखून काटकर और बाल धुलकर स्नान किया। पूजा सामग्रियों को इकट्ठा करने के साथ ही छठ घाट पर पहुंच कर साफ़ सफाई करने के साथ ही बेदी का निर्माण किया। बाद में अरवा चावल, चने की दाल और लौकी की सब्जी का सेवन किया। इस व्रत में सात्विक भोजन का विशेष महत्व होता है। सरसों या रिफाइंड तेल की जगह देशी घी में ही भोजन पकाया जाता है। ब्रत के दूसरे दिन व्रती महिलाओं ने पूजा सामग्रियों की खरीदारी किया। बाजारों में छठ पूजा के सामानों की खूबसूरत मण्डियां सजी हुई हैं। दुकानों पर पहुंच कर लोगों ने विभिन्न प्रकार के फलों, गन्ने डलिया, सूप, बहंगी आदि की खरीदारी किया। पूरे दिन ब्रत रहने के बाद शाम को स्वच्छ स्थान पर चूल्हा रखकर उसका अच्छत, धूप, दीप, चंदन और अगरबत्ती से पूजन किया। प्रसाद के लिए पूरी पवित्रता से तैयार किए गए आटे से फुल्के और साठी की खीर तैयार किया। इसे रसियाव रोटी भी कहा जाता है। रोटियां बनाने के बाद बचे हुए आटे से एक छोटी सी रोटी या टिकड़ी बनाकर रखेंगी। इसे ओठंगन कहते हैं। पूजन के साथ ब्रती महिलाओं ने चौका में ही खरना किया। खरना से पूर्व ब्रती महिलाओं ने हथेली के आकार की तस्तरी में धूप देने के बाद थाली में परोसी गई सभी सामग्रियों में से थोड़ी-थोड़ी सामग्री लेकर हवन किया। इसे अग्नि जिमाना कहते हैं। इसके बाद अग्रासन निकालने के बाद प्रसाद ग्रहण करने के बाद अखण्ड निर्जला ब्रत धारण किया।

बृहस्पतिवार की शाम को ब्रती महिलाओं द्वारा घाटों पर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। इस दौरान तमाम घाटों पर भजन कीर्तन और धार्मिक आयोजन के प्रबंध किए गए हैं। शुक्रवार की सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद आरती और प्रसाद वितरण के बाद ब्रती महिलाओं द्वारा ब्रत पूर्ण किया जाएगा। कार्तिक मास शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि से प्रारम्भ होने वाले छठ पूजा महापर्व का समापन सप्तमी तिथि को किया जाएगा।

### बिना विद्वान ब्राह्मणों या मंत्रों के सम्पन्न होता है पुत्र कामना का व्रत

संवाददाता, संतकबीरनगर। पुत्रों के दीर्घायु और पुत्र कामना के लिए छठ पूजा महापर्व पर स्वच्छता का विशेष ध्यान दिया जाता है। इस ब्रत में कहीं भी मंत्रों या पुरोहितों का कोई स्थान नहीं होता। पूजा सामग्रियों को भी ऐसे स्थानों पर रखा जाता है कि जहां उसकी पवित्रता बनी रहे। छठ पूजा की छटा घाटों से लेकर बाजारों तक दिखने लगी है। घरों में पूजा की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है तो वहीं घाटों पर जबरदस्त सजावट और उत्साह का वातावरण दिखाई देने लगा है।

### छठ घाटों पर कराया गया बिजली, पानी और सुरक्षा का भरपूर इंतजाम

संवाददाता, संतकबीरनगर। छठ घाटों पर प्रशासन और छठ पूजा कमेटियों द्वारा खूबसूरत लाइटिंग, साफ सफाई, पेयजल, चाय स्टाल और प्रसाद की उत्तम व्यवस्था कराई गई है। साथ ही श्रद्धालुओं की सुरक्षा के भी तगड़े इंतजाम किए गए हैं। इस बार सादे ड्रेस में भी महिला और पुरुष पुलिस कर्मी मुस्तैद रहकर श्रद्धालुओं की सुरक्षा का जिम्मा संभालेंगे। नदियों और तालाबों में नावों और गोताखोरों की भी व्यवस्था कराई गई है। जिससे किसी भी अप्रिय स्थिति पर आसानी से काबू पाया जा सके।

## सार-संक्षेप

### द्वाबा महोत्सव के लिए 20 लाख की धनराशि मंजूर

संवाददाता, संतकबीरनगर, अमृत विचार। नवगठित नगरपंचायत हैंसरबाजार-धनघटा की चेयरमैन रिंकू मणि और पूर्व विधानसभा प्रत्याशी नीलमणि के प्रयासों पर महानिदेशक पर्यटन ने मुहर लगा दिया है। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी शक्ति सिंह ने बताया कि स्वीकृत धनराशि जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद संतकबीरनगर के खाते में उपलब्ध कराने की कार्यवाही कराई जा रही है। महोत्सव आयोजन के लिए 20 लाख रुपए की धनराशि स्वीकृत होने की जानकारी मिलते ही चेयरमैन रिंकू मणि और पूर्व विधानसभा प्रत्याशी नीलमणि ने उत्तर प्रदेश सरकार और पर्यटन विभाग के प्रति आभार ज्ञापित करते हुए कहा कि द्वाबा महोत्सव पूर्वांचल का सबसे खूबसूरत और ऐतिहासिक होगा। आयोजन में स्थानीय कलाकारों के साथ ही देश के नामी-गिरामी कलाकारों को बुलाने का हर सम्भव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस महोत्सव के माध्यम से द्वाबा क्षेत्र को देश और दुनिया में बेहतरीन पहचान मिलेगी।



नीलमणि व रिंकू मणि।

### निक्षय मित्र बन टीबी रोगियों को दे संबल : सीएमओ



पोषण की पोटली देते सीएमओ। फोटो : अमृत विचार

संवाददाता, कुशीनगर। अमृत विचार : हाटा सीएचसी परिसर में बुधवार को अवध सुगर एन्ड एनर्जी लिमिटेड न्यू इंडिया सुगर मिल द्वारा गोद लिये 51 टीबी रोगियों को दूसरे माह का पोषण आहार दिया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि सीएमओ डॉ सुरेश पटारिया ने कहा कि निक्षय मित्र बनकर टीबी रोगियों को सम्बल देने का कार्य करे। उन्होंने कहा कि टीबी का रोगी शारीरिकी रूप से कमजोर हो जाता है। ऐसे में दवा के साथ प्रोटीनयुक्त आहार लेने से शीघ्र ही स्वस्थ हो जाता है। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ अमित कुमार ने कहा कि टीबी रोगियों को उपचार तक प्रतिमाह पोषण की पोटली दी जाएगी, जिनमें गुड़,भुना चना, सत्तू, मूँगफली का दाना आदि होता है।सुगर मिल के चिकित्सक डॉ नवनीत त्यागी ने टीबी रोग एवं बचाव के बारे में बताया। संचालन वरिष्ठ क्षयरोग प्रयोगशाला पर्यवेक्षक आशुतोष कुमार मिश्र ने किया। इस दौरान डॉ अजय कुमार सिंह, राजीव राय ,अंकुर श्रीवास्तव, सुबोध उपाध्याय, एसटीएस राकेश सोनकर, एसटीएलएस विवेक चौधरी, सत्य प्रकाश आदि उपस्थित रहे।

### कबीर चौरा के सत्संग भवन में भाकियू की बैठक

संवाददाता, मगहर, अमृत विचार। मगहर स्थित कबीर चौरा के सत्संग भवन में बुधवार को भाकियू के पूर्वांचल कमेटी की बैठक पूर्वांचल अध्यक्ष अनूप कुमार चौधरी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसके मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष सुभाष चंद किसान और विशिष्ट अतिथि पूर्वी उत्तर प्रदेश के महासचिव जनार्दन मिश्र रहे। बैठक में आगामी 11 दिसम्बर को मुंडेरवा में लगने वाले शहीद किसान मेले की सफलता, संगठन के विस्तार और संगठन की मजबूती के साथ ही किसानों की समस्याओं को लेकर चर्चा की गई।

# स्काउट गाइड के तीन दिवसीय शिविर का समापन

संवाददाता, मगहर, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** संत कबीर आचार्य राम विलास इंटर कालेज मगहर में 4 नवम्बर से चल रहे तीन दिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण के प्रथम व द्वितीय सोपान बैज शिविर का बुधवार को समापन किया गया। इस अवसर पर जिला स्काउट कमिश्नर और प्रधानाचार्य डाक्टर राकेश सिंह ने टेंट निर्माण के लिये बेस्ट स्काउट/गाइड टोली को सम्मानित किया।

बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए डाक्टर राकेश सिंह ने कहा कि स्काउट/गाइड न केवल अनुशासन का पाठ पढ़ाता है बल्कि जीवन जीने और आत्मनिर्भर बनने में भी सहयोग प्रदान करता है। अनुशासन को सीख कर यही छात्र एक दिन समाज व देश का नाम रौशन करेंगे। समापन कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से की गई। तीन दिन तक चले प्राशिक्षण में छात्र-छात्राओं ने स्काउट प्रार्थना, झंडा गीत, नियम प्रतिज्ञा, प्राथमिक सहायता व उपचार, व्यायाम, ध्वज शिष्टाचार आदि की जानकारी लिया। कालेज के टेंट निर्माण गाइड में प्रथम स्थान मीरा बाई टोली नायिका खुशी यादव, गाइड में द्वितीय स्थान झांसी की रानी टोली नायिका अंजली गुप्ता, तृतीय गाइड में टोली नायिका आफरीन बानो, स्काउट में, प्रथम स्थान पर भगत सिंह की टोली नायक अरुण कुमार, द्वितीय स्थान पर भारत टोली नायक मोहम्मद सफवान और तृतीय स्थान पर चंद्रशेखर आजाद टोली नायक रामकुमार ने प्राप्त किया। जिला स्काउट संगठन आयुक्त रमेश यादव, जिला गाइड संगठन आयुक्त कुमारी बबिता, ट्रेनर मोनू ने प्रशिक्षक की भूमिका निभाई। समापन कार्यक्रम में राजेश कुमार चंद, स्काउट मास्टर मुकेश यादव, अष्टभुजा चौधरी, रामकुंवर मौर्य, राजेश कुमार चंद, मोहम्मद दीन, रामकुमार वर्मा, हेमलता यादव, हरिश्चंद आजाद, सम्पूर्णानन्द त्रिपाठी, वागीश पांडेय, महेश्वर सिंह, दिनेश श्रीवास्तव, बृजलाल, बीरेन्द्र यादव, सत्येंद्र यादव, सन्तोष कुमार, आषुतोष सिंह, नागेंद्र कुमार, सिद्धराज, परमानन्द समेत तमाम लोग मौजूद रहे।


विजेता प्रतिभागियों के साथ जिला स्काउट संगठन आयुक्त रमेश चंद्र यादव।

### शिव मंदिर परसा माफी के सुंदरीकरण में आएगी तेजी, डीएम ने दिया निर्देश

संवाददाता, संतकबीरनगर, अमृत विचार। एक हिंदी दैनिक समाचार पत्र में छपी खबर का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने जनपद के ग्राम परसामाफी स्थित शिव मन्दिर के पर्यटन विकास का कार्य 2 .5 करोड़ रुपए स्वीकृत होने के बाद भी एक वर्ष से अधूरा पड़ा होने का तत्काल संज्ञान लेते हुए मुख्य विकास अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी सहित कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड, लखनऊ के परियोजना प्रबंधक लज्जाराम, सहायक परियोजना प्रबंधक आर सी शुक्ल, अवर अभियंता अभय गुप्ता के साथ ही संबंधित ठेकेदार विवेक मिश्र को भी कैंप कार्यालय पर बुलाकर मामले की विस्तृत जानकारी लिया। परियोजना प्रबंधक ने बताया कि ग्राम परसामाफी स्थित शिव मन्दिर के पर्यटन विकास के कार्य की स्वीकृत लागत रुपये 2 .77 करोड़ है। परियोजना 31 जुलाई 2023 को स्वीकृत हुई थी। परियोजना पर प्रथम किश्त के रूप में 50 लाख रुपए प्राप्त हुए हैं जिसमें से अभी तक रुपये 49 लाख रुपए व्यय किये जा चुके हैं। द्वितीय किश्त की मांग के लिए उपभोग प्रमाण पत्र 3 माह पहले ही मुख्यालय को प्रेषित किया जा चुका है। अभी तक द्वितीय किश्त की धनराशि उपलब्ध नहीं हो सकी है। मुख्यालय से वार्ता की गई है, जिसमें बताया गया कि दो सप्ताह के भीतर द्वितीय किश्त की धनराशि प्राप्त होने की संभावना है।

# खंभे से लटका मिला युवक का शव

संवाददाता, सांथा, संतकबीरनगर,

▸▸ हत्या का मुकदमा दर्ज करने की मांग को लेकर हुआ प्रदर्शन

**अमृत विचार।** बेलहर थानाक्षेत्र के ग्राम भेड़ौरा पिकौरा के तिसिहवा स्थित शिव मंदिर के खंभे में एक युवक का संदिग्ध परिस्थितियों में शव लटकता हुआ मिला है। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मामले में परिजनों ने हत्या की तहरीर देते हुए हत्यारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग को लेकर नंदौर-बांसी मार्ग को जाम कर दिया। एक घंटे तक मार्ग पर आवागमन बंद रहा। एसडीएम मेंहदावल और सीओ के प्रयास के बाद धरना प्रदर्शन समाप्त हुआ।

मिली जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह ग्राम भेड़ौरा-पिकौरा निवासी मोहित कुमार निषाद (21) पुत्र लालचंद निषाद का शव तिसिहवा शिवमंदिर के परिसर मे मंदिर के खम्भे में लटकता हुआ मिला। मामले की जानकारी मिलने के बाद पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर बेलहर थाने पर चली गई। जिसके बाद दो दर्जन से अधिक महिलाएं थाने पर पहुंच गईं। मृतक की मां अनीता पत्नी लालचंद ने तहरीर दिया जिसमें गांव के ही पूजन पुत्र राजकुमार, राहुल पुत्र अमरजीत, इंद्रजीत पुत्र बल्लाम, रीता पत्नी शत्रुघन और पूजन की पत्नी नाम अज्ञात के ऊपर हत्या करने का आरोप लगाया। पीड़िता ने बताया कि मंगलवार की शाम मोहित घर आ रहा था। रास्ते में पूजन द्वारा डिलेवरी पाइप फैलाया गया था जिसे लेकर कहासुनी होने लगी। उसके बाद वह भी पहुंचकर मामला शांत कराकर चली आई। मोहित आगे जाकर रुक गया और काफी देर तक जब नहीं आया तो खोजबीन शुरु की गई लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। बुधवार की सुबह ग्रामीणों ने मंदिर के खंभे में उसका शव लटकता देखा। एएसपी ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के साथ ही परिजनों से भी पूछताछ की है।

**आयोजन** रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित हुई 49वीं अन्तर्जनपदीय जोनल प्रतियोगिता

# प्रतियोगिता के समापन पर विजेता पुरस्कृत

संवाददाता, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित 49वीं अन्तर्जनपदीय पुलिस जूडो कलस्टर (महिला/पुरुष) जूडो, बुशु, ताइक्वांडो, कराटे, पिनाक सिलाट प्रतियोगिता का समापन बुधवार को कराया गया। पुलिस महानिरीक्षक बस्ती आर के भारद्वाज और पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर सत्यजीत गुप्ता ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किया। इस प्रतियोगिता में गोरखपुर जोन के 10 जनपदों से 193 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के सभी मैच स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड लखनऊ के निर्देशानुसार कराए गए। प्रतियोगिता को सम्पन्न कराने में विभिन्न जनपदों से आए निर्णायक मण्डल ने अपना बहुमूल्य योगदान दिया।


खिलाड़ियों को सम्बोधित करते आर के भारद्वाज।


विजेता टीम को ट्राफी सौंपते आईजी जोन और पुलिस अधीक्षक।

**चल बैजयन्ती प्राप्त करने वाले जनपदों में संतकबीरनगर का रहा दबदबा : संतकबीरनगर।** जूड़ो पुरुष प्रतियोगिता में जनपद बलरामपुर, जूड़ो महिला प्रतियोगिता में जनपद संतकबीरनगर, बुशु पुरुष वर्ग प्रतियोगिता में जनपद बस्ती, बुशु महिला वर्ग प्रतियोगिता में जनपद संतकबीरनगर, ताइक्वांडो पुरुष वर्ग प्रतियोगिता में जनपद सिद्धार्थनगर, ताइक्वांडो महिला वर्ग प्रतियोगिता में जनपद संतकबीरनगर, कराटे पुरुष वर्ग प्रतियोगिता में जनपद संतकबीरनगर, कराटे महिला वर्ग प्रतियोगिता में जनपद संतकबीरनगर, पिनाक सिलाट पुरुष प्रतियोगिता में जनपद संतकबीरनगर, पिनाक सिलाट महिला प्रतियोगिता में जनपद संतकबीरनगर ने बाजी मारी। बुधवार को समापन दिवस पर आयोजित पुरुष वर्ग जूड़ो प्रतियोगिता में 73 किलोग्राम भार वर्ग मे संतकबीरनगर के सत्यम सिंह ने बहराइच जिले के मानवेन्द्र यादव को पराजित किया। 52 किलोग्राम भार के महिला वर्ग बुशु प्रतियोगिता में संतकबीरनगर की आकृति सिंह ने कुशीनगर जिले की खिलाड़ी खुशबू सिंह को पराजित किया। 52 किलो भारवर्ग महिला कराटे प्रतियोगिता में संतकबीरनगर की आकृति सिंह ने कुशीनगर जिले की खिलाड़ी अंशिका भारती को पराजित कर विजेता ट्राफी अपने नाम किया।

# कच्ची शराब पर रोक, गांजा की बिक्री जोर-शोर से जारी

बस्ती। यूं तो माझा से लगायत कई क्षेत्रों में कच्ची शराब की भट्ठियों पर अंकुश का दावा आबकारी विभाग कर रहा है, मगर यह सब केवल कागजी है। मान भी लिया जाए कि कच्ची शराब पर अंकुश लग गया है तो अब गांजा की बिक्री का लाभ तस्कर खूब पा रहे हैं। आबकारी विभाग इसके लिए खुद को नहीं बल्कि पुलिस के सिर ठीकरा फोड़ता है, जबकि पुलिस महकमा इसके लिए आबकारी को जिम्मेदार करार देता है। फिलहाल दोनो विभाग एक दूसरे पर लापरवाही का ठीकरा फोड़ रहे हैं, जबकि इसका सीधा लाभ तस्कर उठा रहे हैं। लंबे समय से शहर से लगायत ग्रामीण इलाकों में गांजा का धंधा खूब रंग पा रहा है। बकायदे चौक चौराहों पर पान के स्टाल व घूम कर इसे बेचा जा रहा है, मगर इसे रोकने वाला तंत्र केवल कागजी घोड़े दौड़ा रहा हहै। पिछले दिनों सोशल मीडिया पर इससे संबंधित वीडियो भी वायरल हुआ था, मगर उसे भी किसी ने संज्ञान नहीं लिया और मामला टांय-टांय फिस्स साबित हुआ। एक ओर पुलिस इसे लेकर तत्परता दिखाने का दम भर रही है तो दूसरी ओर आबकारी विभाग ने इसके लिए टीम गठित करने का दावा किया था, मगर यह सब कुछ केवल हवा में है। ग्रामीण क्षेत्र के कुछ स्थल पर तो इसको लेकर नेटवर्क काम करने लगा है। जिला आबकारी अधिकारी राजेश कुमार त्रिपाठी ने कहा कि गांजा की बिक्री पूरी तरह प्रतिबंधित है। कुछ सूचना मिली है। इसी आधार पर जांच कराई जा रही है।

### पति ही चलाते थे घर का खर्च, अब किसके आगे हाथ फैलाऊं

बस्ती। नगर थाना क्षेत्र स्थित बारीजोत गांव में हुई रवि प्रकाश बारी की हत्या के बाद पूरा गांव शोक में डूबा है, पत्नी की आंखों के आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे हैं, पति को याद कर वह बार-बार बेहोश हो जा रही है। छह साल की बच्ची को जब देखती है तो उसके भविष्य की चिंता सातने लगा रही है कि अब उसका व उसकी बेटी का क्या होगा, ससुर घर में बीमार रहते हैं उन्हें आंखों से दिखाई ही नहीं देता है, एक देवर वह भी घर पर ही रहता है। सासू भी बुढ़ापा की ओर हैं। रोते हुए पीड़िता सीएम योगी से गुहार लगा रही है कि पति ही घर का खर्च चलाते थे अब वह किसके आगे हाथ फैलाएगी। मांग कर रही है कि उसके परिवार को आर्थिक सहायता के साथ उसे जीवन यापन करने के लिए नौकरी दी जाए। मृतक रवि की पत्नी माया देवी ने कहा कि उसे नहीं पता था कि एक झटके में उसका सुहाग उजाड़ दिया जाएगा, पूरे परिवार के भरण पोषण की जिम्मेदारी अकेले उनके पति रवि के कंधे पर थी, बताती हैं कि उनके पति रवि बिहार में रहकर प्राइवेट नौकरी करते थे, शुक्रवार को पड़ोस गांव के युवक ने उनके पति को बिना बात के ही चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी, ग्रामीणों के अनुसार रवि बहुत ही मिलनसार था और उसकी कभी किसी से लड़ाई नहीं हुई।

### बिजली मरम्मत के नाम पर घोटाला, शिकायत

बस्ती। स्वास्थ्य महकमा पर शासन का नियंत्रण ढीला है। तभी तो नियम कानून को ताक पर रखकर ठेकेदार, अधिकारी व बाबूओं की तिकडी खूब गुल खिला रही है। ताजा प्रकरण बिजली मरम्मत के नाम पर 53 लाख रुपये के भुगतान का है। आरोप है कि जखनी निवासी रामचंद्र चौधरी ने आरोप लगाया है कि विभाग ने करोड़ों रुपये के टेडर ऐसे ठेकेदार को दे दिया, जिसका चरित्र प्रमाण पत्र गैर जनपद का है, जबकि हैसियत प्रमाण पत्र अपने जिले का। यह शासनादेश का खुला उल्लंघन है।क्योंकि शासनादेश के अनुसार दोनो प्रमाणपत्र एक ही जिले का होना चाहिए। मंडलायुक्त को भेजे पत्र में रामचंद्र चौधरी ने आरोप लगाया है कि मंडल के तीनों जनपदों के स्वास्थ्य विभाग में मां काली ट्रेडर्स मुंडेरवा 20-25 प्रतिशत कार्य कर करोड़ों रुपये की हेराफेरी कर रहे हैं। इस धंधे में टेक्नोलाजिस्ट के साथ अन्य भी शामिल हैं। आरोप लगाया है कि शासनादेश मे यह स्पष्ट उल्लेख है कि हैसियत व चरित्र प्रमाणपत्र दोनो संबंधित जिलों के डीएम के स्वयं के हस्ताक्षर से जारी किए जाएंगे मगर मां काली ट्रेडर्स के प्रोपराइटर अमरनाथ यादव एक जिले से हैसियत जारी कराते हैं तो दूसरे जनपद से चरित्र प्रमाण जारी किया गया है। बावजूद इसके इनके निविदा को टेक्नोलोजिस्ट कमेटी पास कर देती है। इस मामले में आरोप यह है कि बस्ती में इसी कंपनी बिना कार्य कराए करीब 53 लाख का भुगतान ले लिया था, मगर न तो इसकी कोई जांच हुई और न ही अब तक कोई कार्रवाई। रामचंद्र ने आयुक्त ने मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग उठाई है। सीएमओ डॉ. आरएस दुबे ने कहा कि बिजली मरम्मत के मद में भुगतान सभी एमओआईसी के सत्यापन के बाद कराई गई है। इसके अलावा टेक्नालोजिस्ट की रिपोर्ट भी लगी है। लोग निराधार आरोप लगा रहे हैं।


## अमृत विचार क्लासीफाइड

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मेरा नाम **प्रियंका पुत्री सुखारी लाल ग्राम संगवा परगना – बभनी पायर तहसील–मनकापुर जिला गोण्डा** की निवासिनी है। डाक विभाग द्वारा खरीदे गये किसान विकास पत्र में कुमारी पूजा देवी पुत्री सुखारी देवी लिखा है।जबकि दोनों नाम एक ही व्यक्ति हैं।

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **राजपती पत्नी श्रीराम निवासी– मो0 21 ऊपरी अशराफ टोला, परगना व तहसील– सण्डीला जनपद हरदोई** की निवासिनी है। मैंने अपने बड़े पुत्र प्रदीप कुमार जायसवाल को उसके गलत आचरण के चलते बेदखल कर दिया था अब उसने अपने आचरण में सुधार कर लिया है एवं पूरे परिवार के साथ मिलजुलकर रहता है तथा घर पर किसी से भी झगड़ा नहीं करता है और न ही अब यह किसी गलत संगति में है इसके आचरण से मैं व मेरा पूरा परिवार संतुष्ट व प्रसन्न है। इस कारण हमारे द्वारा मेरे सगे पुत्र प्रदीप कुमार जायसवाल को बेदखली कार्यवाही जो पूर्व में की गई थी उसे निरस्त करती हूँ आज के बाद से मेरी चल अचल सम्पति पर प्रदीप कुमार जायसवाल का अपने सभी भाईयो के बराबर का हक व अंश होगा। अतः श्रीमान जी से निवेदन है कि मेरे द्वारा मेरे सगे पुत्र को आज की दिनाक से मेरी सब चल अचल सम्पत्ति से बेदखली का निरस्तीकरण किया जा रहा है।

**सूचना**
मैं, JC 829803W Nb Sub Clk Bechu Kumar, ग्राम– जमदरा, पोस्ट चकरा , जिला–मऊ, उत्तर प्रदेश 221705 ,निवासी का हूं , मेरी पुत्री का नाम कुछ कागजातों में गलत नाम संजना दर्ज हो गया है जबकि सही नाम संजना राजभर है, भविष्य में मेरी पुत्री को इसी नाम को सही माना जाए।

**सूचना**
मैंने अपना नाम NAJIM से बदलकर NAJEEM रख लिया है। मुझे भविष्य मे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/O: MOHAMMAD EHASAN, R/o 108/301 TALAB GAGNI SHUKL VTC LUCKNOW G.P.O-226001

**सूचना**
मैंने अपना नाम AMITABH से बदलकर AMITABH VISHWAKARMA रख लिया है। मुझे भविष्य मे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/O: JAYDEV VISHWAKARMA, निवासी– 134 सुल्तानपुर घुघुरी जिला जौनपुर उ0 प्र0 223103

**सूचना**
मैंने अपना नाम JASNOORPREET KAUR से बदलकर JASNOORPREET SIDHU रख लिया है। मुझे भविष्य मे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। W/O: SURJIT SINGH SIDHU R/O: 411/240, NIWAZ GANJ PANNI WALI GALI THAKURGANJ, LUCKNOW.

**सूचना**
मेरे LDA भवन संख्या E- III/89 सेक्टर– H, अलीगंज लखनऊ का आवंटन पत्र व कब्जा पत्र की मूलप्रति कहीं खो गई है जिसका प्रयोग अवैध होगा– **अभिलाष कुमार आनन्द पुत्र राम भजन लाल नि. – 1060, सेक्टर–4, विकास नगर, लखनऊ**

**सूचना**
सूचित हो कि मेरा हाईस्कूल का अंक पत्र रोल नंबर 1154197 वर्ष 2015 और इंटरमीडिएट का अंकपत्र रोल नंबर 5676807 वर्ष 2017 वास्तव में खो गया है। **ऋषभ कुमार मौर्या पुत्र राजेश कुमार मौर्या निवासी गंगापुर वारिद हाल पता टीचर कालोनी मिहीपुरवा थाना मोतीपुर बहराइच।**

**सूचना**
मैंने अपने पुत्र राघवेन्द्र यादव व पुत्रवधु मनीषा यादव को उसके गलत चाल–चलन व खराब आचरण के कारण उन्हें अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। उनके कृत्यों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। – **बृजेश कुमार पुत्र राम आधार, निवासी– 545का 063/27, जे0बी0 गार्डेन, पारा, लखनऊ, उ0प्र0– 226017**

**Notice**
SMT SUTTA DEVI MOTHER of No. 14439708A Rank BHM (TA) Name RAKESH KUMAR YADAV Unit 163 FD REGT resident of H.No-587A/363 GANDHI NAGAR TELIBAGH LUCKNOW UP PIN - 226025As per my Husband/Father/Brother service documents, my Date of Birth has been mentioned as SMT SUTTA DEVI which is incorrect. My correct Date of Birth as per my birth certificate issued by Registrar of Birth & Death/Matric certificate is SMT SUTTA The Date of Birth declared by my Son as 01-01-1945 which is existing in his service-documents is not correct All documents issued by government organization /offices have been signed by authorized designated and government officials.

**सूचना**
सूचित हो कि मेरी जीवन बीमा पॉलिसी जिसका नं0 219604780 में मेरा नाम त्रुटिवश रिनित अंकित हो गया है जो कि गलत है। जबकि अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम रंजीता दर्ज है जो कि सही एवं सत्य है। **रंजीता पुत्री स्व0 रामकिशोर, निवासी – मानखेड़ा, मल्हौर रोड़, चिनहट, लखनऊ।**

**Notice**
I have changed my name from SAROJ DEVI to SAROJ due to culture Husband's surname and my date of birth is 04 Jun 1984 (Four June Nineteen Eighty four). That both Names SAROJ DEVI and SAROJ pertain to one and the same person. SAROJ DEVI spouse of No 14439708A BHM(TA) RAKESH KUMAR YADAV presently resident at Hno.587A/363 Gandhi Nagar, Telibagh, Lucknow (U.P.)

**सूचना**
सूच्य हो कि मेरे ड्राइविंग लाइसेंस संख्या UP33 - 20100012269 और पेन कार्ड संख्या BDCPC 2065 B में मेरा नाम सुभाष चंद्र अंकित है , जो अपूर्ण है । जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम सुभाष चंद्र जायसवाल अंकित है , जो पूर्ण है । अतः मेरे ड्राइविंग लाइसेंस और पेन कार्ड में मेरा पूर्ण नाम सुभाष चंद्र जायसवाल अंकित किया जाए । **सुभाष चंद्र जायसवाल पुत्र श्री अयोध्या प्रसाद जायसवाल निवासी – वार्ड नंबर 5 अकोढीया रोड , नगर पंचायत ऊंचाहार – रायबरेली**

## लखनऊ मंडी

**अनाज प्रति कुन्तल :** गेहूं (आरआर 21) 2360-2800 गेहूं (के 65) 3500-3800 बाजरा 2200-2300 मक्का 2700-2800 जौ 2900-3000 **चावल प्रति कुन्तल :** चावल सेल्हा 2800-3100 चावल बासमती 7000-8000 चावल मोटा 2800-3000 चावल मन्सूरी 3200-3500 चावल शक्कर चीनी 4800-5200 चावल गोल्डन सेल्हा 5600-8600 चावल राजरानी 7000-7500 **दाल दलहन :** चना देशी 6800-7000 चना फार्मी 7200-7500 चना काबली 14500-17000 मटर हरा 6000-620 मटर सफेद 6100-6500 दाल चना 8000-8400 दाल मटर 6400-6500 उड़द हरा 12000-12500 उड़द काला 9000-9500 दाल उड़द हरी 15500-16000 दाल उड़द काली 10500-11000 दाल उड़द धोवा 12000-12500 मूंग खड़ा 10000-10500 मूंग दाल 10500-11000 मूंग धोवा 12000-13000 मसूर 8800-9000 मलका 9000-9500 दाल अरहर फूल 16000-17000 दाल स्पेशल 13000-14000 राज्मा सफेद 13000-14000 राज्मा काला 11500-12500 मूंगफली का दाना 11000-12000 **तेल तिलहन :** अलसी 5310-5510 लाही 4800-5200 काली सरसों 4900-5300 पीली सरसों 5600-5800।

## सर्राफा

लखनऊ

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडर्ड | 80,600 |
| सोना रवा | 80,450 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 63,000 |
| चांदी तैयार | 96,500 |
| चांदी (999) | 96,400 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 1,20,000 |

# ट्रंप की जीत से सेंसेक्स 901 अंक चढ़ा

## निफ्टी में 270.75 अंक या 1.12 प्रतिशत की बढ़त, आईटी कंपनियों के शेयरों में तेजी

मुंबई, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों में डोनाल्ड ट्रंप की जीत के बीच सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और फार्मा शेयरों में भारी लिवाली से बुधवार को स्थानीय शेयर बाजारों में एक प्रतिशत से अधिक की तेजी आई। इस दौरान प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स 901 अंक चढ़कर बंद हुआ। बीएसई सेंसेक्स ने दूसरे दिन भी बढ़त जारी रखी और यह 901.50 अंक या 1.13 प्रतिशत बढ़कर 80,378.13 अंक पर बंद हुआ। दिन के कारोबार में सूचकांक 1,093.1 अंक या 1.37 प्रतिशत बढ़कर 80,569.73 अंक पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 270.75 अंक या 1.12 प्रतिशत बढ़कर 24,484.05 अंक पर बंद हुआ।







सेंसेक्स के शेयरों में एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टेक महिंद्रा, अदाणी पोर्ट्स, लार्सन एंड टुब्रो, मारुति और रिलायंस इंडस्ट्रीज में उल्लेखनीय बढ़त हुई। दूसरी ओर टाइटन, इंडसइंड बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एक्सिस बैंक और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में गिरावट आई। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, अमेरिकी चुनाव के नतीजों के बाद वैश्विक बाजारों में राहत भरी तेजी देखी गई। ट्रंप के मजबूत जनादेश के साथ राजनीतिक अनिश्चितता कम हुई है। इससे कर कटौती और सरकारी खर्च में वृद्धि की संभावना बढ़ी है। उन्होंने कहा कि अमेरिका में आईटी खर्च बढ़ने की उम्मीद के कारण घरेलू सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों के शेयरों में लाभ रहा। नायर ने कहा, आईटी कंपनियों के दूसरी तिमाही के नतीजों के अनुसार अमेरिका में बैंकिंग एवं वित्तीय सेवा क्षेत्र में खर्च बढ़ा है। यह भारतीय कंपनियों के लिए सकारात्मक है। यूरोप के अधिकांश बाजार दोपहर के सत्र में बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे।

### क्रिप्टो में तेजी, बिटकॉइन रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचा

**लंदन।** अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की जीत क्रिप्टोकरेंसी के लिए वरदान साबित हुई और बिटकॉइन की कीमत बुधवार को नए उच्च स्तर पर पहुंच गई। बिटकॉइन में शुरुआती कारोबार में करीब आठ प्रतिशत का उछाल आया और यह 75,000 डॉलर को पार कर गया। इस तरह इसने मार्च में बनाए गए अपने पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया। दूसरी क्रिप्टोकरेंसी में भी उछाल आया और दुनिया की दूसरी सबसे लोकप्रिय क्रिप्टोकरेंसी ईथर में आठ प्रतिशत की तेजी आई।

# जीडीपी वृद्धि पर आंकड़े मिले-जुले : शक्तिकांत दास

मुंबई, एजेंसी

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने बुधवार को कहा कि आर्थिक वृद्धि पर आने वाले आंकड़े मिले-जुले हैं, लेकिन सकारात्मक कारक नकारात्मक पहलुओं से अधिक हैं। दास ने बिजनेस स्टैंडर्ड के वार्षिक बीएफएसआई कार्यक्रम में कहा कि अंतर्निहित आर्थिक गतिविधियां कुल मिलाकर मजबूत बनी हुई हैं। उन्होंने कहा, जो आंकड़े आ रहे हैं, वे मिले-जुले हैं, लेकिन सकारात्मक पहलू नकारात्मक पहलुओं से अधिक हैं और कुल मिलाकर अंतर्निहित गतिविधियां मजबूत बनी हुई हैं।

कई विश्लेषक वृद्धि के बारे में चिंता जता रहे हैं। ऐसा खासकर आधिकारिक आंकड़ों के आने के बाद हुआ, जब वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में वृद्धि दर 15 तिमाहियों के निचले स्तर 6.7 प्रतिशत पर आ गई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) हालांकि 2024-25 के लिए 7.2 प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि के अपने अनुमान पर कायम है, जबकि कुछ लोगों का मानना है कि यह सात प्रतिशत से कम रहेगी। दास ने कहा कि आरबीआई अपने अनुमान पर पहुंचने के लिए 70 से अधिक उच्च आवृत्ति वाले संकेतकों पर नजर रखता है।



● भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर ने कहा- नकारात्मक पहलुओं से अधिक हैं सकारात्मक कारक

# मेड इन इंडिया अल्ट्रासाउंड मशीनों का विनिर्माण शुरू

**नई दिल्ली।** मेडिकल इमेजिंग जैसे अल्ट्रासाउंड, डेडिकेटेड मैग्नेटिक रेजोनेंस इमेजिंग और स्वास्थ्य सेवा के लिए सूचना प्रौद्योगिकी में अग्रणी इटालियन इनोवेटर इसाउटे ग्रुप ने नोएडा में एक नए विनिर्माण स्थल के साथ भारत में अपनी उपस्थिति को मजबूत करते हुए मेड इन इंडिया अल्ट्रासाउंड मशीनों का विनिर्माण शुरू करने की घोषणा की है। इटालियन कंपनी की सहायक कंपनी इसाउटे एशिया पैसिफिक डायग्नोस्टिक प्राइवेट लिमिटेड द्वारा यह विनिर्माण किया जा रहा है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि नया इसाउटे विनिर्माण स्थल मेड इन इंडिया के तहत उन्नत अल्ट्रासाउंड श्रृंखला की कंप्लीट सीरीज- माई लैब ए, माई लैब ई-सीरीज और कॉम्पैक्ट पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड का उत्पादन करेगा।

# भारत में भी इलेक्ट्रिक वाहन लाने की तैयारी कर रही है स्कोडा

**मुंबई।** प्रीमियम वाहन विनिर्माता स्कोडा ऑटो भारतीय बाजार में अपना कारोबार बढ़ाने की रणनीति के तहत यहां इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) उतारने की योजना बना रही है। स्कोडा ऑटो फॉक्सवैगन इंडिया के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पीयूष अरोड़ा ने यहां कॉम्पैक्ट एसयूवी काइलक को पेश किए जाने के मौके पर अपनी भावी योजनाओं के बारे में चर्चा की। अरोड़ा ने खास बातचीत में कहा कि भारत सबसे तेजी से बढ़ने वाला बाजार है और स्कोडा इसे अपने कारोबार के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण मानती है।

# रूबिकॉन रिसर्च सहित चार कंपनियों को आईपीओ के लिए सेबी की मंजूरी मिली

नई दिल्ली, एजेंसी

फार्मा कंपनी रूबिकॉन रिसर्च और टीपीजी कैपिटल समर्थित साई लाइफ साइंसेज समेत चार कंपनियों को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये सामूहिक रूप से कम से कम 3,000 करोड़ रुपये जुटाने को भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की मंजूरी मिल गई है।

सेबी द्वारा बुधवार को जारी अपडेट' के अनुसार, आईपीओ लाने की मंजूरी पाने वाली दो अन्य कंपनियां- सनातन टेक्सटाइल्स और वाहन कलपुर्जा विनिर्माता मेटलमैन ऑटो हैं। इस बीच, सितंबर में अपने आईपीओ दस्तावेज दाखिल करने वाली बीएमडब्ल्यू वेंचर्स ने 28 अक्टूबर को दस्तावेज वापस ले लिए। इसमें कहा गया है कि चार कंपनियों - रूबिकॉन रिसर्च, साई लाइफ साइंसेज, सनातन टेक्सटाइल्स और मेटलमैन ऑटो ने जुलाई और अगस्त के दौरान सेबी के पास आईपीओ दस्तावेज दाखिल किए थे। इन कंपनियों को 31 अक्टूबर को सेबी का निष्कर्ष मिला। किसी भी कंपनी को आईपीओ लाने के लिए सेबी का निष्कर्ष जरूरी होता है। आरंभिक दस्तावेजों के अनुसार, रूबीकॉन रिसर्च के 1,085 करोड़ रुपये के आईपीओ के तहत 500 करोड़ रुपये के नए इक्विटी शेयर जारी किए जाएंगे और प्रवर्तक जनरल अटलांटिक सिंगापुर आरआर प्राइवेट लिमिटेड की ओर से 585 करोड़ रुपये की बिक्री पेशकश (ओएफएस) लाई जाएगी।

● रूबीकॉन रिसर्च के आईपीओ के तहत 500 करोड़ रुपये के नए इक्विटी शेयर जारी किए जाएंगे

# इलेक्ट्रिक वाहन कारोबार बढ़ाने की योजना बना रही हीरो मोटोकॉर्प

**मिलान (इटली)।** दोपहिया वाहन विनिर्माता हीरो मोटोकॉर्प इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन क्षेत्र में अपनी उपस्थिति बढ़ाने की कोशिश कर रही है और अगले कुछ महीनों में किफायती मॉडल पेश करने की तैयारी कर रही है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। कंपनी अगले साल ब्रिटेन, फ्रांस, स्पेन और इटली जैसे बाजारों में उतरना चाहती है। हीरो मोटोकॉर्प के सीईओ निरंजन गुप्ता ने ईआईसीएमए के मौके पर पीटीआई-भाषा से अलग से बातचीत में कहा, हम अधिक किफायती खंड में भी उत्पाद उतारेंगे।

# सैजिलिटी इंडिया के आईपीओ को 52 प्रतिशत अभिदान

नई दिल्ली, एजेंसी

स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में प्रौद्योगिकी-सक्षम सेवाएं प्रदान करने वाली सैजिलिटी इंडिया लिमिटेड के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को बुधवार तक दो दिन में 52 प्रतिशत अभिदान प्राप्त हुआ। एनएसई के आंकड़ों के अनुसार, आरंभिक शेयर बिक्री के लिए पेश 38,70,64,594 शेयरों के मुकाबले 20,09,58,500 शेयरों के लिए बोलियां प्राप्त हुईं। खुदरा व्यक्तिगत निवेशकों की श्रेणी को 2.24 गुना अभिदान मिला, जबकि गैर-संस्थागत निवेशकों के कोटा को 24 प्रतिशत अभिदान मिला।

● बिक्री के लिए पेश 38,70,64,594 शेयरों के मुकाबले 20,09,58,500 शेयरों के लिए बोलियां प्राप्त हुईं

पात्र संस्थागत निवेशकों के खंड को सात प्रतिशत अभिदान मिला। सैजिलिटी इंडिया लिमिटेड ने एंकर (बड़े) निवेशकों से 945 करोड़ रुपये से अधिक जुटाए हैं। कंपनी ने आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 28-30 रुपये प्रति शेयर तय किया है। यह निर्गम सात नवंबर तक खुला रहेगा।



## एक नजर

### महाराष्ट्र : भाजपा से 40 पदाधिकारी निष्कासित

**मुंबई।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की महाराष्ट्र ईकाई ने राज्य में 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी विरोधी गतिविधियों में कथित तौर पर संलिप्त स्थानीय स्तर के 40 पदाधिकारियों को बुधवार को पार्टी से निष्कासित कर दिया। भाजपा के प्रवक्ता ने बताया कि जिन लोगों को बाहर का रास्ता दिखाया गया है उनमें वे बागी भी शामिल हैं जिन्होंने पार्टी या सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन के उम्मीदवारों के खिलाफ नामांकन पत्र दाखिल किया है। उन्होंने बताया कि बागियों का समर्थन करने पर अन्य लोगों पर कार्रवाई की गई है। भाजपा द्वारा निष्कासित किए गए पदाधिकारियों में पार्टी के नेता श्रीकांत भरतिया के भाई तुषार भरतिया भी शामिल हैं। वह बडनेरा विधानसभा सीट से बागी उम्मीदवार हैं।

### पोर्श दुर्घटना : किशोर के दोस्त के पिता का आत्मसमर्पण

**पुणे।** इस वर्ष मई महीने में पुणे में हुई पोर्श कार दुर्घटना में शामिल किशोर चालक के दोस्त के पिता ने बुधवार को यहां एक अदालत के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। इस दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई थी। च्चतम न्यायालय ने मंगलवार को अरुण कुमार देवनाथ सिंह को अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया था। सिंह का बेटा कल्याणीनगर इलाके में हुई दुर्घटना के समय कथित तौर पर कार में मौजूद था। आरोप है कि सिंह ने अपने बेटे के रक्त के नमूने बदल दिए ताकि तथ्य छिपाया जा सके कि उसका बेटा दुर्घटना के समय नाबालिग चालक के साथ नशे में था।

### गुजरात: एक मंदिर से चोरी के आरोप में एक गिरफ्तार

**गोधरा।** गुजरात के पंचमहल जिले में पावागढ़ पहाड़ियों पर स्थित देवी महाकाली के एक प्राचीन मंदिर से 78 लाख रुपये मूल्य के सोने के हार चोरी करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि एक मंदिर के गर्भगृह से 28 अक्टूबर को 78 लाख रुपये मूल्य के छह सोने के हार और दो सोने की परत चढ़ीं वस्तुएं चुराने के आरोप में विदुरभाई वसावा को एक सप्ताह से अधिक समय पहले सूरत से गिरफ्तार किया गया था।

# बजरंग बली पसंद नहीं तो जो पसंद हैं, वे वहीं जाएं

## महाराष्ट्र पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूछा- आखिर भारत में कौन है, जो राम व बजरंग बली को नहीं मानता

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को महाराष्ट्र के चुनावी दौरे पर रहे। वहां अमरावती की एक जनसभा में योगी आदित्यनाथ ने जहां महाअघाड़ी को महाअनाड़ी गठबंधन बताया वहीं, यह भी कहा कि नवनीत राणा यहां हनुमान चालीसा के लिए भी संघर्ष कर रही थीं। त्रेतायुग में जब बजरंग बली रहे होंगे, तब इस्लाम नाम की वस्तु ही नहीं रही होगी। उन्होंने कहा कि किन कारणों से रामनवमी की शोभायात्रा निकालने और हनुमान चालीसा पढ़ने से रोका जाता है। जिन्हें बजरंग बली पसंद नहीं है, उन्हें जो पसंद हैं, वे वहीं जाएं। आखिर भारत में कौन भारतीय है, जो राम व बजरंग बली को नहीं मानता है।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को अमरावती, महाराष्ट्र में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए। ● एजेंसी

मुख्यमंत्री सूचना परिसर लखनऊ से साझा की गई खबर के मुताबिक, योगी ने वहां कहा कि चुनाव में दो महागठबंधन लड़ रहे हैं। एक तरफ पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा, शिवसेना व एनसीपी का महायुति गठबंधन है तो दूसरी तरफ महाअघाड़ी के रूप में महाअनाड़ी गठबंधन है। योगी के अनुसार, महाअनाड़ी गठबंधन भारत और भारतीयता के सम्मान व स्वाभिमान के साथ खेलने वाला है। कांग्रेस और एनसीपी के लोग कहते थे कि राम-कृष्ण हुए ही नहीं। राम का विरोध करने वालों को भी अब राम याद आने लग गए।

### अब तो मौलवी भी राम-राम कह रहेः योगी

चुनावी जनसभा में योगी ने बताया कि वे जम्मू-कश्मीर चुनाव में जम्मू एयरपोर्ट पर उतरे तो एक मौलवी ने राम-राम किया, मैं समझा नहीं, फिर उसने कहा कि योगी जी राम-राम। यह देख एयरपोर्ट के अधिकारी भौचक हुए तो मैंने कहा कि आश्चर्य न कीजिए, यह धारा-370 हटने का इफेक्ट है।

### वे पाकिस्तान व फिलीस्तीन के लिए आंसू बहाते हैं

योगी ने कहा कि भारत में जब भी पर्व-त्योहार या शोभायात्रा निकलती है तो कुछ लोग गर्व व श्रद्धा की बजाय पाकिस्तान का झंडा लहराते दिखाई देते हैं। भारत की चिंता करने की बजाय पाकिस्तान व फिलीस्तीन के लिए घड़ियाली आंसू बहाते हैं। भारत के अंदर हमारे लिए सिर्फ राष्ट्रधर्म होना चाहिए। योगी ने यह भी कहा कि जब भी देश में संकट आता है तो कांग्रेस के नेता बाहर जाकर पिकनिक मनाते हैं। संकट के समय राहुल गांधी भारत में नहीं, इटली में होते हैं।

# महाराष्ट्र के राजनीतिक दलों में कोई विचारधारा नहीं बची

छत्रपति संभाजीनगर, एजेंसी

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के नेता अकबरुद्दीन ओवैसी ने मंगलवार को महाराष्ट्र के राजनीतिक दलों पर आरोप लगाया कि उनमें कोई विचारधारा नहीं बची है। साथ ही कहा कि विभाजनकारी राजनीति करने वाले लोग उन्हें सांप्रदायिक करार दे रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यह देश सभी समुदायों का समान रूप से है - चाहे वे पगड़ी या टोपी पहनते हों या वे जो माथे पर तिलक लगाते हों।

तेलंगाना के एआईएमआईएम विधायक ओवैसी यहां अमखास मैदान में अपनी पार्टी के उम्मीदवारों इम्तियाज जलील और नसीर सिद्दीकी के लिए प्रचार करने के वास्ते आयोजित एक सार्वजनिक रैली को संबोधित कर रहे थे। जलील 20 नवंबर को होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में औरंगाबाद पूर्व से जबकि सिद्दीकी औरंगाबाद मध्य से चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा, हमारी पार्टी (एआईएमआईएम) मुस्लिम, दलित, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और मराठों की आवाज उठाती है। मैं भड़काऊ भाषण नहीं देता। जो लोग 'बंटोगे तो कटोगे' की बात करते हैं, वे मुझे सांप्रदायिक कहते हैं।



● अकबरुद्दीन ओवैसी का महाराष्ट्र के राजनीतिक दलों पर आरोप

# सिद्धरमैया से लोकायुक्त पुलिस ने पूछताछ की

मैसुरु (कर्नाटक), एजेंसी

मैसुरु शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) स्थल आवंटन मामले में लोकायुक्त पुलिस ने बुधवार को मैसुरु में मुख्यमंत्री सिद्धरमैया से पूछताछ की। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सिद्धरमैया पूछताछ के लिए जारी समन के जवाब में यहां लोकायुक्त पुलिस के समक्ष पेश हुए और लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक (एसपी) टी. जे. उदेश के नेतृत्व में एक टीम के सवालों का जवाब दिया।

लोकायुक्त अधिकारी ने कहा, पूछताछ करीब दो घंटे तक चली। लोकायुक्त पुलिस द्वारा दर्ज प्राथमिकी में आरोपी संख्या एक के रूप में नामित मुख्यमंत्री एमयूडीए द्वारा उनकी पत्नी पार्वती बी. एम. को 14 स्थलों का आवंटन किए जाने में अनियमितताओं के आरोपों का सामना कर रहे हैं।



● एमयूडीए स्थल आवंटन मामले में लोकायुक्त पुलिस के समक्ष पेश हुए

# सिद्दीकी हत्याकांड के चश्मदीद गवाह को मिली धमकी

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी नेता बाबा सिद्दीकी हत्याकांड के चश्मदीद को एक व्यक्ति ने धमकी भरा फोन कर पांच करोड़ रुपये की फिरौती मांगी है। इकबाल शेख बाबा सिद्दीकी के कार्यालय में काम करता था और जब वरिष्ठ नेता की गोली मारकर हत्या की गयी, तब वह वहां मौजूद था। एक अज्ञात व्यक्ति ने उसे फोन करके धमकी दी। उसने खार थाने में शिकायत दर्ज करायी है। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है और कहा है कि प्रथम दृष्टया उन्हें घटना में कुछ स्थानीय लोगों के शामिल होने का संदेह है।

# संविधान की लाल प्रति पर भिड़ीं भाजपा-कांग्रेस

मुंबई, एजेंसी

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में लाल रंग की संविधान की प्रति सियासी विवाद का विषय बन गई है, जो कांग्रेस के नेता राहुल गांधी अकसर अपने साथ लेकर चलते हैं। भाजपा ने इस मामले पर बुधवार को गांधी पर निशाना साधते हुए पूछा कि वह क्या संदेश देना चाहते हैं जबकि कांग्रेस ने पलटवार करते हुए कहा कि हिंदू धर्म में लाल रंग शुभ माना जाता है।

गांधी ने 20 नवंबर को होने वाले राज्य विधानसभा चुनाव के सिलसिले में बुधवार को कांग्रेस-राकांपा (एसपी)-शिवसेना (यूबीटी) के विपक्षी गठबंधन के लिए प्रचार किया। वह नागपुर में संविधान सम्मान सम्मेलन में लाल कवर वाली संविधान की एक प्रति लेकर गए थे। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस ने सांगली जिले में चुनावी रैली के दौरान सवाल किया, भारत के संविधान की लाल प्रति दिखाकर राहुल गांधी क्या संदेश देना चाहते हैं? उन्होंने कांग्रेस नेता पर अराजकतावादियों का गठबंधन बनाने का आरोप लगाया। राजनीति में लाल रंग को अक्सर मार्क्सवादी या साम्यवादी विचारधारा से जोड़ा जाता है। फडनवीस को जवाब देते हुए, कांग्रेस की राज्य इकाई के प्रमुख नाना पटोले ने कहा कि भाजपा नागपुर में अपने गढ़ के पास गांधी के कार्यक्रम से घबरा गई है।



● कांग्रेस के नेता राहुल गांधी अकसर अपने साथ लेकर चलते हैं लाल रंग की संविधान की प्रति

### राहुल गांधी की नागरिकता के मुद्दे पर सीबीआई जांच शुरू

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय को बुधवार को यह जानकारी दी गई कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा सुनवाई की जा रही जनहित याचिका पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की नागरिकता की सीबीआई जांच शुरू की गई है। याचिकाकर्ता एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की कनार्टक इकाई के कार्यकर्ता ने जब कहा कि उन्होंने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में एक जनहित याचिका दायर की थी, मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला ने कहा कि पीठ कोई विरोधाभासी आदेश पारित करना नहीं चाहती।

# त्योहारी मौसम में शांति सुनिश्चित करें

कोलकाता, एजेंसी

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने बुधवार को पश्चिम बंगाल सरकार को यह सुनिश्चित करने के लिए सभी जरूरी कदम उठाने का निर्देश दिया कि त्योहारी सीजन के दौरान राज्य के सभी इलाकों में शांति बनी रहे। अदालत ने कहा कि यह सुनिश्चित करना राज्य सरकार की जिम्मेदारी है कि लोग बिना किसी व्यवधान के, पूरे हर्षोल्लास के साथ, त्योहारों का जश्न मनाएं।

मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवज्ञानम और न्यायमूर्ति हिरण्मय भट्टाचार्य की खंडपीठ ने पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी की याचिका पर सुनवाई के दौरान यह निर्देश दिया। याचिका में आरोप लगाया गया है कि काली पूजा के एक दिन बाद कोलकाता के राजाबाजार और नारकेलडांगा में भीड़ ने कुछ वर्गों के लोगों पर हमला किया, जिससे इलाके में तनाव फैल गया। राज्य सरकार की तरफ से पेश महाधिवक्ता किशोर दत्ता ने दावा किया कि अलग-अलग समुदाय के लोगों के आपस में टकराव संबंधी आरोपों में कोई सच्चाई नहीं है। दत्ता ने दलील दी कि दो लोगों के बीच झड़प के कारण कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ गई और उसके फलस्वरूप हुई हिंसा में कुछ पुलिस अधिकारी भी घायल हो गए।



● कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पश्चिम बंगाल सरकार को सभी जरूरी कदम उठाने का निर्देश दिया

# भाजपा में शामिल हुए हेमंत सोरेन के चुनाव प्रस्तावक को धमकी

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के चुनाव प्रस्तावकों में से एक मंडल मुर्मू को भाजपा में शामिल होने के बाद सोशल मीडिया पर जान से मारने की धमकी मिली है। इस मामले में बुधवार को एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया। सोरेन ने विधानसभा चुनाव के लिए बरहैट विधानसभा क्षेत्र से नामांकन दाखिल किया है। दुमका के पुलिस अधीक्षक पीतांबर सिंह खेरवार ने बताया, मुर्मू को सोशल मीडिया मंच से धमकी दी गई थी।

# ऑटोमोबाइल कंपनी के खिलाफ धोखाधड़ी मामले में छापेमारी

भोपाल, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 40 करोड़ रुपये के कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले से जुड़ी धन शोधन जांच के सिलसिले में बुधवार को यहां कई परिसरों में छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। संघीय जांच एजेंसी ने यह कार्रवाई शहर की एक्सेल व्हीकल प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी, इसकी प्रवर्तक मंजू गर्ग, उनके बेटे ऋषभ गर्ग, कुछ अज्ञात लोक सेवकों और लोगों के खिलाफ धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत आपराधिक मुकदमा दर्ज करने के बाद की।

सीबीआई की भ्रष्टाचार रोधी शाखा ने जून 2020 में भोपाल में प्राथमिकी दर्ज की थी, जिसके बाद ईडी ने धन शोधन मामले की जांच शुरू की। सूत्रों ने बताया कि अरेरा कॉलोनी में एक ऑडिटर के आवास और उससे जुड़े कुछ परिसरों पर छापेमारी की गयी।

# राष्ट्रपति मुर्मू आज नौसेना अभियानों का अवलोकन करेंगी

**पणजी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गुरुवार को गोवा तट पर स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत पर सवार होकर नौसेना के अभियानों को देखेंगी। भारतीय नौसेना के प्रवक्ता ने बताया कि नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी आईएनएस हंस (गोवा स्थित नौसेना वायु अड्डा) पर मुर्मू की अगवानी करेंगे। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर राष्ट्रपति के सम्मान में 150 जवानों द्वारा औपचारिक सलामी गारद दी जाएगी।

# आईसीसी टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में छठे स्थान पर पहुंचे ऋषभ

दुबई, एजेंसी



भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत पिछले हफ्ते मुंबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट में प्रदर्शन के बूते बुधवार को ताजा जारी आईसीसी पुरुष टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में पांच पायदान के फायदे से छठे स्थान पर पहुंच गए। पंत ने मुंबई टेस्ट के दौरान दो अर्धशतकीय पारियां खेलीं, हालांकि भारत तीसरे और अंतिम टेस्ट में हार से श्रृंखला 0-3 से गंवा बैठा।

इस प्रदर्शन से पंत को रैंकिंग में फायदा हुआ जो संकेत है कि वह गंभीर कार दुर्घटना के बाद अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में वापसी कर चुके हैं। अब यह बायें हाथ का बल्लेबाज जुलाई 2022 में रैंकिंग में हासिल किए गए अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ पांचवें स्थान से महज एक कदम पीछे है। शीर्ष टेस्ट बल्लेबाजों की सूची में शामिल अन्य भारतीय बल्लेबाजों में बायें हाथ के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल भी मौजूद हैं जो एक पायदान नीचे चौथे स्थान पर खिसक गए हैं। न्यूजीलैंड ने मुंबई में 25 रन की करीबी जीत से श्रृंखला में वाइटवाश किया जिससे शीर्ष 10 टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में पंत और दौरा करने वाली टीम के डेरिल मिचेल को फायदा हुआ। मिचेल आठ पायदान की छलांग से सातवें स्थान पर पहुंच गए, उन्होंने मुंबई टेस्ट में भारत के खिलाफ पहली पारी में 82 रन की पारी खेली जिससे वह टीम के साथी केन विलियमसन (दूसरे स्थान) के साथ शामिल हो गये जो न्यूजीलैंड के शीर्ष 10 में मौजूद एकमात्र खिलाड़ी थे।

इंग्लैंड के दायें हाथ के बल्लेबाज जो रूट ने सूची में शीर्ष पर अपनी बढ़त बरकरार रखी है जिसमें विलियमसन, हैरी ब्रुक (तीसरे), जायसवाल (चौथे) और स्टीव स्मिथ (पांचवें) उनके लिए चुनौती हैं।

### गेंदबाजी रैंकिंग में जडेजा छठे स्थान पर पहुंचे

भारत के शुभमन गिल ने मुंबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहली पारी में 90 रन की पारी खेली जिससे वह चार पायदान के लाभ से 16वें स्थान पर पहुंचे जबकि न्यूजीलैंड के प्लेयर ऑफ द सीरीज विल यंग 29 पायदान की उछाल से 44वें स्थान पर काबिज होने में सफल रहे। रविंद्र जडेजा न्यूजीलैंड के खिलाफ 10 विकेट लेने से टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में दो पायदान के फायदे से छठे स्थान पर पहुंचे जिससे वह रविचंद्रन अश्विन से एक स्थान पीछे हैं। कागिसो रबाडा शीर्ष रैंकिंग पर काबिज हैं। ऑस्ट्रेलिया के जोश हेजलवुड भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और पैट कमिंस से आगे दूसरे स्थान पर हैं। वहीं टीम साथी वाशिंगटन सुंदर टेस्ट गेंदबाजों में सात पायदान के लाभ से 46वें स्थान पर पहुंच गये। न्यूजीलैंड के स्पिन जोड़ीदार एजाज पटेल (12 पायदान के फायदे) और ईश सोढी (तीन पायदान के फायदे) क्रमश: 22वें और 70वें स्थान पर बने हुए हैं।

# डेविस कप कोच आशुतोष सिंह को 16 साल के मानस धामने से काफी उम्मीदें

नई दिल्ली, एजेंसी



- कोच बोले भविष्य के लिए अहम खिलाड़ी हो सकते हैं मानस

जीशान अली की जगह नये डेविस कप कोच बने आशुतोष सिंह को उम्मीद है कि मानस धामने अपनी कड़ी मेहनत और शानदार जज्बे की बदौलत भारतीय टेनिस के लिए भविष्य में अहम खिलाड़ी साबित हो सकते हैं। आशुतोष ने स्टॉकहोम में मालेगांव के इस युवा खिलाड़ी को देखा जहां भारत ने स्वीडन के खिलाफ डेविस कप ग्रुप एक मुकाबले में हिस्सा लिया था। हालांकि 16 वर्षीय धामने को कोई मैच खेलने का मौका नहीं मिला लेकिन वह एक अन्य युवा खिलाड़ी आर्यन शाह के साथ स्टॉकहोम गई टीम का हिस्सा थे।

भारत को मेजबान टीम के हाथों 0-4 से हार का सामना करना पड़ा, लेकिन कोच आशुतोष ने स्वीडन में हुए इस निराशाजनक प्रदर्शन में सकारात्मक पहलू देखा। पूर्व डेविस कप खिलाड़ी बलराम सिंह के बेटे आशुतोष ने कहा मानस एक मेहनती खिलाड़ी है। कोर्ट पर वह सिर्फ आंखों से संपर्क बनाता है और ओके करता है। उसके पास एकल में भारत के मिस्टर डिपेंडेबल बनने की क्षमता है जिसकी तलाश भारतीय टेनिस को लंबे समय से है। निश्चित रूप से अभी बहुत लंबा सफर तय करना है। लेकिन वह जिस रास्ते पर चल रहा है और उसके मेहनती दृष्टिकोण से यह संभव लगता है। यह भी ध्यान रखना होगा कि मानस सिर्फ 16 साल का है और उसे अपने कार्यभार प्रबंधन के कुछ पहलुओं में सतर्कता बरतते हुए निगरानी की जरूरत है। लेकिन वह इटली में अपने ट्रेनिंग बेस में सही ट्रेनिंग ले रहा है। भारत के पास शीर्ष-100 में केवल एक खिलाड़ी सुमित नागल (83) है। उनके बाद रामकुमार रामनाथन हैं जो 309वें नंबर पर हैं।

## खेल डायरी

### किरण जॉर्ज कोरिया मास्टर्स के दूसरे दौर में पहुंचे

**इसकान सिटी (कोरिया)।** भारत के किरण जॉर्ज ने बुधवार को यहां कड़े मुकाबले में वियतनाम के कुआन लिन कुओ को तीन गेम में हराकर कोरिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई। भारत के चौबीस साल के किरण ने इस बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 टूर्नामेंट के पहले दौर में वियतनाम के खिलाड़ी के खिलाफ 57 मिनट में 15-21, 21-12, 21-15 से जीत दर्ज की। टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे एकमात्र भारतीय और दुनिया के 44वें नंबर के खिलाड़ी किरण दूसरे दौर में चीनी ताइपे के तीसरे वरीय ची यू जेन से भिड़ेंगे। किरण ने मुकाबले की धीमी शुरुआत की जिसका फायदा उठाकर किन कुओ ने 11-4 की बढ़त बनाई और फिर आसानी से पहला गेम जीत लिया। किरण ने 0-1 से पिछड़ने के बाद दूसरे गेम की शुरुआत लगातार छह अंक के साथ और फिर दूसरा गेम जीतकर मुकाबला 1-1 से बराबर किया।

### घरेलू वनडे और टी-20 में असलंका करेंगे कप्तानी

**कोलंबो।** चरिथ असलंका न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू एकदिवसीय और टी-20 सीरीज के लिए श्रीलंका टीम की कप्तानी करेंगे। श्रीलंका ने हाल ही में भारत और वेस्टइंडीज के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करने वाले अनुभवी खिलाड़ियों को भी दोनों प्रारूपों के लिए टीम में जगह दी है। नौ और 10 नवंबर को दो टी-20 मैच खेले जाएंगे। वहीं 13, 17 और 19 नवंबर को एकदिवसीय मैच होंगे। पहले तीन मैच रांगिरी दांबुला अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में तथा अंतिम दो एकदिवसीय मैच पल्लेकेले अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे। श्रीलंका की वनडे टीम में चरिथ असलंका (कप्तान), पथुम निसंका, अविष्का फर्नांडो, कुसल परेरा, कुसल मेंडिस, कामिंदु मेंडिस, जेनिथ लियानगे, सदीरा समरविक्रमा, निशान मदुश्का, डुनिथ वेलालेज, वानिंदु हसरंगा, महीश थीक्षाणा, जेफरी वांडरसे, चामिदु विक्रमसिंघे, असिथा फर्नांडो, मदुशंका और शिराज होंगे। श्रीलंका की टी-20 टीम में चरिथ असलंका (कप्तान), निसंका, कुसल मेंडिस, कुसल परेरा, कामिंदु, चंडीमल, अविष्का, भानुका, हसरंगा, थीक्षाना, डुनिथ, जेफरी वांडरसे, चामिदु, नुवान, पथिराना, बिनुरा और असिथा फर्नांडो को रखा गया है।

### पाकिस्तान के खिलाफ जोश होंगे ऑस्ट्रेलिया के कप्तान

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया ने जोश इंग्लिस को पाकिस्तान के खिलाफ सफेद गेंद घरेलू सीरीज के लिए टीम का नया कप्तान बनाया हैं। चयन समिति के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने बुधवार को कहा जोश एकदिवसीय और टी-20 अंतर्राष्ट्रीय टीमों का अभिन्न सदस्य है और मैदान के अंदर और बाहर एक बेहद सम्मानित खिलाड़ी है। बेली ने कहा वह पहले भी ऑस्ट्रेलिया ए टीम का नेतृत्व कर चुके है और उनको मैट शॉर्ट और एडम जम्पा जैसे खिलाड़ियों के साथ-साथ ग्लेन मैक्सवेल और मार्कस स्टोइनिस जैसे वरिष्ठ खिलाड़ियों से भी भरपूर समर्थन मिलेगा। इंग्लिस के प्रमोशन से टेस्ट कप्तान पैट कमिंस और साथी रेड-बॉल सितारे मिशेल स्टार्क, जोश हेजलवुड, मार्नस लाबुशेन और स्टीव स्मिथ पाकिस्तान के खिलाफ चल रही एकदिवसीय सीरीज के अंतिम मैच से बाहर रहेंगे। वहीं तेज गेंदबाज स्पेंसर जॉनसन और जेवियर बार्टलेट को विकेटकीपर-बल्लेबाज जोश फिलिप और एक अन्य तेज गेंदबाज लांस मॉरिस के साथ टीम में जगह दी गई है। पाकिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला का पहला मैच दो विकेट से जीत चुका है।

### डेविड वार्नर सिडनी थंडर के कप्तान नियुक्त

**सिडनी।** डेविड वार्नर को बुधवार को बिग बैश लीग की टीम सिडनी थंडर का कप्तान नियुक्त किया गया। यह छह साल बाद पहला अवसर होगा जबकि यह आक्रामक सलामी बल्लेबाज स्वदेश में किसी टीम का नेतृत्व करेगा। दक्षिण अफ्रीका में गेंद से छेड़छाड़ के विवाद के बाद क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने वॉर्नर की कप्तानी पर आजीवन प्रतिबंध लगा दिया था। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने हालांकि पिछले महीने यह प्रतिबंध हटा दिया था जिससे उनका सिडनी थंडर की कप्तानी करने का रास्ता साफ हो गया था। वार्नर ने जून में वेस्टइंडीज में खेले गए टी-20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया की हार के बाद अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। उन्होंने कहा कि फिर से थंडर की कप्तानी मिलना उनके लिए काफी मायने रखती है। इस सत्र में फिर से थंडर की कप्तानी करना मेरे लिए काफी मायने रखती है। मैं शुरू से इस टीम का हिस्सा रहा हूं और फिर से मेरे नाम के आगे कप्तान लिखा जाना शानदार है।

# ऑस्ट्रेलिया 3-1 से जीत सकती है : रिकी

## पोंटिंग ने की भविष्यवाणी- श्रृंखला में शमी के बिना भारत के लिए 20 विकेट लेना चुनौती

दुबई, एजेंसी

पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि भारत के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया बोर्डर-गावस्कर 3-1 से जीतेगा क्योंकि मोहम्मद शमी की गैरमौजूदगी में मेहमान टीम के लिए टेस्ट मैच में 20 विकेट चटकाना सबसे बड़ी चुनौती होगी।

ऑस्ट्रेलिया की नजरें बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में खिताब के सूखे को खत्म करने पर टिकी हैं। भारत ने 2014-15 से सभी चार श्रृंखलाएं जीती हैं जिसमें ऑस्ट्रेलिया में 2018-19 और 2020-21 में हुई श्रृंखलाएं भी शामिल है। भारत को हालांकि पिछली टेस्ट श्रृंखला में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहली बार अपनी सरजमीं पर 0-3 से क्लीन स्वीप का सामना करना पड़ा जिसके बाद पोंटिंग का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया के पास मेहमान टीम को हराने का बेहतर मौका है। पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू शो पर ऑस्ट्रेलिया की संभावनाओं के बारे में कहा संभवतः अब पहले ही तुलना मे बेहतर है। शमी चोटों के कारण पिछले साल नवंबर से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेले हैं और पोंटिंग का मानना है कि उनकी गैरमौजूदगी में जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप, प्रसिद्ध कृष्णा और पदार्पण का इंतजार कर रहे हर्षित राणा की मौजूदगी वाले भारत के गेंदबाजी आक्रमण में कमी नजर आती है।



पोंटिंग ने कहा शमी की अनुपस्थिति में गेंदबाजी समूह में बहुत बड़ा अंतर आ गया है। उस समय (अगस्त में) कुछ अटकलें लगाई जा रही थीं कि शमी फिट होंगे या नहीं। उन्होंने कहा मुझे लगता है कि भारत के लिए टेस्ट मैच में 20 विकेट लेना सबसे बड़ी चुनौती होगी। मुझे लगता है कि वे मौजूदा बल्लेबाजों के साथ यहां अच्छी बल्लेबाजी करेंगे। ऑस्ट्रेलिया की एक अधिक स्थिर टीम के रूप में प्रशंसा करते हुए पोंटिंग 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाली श्रृंखला में भारत को पूरी तरह से कमजोर नहीं मानते। पोंटिंग ने भविष्यवाणी की मुझे लगता है कि भारत पांच टेस्ट मैचों में से किसी एक टेस्ट मैच में जीतेगा। लेकिन मुझे अब भी लगता है कि ऑस्ट्रेलिया शायद थोड़ा अधिक स्थिर, थोड़ा अधिक अनुभवी है और हम जानते हैं कि उन्हें घर पर हराना बहुत मुश्किल है। इसलिए मैं 3-1 के साथ जाऊंगा।

### पंत बना सकते हैं सबसे ज्यादा रन

पोंटिंग को लगता है कि अनुभवी स्टीव स्मिथ या तेजतर्रार ऋषभ पंत में से कोई एक पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला में सबसे ज्यादा रन बनाने वाला खिलाड़ी होगा। उन्होंने कहा सबसे ज्यादा रन बनाने वालों में मैं स्टीव स्मिथ या ऋषभ पंत को चुनूंगा। मुझे लगता है कि स्मिथ, यह तथ्य कि वह सलामी बल्लेबाज से नंबर चार पर वापस आ गया है, शायद उसके पास साबित करने के लिए और भी बहुत कुछ है... कि शायद उसे पारी का आगाज करने के लिए भेजा ही नहीं जाना चाहिए था और नंबर चार उसका स्थान है और जहां उसे संभवत: पूरे समय रहना चाहिए था और जहां वह संभवत: अपना करियर खत्म करेगा। पोंटिंग का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया के लिए तेज गेंदबाजों मिशेल स्टार्क और पैट कमिंस से अधिक विकेट जोश हेजलवुड चटकाएंगे। मुझे लगता है कि ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजों में से हेजलवुड इस समय अन्य गेंदबाजों की तुलना में अपनी क्षमता के चरम पर हैं। इसलिए मैं उन्हें सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज के रूप में चुनूंगा।

# इगा को हराकर डब्ल्यूटीए के सेमीफाइनल में गॉफ

- बारबोरा क्रेजिकोवा ने अमेरिका की जेसिका पेगुला को हराया
- कोको बोलीं- स्वियाटेक के साथ खेलना मेरे लिए काफी कठिन



मैच के दौरान शॉट लगातीं स्वियाटेक >>

**रियाद।** अमेरिका की महिला टेनिस स्टार कोको गॉफ ने डब्ल्यूटीए फाइनल में गत चैंपियन इगा स्वियाटेक को सीधे सेटों में हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली हैं।

ऑरेंज ग्रुप एकल के दूसरे दौर के मंगलवार को हुए मुकाबले में दोनों खिलाड़ियों ने पहले सेट में 3-3 तक सर्विस बरकरार रखी। इसके बाद गॉफ ने लगातार दो बार स्वियाटेक की सर्विस तोड़कर पहला सेट 6-3 से जीत लिया। दूसरे सेट में दोनों खिलाड़ियों ने पहले आठ गेम में दो बार एक दूसरे की सर्विस तोड़ी और स्कोर 4-4 पर पहुंच गया। इसके बाद गॉफ ने एक बार फिर स्वियाटेक की सर्विस तोड़कर यह सेट 6-4 से जीतकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। मैच के बाद गॉफ ने कहा आज यह निश्चित रूप से मेरे लिए एक अच्छा मैच था। आप जानते हैं कि इगा के साथ खेलना मेरे लिए कठिन है, लेकिन मैं वास्तव में खुश हूं कि मैं पूरा मैच में खेलने में कामयाब रही। वहीं एक अन्य मैच में चेक गणराज्य की बारबोरा क्रेजिकोवा ने अमेरिकी जेसिका पेगुला को एक घंटे और 9 मिनट चले मुकाबले में 6-3, 6-3 से हराया।

# साक्षी मलिक ने मोदी व मांडविया से की कुश्ती बचाने की अपील

**चंडीगढ़।** पहलवान साक्षी मलिक ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया से कुश्ती का भविष्य बचाने की अपील की।

मलिक ने सोशल मीडिया एक्स पर प्रधानमंत्री और खेल मंत्री को संबोधित करते हुये जारी वीडियो सन्देश में कहा पिछले साल कुश्ती फेडरेशन के चुनाव हुये। उसके दूसरे ही दिन ब्रजभूषण की बेहूदगी और दबदबे को आपने और पूरे देश ने देखा, जिससे दुखी होकर और बड़े परेशान मन से मुझे अपनी कुश्ती को त्यागना पड़ा। साक्षी ने कहा मैं उन बच्चों की मजबूरियां समझ सकती हूं, उनका पूरा करिअर उनके आगे है।

# रियल मैड्रिड और मैनचेस्टर सिटी की बड़ी हार

मिलान, एजेंसी

यूरोप की चोटी की टीमों रियल मैड्रिड और मैनचेस्टर सिटी दोनों को चैंपियंस लीग फुटबॉल प्रतियोगिता में बड़ी हार का सामना करना पड़ा। मौजूदा चैंपियन रियल मैड्रिड को एसी मिलान ने अपने घरेलू मैदान पर 3-1 से हरा दिया, जबकि मैनचेस्टर सिटी को एर्लिंग हालैंड की पेनल्टी में चूक महंगी पड़ी और चौथे मिनट में बढ़त बनाने के बावजूद उसे पुर्तगाल की टीम स्पोर्टिंग लिस्बन में 4-1 से हार झेलनी पड़ी।



गोल दागने के बाद जश्न मनाती मैनचेस्टर सिटी की टीम।

**15** बार के चैंपियन का चैंपियंस लीग में खराब प्रदर्शन जारी लिवरपूल की शानदार जीत

लिवरपूल के लिए यह शानदार दिन था जिसने लुइस डियाज की हैट्रिक और कोडी गाकपो गोल की मदद से एनफील्ड में खेले गए मैच में जर्मन चैंपियन बायर लेवरकुसेन पर 4-0 से जीत दर्ज की। लिवरपूल चार मैचों में चार जीत के साथ लीग चरण तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया है। उसके बाद स्पोर्टिंग और मोनाको का नंबर आता है जिनके तीन जीत और एक ड्रॉ के बाद समान 10 अंक हैं।

15 बार के चैंपियन रियल मैड्रिड का चैंपियंस लीग में खराब प्रदर्शन जारी रहा। वह अपने दूसरे मैच में लिली से हार गया था। मलिक थियाव ने 12वें मिनट में मिलान को बढ़त दिला दी थी। विनीसियस जूनियर ने 23वें मिनट में पेनल्टी पर बराबरी का गोल किया। इसके बाद अल्वारो मोराटा और तिजानी रिजेंडर्स ने मिलान के लिए गोल किए।

### रोनाल्डो के गोल से अल नासर की बड़ी जीत

**रियाद।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो के गोल की मदद से अल नासर ने एएफसी चैंपियंस लीग फुटबॉल प्रतियोगिता के एलीट वर्ग में संयुक्त अरब अमीरात के क्लब और गत चैंपियन अल ऐन को 5-1 से हराकर 12 टीमों की तालिका में शीर्ष तीन में जगह बनाई। सऊदी अरब के क्लब अल नासर के चार मैचों में 10 अंक हैं तथा वह स्थानीय प्रतिद्वंद्वियों अल हिलाल और अल अहली से दो अंक पीछे हैं। इन दोनों ने अभी तक अपने चारों मैच जीते हैं। इस बीच जापान के विसेल कोबे ने दक्षिण कोरिया के ग्वांगजू एफसी पर 2-0 से जीत से अपने ग्रुप में पहला स्थान हासिल कर लिया।

# रित्विक-केब्रल ने किया उलटफेर

**मेट्ज (फ्रांस)।** भारत के रित्विक चौधरी बोलीपल्ली और उनके जोड़ीदार फ्रांसिस्को केब्रल ने बुधवार को यहां मोसेले ओपन टेनिस टूर्नामेंट में सेंटियागो गोंजालेज और एडवर्ड रोजर वेसलीन की जोड़ी को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

भारत और पुर्तगाल की गैर वरीय जोड़ी ने मैक्सिको के गोंजालेज और फ्रांस के रोजर वेसलीन की जोड़ी को क्वार्टर फाइनल में हराया। हैदराबाद के रित्विक ने एटीपी टूर पर पहली बार किसी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई है। रित्विक और केब्रल अगले दौर में मैनुएल गुइनार्ड और ग्रेगोएर जैक तथा पियरे ह्यजेस हर्बर्ट और अल्बानो ओलिवेटी के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से भिड़ेंगे।

## बॉलीवुड हलचल

# थामा मेरे करियर का सबसे खास प्रोजेक्ट : आयुष्मान



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना का कहना है कि फिल्म थामा उनके करियर का सबसे खास प्रोजेक्ट है। मैडॉक फिल्म्स ने हाल ही में अपनी ब्लॉकबस्टर हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स की नई फिल्म थामा की घोषणा की है। इस फिल्म में आयुष्मान खुराना, रश्मिका मंदाना, परेश रावल और नवाजुद्दीन सिद्दीकी मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म थामा दिवाली 2025 पर रिलीज होगी और यह फिल्म निर्माता दिनेश विजन के साथ आयुष्मान की बाला के बाद दूसरी फिल्म है। बाला ने बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ का आंकड़ा पार किया था। आयुष्मान ने कहा मुझे खुशी है कि दिनेश विजन को लगता है कि यह मेरे लिए उनके ब्लॉकबस्टर हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स में शामिल होने का सही समय है। स्त्री 2 के बॉलीवुड के इतिहास में सबसे बड़ी फिल्म बनने के बाद मैं इस यूनिवर्स का हिस्सा बनकर गर्व महसूस कर रहा हूं। मुझे यकीन है कि यह एक ऐसा सिनेमाई अनुभव होगा जिसे दर्शक लंबे समय तक याद रखेंगे। दिनेश ने इस यूनिवर्स को जिस तरह से बनाया है, वह काबिले तारीफ है।

### पुष्पा 2: द रूल ने अमेरिका में 15 हजार से अधिक टिकट बेचकर बनाया रिकॉर्ड

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय स्टार अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 : द रूल ने अमेरिका में 15 हजार से अधिक टिकट बेचकर रिकॉर्ड बना दिया है। पुष्पा 2 : द रूल फास्टेस्ट इंडियन फिल्म बन गई है, जो यूनाइटेड स्टेट में 15000 से ज्यादा टिकट्स बेच चुकी है। वर्ष 2021 की ब्लॉकबस्टर पुष्पा : द राइज का मच अवेटेड सीक्वल दुनिया भर में फैंस के बीच बहुत एक्साइटमेंट पैदा कर रहा है। इसका प्रीमियर 04 दिसंबर को होने वाला है और वर्ल्डवाइड रिलीज 05 दिसंबर होगी। मेकर्स ने घोषणा के साथ एक नया पोस्टर शेयर करते हुए लिखा है, एक-एक करके रिकॉर्ड तोड़ते हुए #पुष्पा2दरूलबनी अमेरिका में सबसे तेजी से 15 हजार से ज्यादा टिकट बेचने वाली भारतीय फिल्म यूएसएप्रीमियर 4 दि संबर को 5 दिसंबर, 2024 को वर्ल्ड वाइड ग्रैंड रिलीज होगा। पुष्पा 2 : द रूल साल में अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना और फहाद फासिल की मुख्य भूमिका है। इस फिल्म का निर्देशन सुकुमार ने किया है और इसे मैत्री मूवी मेकर्स और सुकुमार राइटिंग्स द्वारा प्रोड्यूस किया गया है, जिसमें टी-सीरीज का म्यूजिक है।

### अजय देवगन की फिल्म आजाद का टीजर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन की नई फिल्म आजाद का टीजर रिलीज हो गया है। फिल्म आजाद में अजय देवगन के साथ डायना पेंटी, अमन देवगन और राशा थडानी नजर आएंगे। फिल्म आजाद का टीजर फिल्म के निर्देशक अभिषेक कपूर ने सोशल मीडिया पर शेयर किया है। उन्होंने लिखा, हर जंग में, हर बहादुर योद्धा के साथ, एक वफादार घोड़ा जरूर रहा है। आजाद का टीजर रिलीज हुआ, जनवरी 2025 में बड़े पर्दे पर रोमांस का नजारा देखें। इस टीजर में महाराणा प्रताप को दिखाया गया है, जिन्होंने 40 हजार की एक खतरनाक दुश्मन सेना का सामना केवल आठ से नौ हजार सैनिकों के साथ किया। टीजर में महाराणा प्रताप के घोड़े पर फोकस किया गया है। टीजर में उसे हाथी जितना लंबा, मोर की तरह पतली गर्दन वाला और बिजली की तरह तेज बताया गया है। फिल्म आजाद अजय देवगन के भतीजे अमन देवगन और रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी की बॉलीवुड में पहली फिल्म है।

### सिंघम अगेन ने कमाए 150 करोड़



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन की फिल्म सिंघम अगेन ने भारतीय बाजार में 150 करोड़ से अधिक की कमाई कर ली है। रोहित शेट्टी के निर्देशन में बनी फिल्म सिंघम अगेन, सिंघम फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म है। सिंघम अगेन दीवाली के अवसर पर 1 नवंबर को रिलीज हुई है। सिंघम अगेन में अजय देवगन, करीना, दीपिका, अर्जुन, टाइगर, अक्षय, रणवीर, रवि किशन और जैकी श्रॉफ की अहम भूमिका है। भारत में ओपनिंग डे पर 43 .5 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था। दूसरे दिन फिल्म ने 42 .5 करोड़,तीसरे दिन 35 .75 करोड़, चौथे दिन 18 करोड़ और पांचवे दिन 13 .5 करोड़ रुपए की अनुमानित कमाई की है। इस तरह फिल्म ने पांच दिन में भारत में 153 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई कर ली है।

# भारत ए ने बदली गेंद का किया विरोध वार्नर-कोवान ने मांगा स्पष्टीकरण

सिडनी, एजेंसी

- डेविड बोले- जल्द ही निपटा दिया गया मामला, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया को करना है अंतिम फैसला

भारत ए के खिलाड़ियों ने ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ पिछले सप्ताह खेले गए पहले अनौपचारिक टेस्ट मैच के अंतिम दिन के खेल के दौरान दी गई बदली हुई गेंद की स्थिति पर असंतोष व्यक्त किया, जबकि डेविड वार्नर और एड कोवान ने मामले में क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से स्पष्टीकरण देने को कहा है। एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है।

यह मसला पिछले सप्ताह मैकाय में खेले गए चार दिवसीय मैच के अंतिम दिन सामने आया था जब अंपायरों ने भारतीय टीम को अलग गेंद दी। भारतीय खिलाड़ी, विशेषकर इशान किशन, इस फैसले से नाखुश थे तथा इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने इसे मूर्खतापूर्ण फैसला करार दिया था। सिडनी मार्निंग हेराल्ड में बुधवार को प्रकाशित रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय टीम गेंद बदलने को लेकर नहीं बल्कि बदली गई गेंद की स्थिति को लेकर विरोध कर रही थी। रिपोर्ट में कहा गया है इस मामले को लेकर एक तथ्य जो अभी तक पता नहीं था यह है कि भारत ए की टीम इसलिए नाराज नहीं थी कि गेंद को बदल दिया गया है बल्कि वह बदली गई गेंद की स्थिति को लेकर नाखुश थी। यह कोई बड़ा मुद्दा नहीं था क्योंकि खिलाड़ियों और अंपायरों के बीच बदली गई गेंद को लेकर दशकों से बहस होती रही है। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाजों डेविड वार्नर और एड कोवान ने अब क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से यह स्पष्ट करने को कहा है कि मैकाय में मैच के अंतिम दिन क्या हुआ था। वार्नर ने कहा कि यह मामला जल्द से जल्द खत्म कर दिया गया है क्योंकि भारत की सीनियर टीम पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर आने वाली है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना* 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharayodhya@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा।)

## पिछले चुनाव में शिकस्त के बाद ट्रंप ने की जोरदार वापसी, अमेरिका के राष्ट्रपति निर्वाचित होने वाले सबसे उम्रदराज शख्स

# फिर चला ट्रंप कार्ड, कमला आउट

वाशिंगटन, एजेंसी

डोनाल्ड ट्रंप चार साल पहले जो बाइडन से राष्ट्रपति चुनाव हारने के बाद काफी मायूस और खिन्न थे तथा इसके कुछ हफ्तों बाद उनके समर्थकों की एक हिंसक भीड़ ने जब यूएस कैपिटल (अमेरिकी संसद भवन) पर धावा बोला था तो इसे रिपब्लिकन नेता के राजनीतिक करियर का अंत माना जाने लगा था। हालांकि, ठीक चार साल बाद, ट्रंप (78) ने व्हाइट हाउस में दूसरा कार्यकाल सुनिश्चित कर अमेरिका के इतिहास में अभूतपूर्व और जोरदार राजनीतिक वापसी की है। वह भी, एक गंभीर अपराध के मामले में दोषी करार दिये जाने और उनकी हत्या की दो नाकाम कोशिशों के बाद।

ट्रंप और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के बीच कड़े मुकाबले का नतीजा अब तक आधिकारिक रूप से घोषित नहीं किया गया है, लेकिन रिपब्लिकन नेता के व्हाइट हाउस में लौटने की तस्वीर लगभग साफ हो गई है। राजनीतिक विश्लेषक अनंग मित्तल ने कहा, यह अमेरिकी इतिहास में सबसे बड़ी राजनीतिक वापसी में से एक है। मार्च में, ट्रंप को उनकी पार्टी की ओर से प्रत्याशी नामित किया गया और कई अदालती मामलों के कारण ट्रंप के महीनों तक राजनीतिक वनवास में रहने के बाद जुलाई में रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन (आरएनसी) में इस पर मुहर लगाई गई। असल में, एक गंभीर अपराध में दोषी करार दिये जाने के बाद शीर्ष पद के लिए नामांकन पाने वाले वह पहले पूर्व राष्ट्रपति बन गए। ट्रंप अब भी चार आपराधिक अभियोगों का सामना कर रहे हैं और फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि इन मुकदमों का क्या होगा। पूर्व राष्ट्रपति 2021 में महाभियोग की सुनवाई से भी बच गए, जो उनके बरी होने के साथ समाप्त हो गई।

जुलाई में, पेन्सिलवेनिया में एक रैली के दौरान उन पर गोली चली, जो उनके कान के ऊपरी हिस्से को छूते हुए निकल गई। इसके कुछ ही मिनटों बाद, ट्रंप ने हमले के विरोध में अपनी मुट्ठी बांधी और ये तस्वीरें देखकर उनके कट्टर समर्थकों ने उन्हें भावनात्मक समर्थन दिया। वह अब अमेरिकी इतिहास में राष्ट्रपति निर्वाचित होने वाले सबसे उम्रदराज शख्स हैं।



पाम बीच कन्वेंशन सेंटर में एक चुनावी नाइट वॉच पार्टी में पूर्व प्रथम महिला मेलानिया ट्रंप के साथ चलते समय हाथ हिलाते हुए पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप।

### विश्व के नेताओं ने ऐतिहासिक जीत के लिए ट्रंप को दी बधाई

**लंदन/यरुशलम।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और ब्रिटेन के उनके समकक्ष केअर स्टॉर्मर समेत विश्व के कई नेताओं ने बुधवार को डोनाल्ड ट्रंप को अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में ऐतिहासिक जीत पर बधाई दी। स्टॉर्मर विश्व के उन नेताओं में शामिल थे, जिन्होंने ट्रंप द्वारा अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में जीत का दावा करने के लिए फ्लोरिडा में एक रैली को संबोधित करने के तुरंत बाद बधाई संदेश जारी किए। उन्होंने कहा कि ट्रंप के जीत दर्ज करने के बाद, ब्रिटेन और अमेरिका के बीच विशेष संबंध नए अमेरिकी प्रशासन के तहत और भी समृद्ध होते रहेंगे।

## अमेरिका की पहली महिला राष्ट्रपति बनने से चूकीं कमला हैरिस

**वाशिंगटन।** एक दशक से भी ज्यादा समय पहले एक पत्रकार ने कमला हैरिस को महिला ओबामा कहा था। हालांकि, भारतीय और जमैका के अप्रवासी दंपति की बेटी कमला हैरिस पहले अफ्रीकी-अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा की उपलब्धियों की बराबरी करने में विफल रहीं। हैरिस अमेरिकी राजनीति में शीर्ष मुकाम हासिल करने में असफल रहीं और राष्ट्रपति चुनाव की दौड़ में अपने रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप से हार गईं। डेमोक्रेटिक नेता की ट्रंप के हाथों कड़े मुकाबले वाले चुनाव में हार ने अमेरिका की पहली महिला राष्ट्रपति बनने के उनके सपने को भी तोड़ दिया। उनके नामांकन से हालांकि महिलाओं में उत्साह पैदा हुआ कि सार्वजनिक जीवन में उनके लिए यह द्वार बंद नहीं हुआ है। हैरिस (60) के नाम कई अन्य 'पहली' उपलब्धियां भी दर्ज हैं। वह सैन फ्रांसिस्को की डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी रह चुकी हैं – इस पद पर चुनी जाने वाली पहली महिला, पहली अफ्रीकी-अमेरिकी और पहली भारतीय मूल की शख्स थीं। उपराष्ट्रपति के रूप में, वह इस पद पर पहुंचने वाली पहली महिला हैं। साथ ही, वह इस पद पर पहुंचने वाली पहली अफ्रीकी-अमेरिकी या भारतीय-अमेरिकी व्यक्ति भी हैं। 5 नवंबर के चुनाव से तीन दिन पहले प्रकाशित एक लेख में हैरिस ने बचपन में की गई अपनी भारत यात्रा को याद किया और अपनी दिवंगत मां श्यामला गोपालन को याद किया, जो एक कैंसर शोधकर्ता और नागरिक अधिकार कार्यकर्ता थीं। हैरिस ने ऑनलाइन दक्षिण एशियाई प्रकाशन द जुगरनॉट के लिए लिखे लेख में कहा, बड़े होने के दौरान, मेरी मां ने मुझे और मेरी बहन को हमारी विरासत का सम्मान करना सिखाया। लगभग हर दूसरे साल हम दिवाली के लिए भारत जाते थे।



## भारतीय मूल के छह अमेरिकियों ने जीता प्रतिनिधि सभा का चुनाव

**वाशिंगटन।** भारतीय मूल के छह अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के लिए चुनाव जीत गए हैं। मौजूदा कांग्रेस (अमेरिकी संसद) में इनकी संख्या पांच थी। सभी पांच मौजूदा भारतीय अमेरिकी सदस्यों को प्रतिनिधि सभा के लिए फिर से चुना गया है। भारतीय-अमेरिकी वकील सुहास सुब्रमण्यम ने वर्जीनिया और पूरे ईस्ट कोस्ट से चुने जाने वाले समुदाय के पहले व्यक्ति बनकर इतिहास रच दिया। सुब्रमण्यन ने रिपब्लिकन पार्टी के माइक क्लांसी को हराया। वह वर्तमान में वर्जीनिया राज्य के सीनेटर हैं। एरिजोना के पहले कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट से डॉ. अमीश शाह अपने रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ मामूली अंतर से आगे हैं। अगर वह जीत हासिल करने में सफल होते हैं तो प्रतिनिधि सभा में भारतीय अमेरिकियों की संख्या बढ़कर सात हो जाएगी। सुब्रमण्यम ने कहा मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं कि वर्जीनिया के 10 वें जिले के लोगों ने मुझ पर भरोसा जताया ताकि मैं सबसे कठिन लड़ाई लड़ सकूं और कांग्रेस में परिणाम दे सकूं। यह जिला मेरा घर है। मैंने यहां शादी की, मेरी पत्नी मिरांडा और मैं अपनी बेटियों का पालन पोषण कर रहे हैं और हमारे समुदाय के सामने आने वाले मुद्दे हमारे परिवार के लिए व्यक्तिगत हैं। वाशिंगटन में इस जिले की सेवा जारी रखना सम्मान की बात है। पूर्व में राष्ट्रपति बराक ओबामा के व्हाइट हाउस सलाहकार रह चुके सुब्रमण्यम आस्था से हिंदू हैं और देशभर में भारतीय अमेरिकियों के बीच लोकप्रिय हैं। वह कांग्रेस में 'समोसा कॉकस' में शामिल हुए हैं जिसमें वर्तमान में पांच भारतीय अमेरिकी – अमी बेरा, राजा कृष्णमूर्ति, रो खन्ना, प्रमिला जयपाल और श्री थानेदार शामिल हैं। 'समोसा कॉकस' अमेरिकी कांग्रेस में भारतीय मूल के अमेरिकियों के एक अनौपचारिक समूह को दिया गया नाम है। सभी पांच मौजूदा भारतीय अमेरिकी सदस्यों को प्रतिनिधि सभा के लिए फिर से चुना गया है। श्री थानेदार मिशिगन के 13वें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट से लगातार दूसरी बार चुने गए। उन्होंने इसे पहली बार 2023 में जीता था। राजा कृष्णमूर्ति ने इलिनोइस के सातवें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट से लगातार पांचवीं बार जीत दर्ज की है। कृष्णमूर्ति ने कहा व्हाइट हाउस और कांग्रेस पर नियंत्रण के लिए लड़ाई जारी है लेकिन मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं कि इलिनोइस के लोगों ने कांग्रेस में उनका प्रतिनिधित्व करने के लिए मेरा अनुबंध बढ़ा दिया है। इसी प्रकार कैलिफोर्निया के 17वें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट का प्रतिनिधित्व करने वाले रो खन्ना और वाशिंगटन राज्य के सातवें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट का प्रतिनिधित्व करने वाली प्रमिला जयपाल ने भी जीत दर्ज की। पेशे से चिकित्सक डॉ. अमी बेरा 2013 से कैलिफोर्निया के छठे कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट का प्रतिनिधित्व करने वाले भारतीय मूल के सबसे वरिष्ठ अमेरिकी सांसद हैं। उन्हें लगातार सातवीं बार फिर से चुना गया। एरिजोना में डेमोक्रेटिक पार्टी के शाह रिपब्लिकन पार्टी के मौजूदा उम्मीदवार डेविड श्वीकेट से थोड़ा आगे चल रहे हैं। उन्हें 132,712 वोट हैं जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी को मिले मतों की संख्या 128,606 थी। अभी तक 63 प्रतिशत मतों की गिनती हुई थी।

## एक नजर

### वियतनाम की सेना का विमान दुर्घटनाग्रस्त, पायलट लापता

**हनोई।** वियतनाम की वायु सेना का एक लड़ाकू प्रशिक्षण विमान याक-130 मध्य बिन्ह दीन्ह प्रांत में दुर्घटनाग्रस्त हो गया है और उसके दो पायलट लापता हैं। यह जानकारी वियतनाम की मीडिया ने बुधवार को दी। वीएन एक्सप्रेस अखबार के अनुसार, 940वीं वियतनामी वायु सेना रेजिमेंट का रूस निर्मित याक-130 फु कैट हवाई अड्डे से लगभग 15 किलोमीटर की दूरी पर एक पहाड़ी इलाके में तकनीकी खराबी के कारण स्थानीय समयानुसार सुबह 10 :30 बजे दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

### श्रीलंका में डेंगू से 20 लोगों की मौत

**कोलंबो।** श्रीलंका की राष्ट्रीय डेंगू नियंत्रण इकाई (एनडीसीयू) ने बुधवार को कहा कि इस वर्ष अब तक देश में डेंगू से 20 लोगों की मौत हो चुकी है। एनडीसीयू ने कहा कि कुल मामलों में मृत्यु दर का प्रतिशत 0 .05 है और इस वर्ष में 42,820 मामला सामने आ चुका है। पश्चिमी प्रांत में 42 .6 प्रतिशत मामले, उत्तरी प्रांत में 11 .4 प्रतिशत मामले और मध्य प्रांत में 10 .6 प्रतिशत मामले सामने आए हैं।

### श्रीलंका में पूर्व राष्ट्रपतियों का खर्च उठाना बहुत महंगा

**कोलंबो।** श्रीलंका सरकार ने बुधवार को घोषणा की कि एक समिति पूर्व राष्ट्रपतियों की सुरक्षा पर होने वाले खर्च की समीक्षा कर रही है तथा इसकी रिपोर्ट के बाद ही कोई निर्णय लिया जाएगा। विदेश मंत्री एवं मंत्रिमंडल के प्रवक्ता विजिता हेराथ ने यहां संवाददाताओं से कहा कि पूर्व राष्ट्रपतियों का खर्च उठाना काफी महंगा है और सरकार को इस पर सालाना 110 करोड़ श्रीलंकाई रुपये तक का खर्च करना पड़ता है।

### सेनाओं प्रमुखों को सेवा विस्तार लोकतंत्र का नरसंहार

**लाहौर।** जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने बुधवार को कहा कि थलसेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर समेत तीनों सेनाओं के प्रमुखों को दो साल का सेवा विस्तार देना "लोकतंत्र, कानून के शासन और लोगों के अधिकारों का नरसंहार है। खान ने रावलपिंडी की उच्च सुरक्षा वाली अदियाला जेल में मीडिया और अपने वकीलों के साथ बातचीत के दौरान यह टिप्पणी की। खान के 'एक्स' खाते से की गयी एक पोस्ट में यह जानकारी दी गई है।

## लेबनान में हवाई हमलों में 25 की मौत, 32 घायल

बेरूत, एजेंसी

लेबनान के विभिन्न इलाकों में मंगलवार को इजराइल की ओर से किये गये हवाई हमलों में कम से कम 25 लोग मारे गए और 32 अन्य घायल हो गए। लेबनान की राष्ट्रीय समाचार एजेंसी (एनएनए) ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। एजेंसी के अनुसार, माउंट लेबनान के चौफ जिले के बारजा में एक आवासीय अपार्टमेंट को निशाना बनाकर किए गए इजराइली हवाई हमले में 15 लोग मारे गए।

नागरिक सुरक्षा दल अभी भी मलबे के नीचे हताहतों की तलाश कर रहे हैं। वहीं, बालबेक में तालिया की नगर पालिका, बालबेक-हर्मेल गवर्नरेट, साथ ही दक्षिणी और पूर्वी लेबनान के कस्बों और गांवों पर इजराइली हमलों के कारण अतिरिक्त हताहत हुए। इसके अलावा, लेबनान और सीरिया के बीच मस्ना-जदीदत याबूस सीमा क्रॉसिंग पर एक पिकअप ट्रक को निशाना बनाकर किए गए इजराइली हमले में एक व्यक्ति घायल हो गया। इस बीच, हिजबुल्लाह ने कहा कि उसके लड़ाकों ने कब्जे वाले गोलान में इजराइल की 810वीं हरमोन ब्रिगेड के मुख्यालय माले गोलानी बैरक पर रॉकेटों से हमला किया।



### हिजबुल्ला कमांडर को मार गिराने का दावा

**यरूशलम।** इजराइल की सेना ने दक्षिणी लेबनान में वरिष्ठ हिजबुल्ला कमांडर को मार गिराने का दावा किया है। इजराइली सेना ने अपने बयान में कहा कि उसके लड़ाकू विमानों ने बुधवार को दक्षिणी लेबनान पर हमला किया, जिसमें वरिष्ठ हिजबुल्ला कमांडर हुसैन अब्द अल-हलीम हर्ब की मौत हो गयी। बयान के मुताबिक हर्ब ने गैलील में समुदायों के खिलाफ और विशेष रूप से मेटुला के क्षेत्र के खिलाफ कई रॉकेट हमलों को अंजाम दिया था। बयान में कहा गया है कि पिछले 24 घंटों में इजराइली वायु सेना ने लेबनान और गाजा पट्टी में लगभग 70 हमले किये हैं।

## नेतन्याहू ने रक्षा मंत्री को किया बर्खास्त, देशभर में प्रदर्शन

यरुशलम, एजेंसी

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मंगलवार को देश के रक्षा मंत्री योव गैलेंट को बर्खास्त कर दिया। हालांकि उनके इस कदम के खिलाफ देशभर में विरोध प्रदर्शन हुए हैं। नेतन्याहू ने यह घोषणा ऐसे समय की है, जब इजराइल क्षेत्र में कई मोर्चों पर लड़ाई लड़ रहा है। गाजा में युद्ध को लेकर नेतन्याहू और गैलेंट के बीच कथित तौर पर मतभेद रहा है।

नेतन्याहू ने मंगलवार को की गई अपनी घोषणा में विश्वास की कमी का उल्लेख किया था। नेतन्याहू ने कहा, युद्ध के बीच में, पहले से कहीं अधिक, प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री के बीच पूर्ण विश्वास की आवश्यकता होती है। हालांकि युद्ध के शुरूआती महीनों में ऐसा विश्वास था और बहुत ही सार्थक काम हुआ था, लेकिन दुर्भाग्य से पिछले महीनों के दौरान मेरे और रक्षा मंत्री के बीच यह विश्वास टूट गया। युद्ध के शुरुआती दिनों में, इजराइल के नेतृत्व ने हमास के 7 अक्टूबर 2023 के हमले का जवाब देते हुए एक एकीकृत मोर्चा बनाया था। लेकिन जैसे-जैसे युद्ध लंबा खिंचता गया और लेबनान तक फैल गया, प्रमुख नीतिगत मतभेद उभर कर सामने आ गए। नेतन्याहू ने हमास पर निरंतर सैन्य दबाव बनाए रखने का आह्वान किया, जबकि गैलेंट ने अधिक व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाते हुए कहा कि सेना ने कम से कम एक अस्थायी कूटनीतिक समझौते के लिए आवश्यक परिस्थितियां पैदा कर दी हैं, जिससे आतंकवादी समूह (हमास) द्वारा बंधक बनाए गए लोगों को वापस लाया जा सकता है। बंधकों के परिवार, साथ ही सरकार विरोधी प्रदर्शनों में शामिल हुए हजारों लोग नेतन्याहू पर सत्ता पर पकड़ बनाए रखने के लिए समझौते को विफल करने का आरोप लगा रहे हैं। नेतन्याहू के कट्टर सहयोगियों ने धमकी दी है कि अगर वह हमास को रियायतें देते हैं तो वे सरकार गिरा देंगे, जिससे ऐसे वक्त में समय से पहले चुनाव होने की आशंका बढ़ गई है जब प्रधानमंत्री (नेतन्याहू) की लोकप्रियता कम हो गई है। विपक्षी नेता येर लैपिड ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, युद्ध के बीच में, गैलेंट को बर्खास्त करना पागलपन वाला कृत्य है। नेतन्याहू अपने राजनीतिक अस्तित्व के लिए इजराइल की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं।



रक्षा मंत्री को निकाले जाने के बाद प्रदर्शन करते लोग।

## ऑस्ट्रेलिया से द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा

कैनबरा, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज से मुलाकात की और द्विपक्षीय समग्र रणनीतिक साझेदारी को गहरा करने के तरीकों पर विचार-विमर्श किया।

जयशंकर ने इस मुलाकात में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से अल्बनीज को अभिवादन प्रेषित किया। विदेश मंत्री तीन से सात नवंबर तक ऑस्ट्रेलिया की आधिकारिक यात्रा पर हैं। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा आज कैनबरा में प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज से मिलकर खुशी हुई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से अभिवादन प्रेषित किया।

भारत-ऑस्ट्रेलिया समग्र रणनीतिक साझेदारी को गहरा करने के लिए उनके मार्गदर्शन की प्रशंसा करता हूं। उन्होंने न्यूजीलैंड के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री विन्स्टन पीटर्स से भी यहां मुलाकात की।



प्रधानमंत्री एंथनी से मुलाकात विदेश मंत्री जयशंकर।

### भारत को पूर्ण प्राथमिकता वाला देश किया घोषित

**लंदन।** ब्रिटिश सरकार के अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा चैंपियन सर स्टीव स्मिथ ने भारत को पूर्ण प्राथमिकता वाला देश घोषित किया है। लेबर पार्टी की सरकार के तहत देश की अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा रणनीति की समीक्षा की जा रही है। इस सप्ताह लंदन के हाउस ऑफ लॉर्ड्स परिसर में इंडिया-यूके अचीवर्स ऑनर्स के तीसरे संस्करण पर दोहराया कि ग्रेजुएट रूट के तहत ब्रिटेन की, अध्ययन के बाद कार्य वीजा की पेशकश अपरिवर्तित रहेगी।

## बांग्लादेश में इस्कॉन मंदिर पर टिप्पणी से तनाव

ढाका, एजेंसी

- फेसबुक पर की गई पोस्ट को लेकर हो चुकी है झड़प

बांग्लादेश के दक्षिण-पूर्वी बंदरगाह शहर चटगांव के कुछ हिस्सों में सेना के नेतृत्व में संयुक्त बलों ने बुधवार को गश्त की, यहां एक दिन पहले एक मुस्लिम किराना दुकानदार द्वारा इस्कॉन (इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉनशस्नेस) के खिलाफ फेसबुक पर की गई पोस्ट को लेकर झड़प हो गई थी और इसमें कई लोग घायल हो गए थे।

अधिकारियों और प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि व्यापारी उस्मान अली ने फेसबुक पर इस्कॉन को आतंकवादी समूह करार दिया था जिसके बाद इलाके में तनाव व्याप्त हो गया था और हजारी गली क्षेत्र में रहने वाले हिंदू समुदाय ने इसके खिलाफ नाराजगी जताई थी। हजारी गली में मुख्य रूप से हिंदू समुदाय के लोग रहते हैं जो आभूषण की दुकानों और थोक दवा की दुकानों के मालिक हैं। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि इस्कॉन पर की गई इस टिप्पणी को लेकर रातभर संक्षिप्त झड़प हुई।

इस दौरान मौके पर पहुंची सेना, बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) के अर्धसैनिक बलों और पुलिसकर्मियों द्वारा लाठीचार्ज करने से कई लोग घायल हो गए। इस दौरान हजारी गली इलाके में दुकानें और व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे। यहां सेना के जवान पुलिस के साथ जीप में गश्त कर रहे हैं।

## कश्मीर पर झूठ फैलाने को लेकर पाकिस्तान की आलोचना

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

- संयुक्त राष्ट्र जैसे वैश्विक मंच में किया झूठ का इस्तेमाल
- भारत ने कहा- दुष्प्रचार जमीनी स्तर पर तथ्यों को नहीं बदलेगा

संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान द्वारा कश्मीर मुद्दा उठाने और इस वैश्विक मंच का इस्तेमाल झूठ फैलाने के लिए करने को लेकर इस्लामाबाद की आलोचना करते हुए भारत ने कहा है कि किसी भी तरह का दुष्प्रचार जमीनी स्तर पर तथ्यों को नहीं बदलेगा।

सूचना से संबंधित प्रश्नों पर संयुक्त राष्ट्र महासभा की चौथी समिति की आम बहस को संबोधित करते हुए, राज्यसभा सदस्य राजीव शुक्ला ने मंगलवार को इस बात पर जोर दिया कि विश्वास, जवाबदेही और सुशासन को बढ़ावा देने के लिए सूचना तक समावेशी पहुंच आवश्यक है। उन्होंने कहा एक (पाकिस्तानी) प्रतिनिधिमंडल ने एक बार फिर झूठ फैलाने के लिए इस प्रतिष्ठित मंच का इस्तेमाल किया है। दुष्प्रचार और गलत सूचना का सहारा लेना इस प्रतिनिधिमंडल की आदत है। पाकिस्तान द्वारा जम्मू-कश्मीर मुद्दा उठाए जाने के बाद, संयुक्त राष्ट्र की बहस में कड़ा जवाब देते हुए शुक्ला ने कहा मुझे स्पष्ट करने दीजिए। वास्तविक लोकतंत्र अलग ढंग से कार्य करते हैं। हाल में संपन्न स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों में जम्मू-कश्मीर के लोगों ने रिकॉर्ड संख्या में मतदान किया है। जम्मू-कश्मीर में तीन चरणों में 18 सितंबर से एक अक्टूबर तक विधानसभा चुनाव हुए।

### भारत को दीर्घकालिक बिजली निर्यात का रास्ता हुआ साफ

**काठमांडू।** नेपाल के उच्चतम न्यायालय ने भारत के साथ बिजली के निर्यात के लिए हस्ताक्षरित समझौते को रद्द करने की मांग वाली एक रिट याचिका को खारिज कर दिया है। उच्चतम न्यायालय के मंगलवार को दिए गए फैसले के बाद नयी दिल्ली के साथ नेपाल के दीर्घकालिक बिजली व्यापार का रास्ता साफ हो गया है। प्राधिकार के दुरुपयोग की जांच के लिए आयोग (सीआईएए) के पूर्व प्रमुख सूर्य नाथ उपाध्याय द्वारा दायर रिट याचिका उस समझौते के खिलाफ थी जिसके तहत नेपाल अगले 10 वर्षों के लिए भारत को 10 हजार मेगावाट बिजली निर्यात करेगा। उच्चतम न्यायालय के प्रवक्ता अच्युत कुइकेल के अनुसार, पीठ ने इसे खारिज कर दिया।

**खगोल विज्ञान** | नए शोध में अंतरिक्ष के विकास में एक कड़ी जोड़ने का प्रयास किया गया है

## आज भी अधूरी है ब्रह्मांड के विकास की गुत्थी

संवाददाता, नैनीताल

सही मायनों में ब्रह्मांड की उत्पत्ति की गुत्थी आज भी पूर्णतः नही सुलझ सकी है। अलबत्ता बिग बैंग ब्रह्मांड के जन्म का एक सुराग है। जिसे समझने के लिए आज भी शोध जारी हैं और हालिया नया शोध ब्रह्मांड के विकास की कड़ी को जोड़ता है। नए शोध के अनुसार बिग बैंग के बाद पहले ही क्षणों के दौरान मौजूदा भौतिकी की चार मूलभूत ताकतें एक ही बल में समाहित हो गई थीं।

यह ताकतें गुरुत्वाकर्षण, विद्युत चुंबकत्व, मजबूत परमाणु बल व कमजोर परमाणु बल के रूप में जानी जाती हैं। जैसे-जैसे ब्रह्मांड का विस्तार होता चला गया और वह ठंडा भी होते चला गया। इस बीच आये परिवर्तनों में इन शक्तियों को अलग अलग कर दिया। बिग बैंग के बाद एक सेकंड के कुछ अरबवें हिस्से में ही कई परिवर्तन हो गए। क्वार्क और ग्लूऑन उप-परमाणु कण हैं जो मजबूत परमाणु बल के लिए जिम्मेदार हैं। इसकी पुष्टि कृत्रिम रूप से 2010 में ब्रुकहेवन नेशनल लेबोरेटरी में और 2015 में एलएचसी के जरिए की गई। पता चलता है कि प्रारंभिक ब्रह्मांड बेहद गर्म और घना था। मगर क्वार्क-ग्लूऑन प्लाज्मा लंबे समय तक नहीं टिक सका, जो ब्रह्मांड के विस्तार के साथ ठंडा होने से न्यूट्रॉन के रूप में एक साथ एकत्रित हो गया। वैज्ञानिक इस घटना को क्वार्क कारावास कहते हैं। यह जानकारी भी मिलती है कि जब ब्रह्मांड में अधिक उच्च ऊर्जा वाले फोटॉन थे, तो कोई भी परमाणु नाभिक उनके द्वारा तुरंत नष्ट हो जाता था।



बिग बैंग के दौरान ब्रह्मांड के विकास का काल्पनिक चित्र।

### डार्क मैटर व एनर्जी को समझना बड़ी चुनौती

नैनीताल : डार्क मैटर व डार्क मैटर को समझना वर्तमान खगोल विज्ञान की सबसे बड़ी चुनौती है। इसे तभी समझा जा सकेगा, जब ब्रह्मांड के विकास की सही जानकारी मिलेगी। इसके लिए निरंतर शोध जरूरी हैं।